तेरहवें सर्ग में उस समवशरण की रचना का विस्तार से वर्णन किया गया है । इस समवशरण के मध्य भाग में स्थित कमलासन पर भगवान् चार अंगुल अन्तरीक्ष विराजमान हुए, उनके समीप आठ प्रातिहार्य प्रकट हुए और देव कृत चौदह अतिशय भी प्रकट हुए । भ. महावीर के इस समवशरण में स्वर्ग से आते हुए देवों को तथा नगर निवासियों को जाते देख कर गौतम प्रथम तो आश्चर्य चकित होते हैं और विचारते हैं कि क्या मेरे से भी बड़ा कोई ज्ञानी हो सकता है । पश्चात् वे भ. महावीर के पास आते ही इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका शिष्यत्व ही स्वीकार कर लिया और तभी उनके निमित्त से भगवान् की दिव्य देशना प्रकट हुई ।

इस सन्दर्भ में भ. महावीर ने इन्द्रभूति गौतम को लक्ष्य करके जो उपदेश दिया है, वह पठनीय ही नहीं, बल्कि मननीय भी है ।

इन्द्रभूति गौतम को भ. महावीर का शिष्य बना देखकर उनके भाई अग्निभूति और वायुभूति भी अपने-अपने शिष्य परिवार के साथ भगवान् के शिष्य बन गये और उनके देखा देखी अन्य आठ महा विद्वान् भी अपने शिष्य परिवार के साथ दीक्षित हो गये ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि ये सभी ब्राह्मण विद्वान् एक महान् यज्ञ समारोह में एकत्रित हुए थे । उसी समय भ. महावीर को केवल ज्ञान हुआ था और ज्ञान कल्याणक मनाने के लिए देवगण आ रहे थे । इस सुयोग ने महा मिथ्यात्वी इन्द्रभूति आदि ब्राह्मण विद्वानों को क्षण भर में सम्यक्त्वी और संयमी बना दिया और वे सभी विद्वान् भगवान् के सूत्ररूप उपदेश के महान् व्याख्याता बनकर गणधर के रूप में प्रसिद्ध हुए और उसी भव से मुक्त भी हुए । चौदहवें

सर्ग में इन ग्यारहों ही गणधरों के जन्मस्थान, माता-पिता और शिष्य परिवार का विस्तृत वर्णन किया गया है । प्रस्तावना में आगे और भी कई बातों के विवरण के साथ एक चित्र दिया गया है, जिससे कि गणधरों की आयु, दीक्षा-काल आदि अनेक महत्त्वपूर्ण बातें ज्ञात हो सकेंगी ।

पन्द्रहवें सर्ग में भ. महावीर के उपदेश की कुछ रूप-रेखा देकर बतलाया गया है कि गौतम गणधर ने किस प्रकार उनकी वाणी को द्वादशाङ्ग रूप में विभाजित किया और मागध जाति के देवों ने किस प्रकार उसे दूर-दूर तक फैलाया । इसी सर्ग में भगवान् के विहार करते हुए सर्वत्र धर्मोपदेश देने का भी वर्णन किया गया है और बतलाया गया है कि किस-किस देश के कौन-कौन से राज-परिवार भगवान् के दिव्य उपदेश से प्रभावित होकर उनके धर्म के अनुयायी बन गये थे ।

भ. महावीर ने जिन सर्वलोक-कल्याणकारी उपदेशों को दिया उनमें से साम्यवाद, अहिंसा, स्याद्वाद और सर्वज्ञता ये चार मुख्य मानकर चार सर्गों में ग्रन्थकार ने उनका बहुत ही सुन्दर एवं सरल ढंग से वर्णन किया है ।

साम्यवाद का वर्णन करते हुए कहा गया है-हे आत्मन्, यदि तुम यहां सुख से रहना चाहते हो, तो औरों को भी सुख से रहने दो । यदि तुम स्वयं दुखी नहीं होना चाहते, तो औरों को भी दुःख मत दो । अन्य व्यक्ति को आपत्ति में पड़ा देखकर तुम चुप मत बैठे रहो, किन्तु उसके संकट को दूर करने का शक्ति भर प्रयत्न करो । दूसरों का जहां पसीना बह रहा हो, वहां पर तुम अपना खून बहाने के लिए तैयार रहो । दूसरों के लिए किया गया बुरा कार्य स्वयं अपने ही लिए बुरा फल देता है, इसलिए दूसरों के साथ भला ही व्यवहार करना चाहिए ।

अहिंसा का वर्णन करते हुए कहा गया है-जो दूसरों को मारता है वह स्वयं दूसरों के द्वारा मारा जाता है और जो दूसरों की रक्षा करता है, वह दूसरों से रक्षित रहता हुआ जगत्-पूज्य बनता है । आश्चर्य है कि मनुष्य अपने स्वार्थ के वश में होकर दूसरों को मारने और कष्ट पहुँचाने के लिए तत्पर रहता है और नाना प्रकार के छलों का आश्रय लेकर दूसरों को धोखा देता है । पर वह यह नहीं सोचता कि दूसरों को धोखा देना वस्तुतः अपने आपको धोखा देना है ।

यज्ञों में की जाने वाली हिंसा को लक्ष्य करके कहा गया है- "इसे स्वर्ग भेज रहे हैं" ऐसा कहकर जो लोग बकरे, भैंसें आदि के गले पर तलवार का वार करते हैं, वे अपने स्नेही जनों को उसी प्रकार स्वर्ग क्यों नहीं भेजते?

इस प्रकार अनेक युक्तियों से अहिंसा का समर्थन करते हुए कवि ने कहा है कि भगवती अहिंसा ही सारे जगत् की माता है और हिंसा ही डाकिनी और पिशाचिनी है, इसलिए मनुष्य को हिंसा-डाकिनी से बचते हुए भगवती अहिंसा देवी की ही शरण लेना चाहिए ।

अहिंसा के सन्दर्भ में और भी अनेक प्रमाद-जनित कार्यों का उल्लेख कर उनके त्याग का विधान किया गया है और अन्त में बतलाया गया है कि अहिंसा-भाव की रक्षा और वृद्धि के लिए मनुष्य को मांस खाने का सर्वथा त्याग करना चाहिए । जो लोग शाक-पत्र, फलादिक को भी एकेन्द्रिय जीव का अंग मान कर उसे भी मांस खाने जैसा बतलाते हैं, उन्हें अनेक युक्तियों से सिद्ध कर यह बतलाया गया है कि शाक-पत्र फलादिक में और मांस में आकाश पाताल जैसा अन्तर है । यद्यपि दोनों ही प्राणियों के अंग है, तथापि शाक-फलादिक भक्ष्य हैं और मांस अभक्ष्य है । जैसे कि दूध और गोबर एक ही गाय-भैंस के अंगज-पदार्थ हैं, तो भी दूध ही भक्ष्य है, गोबर नहीं ।

इस प्रकार इस सोलहवें सर्ग में साम्यवाद और अहिंसावाद का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया है ।

सत्तरहवें सर्ग में मनुष्यता या मानवता की व्याख्या करते हुए बतलाया गया है कि जो मनुष्य दूसरे का सन्मान करता है और उसकी छोटी सी भी बात को बड़ी समझता है, वास्तव में वही मनुष्यता को धारण करता है । किन्तु जो अहंकार-वश औरों को तुच्छ समझता है और उनका अपमान करता है, यह मनुष्य की सबसे बड़ी नीचता है । आत्महित के अनुकूल आचरण का नाम मनुष्यता है, केवल अपने स्वार्थ-साधन का नाम मनुष्यता नहीं है । अतः प्राणिमात्र के लिए हितकारक प्रवृत्ति करना चाहिए ।

आगे बताया गया है कि पापाचरण को छोड़ने पर ही मनुष्य उच्च कहला सकता है, केवल उच्च कुल में जन्म लेने से ही कोई उच्च नहीं कहा जा सकता । इसलिए पाप से घृणा करना चाहिए, किन्तु पापियों से नहीं ।

मानव कर्त्तव्यों को बतलाते हुए आगे कहा गया है कि दूसरों के दोषों को कभी प्रकट न करे, उनके विषय में सर्वथा मौन ही धारण करे। जहाँ तक बने, दूसरों का पालन-पोषण ही करे। दूसरे के गुणों को सादर स्वीकार करे उनका अनुसरण करे। आपत्ति आने पर हाय-हाय न करे और न्याय-मार्ग से कभी च्युत न होवे।

इस सन्दर्भ में एक बहु मूल्य बात कही गई है कि स्वार्थ (आत्म-प्रयोजन) से च्युत होना आत्म-विनाश का कारण है और परार्थ से च्युत होना सम्प्रदाय के विरुद्ध है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने स्वार्थ को संभालते हुए दूसरों का उपकार अवश्य करे। यही सारभूत मनुष्यता है।''

आगे जाति, कुल आदि के अहंकार को निंद्य एवं वर्जनीय बतलाते हुए अनेक आख्यानकों का उल्लेख करके यह बतलाया गया है कि उच्च कुल में जन्म लेने वाले अनेक व्यक्ति नीच कार्य करते हुए देखे जाते हैं और अनेक पुरुष नीच कुल में उत्पन्न होकर के भी उच्च कार्य करते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। अतएव उच्च और नीच का व्यवहार जाति और कुलाश्रित न मानकर गुण और कर्माश्रित मानना चाहिए।

इस विषय में इतना विशेष ज्ञातव्य है कि कितने ही लोग जाति और कुल को अमिट और अटल सिद्ध करने के लिए अनेक प्रकार की कल्पनाएं करते हैं। कोई तो कहते हैं कि ये ब्राह्मणादि वर्ण ब्रह्मा के द्वारा सृष्टि के आदि में बनाये गये हैं और युगान्त तक रहेंगे। कितने ही लोग इनसे भी आगे बढ़कर कहते हैं कि सभी जातियां अनादि से हैं और अनन्त काल तक रहेंगी। कितने ही लोग जातियों को नाशवान् कहकर वर्णों को नित्य कहते हैं, तो कितने ही लोग वर्णों को अनित्य मानकर जातियों को नित्य कहते हैं। कुछ लोग जाति और वर्ण का भेद मनुष्यों में ही मानते हैं, तो कुछ लोग पशु, पक्षी और वृक्षादिक में भी उनका सद्भाव बतलाते हैं। परन्तु ये सब कोरी और निराधार कल्पनाएं ही हैं। कर्म-सिद्धांत के अनुसार गति की अपेक्षा जीवों के मनुष्य, देव, नारकी और तिर्यंच ये चार भेद हैं और जाति की अपेक्षा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रियादि पांच भेद हैं। यद्यपि एकेन्द्रियादि की उत्तर जातियाँ अनेक हैं, तथापि उनमें उपर्युक्त प्रकार से जाति या वर्ण का भेद मानना न आगम-संगत है और न युक्ति-संगत ही। वस्तुतः वर्ण-व्यवस्था आजीविका की विभिन्नता पर की गई थी। वर्तमान में प्रचलित जाति-व्यवस्था तो देश-काल-जनित नाना प्रकार की परिस्थितियों का फल है। यही कारण है कि इन जातियों के विषय में थोड़ा-बहुत जो इतिहास उपलब्ध है, वह उन्हें बहुत आधुनिक सिद्ध करता है।

जातिवाद को बहुत अधिक महत्व देने वाले हिन्दुओं के महान् ग्रन्थ महाभारत में लिखा है-

कैवर्ती-गर्भसम्भूतो व्यासो नाम महामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥१॥
उर्वशी-गर्भसम्भूतो वशिष्टः सुमहामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥२॥
श्वपाकि-गर्भसम्भूतः पाराशरमहामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥३॥
चाण्डाली-गर्भसम्भूतो विश्वामित्रो महामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥४॥

अर्थात् - धीवरी के गर्भ से उत्पन्न हुए व्यास महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये, उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न हुए वशिष्ट महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण कहलाये, श्वपाकी (कुत्ते का मांस खाने वाली) के गर्भ से उत्पन्न हुए पाराशर महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये और चाण्डाली के गर्भ से उत्पन्न हुए विस्वामित्र महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये। इसलिए उच्च कहलाने के लिए जाति कोई कारण नहीं है, किन्तु आचरण ही प्रधान कारण है।

सारांश यह है कि वर्तमान में प्रचलित जाति और वर्णों को अनादि और अनन्त कालीन बतलाना सर्वथा असत्य है। हां, यह ठीक है कि साधारणतः उच्च और नीच कुल में जन्म लेने वाले जीवों पर उनके परम्परागत उच्च या नीच आचरण का प्रभाव अवश्य पड़ता है, पर अपवाद सर्वत्र दृष्टिगोचर होते हैं। कहीं उच्च कुलीन लोगों में भी हीनाचरण की प्रवृत्ति देखी जाती है। और कहीं नीच कुलीन लोगों में भी सदाचार की प्रवृत्ति पाई जाती है। इसलिए एकान्त

से सर्वथा ऐसा ही नहीं मान लेना चाहिए कि उच्च कुल में जन्म लेने वाले लोगों के ही सदाचारपना पाया जायगा, हीन कुल में जन्म लेने वालों के नहीं । उच्च या नीच कुल में जन्म होना पूर्व जन्म-संचित संस्कारों का फल है, अर्थात् दैवाधीन है । किन्तु वर्तमान में उच्च या नीच कार्य करना अपने पुरुषार्थ के अधीन है ।

इसी संदर्भ में ग्रन्थकार ने आज के प्रचलित विवाह-बन्धनों की ओर संकेत करते हुए बताया है कि देखो- वसुदेव ने अपने चचेरे भाई की पुत्री अर्थात् आज के शब्दों में अपनी भतीजी देवकी से विवाह किया और उससे जगत् प्रसिद्ध श्री कृष्ण नारायण का जन्म हुआ । इसके साथ ही यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भ. नेमिनाथ का विवाह भी उन्हीं उग्रसेन की लड़की राजमती से होने जा रहा था । जो श्री कृष्ण के षड्यंत्र से बन्धन-बद्ध पशुओं को देख कर नेमिनाथ के संसार से विरक्त हो जाने से संभव नहीं हो सका । नेमिनाथ और राजमती परस्पर चचेरे भाई बहिन थे ।

वसुदेव और उग्रसेन का वंश परिचय इस प्रकार है-

उक्त वंश-परिचय से बिलकुल स्पष्ट है कि चतुर्थ काल में आज के समान कोई वैवाहिक बन्धन नहीं था और योग्य लड़के लड़कियों का विवाह-सम्बन्ध कर दिया जाता था ।

इसी सर्ग के २१ वें श्लोक में वेद के संकलयिता जिन व्यास ऋषि का उल्लेख किया गया है, वे स्वयं ही धीवरी (कहारिन) से उत्पन्न हुए थे, जिसका प्रमाण अभी ऊपर दिया जा चुका है ।

आगे इसी सर्ग के ३९ वें श्लोक में हरिषेण कथा कोष के एक कथानक का उल्लेख कर बताया गया है कि राजा ने यमपाश चाण्डाल के साथ उसकी अहिंसक प्रवृत्ति से हर्षित होकर अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था ।

यहाँ पर विवाह के इस प्रकरण की, तथा इसी प्रकार के कुछ अन्य उल्लेखों की चर्चा का भी यह अभिप्राय है कि साधारणतः राजमार्ग तो यही रहा है कि मनुष्य अपने कुल, गुण, शील, रूप और विद्या आदि के अनुरूप हो योग्य कन्या से विवाह करते थे और आज भी करना चाहिए । परन्तु अपवाद सदा रहे हैं । इसलिए इस विषय में भी सर्वथा एकान्त मार्ग का आश्रय नहीं लेना चाहिए ।

इस प्रकार इस सर्ग में जाति और कुल की यथार्थता को बता कर अन्त में कहा गया है कि "धर्म-धारण करने में या आत्म-विकास करने में किसी एक व्यक्ति या जाति का ही अधिकार नहीं है । किन्तु जो उत्तम धर्म का अनुष्ठान करता है, वह सबका आदरणीय बन जाता है ।

अठारहवें सर्ग में काल की महत्ता बतलाते हुए इस अवसर्पिणी काल के प्राम्भिक तीन कालों को हिन्दू-मान्यतानुसार सत् युग बताया गया है, जिनमें कि भोग भूमि की रचना रहती है । जब तीसरे काल के अन्त में कल्पवृक्ष नष्ट होने लगे और कुलकरों का जन्म हुआ, तब से त्रेतायुग का प्रारम्भ हुआ । उस समय अन्तिम कुलकर नाभिराय से आदि तीर्थंकर भ ऋषभदेव का जन्म हुआ । उन्होंने कल्पवृक्षों के लोप हो जाने पर भूख-प्यास से पीड़ित प्रजा को जीवन के उपाज बतलाये । प्रजा का संरक्षण करने वालों को क्षत्रिय संज्ञा दी, प्रजा का भरण-पोषण करने वालों को वैश्य

कहा और प्रजा की सेवा-सुश्रूषा करने वालों को शूद्र कहा। उन्हीं भ. ऋषभदेव ने पुरुषों को ७२ कलाओं और स्त्रियों की ६४ कलाओं को सिखाया। मिट्टी के बर्तन बनाना भी उन्होंने सिखाया। जिसके फलस्वरूप कुम्भार लोग आज भी 'परजापत' (प्रजापति) कहलाते हैं। आद्य स्तुतिकार स्वामी समन्तभद्र ने ऋषभदेव की स्तुति करते हुए उन्हें 'प्रजापति' के नाम से उल्लेख करके कहा कि उन्होंने ही जीने की इच्छुक प्रजा को कृषि, गोपालन आदि कार्यों की सर्व प्रथम शिक्षा दी[१]।

भ. ऋषभ देव के दीक्षित होने पर उनके साथ दीक्षित होने वाले लोग कुछ दिन तक तो भूख-प्यास को सहते रहे। अन्त में भ्रष्ट होकर यद्वा-तद्वा आचरण करने लगे। भ. ऋषभ देव ने कैवल्य प्राप्ति के बाद उन्हें संबोधा। जिससे कितने ही लोगों ने तो वापिस सुमार्ग स्वीकार कर लिया। पर मरीचि और उसके अनुयायियों ने अपना वेष नहीं छोड़ा और कुमार्ग पर ही चलते रहे। इसका विस्तृत विवेचन आगे किया गया है।

इस सन्दर्भ में कवि ने मुनिचर्या और गृहस्थ धर्म का जैसा सुन्दर वर्णन भ. ऋषभ देव के द्वारा कराया है, वह मननीय है।

आगे कवि ने भरत चक्री द्वारा ब्राह्मणों की उत्पत्ति का वर्णन किया है और बतलाया है कि ये ब्राह्मण भ. शीतलनाथ के समय तक तो अपने धर्म पर स्थिर रहे। पीछे उससे परान्मुख होकर अपने को धर्म का अधिकारी बताकर मन-माने क्रियाकाण्ड का प्रचार करने लगे। धीरे-धीरे यहां तक नौबत आई कि 'अजैर्यष्टव्यं' इस वाक्य के अर्थ पर एक ही क्षीर-कदम्ब गुरु से पढ़े हुई पर्वत और नारद में उग्र विवाद खड़ा हो गया। जब ये दोनों विवाद करते हुए अपने सहाध्यायी वसुराजा के पास पहुँचे, तो गुराणी के अनुरोध-वश वसुराजा ने गुरु-पुत्र पर्वत का कथन सत्य कह कर यथार्थ सत्य की हत्या करदी और तभी से तीन वर्ष पुराने-नवीन अंकुरोत्पादन के अयोग्य धान्य के स्थान पर बकरों का यज्ञ में हवन किया जाने लगा, जिसकी परम्परा भ. महावीर और महात्मा बुद्ध के समय तक उत्तरोत्तर बढ़ती गई। इस यज्ञ-बलि के विरोध में उक्त दोनों महान् आत्माओं ने जो प्रबल विरोध किया, उसके फलस्वरूप आज पशुयज्ञ दृष्टिगोचर नहीं हो रहे हैं। इतना ही नहीं, उनकी अहिंसामयी धर्म-देशना का प्रभाव तात्कालिक वैदिक विद्वानों पर भी पड़ा और उन्होंने भी सिंहक यज्ञों एवं बाहिरी क्रिया-काण्डों के स्थान पर आत्म-यज्ञ और ज्ञानमय क्रियाकाण्ड का विधान अपने उपनिषदों और ब्राह्मण-सूत्रों में किया। तथा इसी शताब्दी के प्रारम्भ में उत्पन्न हुए प्रसिद्ध आर्य-समाजी नेता स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी उन हिंसा-परक वेद-मंत्रों का अहिंसा-परक अर्थ करके अहिंसा की ध्वजा को फहराया।

कवि ने अवसर्पिणीकाल के चौथे भाग को द्वापर युग के नाम से उल्लिखित कर अपनी समन्वय दृष्टि प्रकट की है। तदनुसार आज का युग कलिकाल है, यह स्वतः सिद्ध हो जाता है। अनेक जैनाचार्यों ने 'काले कलौ चले चित्ते'[२] और 'काल कलिर्वा कलुषाशयो वा'[३] इत्यादि वाक्यों से आज के युग को कलिकाल कहा ही है।

उन्नीसवें सर्ग में कवि ने बहुत ही सरल ढंग से अनेकान्तवाद, स्याद्वाद और उसके सात भंगों का वर्णन किया है। दार्शनिक वर्णन साधारणतः कठिन होने से पाठकों को सहज-ग्राह्य नहीं होता। पर यह ग्रन्थकार की महान् कुशलता और सुविज्ञता ही समझना चाहिए कि उनके इस प्रकरण को पढ़ने पर सर्व साधारण पाठक भी स्याद्वाद और अनेकान्तवाद के गूढ़ रहस्य से परिचित हो सकेंगे।

द्रव्य का लक्षण 'सत' (अस्तित्व) रूप माना गया है और 'सत्' को उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य रूप कहा गया है[४] जिसका अभिप्राय यह है कि प्रत्येक वस्तु प्रति समय अपने पूर्व रूप को छोड़ती रहती है, नवीन रूप तो धारण करती है। फिर भी उसका मूल अस्तित्व बना रहता है। पूर्व रूप या आकार के परित्याग को व्यय, नवीन रूप के

---

१. प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषूः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः।

(स्वम्भूस्तोत्र, श्लो २)

१. सोमदेवसूरिने यशस्तिलकमें। २. समन्तभद्राचार्य युक्त्यनुशासनमें।

३. सद्-द्रव्यलक्षणम्। उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्।

(तत्त्वार्थसूत्र, अ. ५, सू २९-३०)

धारण करने को उत्पादन और मूल रूप के बने रहने को ध्रौव्य कहते हैं । स्वामी समन्त भद्र ने एक दृष्टान्त देकर बतलाया है कि जब सोने के घट को मिटाकर उसका मुकुट बनाया जाता है, तब घट के इच्छुक को शोक होता है, मुकुट से अभिलाषी को हर्ष होता है, किन्तु सुवर्णार्थी के मध्यस्थ भाव रहता है । घटार्थी को शोक घटके विनाश के कारण हुआ, मुकुटार्थी को हर्ष मुकुट के उत्पाद के कारण हुआ । किन्तु सुवर्णार्थी का मध्यस्थ भाव दोनों ही दशाओं में सोने के बने रहने के कारण रहा । अतएव यह सिद्ध होता है कि वस्तु उत्पादन-व्यय और ध्रौव्य रूप से त्रयात्मक है[1] । जैनदर्शन के इस रहस्य को पतञ्जलि ने अपने पातञ्जल भाष्य में और कुमारिल भट्ट ने अपनी मीमांसाश्लोकवार्तिक में स्वीकार किया है, ऐसा निर्देश इस सर्ग के १७ वें श्लोक में ग्रन्थकार ने किया है । पाठकों की जानकारी के लिए उक्त दोनों ग्रन्थों के यहां उद्धरण दिये जाते हैं-

"द्रव्यं हि नित्यमाकृतिरनित्या । सुवर्णं कयाचिदाकृत्या युक्तं पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिकाः क्रियन्ते, रुचकाकृतिमुपमृद्य कटकाः क्रियन्ते, कटकाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिकाः क्रियन्ते, पुनरावृत्तः सुवर्णपिण्डः, पुनरपरया आकृत्या युक्तः खदिराङ्गारसदृशे कुण्डले भवतः । आकृतिरनित्या अन्या च भवति, द्रव्यं पुनस्तदेव । आकृत्युपमर्देन द्रव्यमेवावशिष्यते ॥"

(पाताञ्जल महाभाष्य १।१।१, योगभाष्य ४।१३)

अर्थात्- द्रव्य नित्य है और आकृति अनित्य है । सोना किसी आकृति-विशेष से युक्त होने पर पिण्ड कहलाता है । पिण्ड रूप आकृति का विनाश कर रुचक बनाये जाते हैं और रुचकरूप आकृति का उपमर्दन कर कटक बनाये जाते हैं । पुनः कटक रूप आकृति का विनाश कर स्वस्तिक बनाये जाते हैं और फिर उसे भी मिटा कर सुवर्ण पिण्ड बना दिया जाता है । पुनः नयी आकृति से वही खैर के अंगार-सदृश चमकते हुए कुण्डल बन जाते हैं । इस प्रकार आकृति तो अनित्य है, क्योंकि वह नये नये रूप धारण करती रहती है, किन्तु सुवर्ण रूप द्रव्य ज्यों का त्यों बना रहता है ।

मीमांसाश्लोकवार्तिककार कुमारिल भट्ट ने स्वामी समन्तभद्र का अनुसरण करते हुए वस्तु का स्वरूप विनाश-उत्पाद और स्थिति रूप से त्रयात्मक ही माना है । यथा-

वर्धमानकभङ्गे च रुचकः क्रियते यदा ।
तदा पूर्वार्थिन शोकः प्रीतिश्चाप्युत्तरार्थिनः ॥
हेमार्थिनस्तु माध्यस्थ्यं तस्माद् वस्तु त्रयात्मकम् ।

(मीमांसाश्लोकवार्तिक पृ ६१९)

अर्थात् जब सोने के वर्धमानक का विनाश करके रूचक बनाया जाता है, तब वर्धमानक के इच्छुक को तो शोक होता है और रुचकार्थी को प्रसन्नता होती है । किन्तु स्वर्णार्थी के तो माध्यस्थ्य भाव बना रहता है । इससे सिद्ध है कि प्रत्येक वस्तु उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य रूप से त्रयात्मक है ।

इस प्रकार वस्तु की नित्या नित्यात्मकता और अनेक धर्मात्मकता को सिद्ध करके जैन दर्शनानुसार उसके चेतन और अचेतन ये दो भेद कर उनके भी उत्तर भेदों का वर्णन किया गया है । साथ ही जीव का अस्तित्व भी सयुक्तिक सिद्ध किया गया है । विस्तार के भय से यहां उसकी चर्चा नहीं की जा रही है ।

आगे बताया गया है कि यतः प्रत्येक वस्तु अनादि-निधन है और अपने-अपने कारण-कलापों से उत्पन्न होती है, अतः उसका कोई कर्त्ता, सृष्टा या नियन्ता ईश्वरादिक भी नहीं है ।

इस प्रकार इस सर्ग में अनेक दार्शनिक तत्त्वों की चर्चा की गई है ।

बीसवें सर्ग में अनेक सरल युक्तियों से अतीन्द्रिय ज्ञान का अस्तित्व सिद्ध करके उसके धारक सर्वज्ञ की सिद्धि की गई है ।

इक्कीसवें सर्ग में शरद् ऋतु का साहित्यिक दृष्टि से सुन्दर वर्णन करके अन्त में बताया गया है कि कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अन्तिम भाग में भ. महावीर ने पावा नगरी के उपवन से मुक्ति-लक्ष्मी को प्राप्त किया ।

---

१. घट-मौलि-सुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोक-प्रमोद-माध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥ (आप्तमीमांसा श्लो. ५९)

बाईसवें सर्ग में बताया गया है कि भ. महावीर ने जिस विज्ञान-सन्तुलित धर्म का जगत् के कल्याण के लिए उपदेश दिया था काल के प्रभाव से और विस्मरण आदि से उसकी जो शोचनीय दशा आज हो रही है, उस पर यहां कुछ विचार किया जाता है । भ. महावीर के पश्चात् और अन्तिम श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु स्वामी के समय तक तो जैन धर्म की गंगा एक प्रवाह रूप से ही बहती रही । किन्तु भद्रबाहु स्वामी के समय में पड़े १२ वर्ष के महान् दुर्भिक्ष के पश्चात् वह धारा दो रूप में विभक्त हो गई । उस समय जैन श्रमण संघ में २४ हजार साधु थे । सबको भद्रबाहु ने सूचित किया कि उत्तर भारत में १२ वर्ष के दुर्भिक्ष पड़ने की संभावना है, अतः सर्व साधुओं को दक्षिण देश की ओर विहार कर देना चाहिए । उनकी घोषणा सुनते ही आधा संघ तो उनके साथ दक्षिण देश की ओर विहार कर गया । किन्तु आधा संघ श्रावकों के अनुरोध पर स्थूलभद्राचार्य के नेतृत्व में उत्तर भारत में रह गया। धीरे-धीरे दुर्भिक्ष का प्रकोप बढ़ने लगा और साधुओं को आहार मिलने में कठिनाई अनुभव होने लगी। तब श्रावकों के अनुरोध पर साधुओं ने पात्र रख कर श्रावकों के घर से आहार लाकर अपने निवास-स्थल पर जा करके खाना प्रारंभ किया । इसी के साथ ही उन्होंने वस्त्र और दण्डादिक भी आत्म-रक्षा के लिए स्वीकार कर लिए और इस प्रकार निर्ग्रन्थ साधुओं में धीरे-धीरे शिथिलाचार का प्रवेश हो गया । जब १२ वर्ष के उपरान्त दुर्भिक्ष का प्रकोप शान्त हुआ और दक्षिण की ओर गये हुए मुनि जन उत्तर भारत को लौटे, तो उन्होंने बहुत प्रयत्न किया कि इधर रहे हुए साधुओं में जो शिथिलाचार आ गया है, वह दूर कर वे लोग हमारे साथ पूर्ववत् मिलकर एक सूत्र के रूप में रहें । पर यह संभव नहीं हो सका। अतः उत्तर भारत में रहे साधुजन श्वेत-वस्त्र धारण करने लगे थे, अतः वे श्वेताम्बर साधुओं के नाम से कहे जाने लगे और जो नग्न निर्ग्रन्थ वेष के ही धारक रहे, वे दिगम्बर साधुओं के नाम से पुकारे जाने लगे ।

यहां यह विशेष ज्ञातव्य है कि श्वे. आचाराङ्ग-सूत्र में भी साधु के लिए आचेलक्य ही परम धर्म बताया गया है और अचेलक का मुख्य अर्थ पूर्ण नग्नता ही है[1] । श्वे. शास्त्रों में राजा उदयन, ऋषभदत्त आदि के भी नग्न मुनि होने का उल्लेख आता है[2] । श्वे. स्थानाङ्ग सूत्र में भी साधुओं के अन्य कर्तव्यों के साथ नग्नता का विधान उपलब्ध है[3] । भ. महावीर स्वयं नग्न रहे थे ।

वैदिक साहित्य 'ऋक्र संहिता' (१०।१३६-२) में 'मुनयो वातरशानाः' का उल्लेख है । 'जाबालोपनिषद' सूत्र ६ में 'यथाजातरूपधरो निर्ग्रन्थों निष्परिग्रह॰ का उल्लेख मिलता है । महाभारत के आदिपर्व श्लो ३२६-२७ में जैन मुनि को 'नग्न क्षपणक' कहा है । विष्णुपुराण में 'ततो दिगम्बरो मुण्डो' (तृतीयाँश अ. १७-१८) कहा गया है और पद्मपुराण में भी 'दिगम्बरेण जैन धर्मोपदेशः' (प्रथम खण्ड श्लो.१३) आदि रूप से दिगम्बर मुनियों का वर्णन किया गया है। भर्तहरि ने अपने वैराग्यशतक में जैन मुनि को 'पाणिपात्रो दिगम्बर' लिखा है[4] । वाराहमिहिर-संहिता में जैन मुनियों को 'नग्न' और अर्हन्तदेव को 'दिग्वास लिखा'[5]। ज्योतिष ग्रन्थ गोलाध्याय में भी जैन साधुओं के नग्न रहने का उल्लेख है[6]। मुद्राराक्षस में भी इसी प्रकार का उल्लेख पाया जाता है ।

---

१. जे अचेले परिवुसिंए तस्स णं भिक्खुस्म णो एव,.......(आचारांग १५१)
तं वोसेज्ज वत्थमणयारे.. ....(आचारंग २१०)

२. जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावो जाव तमट्ठं आरोहेइ । (भगवती सूत्र, शतक ९ उद्देशक ३३)

३. से जहा नामए अज्जोमए समणाणं णिग्गंथाणं नग्गभावे मुण्डभावे अण्हाणए...........अरहा समणाणं णिग्गंथाणं नग्गभावे जाव लद्धावलद्धवित्तीओ जाव पट्ठवेहित्ती । (ठाणां सूत्र, हैदराबाद संस्करण पृ. ८१३)

४. एकाकी निःस्पृहः शान्तः पाणिपात्रो दिगम्बरः । कदा शम्भो भविष्यामि कर्मनिर्मूलनक्षमः ॥
भर्तृहरि-वैराग्यशतके श्लो. ७०।

५. नग्नान् जिनानाँ विदुः १९।६१॥
दिग्वासस्तरुणो रुपवांश्च कार्योऽर्हतां देवः ॥४५,५८॥ (वाराहमिहिर-संहिता:

६. नग्नीकृता मुण्डिताः । तत्र ४-५ (गोलाध्याय (३।८-१०)

बौद्धों के जातक घटकथा, चुल्लवग्ग (८।२८।३) महावग्ग (८।१५।८) संयुक्त निकाय (२।३।१०७) दिव्यावदान (पृ. १६५) और दाठावसो (पृ. १४) इत्यादि ग्रन्थों में निर्ग्रन्थों की नग्नता का उल्लेख है। चीनी यात्री फाहियान[1] और हुएनत्सांग ने[2] भी अपने यात्रा-विवरणों में जैन मुनियों को नग्न लिखा है ।

मथुरा का वर्णन करते हुए फाहियान ने लिखा है-"सारे देश में कोई अधिवासी न जीवहिंसा करता है, न मद्य पीता है और न लहसुन प्याज खाता है, सिवाय चाण्डाल के । जनपद में न कहीं सूनागार (कसाईघर) है और न मद्य की दुकानें हैं । (फाहियान पृ. ३१)

यहां यह बात ज्ञातव्य है कि फाहियान ने ईसा की चौथी शती के अन्त में और हुएनत्सांग ने ईसा की सातवीं शती के प्रारम्भ में भारत की यात्रा की थी ।

श्वेताम्बर साधु जब नगराश्रित उपाश्रयों में रहने लगे, तो उनका प्रभाव दिगम्बर साधुओं पर भी पड़ा और उनमें से कितने ही आचार्यों ने कहना प्रारम्भ कर दिया कि साधुओं को इस कलिकाल में वन में नहीं रहना चाहिए । इस प्रकार जब साधुओं में शिथिलाचार ने प्रवेश कर लिया, तो गृहस्थ श्रावकों के आचार में भी शिथिलता आ गई ।

यद्यपि भद्रबाहु के समय सम्राट चन्द्रगुप्त ने, उनके पुत्र बिन्दुसार ने और पौत्र अशोक ने, तथा सम्प्रति आदि अनेक राजाओं ने अपने समय में जैन धर्म को राज्याश्रय दिया उसका प्रसार किया और विक्रमादित्य के समय तक उसका प्रभाव सारे भारतवर्ष पर रहा, तथापि इस अवधि के मध्य ही वैदिक-सम्प्रदाय-मान्य स्नान, आचमन आदि बाह्य क्रियाकाण्ड ने जैनधर्म में प्रवेश पा लिया और जैनों में अग्नि की उपासना यक्षादिक व्यन्तर देवों की पूजा, एवं पंचामृताभिषेक आदि का प्रचार प्रारम्भ हो गया । जैनों का भी प्रभाव हिन्दुओं पर पड़ा और उनमें से यज्ञ-हिंसा ने विदाई ले ली ।

धीरे-धीरे दि. और श्वे. दोनों ही साधु-परम्पराओं में जरा-जरा से मतभेदों के कारण अनेक गण-गच्छ आदि के भेद उठ खड़े हुए, जिससे आज सारा जैन समाज अनेक उपभेदों में विभक्त हो रहा है । इन नवीन उपभेदों के प्रवर्तकों ने तो सदा से चली आई जिनबिम्ब-पूजन का भी गृहस्थों के लिए निषेध करना प्रारम्भ कर दिया और कितनों ने वीतराग मूर्ति को भी वस्त्राभूषण पहिराना प्रारम्भ कर दिया । कितने ही लोग जनता को पीने का पानी सुलभ करने के लिए कुंआ, बावड़ी के खुदवाने आदि पुण्य कार्यों के करने से भी गृहस्थों को मना करने लगे और किसी स्थान पर लगी आग में घिरे जीवों को बचाने के लिए उसे बुझाने को भी जल-अग्नि आदि की विराधना का नाम लेकर पाप बताने लगे।

इस स्थल पर ग्रन्थकार कहते हैं जो धर्म प्राणि मात्र पर मैत्री और करुणा भाव रखने का उपदेश देता है, उसी के अनुयायी कुछ जैन लोग कहें कि साधु के सिवाय अन्य किसी भी प्राणी की रक्षा करना पाप है तो यह बड़े ही आश्चर्य और दु:ख की ही बात है । यथार्थ बात यह है कि जो जैन धर्म उत्तम क्षत्रिय राजाओं के द्वारा धारण करने योग्य था और अपनी सर्व कल्याण-कारिणी निर्दोष प्रवृत्ति के कारण सबका हितकारी था, वही जैन धर्म आज व्यापार करने वाले उन वैश्यों के हाथ में आ गया है जिनका कि धन्धा ही अपने माल को खरा और अन्य के माल को खोटा बताकर अपनी दुकान चलाना है ।

इस प्रकार अपने हार्दिक दु:ख पूर्ण उद्गारों को प्रकट करते हुए ग्रन्थकार ने इस सर्ग के साथ ही अपने ग्रन्थ को समाप्त किया है ।

अवतार–वाद नहीं, उत्तार–वाद

ससार में यह प्रथा प्रचलित रही है कि जो कोई भी महापुरुष यहां पैदा हुआ, उसे ईश्वर का पूर्णावतार या अंशावतार कह दिया गया है । भ महावीर ने अपने उपदेशों में कभी अपने आपको ईश्वर का पूर्ण या आंशिक अवतार नहीं कहा प्रत्युत अवतार वाले ईश्वर का निराकरण ही किया है । उन्होंने कहा-ईश्वर तो आत्मा की शुद्ध अवस्था का नाम

---

१ देखो फाहियान यात्रा-विवरण पृ. ४६,६३ आदि ।

२. देखो- हुएनत्सांग का भारत-भ्रमण पृ १४३, ३२०, ५२६, ५३३, ५४५, ५७०, ५७३ आदि)

है । एक बार आत्मा के शुद्ध हो जाने पर फिर उसकी संसार में अवतार लेने वाली अशुद्ध दशा नहीं हो सकती । जैसे धान्य के छिलके से अलग हुए चावल का पुन: उत्पन्न होना असंभव है, इसी प्रकार कर्म-मल से रहित हुए शुद्ध जीव का संसार में मनुष्यादि के रूप से जन्म लेकर अशुद्ध दशा को प्राप्त करना भी असंभव है । जैन धर्म अवतारवादी नहीं, प्रत्युत उत्तारवादी है । ईश्वर का मनुष्य के रूप में अवतरण तो उसके ह्रास या अवनति का द्योतक है, विकास का नहीं, क्योंकि अवतार का अर्थ है नीचे उतरना । किन्तु उत्तार का अर्थ है-ऊपर चढ़ना, अर्थात् आत्म-विकास करना। अवतारवादी परम्परा में ईश्वर या परमात्मा नीचे उतरता है, मनुष्य बनकर फिर सर्व साधारण संसारी पुरुषों के समान राग-द्वेष मयी हीन प्रवृत्ति करने लगता है । किन्तु उत्तारवादी परम्परा में मनुष्य अपना विकास करते हुए ऊपर चढ़कर ईश्वर भगवान् या परमात्मा बनता है । जैन धर्म ने पूर्ण रूप से विकास को प्राप्त आत्मा को ही भगवान् या परमात्मा कहा है, सांसारिक प्रपंच करने वाले व्यक्ति को नहीं ।

भ. महावीर ने स्वयं ही बतलाया कि सर्व साधारण के समान मैं भी अनादि से संसार में जन्म-मरण के चक्कर लगाता हुआ आ रहा था । इस युग के आदि में मैं आदि महापुरुष ऋषभदेव का पौत्र और आदि सम्राट् का पुत्र था। किन्तु अभिमान के वश में होकर मैंने अपनी उस मानव-पर्याय का दुरुपयोग किया और फिर उत्थान-पतन की अनेक अवस्थाओं का प्राप्त हुआ। पुन: अनेक भवों से उत्तरोत्तर आत्म-विकास करते हुए आज इस अवस्था को प्राप्त कर सका हूँ । अत: मेरे समान ही सभी प्राणी अपना विकास करते हुए मेरे जैसे बन सकते हैं । यही कारण है कि जैन धर्म ने जगत् का कर्ता धर्ता ईश्वर को नहीं माना है, किन्तु उद्धर्ता पुरुष को ही ईश्वर माना है । जैन धर्म का कर्मवाद सिद्धान्त यही उपदेश देता है कि- "आत्मा ही अपने सुख-दु:ख का कर्ता और भोक्ता है । सुमार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना मित्र है और कुमार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना शत्रु है"[१] ।

भ. महावीर के पूर्व भव

भगवान् महावीर का भिल्लराज के भव से लेकर अन्तिम भव तक का जीवन-काल उत्थान पतन की अनेक विस्मय-कारक करुण कहानियों से भरा हुआ है । वर्तमान कालिक समस्त तीर्थङ्करों में से केवल भ महावीर के ही सबसे अधिक पूर्व भवों का वर्णन जैन शास्त्रों में देखने को मिलता है । दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में उनके पूर्व भव का श्री गणेश भिल्लराज के भव से ही पाया जाता है । संक्षेप में भगवान् का यह सर्व जीवन-कथानक इस प्रकार है -

भ ऋषभदेव के पौत्र और भरत चक्री के पुत्र मरीचि होने से दो भव पूर्व भ महावीर का जीव इसी जम्बू द्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के उत्तर किनारे पर पुष्कलावती देश की पुण्डरीकिणी नगरी के समीपवर्ती वन में पुरुरवा नामक का भील था । गन्तव्य मार्ग भूल जाने के कारण एक दिगम्बर मुनिराज उस वन में विचर रहे थे कि पुरुरवा भील ने दूर से उन्हें जाता हुआ देखकर और हरिण समझ कर मारने के लिए ज्यों ही धनुष-बाण संभाला कि उसकी स्त्री ने यह कह कर उसे मारने से रोक दिया कि 'ये तो वन के देवता घूम रहे हैं, इन्हें मत मारो।' भील ने समीप जाकर देखा, तो उसका भ्रम दूर हुआ और अपनी भूल पर पश्चाताप करते हुए उन्हें भक्ति पूर्वक नमस्कार कर उनसे आत्म-कल्याण का उपाय पूछा । मुनिराज ने उसे मद्य, मांस और मधु-सेवन के त्याग रूप व्रत का उपदेश दिया, जिसे उसने जीवन-पर्यन्त पालन किया और आयु के समाप्त होने पर वह सौधर्म स्वर्ग में एक सागर की आयु का धारक देव हुआ । वहां के दिव्य सुखों को भोग कर वह इसी भरत क्षेत्र की अयोध्या नगरी में भ. ऋषभदेव का पौत्र और आदि चक्रवर्ती भरत महाराज का पुत्र हुआ, जिसका नाम मरीचि रखा गया ।

जब भ. ऋषभदेव संसार, देह और भोगों से विरक्त होकर दीक्षित हुए, तब अन्य चार हजार महापुरुषों के साथ मरीचि ने भी भगवान् की भक्ति-वश जिन-दीक्षा को धारण कर लिया । भ. ऋषभदेव ने दीक्षा लेने के साथ ही छह

---

१ अप्पा कत्ता विकत्ता य दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं च दुप्पट्ठिअ सुप्पट्ठिओ ॥ (उत्तराध्ययन अ. २० गा. ३७)

मास के उपवास की प्रतिज्ञा लेकर मौन धारण कर लिया । उनके दीक्षित हुए ये सभी लोग उनका अनुकरण करते हुए कुछ दिन तक तो भूख-प्यास की बाधा सहन करते रहे, किन्तु जब उनसे भूख-प्यास का कष्ट नहीं सहा गया, तो वे लोग वन के फल-फूल खाने लगे । वन-देवताओं ने उन लोगों से कहा कि दिगम्बर वेष धारण करने वाले मुनियों का यह मार्ग नहीं है । यदि तुम लोग मुनि धर्म के कठिन मार्ग पर नहीं चल सकते, तो वापिस घर चले जाओ, या अन्य वेष धारण कर लो, पर दिगम्बर वेष में रह कर ऐसी उन्मार्ग-प्रवृत्ति करना ठीक नहीं है । वे लोग भरत चक्री के भय से अपने घर तो नहीं गये, किन्तु नाना वेषों को धारण करके वन में रहते हुए ही अपना जीवन-यापन करने लगे ।

जब भ. ऋषभदेव को केवल ज्ञान प्रगट हो गया, तब उन्होंने उन भ्रष्ट हुए तपस्वियों को सम्बोधन कर मुनि-मार्ग पर चलने का उपदेश दिया । जिससे अनेक तपस्वियों ने पुनः दीक्षा ग्रहण कर ली । किन्तु तब तक मरीचि अपने अनेक शिष्य बना कर उनका मुखिया बन चुका था, अतः उसने जिन-दीक्षा को अंगीकार नहीं किया और जब उसे भरत के प्रश्न करने पर ऋषभदेव की दिव्यध्वनि से यह ज्ञात हुआ कि मैं ही आगे चलकर इस युग का अन्तिम तीर्थङ्कर होने वाला हूँ, तब तो वह और भी उन्मत्त होकर विचरने लगा और स्व-मन-गढ़न्त तत्त्वों का उपदेश देकर एक नये ही मत का प्रचार करने लगा, जो कि आगे जाकर कपिल-शिष्य के नाम पर कापिल या सांख्य मत के नाम से संसार में आज तक प्रसिद्ध है । मरीचि का यह भव भ. महावीर के ज्ञात पूर्व भवों की दृष्टि से तीसरा भव है ।

यद्यपि मरीचि जीवन-भर उन्मार्ग का प्रवर्तन करता रहा, तथापि कुतप के प्रभाव से मर कर वह पांचवें ब्रह्म स्वर्ग में जाकर देव उत्पन्न हुआ । यह भ महावीर का चौथा भव है । वहां से चय कर पांचवें भव में वह इसी मध्य लोक में जटिल नाम का ब्राह्मण हुआ । पूर्व भव के दृढ़ संस्कारों से इस भव में भी वह अपने पूर्व-प्रचारित कपिल मत का ही साधु बनकर तपस्या करते हुए उसका प्रचार करता रहा और छठे भव में पुनः सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न होकर देवपद पाया । वहां से चयकर सातवें भव में पुष्यमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी मिथ्या-मत का प्रचार करता रहा। जीवन के अन्त में मर कर आठवें भव में पुनः सौधर्म स्वर्ग का देव हुआ । नवें भव में वहां से चय कर पुनः इसी भूतल पर अवतीर्ण हुआ और ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर अग्निसह नाम का धारक उग्र तपस्वी हुआ । इस भव में भी उसने उसी कपिल मत का प्रचार किया और मर कर दशवें भव में सनत्कुमार स्वर्ग का देव हुआ । ग्यारहवें भव में वह पुनः इसी भूतल पर जन्म लेकर अग्निमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी कपिल मत का प्रचार किया और मर कर दशवें भव में सनत्कुमार स्वर्ग का देव हुआ । ग्यारहवें भव में वह पुनः इसी भूतल पर जन्म लेकर अग्रिमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी कपिल मत का प्रचार कर जीवन के अन्त में मरा और बारहवें भव में माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चय कर तेरहवें भव में भारद्वाज नाम का ब्राह्मण हुआ और उसी कपिल मत का प्रचार करता हुआ मर कर चौदहवें भव में पुनः माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ ।

इस प्रकार मरीचि काजीव लगातार आगे के पांचों मनुष्य भवों में अपने पूर्व दृढ़ संस्कारों से प्रेरित होकर उत्तरोत्तर मिथ्यात्व का प्रचार करते हुए दुर्मोच दर्शनमोहनीय के साथ सभी पाप कर्मों का उत्कृष्ट बन्ध करता रहा, जिसके फलस्वरूप चौदहवें भव वाले स्वर्ग से चयकर मनुष्य हो तिर्यग्योनि के असंख्यात भवों में लगभग कुछ कम एक कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल तक परिभ्रमण करता रहा । अतः इन भवों की गणना प्रमुख भवों में नहीं की गई है । तत्पश्चात् कर्म-भार के हलके होने पर मरीचि का जीव गणनीय पन्द्रहवें भव में स्थावर नाम का ब्राह्मण हुआ । इस भव में भी तपस्वी बनकर और मिथ्या मत का प्रचार करते हुए मरण कर सोलहवें भव में माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चय कर सत्तरहवें भव में इसी भरत क्षेत्र के मगध-देशान्तर्गत रागगृह नगर में विश्वभूति राजा की जैनी नामक स्त्री से विपुल पराक्रम का धारक विश्वनन्दी नाम का पुत्र हुआ । इसी राजा विश्वभूति का विशाखभूति नामक एक छोटा भाई था, उसकी लक्ष्मणा स्त्री से विशाखनन्दी नाम का एक मूर्ख पुत्र उत्पन्न हुआ। किसी निमित्त से विरक्त होकर राजा विश्वभूति ने अपना राज्य छोटे भाई को और युवराज पद अपने पुत्र विश्वनन्दी को देकर जिन-दीक्षा धारण कर ली ।

तदनन्तर किसी समय युवराज विश्वनन्दी नन्दन-वन के समान मनोहर अपने उद्यान में अपनी स्त्रियों के साथ क्रीड़ा कर रहा था । उसे देख कर ईर्ष्या से सन्तप्त चित्त हुए विशाखनन्दी ने अपने पिता के पास आकर कहा कि उक्त उद्यान मुझे दिया जाय, अन्यथा मैं घर छोड़कर चला जाऊंगा । पुत्र-मोह से प्रेरित होकर राजा ने उसे देने का आश्वासन दिया और एक षडयन्त्र रचकर विश्वनन्दी को एक शत्रु-राजा को जीतने के लिए बाहिर भेज दिया और वह उद्यान अपने पुत्र को दे दिया । विश्वनन्दी जब शत्रु को जीत कर वापिस आया और उक्त षडयन्त्र का उसे पता चला, तो वह आग-बबूला हो गया और विशाखनन्दी को मारने के लिये उद्यत हुआ । भय के मारे अपने प्राण बचाने के लिए विशाखनन्दी एक कैंथ के पेड़ पर चढ़ गया । विश्वनन्दी ने हिला-हिलाकर उस कैंथ के पेड़ को जड़ से उखाड़ डाला और विशाखनन्दी को मारने के लिए ज्यों ही उद्यत हुआ कि विशाखनन्दी वहां से भागा और एक पाषाण-स्तम्भ के पीछे छिप गया । विश्वनन्दी ने उसे भी उखाड़ फैंका और विशाखनन्दी अपने प्राण बचाने के लिए वहां से भी भागा। उसे भागते हुए देखकर विश्वनन्दी को करुणा के साथ विरक्ति-भाव जागृत हुआ और राज-भवन में न जाकर वन में जा सम्भूत गुरु के पास जिन-दीक्षा धारण कर ली ।

दीक्षा-ग्रहण करने के पश्चात् वे उग्र तप करते हुए विचरने लगे और विहार करते हुए किसी समय वे गोचरी के लिए नगर में ज्यों ही प्रविष्ट हुए कि एक सद्यः प्रसूता गाय ने धक्का देकर विश्वनन्दी मुनि को गिरा दिया । उन्हें गिरता हुआ देख कर अचानक सामने आये हुए विशाखनन्दी ने व्यंग-पूर्वक कहा- 'तुम्हारा वह पेड़ और खम्भे को उखाड़ फैंकने वाला पराक्रम अब कहां गया ?' उसका यह व्यंग बाण मुनि के हृदय में प्रविष्ट हो गया और निदान किया कि यदि मेरी तपस्या का कुछ फल हो- तो मैं इसे अगले भव में मारुं । तपस्या के प्रभाव से मुनि का जीव अठारहवें भव में महाशुक्र स्वर्ग में देव हुआ । आयु के पूर्ण होने पर वह वहां से आकर इसी भरत क्षेत्र में उन्नीसवें भव में त्रिपृष्ठ नाम का प्रथम नारायण हुआ और विशाखनन्दी का जीव अनेक कुयोनियों में परिभ्रमण कर अश्वग्रीव नाम का प्रथम प्रतिनारायण हुआ । पूर्व भव के वैर भाव के संस्कार से एक स्त्री का निमित्त पाकर दोनों में घमासान युद्ध हुआ और त्रिपृष्ट ने अश्वग्रीव को मारकर एक छत्र त्रिखण्ड राज्य-सुख भोगा। आयु के अन्त में मरकर बीसवें भव में त्रिपृष्ठ का जीव सातवें नरक का नारकी हुआ ।

वहां से निकल कर वह इक्कीसवें भव में सिंह हुआ और हिंसा-जनित पाप के फल से पुनः बाईसवें भव में प्रथम नरक का नारकी उत्पन्न हुआ । वहां से निकल कर तेईसवें भव में फिर भी सिंह हुआ ।

इस सिंह के भव में वह किसी दिन भूख से पीड़ित होकर एक हरिण को पकड़कर जब खा रहा था, तभी भाग्यवश दो चारण मुनि आकाश मार्ग से विहार करते हुए वहां उतरे और उसे सम्बोधन किया-हे भव्य, तूने जो त्रिपृष्ठनारायण के भव में राज्यासक्ति से घोर पाप उपार्जन किया, उसके फल से नरकों में घोर यातनाएं सही हैं और अब भी तू इस मृग जैसे दीन प्राणियों को मार-मार कर घोर पाप उपार्जन कर रहा है ? मुनिराज के वचन सुनकर सिंह को जाति-स्मरण हो गया और वह अपने पूर्व भवों को याद करके हरिण को छोड़कर आंखों से आंसू बहाते हुए निश्चल खड़ा हो गया । उन चारण मुनियों ने उसे निकट भव्य और अन्तिम तीर्थंकर होने वाला देख कर धर्म का उपदेश दिया । उनके वचनों को सिंह ने शान्ति पूर्वक सुना और प्रबुद्ध होकर उनकी तीन प्रदक्षिणा देकर उनके चरणों में अपना शिर रखकर बैठ गया । मुनिराज ने उसे पशु मारने और मांस खाने का त्याग कराया और उसके योग्य श्रावक व्रतों का उपदेश दिया । उन मुनिराजों के चले जाने पर सिंह की प्रवृत्ति एक दम बदल गई । उसने जीवों का मारना और मांस का खाना छोड़ दिया और अन्य आहार का मिलना सम्भव नहीं था, अतः वह निराहार रह कर विचरने लगा । अन्त में सन्यास-पूर्वक प्राण छोड़ कर प्रथम स्वर्ग का देव हुआ । यह भ. महावीर का गणनीय चौबीसवां भव है । तेईसवें सिंह भव तक उनका उत्तरोत्तर पतन होता गया और मुनि-समागम के पश्चात् उनके उत्थान का श्री गणेश हुआ ।

सौधर्म स्वर्ग से चयकर वह देव इस भूतल पर अवतीर्ण हुआ और पच्चीसवें भव में कनकोज्ज्वल नाम का राजा हुआ । किसी समय वह सुमेरु पर्वत की वन्दना को गया । वहां पर उसने एक मुनिराज से धर्म का उपदेश सुना और संसार से विरक्त होकर मुनि बन गया । अन्त में समाधि-पूर्वक प्राण-त्याग करके छव्वीसवें भव में लान्तव स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चयकर सत्ताईसवें भव में इसी भरत क्षेत्र के साकेत नगर में हरिषेण नाम का राजा हुआ । राज्य

सुख भोग कर और जिन-दीक्षा ग्रहण करके अट्ठाईसवें भव में वह महाशुक्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चय कर उनतीसवें भव में धातकी खण्डस्थ पूर्व दिशा-सम्बन्धी विदेह क्षेत्र के पूर्व भाग-स्थित पुण्डरीकिणी नगरी में प्रियमित्र नामका चक्रवर्ती हुआ। अन्त में जिन-दीक्षा लेकर वह तीसवें भव में सहस्रार स्वर्ग में देव हुआ । वहां से चयकर इकतीसवें भव में इसी भूमण्डल पर नन्दन नाम का राजा हुआ । इस भव में उसने प्रोष्ठिल मुनिराज के पास धर्म का स्वरूप सुना और जिन-दीक्षा धारण कर ली । तदनन्तर षोडश कारण भावनाओं का चिन्तवन करते हुए उसने तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध किया और जीवन के अन्त में समाधि-पूर्वक प्राण छोड़कर बत्तीसवें भव में अच्युत स्वर्ग का वह इन्द्र हुआ। बाईस सागरोपम काल तक दिव्य सुखों का अनुभव कर जीवन के समाप्त होने पर वहां से चयकर वह देव अन्तिम तीर्थङ्कर महावीर के नाम से इस वसुधा पर अवतीर्ण हुआ । यह महावीर का गणनीय तेतीसवां भव है ।

इस प्रकार दिगम्बर-परम्परा के अनुसार भ. महावीर के अन्तिम ३३ भवों का वृत्तान्त मिलता है। श्वेताम्बर-परम्परा में भगवान् के २७ ही भवों का वर्णन देखने को मिलता है । उनमें प्रारम्भ के २२ भव कुछ नाम-परिवर्तनादि के साथ वे ही हैं जो कि दि परम्परा में बतलाये गये हैं । शेष भवों में से कुछ को नहीं माना है । यहां पर स्पष्ट जानकारी के लिए दोनों परम्पराओं के अनुसार भ महावीर के भव दिये जाते हैं :-

दिगम्बर–मान्यतानुसार–	श्वेताम्बर–मान्यतानुसार–
१. पुरुरवा भील	१ नयसार भिल्लराज
२ सौधर्म देव	२ सौधर्म देव
३. मरीचि	३. मरीचि
४ ब्रह्म स्वर्ग का देव	४ ब्रह्म स्वर्ग का देव
५. जटिल ब्राह्मण	५. कौशिक-ब्राह्मण
६. सौधर्म स्वर्ग का देव	६ ईशान स्वर्ग का देव
७ पुष्यमित्र ब्राह्मण	७ पुष्यमित्र ब्राह्मण
८ सौधर्म स्वर्ग का देव	८. सौधर्म देव
९ अग्निसह ब्राह्मण	९ अग्न्युद्योत ब्राह्मण
१० सनत्कुमार स्वर्ग का देव	१० ईशान स्वर्ग का देव
११ अग्निमित्र ब्राह्मण	११ अग्निभूति ब्राह्मण
१२ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१२ सनत्कुमार स्वर्ग का देव
१३ भारद्वाज ब्राह्मण	१३. भारद्वाज ब्राह्मण
१४ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१४ माहेन्द्र स्वर्ग का देव
त्रस-स्थावर योनि के असंख्यात भव	अन्य अनेक भव
१५ स्थावर ब्राह्मण	१५ स्थावर ब्राह्मण
१६ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१६ ब्रह्म स्वर्ग का देव
१७ विश्वनन्दी (मुनिपद में निदान)	१७. विश्वभूति (मुनिपद में निदान)
१८ महाशुक्र स्वर्ग का देव	१८ महाशुक्र स्वर्ग का देव
१९ त्रिपृष्ठ नारायण	१९ त्रिपृष्ठ नारायण
२० सातवें नरक का नारकी	२०. सातवें नरक का नारकी
२१ सिह	२१. सिंह
२२ प्रथम नरक का नारकी	२२. प्रथम नरक का नारकी
२३. सिंह (मृग भक्षण के समय	

चारण मुनि द्वारा संबोधन)	×
२४ प्रथम स्वर्ग का देव	×
२५. कनकोज्ज्वल राजा	×
२६. लान्तव स्वर्ग का देव	×
२७. हरिषेण राजा	×
२८. महाशुक्र स्वर्ग का देव	×
२९. प्रियमित्र चक्रवर्ती	२३. पोट्टिल या प्रियमित्र चक्रवर्ती
३०. सहस्रार स्वर्ग का देव	२४. महाशुक्र स्वर्ग का देव
३१. नन्द राजा (तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध)	२५. नन्दन राजा (तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध)
३२. अच्युत स्वर्ग का इन्द्र	२६. प्राणत स्वर्ग का देव
३३. भ. महावीर	२७. भ. महावीर

दोनों परम्पराओं के अनुसार भ महावीर के पूर्व भवों में छह भवों का अन्तर कैसे पड़ा ? इस प्रश्न के समाधानार्थ दोनों परम्पराओं के आगमों की छान-बीन करने पर जो निष्कर्ष निकला, वह इस प्रकार है-

भ. महावीर दोनों परम्पराओं के अनुसार बाईसवें भव में प्रथम नरक के नारकी थे । श्वे, परम्परा के अनुसार वे वहां से निकल कर पोट्टिल या प्रियमित्र चक्रवर्ती हुए । दि परम्परा के अनुसार नरक से निकल कर चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव नहीं हो सकते हैं । छक्खंडागमसुत्त की गति-आगति चूलिका में स्पष्ट रूप से कहा है -

तिसु उवरिमासु पुढवीसु णैरइया णिरयादो उवट्टिद-समाणा कदि गदीओ आगच्छति ? (सु. २१७) दुवे गदीओ आगच्छंतितिरिक्खगदिं मणुसगदिं चेव (सुं २१८) । मणुसेसु उववरण्णल्लया मणुस्सा केइमेक्कारस उप्पाएंति - केइमाभिणिबोहियणाणमुप्पाएंति, केई सुदणाणमुप्पाएंति, केईमोहिणाणमुप्पाएंति, केई मणपज्जवणाण मुप्पाएंति केई केवलणाणमुप्पाएंति, केई सम्मामिच्छत्तमुप्पाएंति, केई सम्मत्तमुप्पाएंति केई संजमासंजममुप्पाएंति, केई संजममुप्पाएंति । णो बलदेवत्तं णो वासुदेवत्तमुप्पाएंति, णो चक्कवट्टित्तमुप्पाएंति। केई तित्थयरत्तमुप्पाएंति, केइमंतयडा होदूण सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वाणयंति सव्वदुक्खाणं मंतं परिविजाणंति । (सु २२०)

इसका अर्थ इस प्रकार है - प्रश्न - ऊपर की तीन पृथिवियों के नारकी वहां से निकल कर कितनी गतियों में आते हैं ? उत्तर - दो गतियों में आते हैं- तिर्यग्गति में और मनुष्य गति में । मनुष्य गति में मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले मनुष्य ग्यारह पदों को उत्पन्न करते हैं- कोई आभिनिबोधिक ज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई श्रुतज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई अवधिज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई मन:पर्ययज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई केवलज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई सम्यग्मिथ्यात्व उत्पन्न करते हैं, कोई सम्यक्त्व उत्पन्न करते हैं, कोई संयमासंयम उत्पन्न करते हैं, कोई संयम उत्पन्न करते हैं । किन्तु वे जीव न बलदेवत्व को उत्पन्न करते हैं, न वासुदेवत्व को और न चक्रवर्तित्व को उत्पन्न करते हैं । कोई तीर्थङ्कर उत्पन्न होते हैं, कोई अन्तकृत् होकर सिद्ध होते हैं, बुद्ध होते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं और सर्व दु:खों के अन्त होने का अनुभव करते हैं । (षट्खण्डागम पु. ६ पृ. ४९२)

इस आगम-प्रमाण के अनुसार नरक से निकला हुआ जीव चक्रवर्ती नहीं हो सकता है और न वासुदेव, बलदेव ही । किन्तु ये तीनों पदवी-धारी जीव स्वर्ग से ही आकर उत्पन्न होते हैं ।

अतएव दि. परम्परा के अनुसार बाईसवें भव के बाद भ. महावीर का जीव सिंह पर्याय में उत्पन्न होता है और उस भव में चारण मुनियों के द्वारा प्रबोध को प्राप्त होकर उत्तरोत्तर आत्मविकास करते हुए उनतीसवें भव में चक्रवर्ती होता है, यह कथन सर्वथा युक्ति-संगत है । किन्तु श्वे. परम्परा में प्रथम नरक से निकल कर एक दम चक्रवर्ती होने का वर्णन एक आश्चर्यकारी ही है । खास कर उस दशा में-जब कि उससे भी पूर्व भव में वह सिंह था, और उससे भी पूर्व बीसवें भव में वह सप्तम नरक का नारकी था । तब कहां से उस जीव ने चक्रवर्ती होने योग्य पुण्य का उपार्जन कर लिया ? श्वेताम्बर परम्परा में सिंह को किसी साधु-द्वारा सम्बोधे जाने का भी उल्लेख नहीं मिलता है । यदि वह

सम्बोधित कर सन्मार्ग की ओर लगाया गया होता, तो उसके नरक जाने का अवसर ही नहीं आता । श्वेत आगमों की छान-बीन करने पर भगवती सूत्र के १२ वें शतक के ९ वें उद्देश्य के अनुसार प्रथम नरक का नारकी वहां से निकल कर चक्रवर्ती हो सकता है । उसका आधार इस प्रकार है -

(प्र.) के नरदेवा ? (उ) गोयमा, जे रायाओ चाउरंतचक्कवट्टी उपण्णसम्मत्त-रयणप्पहाणा नवनिहिपइणो समिद्धकोसा बत्तीसं रायवरसहस्साणुयातमग्गा सागर-वरमेहलाहिवइणो मणुस्सिंदा से णरदेवा । (प्र.) णरदेवा णं भंते कओहिंतो उववज्जंति? किं. णेरइए. पुच्छा । (उ.) गोयमा, णेरइएहिंतो वि उववज्जंति, णो तिरि. णो मणु. देवेहिंतो वि उवज्जंति । (प्र.) जइ नेरइएहिंतो उववज्जंति, किं रयणप्पह-पुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति, जाव अहे सत्तमपुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति? (उ.) गोयमा, रयणप्पहापुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति, णो सक्का जाव नो अहे सत्तम-पुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति । (भगवतीसूत्र, भा. ३, पृ. २८९)

इसका अर्थ इस प्रकार है- प्रश्न-नर-देव कौन कहलाते हैं ? उत्तर-गौतम, जो राजा चातुरन्त-चक्रवर्ती हैं, जिन्हें चक्ररत्न प्राप्त हुआ है, जो नव निधियों के स्वामी हैं, जिनका कोष (खजाना) समृद्ध है, बत्तीस हजार राजा जिनके पीछे चलते हैं और जो समुद्ररूप उत्तम मेखला के अधिपति हैं, वे मनुष्यों के इन्द्र नर-देव कहलाते हैं । प्रश्न-भगवन्, ये नरदेव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ? उत्तर-गौतम, वे नर-देव नरक से भी आकर उत्पन्न होते हैं और देवगति से भी आकर के उत्पन्न होते हैं । किन्तु तिर्यग्गति और मनुष्यगति से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं । प्रश्न- भगवन्, यदि नरक से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या रत्नप्रभा पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं, क्या शर्करा. यावत् अधस्तन सप्तम पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं ? उत्तर-गौतम, रत्नप्रभा, पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं, शेष नीचे की छह पृथिवियों के नारकियों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं ।

भगवती सूत्र के उक्त आधार पर प्रथम नरक से निकला जीव चक्रवर्ती हो सकता है, ऐसी श्वे. मान्यता भले ही प्रमाणित हो जाय, किन्तु जब नारायण, बलदेव जैसे अर्धचक्रियों की उत्पत्ति देवगति से ही बतलाई गई है, तब पूर्ण चक्रवर्ती सम्राट की उत्पत्ति नरक से निकलने वाले जीव से कैसे सम्भव है ?

ज्ञात होता है कि श्वेताम्बर परम्परा के आचार्यों ने अपने आगम की मान्यता के अनुसार ही उक्त भवों का निर्धारण किया है । यहां इतनी बात ध्यान देने के योग्य है कि षट्खण्डागम के पुस्तकारूढ़ होने के भी लगभग तीन सौ वर्ष बाद भगवती सूत्र आदि श्वे. आगम तीसरी वाचना के पश्चात् पुस्तकारुढ हुए हैं । अतः षटखण्डागम का प्राचीन होना स्वयं सिद्ध है । इस सन्दर्भ में एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि परम्परा भी षटखण्डागम की उक्त गति आगति चूलिका की उत्पत्ति व्याख्या-प्रज्ञप्ति अंग से ही मानती है, जबकि श्वे. परम्परा भगवती-सूत्र को व्याख्या-प्रज्ञप्ति नाम से कहती है । ऐसा प्रतीत होता है कि षट्खण्डागम-प्रस्तोता के गुरु धरसेनाचार्य के पश्चात श्रुत ज्ञान की धारा और भी क्षीण होती गई, और श्वे परम्परा में लिपिबद्ध होने तक वह बहुत कुछ विस्मृति के गर्भ में विलीन हो गई । यही कारण है कि अनेक आचार्यों के स्मरणों के आधार पर श्वे आगमों का अन्तिम संस्करण सम्पन्न हुआ। अतः कितने ही स्थल त्रुटित रह गये हैं ।

प्रस्तुत काव्य में भ. महावीर के पूर्व भवों का वर्णन बहुत ही सुन्दर ढंग से ग्यारहवें सर्ग में किया गया है । जहां तक मेरा अनुमान है कि यह पूर्व भवों का वर्णन गुणभद्राचार्य-रचित उत्तरपुराण के आधार पर किया गया है । इसके परवर्ती सभी दि. ग्रन्थों में उसी का अनुसरण दृष्टिगोचर होता है ।

सिद्धान्त ग्रन्थों में क्षायोपशमिक सम्यक्त्व का उत्कृष्ट काल छयासठ सागरोपम बतालाया गया है। सिंह के जिस भव में चारण मुनियों ने उसे संबोधन करके सम्यक्त्व को ग्रहण कराया, वह बराबर अन्तिम महावीर के भव तक बना रहा । अर्थात् लगातार १० भव तक रहा और इस प्रकार क्षायोपशमिक सम्यक्त्व की उत्कृष्ट स्थिति पूरी करके वह क्षायिक सम्यक्त्व रूप से परिणत हो उसी भव से उन्हें मुक्ति-प्राप्ति का कारण बना ।

पूर्व भवों के इस वर्णन से यह सहज ही ज्ञात हो जाता है कि आध्यात्मिक विकास की पराकाष्ठा पर पहुँचना किसी एक ही भव की साधना का परिणाम नहीं है किन्तु उसके लिए लगातार अनेक भवों में साधना करनी पड़ती है ।

भ. महावीर के जन्म समय भारत की स्थिति

भ. महावीर के जन्म से पूर्व अर्थात् आज से अढ़ाई हजार वर्ष के पहिले भारत वर्ष की धार्मिक एवं सामाजिक स्थिति कैसी थी, इसका कुछ दिग्दर्शन प्रस्तुत काव्य के प्रथम सर्ग के उत्तरार्ध में किया गया है। उस समय ब्राह्मणों का बोल बाला था, सारी धार्मिक सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था की बागडोर उन्हीं के हाथों में थी। उस समय उन्होंने यह प्रसिद्ध कर रखा था कि 'यज्ञार्थमेते पशवो हि सृष्टाः[1]' और 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति[2]' अर्थात् ये सभी पशु यज्ञ के लिए ब्रह्मा ने रचे हैं, और वेद-विधान से की गई हिंसा हिंसा नहीं है, अपितु स्वर्ग-प्राप्ति का कारण होने से पुण्य है। उनकी इस उक्ति का लोगों पर इतना अधिक प्रभाव पड़ा, कि लोग यज्ञों में केवल बकरों का ही होम नहीं करते थे, वरन भैंसा, घोड़ा और गाय तक का होम करने लगे थे। यही कारण है कि वेदों में अश्वमेध, गोमेध आदि नामवाले यज्ञों का विधान आज भी देखने में आता है। धर्म के नाम पर यह हिंसा का ताण्डवनृत्य अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया था, जिसके फलस्वरूप नरमेध यज्ञ तक होने लगे थे-जिनमें कि रूप-यौवन-सम्पन्न मनुष्यों तक को यज्ञाग्नि की आहुति बना दिया जाता था। इस विषय के उल्लेख अनेकों ग्रन्थों में पाये जाते हैं[3]। गीतारहस्य जैसे ग्रन्थ के लेखक लोक-मान्य बालगङ्गाधर तिलक ने अपने एक भाषण में कहा था कि "पूर्वकाल में यज्ञ के लिये असंख्य पशु-हिंसा होती थी, इसके प्रमाण मेघदूत काव्य आदि अनेक ग्रन्थों में मिलते हैं।"

भ. महावीर ने इस हिंसा को दूर करने के लिए महान् प्रयत्न किया और उसी का यह सुफल है कि भारतवर्ष से याज्ञिकी हिंसा सदा के लिए बन्द हो गई। स्वयं लोक-मान्य तिलक ने स्वीकार किया है कि 'इस घोर हिंसा का ब्राह्मण धर्म से विदाई ले जाने का श्रेय जैन धर्म के ही हिस्से में है। प्रस्तुत काव्य में इस विषय पर उत्तम प्रकाश डाला गया है, जिसे पाठक इसका स्वाध्याय करने पर स्वयं ही अनुभव करेंगे[4]।

भ महावीर के पूर्व सारे भारत की सामाजिक स्थिति अत्यन्त दयनीय हो रही थी। ब्राह्मण सारी समाज में सर्वश्रेष्ठ समझा जाता था। उसके लिए ब्राह्मण-ग्रन्थों में कहा गया था 'कि दुःशील ब्राह्मण भी पूज्य है और जितेन्द्रिय शूद्र भी पूज्य नहीं है[5]। ब्राह्मण विद्वान् हो, या मूर्ख, वह महान् देवता है[6]। और सर्वथा पूज्य है[7]। तथा श्रोत्रिय ब्राह्मण के लिये यहां तक विधान किया गया कि श्राद्ध के समय उसके लिए महान् बैल को भी मार कर उसका मांस श्रोत्रिय ब्राह्मण को खिलावें[8]। इसके विपरीत भ. महावीर ने वर्णाश्रम और जातिवाद के विरुद्ध अपनी देशना दी और कहा- मांस को खाने वाला ब्राह्मण निन्द्य है और सदाचारी शूद्र वन्द्य है[9]।

---

१ यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा।
यज्ञस्य भूत्यै सर्वस्य तस्माद् यज्ञे वधोऽवधः॥
यज्ञार्थं ब्राह्मणैर्वध्याः प्रशस्ता मृग-पक्षिणः।

२ या वेदविहिता हिंसा नियताऽस्मिंश्चराचरे।
अहिंसामेव तां विद्याद्वेदाद्धर्मो हि निर्बभौ॥ (मनुस्मृति ५।२२-३९-४४)

३. देखो-यशस्तिलकचम्पू, पूवार्ध।

४. देखो-सर्ग १६ आदि।

५. दुःशीलोऽपि द्विजः पूज्यो न शूद्रो विजितेन्द्रियः। पाराशर स्मृति ८।३२।

६. अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैवतं महत्। मनुस्मृति ९।३१७।

७. एवं यद्यप्यनिष्टेषु वर्तन्ते सर्वकर्मसु।
सर्वथा ब्राह्मणाः पूज्याः परमं दैवतं हि तत्॥ मनुस्मृति।९।३१९।

८. महोक्षं वा महोक्षं वा श्रोत्रियाय प्रकल्पयेत्।

९. विप्रोऽपि चेन्मांसभुगस्ति निद्यः, सद्-वृत्तभावाद् वृषलोऽपि वन्द्यः। वीरोदय १७।१७

उस समय ब्राह्मणों ने यहां तक कानून बना दिये थे कि 'शूद्र को ज्ञान नहीं देना चाहिए, न यज्ञ का उच्छिष्ट और हवन से बचा हुआ भाग, और न उसे धर्म का उपदेश ही देना चाहिए । यदि कोई शूद्र को धर्मोपदेश और व्रत का आदेश देता है, तो वह शूद्र के साथ असंवृत नामक अन्धकारमय नरक में जाता है'[1] ।

शूद्रों के लिए वेदादि धर्म ग्रन्थों के पढ़ने का अधिकार तो था ही नहीं, प्रत्युत यहां तक व्यवस्था का विधान ब्राह्मणों ने कर रखा था कि जिस गांव में शूद्र निवास करता हो, वहां वेद का पाठ भी न किया जावे । यदि वेद-ध्वनि शूद्र के कानों में पड़ जाय, तो उसके कानों में गर्म शीशा और लाख भर दी जाय, वेद वाक्य का उच्चारण करने पर उसकी जिह्वा का छेद कर दिया जाय और वेद-मंत्र याद कर लेने पर उसके शरीर के दो टुकड़े कर दिये जावें[2]। उस समय शूद्रों को नीच, अधम एवं अस्पृश्य समझ कर उनकी छाया तक से परहेज किया जाता था । आचार के स्थान पर जातीय श्रेष्ठता का ही बोल-बाला था । पग-पग पर रुढ़ियां, कुप्रथाएं और कुरीतियों का बाहुल्य था । स्वार्थ-लोलुपता, कामुकता और विलासिता ही सर्वत्र दृष्टिगोचर होती थी । यज्ञों में होने वाली पशु-हिंसा ने मनुष्यों के हृदय निर्दयी और कठोर बना दिये थे ।

बौद्धों के 'चित्तसम्भूत जातक' में लिखा है कि एक समय ब्राह्मण और वैश्य कुलीन दो स्त्रियां नगर के एक महाद्वार से निकल रही थी, मार्ग में उन्हें दो चाण्डाल मिले । चाण्डालों के देखने को उन्होंने अपशकुन समझा । अतः घर के लोगों से उन चाण्डालों को खूब पिटवाया और उनकी दुर्गति कराई । मातंग जातक और सद्धर्म जातक बौद्ध ग्रन्थों से भी अछूतों के प्रति किये जाने वाले घृणित व्यवहार का पता चलता है ।

ब्राह्मणों ने जाति व्यवस्था को जन्म के आधार पर प्रतिष्ठित कर रखा था, अतएव वे अपने को सर्वश्रेष्ठ मानते थे । भरत चक्रवर्ती ने जब ब्राह्मण वर्ण की स्थापना की तब उनकी धार्मिक प्रवृत्तियों को देखकर ही उन्हें उत्तम कहा था । किन्तु धीरे-धीरे उनकी गुण-कृत महत्ता ने जाति या जन्म का स्थान ले लिया और उन्होंने अपने को धर्म का अधिकारी ही नहीं, अपितु ठेकेदार तक होने की घोषणा कर दी थी । इस प्रकार की उस समय धार्मिक व्यवस्था थी।

आर्थिक व्यवस्था की दृष्टि से उस समय का समाज साधारणतः सुखी था, किन्तु दासी-दास की बड़ी ही भयानक प्रथा प्रचलित थी । कभी-कभी तो दास-दासियों पर अमानुषिक घोर अत्याचार होते थे । विजेता राजा विजित राज्य के स्त्री-पुरुषों को बन्दी बनाकर अपने राज्य में ले आता था और उनमें से अधिकांशों को चौराहों पर खड़ा करके नीलाम कर दिया जाता था । अधिक बोली लगाने वाला उन्हें अपने घर ले जाता और वस्त्र-भोजन देकर रात-दिन उनसे घरेलू कार्यों को कराया करता था। दासी-दास की यह प्रथा अभी-अभी तक रजवाड़ों में चलती रही है ।

इस प्रकार की धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक विषम परिस्थितियों के समय भ. महावीर ने जन्म लिया । बालकाल के व्यतीत होते ही उन्होंने अपनी दृष्टि चारों ओर दौड़ाई और तात्कालिक समाज का अच्छी तरह अध्ययन करके इस निर्णय पर पहुँचे कि मैं अपना जीवन लोगों के उद्धार में ही लगाऊंगा और उन्हें उनके महान कष्टों से विमुक्त करुंगा। फलस्वरूप उन्होंने विवाह करने और राज्य सम्भालने से इनकार कर दिया और स्वयं प्रव्रजित होकर एक लम्बे समय तक कठोर साधना की । पुनः कैवल्य-प्राप्ति के पश्चात् अपने लक्ष्यानुसार जीवन-पर्यन्त उन्होंने जगत् को सुमार्ग दिखाकर

---

१ न शूद्राय मतिं दद्यान्नोच्छिष्टं न हविष्कृतम् ।
न चास्योपदिशेद्धर्मं न चास्य व्रतमादिशेत् ॥
यश्चास्योपदिशेद्धर्मं यश्चास्य व्रतमादिशेत् ।
सोऽसंवृत तमो घोरं सह तेन प्रपद्यते ॥ (वशिष्ठ स्मृति १८।१२-१३)

२ अथ हास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपु-जतुभ्यां श्रोत्र-प्रतिपूरण मुदाहरणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीर-भेदः ।

टीका-अथ हेति वाक्यालङ्कारे । उपश्रुत्य बुद्धिपूर्वकमक्षरग्रहणमुपश्रवणम् । अस्य शूद्रस्य वेमुपशृण्वतस्त्रपु-जतुभ्यां त्रपुणा (शीसकेन) जतुना च द्रवीकृतेन श्रोत्रे प्रतिपूरयितव्ये । स चेद् द्विजातिभिः सह वेदाक्षराण्युदाहरेदुच्चरेत्, तस्य जिह्वा छेद्या। धारणे सति यदाऽन्यत्र गतोऽपि स्वयमुच्चारयितुं शक्नोति, ततः परश्वादिना शरीरमस्य भेद्यम् ।

(गौतम धर्म सूत्र अ ३, सू ४ टीका पृ ८९-९० पूना संस्करण, वर्ष १९३१)

उसका कल्याण किया, दु:ख-संत्रस्त जीवों का दु:खों से विमोचन किया और स्वर्ग-मुक्ति का मार्ग दिखाकर उसकी ओर उन्हें अग्रसर किया ।

प्रस्तुत काव्य में भ. महावीर के मुख्य उपदेशों को चार भागों में विभाजित किया गया है -१ साम्यवाद, २ अहिंसावाद, ३. स्याद्वाद और सर्वज्ञतावाद । इन चारों ही वादों का ग्रन्थकार ने बहुत ही सरल और सयुक्तिक रीति से ग्रन्थ के अन्तिम अध्यायों में वर्णन किया है, जिसे पढ़कर पाठकगण भगवान् महावीर की सर्वहितकारिणी देशना से परिचित होकर अपूर्व आनन्द का अनुभव करेंगे ।

भ. महावीर ने 'कर्मवाद' सिद्धान्त का भी बहुत विशद उपदेश दिया था, जिसका प्रस्तुत काव्य में यथास्थान 'स्वकर्मतोऽङ्गी परिपाकभर्ता' (सर्ग १६ श्लो. १०) आदि के रूप में वर्णन किया ही गया है ।

भ. महावीर का गर्भ-कल्याणक

जैन मान्यता है कि जब किसी भी तीर्थंकर का जन्म होता है, तब उसके गर्भ में आने के छह मास पूर्व ही इन्द्र की आज्ञा से कुबेर आकर जिस नगरी में जन्म होने वाला है, उसे सुन्दर और सुव्यवस्थित बनाता है और श्री ह्री आदि ५६ कुमारिका देवियां आकर होने वाले भगवान् की माता की सेवा करती हैं । उनमें से कितनी ही देवियां माता के गर्भ का शोधन करती हैं, जिसका अभिप्राय यह है कि जिस कुक्षि में एक महापुरुष जन्म लेने वाला है, उस कुक्षि में यदि कोई रोग आदि होगा, तो उत्पन्न होने वाले पुत्र पर उसका प्रभाव अवश्य पड़ेगा । आज की भाषा में ऐसी देवियों को लेडी डाक्टर्स या नर्सेज कह सकते हैं । यत बाहिरी वातावरण का गर्भस्थ शिशु पर प्रभाव पड़ता है, अत: वे कुमारिका देवियां भगवान् के जन्म होने तक माता के चारों ओर का वातावरण ऐसा सुन्दर और नयन-मन-हारी बनाती हैं कि जिससे किसी भी प्रकार का क्षोभ या संक्लेश माता के मन में उत्पन्न न होने पावे । इसी सब सावधानी का यह सुफल होता है कि उस माता के गर्भ से उत्पन्न होने वाला बालक अतुल बली, तीन ज्ञान का धारक और महा प्रतिभाशाली होता है ।

साधारणत यह नियम है कि किसी भी महापुरुष के जन्म लेने के पूर्व उसकी माता को कुछ विशिष्ट स्वप्न आते हैं, जो कि किसी महापुरुष के जन्म लेने की सूचना देते हैं । स्वप्न शास्त्रों में ३० विशिष्ट स्वप्न माने गये हैं । जैन शास्त्रों के उल्लेखानुसार तीर्थङ्कर की माता उनमें से १६, चक्रवर्ती की माता १४, वासुदेव की माता ७ और बलदेव की माता ४ स्वप्न देखती हैं । यहां यह ज्ञातव्य है कि श्वे. परम्परा में तीर्थङ्कर की माता के १४ ही स्वप्न देखने का उल्लेख मिलता है[१] ।

दोनों परम्पराओं के अनुसार स्वप्नावली इस प्रकार है-

दिगम्बर परम्परा	श्वेताम्बर परम्परा
१ गज	१ गज
२ वृषभ	२. वृषभ
३ सिंह	३. सिंह
४. लक्ष्मी	४. श्री अभिषेक
५. माल्यद्विक	५. दाम (माला)

---

१. सुमिणसत्थे वायालीसं सुमिणा, तीसं महासुमिणा, बावत्तरि सव्वसुमिणा दिट्ठा । तत्थ णं देवाणुप्पिया, अरहंतमायरो वा चक्कवट्टिमायरो वा × × × चउदस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुज्झंति । × × × वासुदेवमायरो वा महासुमिणाणं अण्णयरे सत्त महासुमिणे । बलदेवमायरो वा महासुमिणाणं अण्णयरे चत्तारि ।

(भगवती सूत्र शतक १६, उद्देश ६ सूत्र ५८१)

६. शशि	६. शशि
७. सूर्य	७. दिनकर
८ कुम्भद्विक	८ कुम्भ
९. झषयुगल	९ झय (ध्वजा)
१०. सागर	१०. सागर
११ सरोवर	११ पद्मसर
१२. सिंहसन	-
१३. देव-विमान	१२ विमान
१४. नाग-विमान	१३. -
१५. रत्न-राशि	१३. रत्न-उच्चय
१६. निर्धूम अग्नि	शिखि (अग्नि)

दोनों परम्पराओं में तेरह स्वप्न तो एकसे ही हैं। किन्तु दि. परम्परा में जहां झष (मीन) का उल्लेख है, वहां श्वे परम्परा में झय (ध्वज) का उल्लेख है। ज्ञात होता है कि किसी समय प्राकृत के 'झस' के स्थान पर 'झय' या झय के स्थान पर झस पाठ के मिलने से यह मत भेद हो गया। इन चौदह स्वप्नों के अतिरिक्त दि परम्परा ये २ स्वप्न और अधिक माने जाते हैं, उनमें एक हैं सिंहासन और दूसरा है भवनवासी देवों का नाग-मन्दिर या नाग-विमान।

श्वे परम्परा के भगवती सूत्र आदि में माता के चौदह स्वप्नों का स्पष्ट उल्लेख होने से उंनके यहां १४ स्वप्नों की मान्यता स्वीकार की गई। पर आश्चर्य तो यह है कि उन चौदह स्वप्नों के लिए 'तंजहा'- कह कर जो गाथा दी गई है, उसमें १५ स्वप्नों का स्पष्ट निर्देश है। वह गाथा इस प्रकार है-

गय[१]-वसह[२]-सीह[३]-अभिसेय[४]-दाम[५]-ससि[६]-दिणयरं[७] झयं[८] कुम्भं[९]।

पउमसर[१०]-सागर[११]-विमाण[१२]-भवण[१३]-रयणुच्चय[१४]-सिहिं च[१५]॥

इस गाथोक्त स्वप्नों के ऊपर दिये गये अंकों से स्वप्नों की संख्या १५ सिद्ध होती है। विमलसूरि के पउमचरिउ में दी गई गाथा में भी स्वप्नों की संख्या १५ ही प्रमाणित होती है। वह गाथा इस प्रकार है -

वसह[१] गय[२] सीह[३] वरसिरि[४] दामं[५] ससि[६] रवि[७] झय[८] च कलसं च[९]। सर[१०] सायरं[११] विमाणं[१२] वरभवणं[१३] रयण[१४] कूडग्गी[१५]॥

(पउमचरिउ, तृव्उद्देश, गा ६२)

समझ में नहीं आता कि जब दोनों ही गाथाओं में 'भवन' या 'वर भवन' का स्पष्ट उल्लेख पाया जाता है, तब श्वे आचार्यों ने उसे क्यों छोड़ दिया। ऐसा प्रतीत होता है, कि भगवती सूत्र आदि में १४ स्वप्नों के देखने का स्पष्ट विधान ही इसका प्रमुख कारण रहा है।*

मेरे विचार से दि परम्परा में १६ स्वप्न-सूचक गाथा इस प्रकार रही होगी-

---

* श्वे शास्त्रों के विशिष्ट अभ्यासी श्री प शोभाचन्द्र जी भारिल्ल से ज्ञात हुआ है कि गाथा-पठित १५ स्वप्नो में से तीर्थंकर की माता केवल १४ ही स्वप्न देखती है। स्वर्ग से आने वाले तीर्थंकर की माता को देव-विमान स्वप्न में दिखता है, नाग-भवन नहीं। इसी प्रकार नरक से आने वाले तीर्थंकर की माता को स्वप्न में नाग-भवन दिखता है, देव-विमान नहीं। उक्त दोनों का समुच्चय उक्त गाथा में किया गया है। पर दि. परम्परानुसार देव-विमान ऊर्ध्व लोक के अधिपतित्व का, सिंहासन मध्यलोक के स्वामित्व का और नाग-विमान या भवन अधोलोक के आधिपत्य का सूचक है। जिसका अभिप्राय है कि गर्भ में आने वाला जीव तीनों लोकों के अधिपतियों द्वारा पूज्य होगा।

- सम्पादक

वसह[१] गय[२] सीह[३] वरसिरि[४] दामं[५] ससि[६] रवि[७] झयं[८] च कुम्भजुगं[९] । सर[१०] सागर[११] विमाणं[१२] भवण[१३] रयण[१४] कुढग्गी[१५] ॥

गाथा के पदों पर दिये गये अंको के अनुसार तीर्थंकर की माता को दीखने वाले स्वप्नों की संख्या १६ सिद्ध हो जाती है ।

चक्रवर्ती से तीर्थंकर का पद दोनों ही सम्प्रदायों में बहुत उच्च माना गया है, ऐसी स्थिति में चक्रवर्ती के गर्भागम-काल में दिखाई देने वाले १४ स्वप्नों से तीर्थंकर की माता को दीखने वाले स्वप्नों की संख्या अधिक होनी ही चाहिए। जैसे कि बलदेव की माता को दिखने वाले ४ स्वप्नों की अपेक्षा वासुदेव की माता को ७ स्वप्न दिखाई देते हैं ।

दि. मान्यतानुसार सिद्धार्थ राजा की रानी त्रिशला देवी ने ही १६ स्वप्न देखे और भ. महावीर उनके ही गर्भ में आये । छप्पन कुमारिका देवियों ने त्रिशला की ही सेवा की । इन्द्रादिक ने भी भगवान् का गर्भावतरण जानकर सिद्धार्थ और त्रिशला की ही पूजा की । इन्हीं के घर पर पन्द्रह मास तक रत्न-सुवर्णादिक की वर्षा हुई । किन्तु श्वे. मान्यता है कि भ महावीर ब्राह्मण-कुण्ड नामक ग्राम के कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की जालंधर गोत्रीया पत्नी देवानन्दा की कुक्षि में अवतरित हुए । वे जिस रात्रि को गर्भ में आये, उसी रात्रि के अन्तिम पहर में देवानन्दा ने चौदह स्वप्न देखे । उसने वे स्वप्न अपने पति से कहे । उसके पति ने स्वप्नों का फल कहा-

"हे देवानुप्रिये, तुमने उदार, कल्याण-रूप, शिव-रूप मंगलमय और शोभा-युक्त स्वप्नों को देखा है । ये स्वप्न आरोग्य-दायक, कल्याणकर और मंगलकारी हैं । तुम्हें लक्ष्मी का, भोग का, पुत्र का और सुख का लाभ होगा । ९ मास और ७॥ दिवस-रात्रि बीतने पर तुम पुत्र को जन्म दोगी ।"

देवानन्दा के गर्भ बढ़ने लगा और ८२ दिन तक भ. महावीर भी उसी के गर्भ में वृद्धिंगत हुए। तब अचानक इन्द्र के मन में विचार आया कि तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव आदि शलाका पुरुष शूद्र, अधम, तुच्छ, अल्प, निर्धन, कृपण भिक्षुक या ब्राह्मण कुल में जन्म नहीं लेते, वरन् राजन्य कुल में, ज्ञातृ वंश में, क्षत्रिय वंश में, इक्ष्वाकु वंश में और हरिवंश में ही जन्म लेते हैं । अतः उसने हिरणेगमेसी देव को गर्भ-परिवर्तन की आज्ञा दी और कहा कि 'तुम इसी समय भरत क्षेत्र के ब्राह्म-कुण्ड ग्राम में जाओ और वहां देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ में से भावी तीर्थङ्कर महावीर के जीव को निकाल कर क्षत्रिय-कुण्ड के राजवंशी क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ में जाकर रख दो । तथा त्रिशला के गर्भ में जो लड़की है, उसे वहां से निकाल कर देवानन्दा के गर्भ में ले जाकर रख दो । इन्द्र की आज्ञानुसार हिरणेगमेसी देव ने देवानन्दा के गर्भ से भ महावीर को निकालकर त्रिशलादेवी के गर्भ में रख दिया और उसके गर्भ से कन्या को निकाल कर देवानन्दा के गर्भ में रख दिया । जिस रात्रि को यह गर्भापहरण किया गया और भ महावीर त्रिशला के गर्भ में पहुँचे, उसी आसोज कृष्णा १३ की रात्रि के अन्तिम पहर में त्रिशला ने १४ स्वप्न देखे । प्रातःकाल उसने जाकर अपने पति सिद्धार्त राजा से सब स्वप्न कहे । उन्होंने स्वप्न-शास्त्र के कुशल विद्वानों को बुलाकर उन स्वप्नों का फल पूछा और स्वप्न शास्त्र-वेत्ताओं ने कहा कि इन महा स्वप्नों के फल से तुम्हारे तीन लोक का स्वामी और धर्म-तीर्थ का प्रवर्तक तीर्थङ्कर पुत्र जन्म लेगा* ।

इस गर्भापहरण पर अनेक प्रश्न उठते हैं, जिनका कोई समुचित समाधान प्राप्त नहीं होता है । प्रथम तो यह बात बड़ी अटपटी लगती है कि पहिले देवानन्दा ब्राह्मणी उन्हीं स्वप्नों को देखती है, और उनका फल उसे बताया जाता है, कि तेरे एक भाग्यशाली पुत्र होगा । पीछे ८२ दिन के बाद त्रिशला उन्हीं स्वप्नों को देखती है । स्वप्नशास्त्र-वेत्ता जिन स्वप्नों का फल अवश्यम्भावी और उत्तम बतलाते हैं, वह देवानन्दा को कहां प्राप्त हुआ ? दूसरे ८२ दिन तक इन्द्र कहां सोता रहा ? जो बात उसे इतने दिनों के बाद याद आई, वह गर्भावतरण के समय ही क्यों याद नहीं आई ?

तीसरे यह बात भी अटपटी लगती है कि गर्भकल्याणक कहीं अन्यत्र हो और जन्मकल्याणक कहीं अन्यत्र हो। गर्भकल्याणक के समय ऋषभदत्त ब्राह्मण और देवानन्दा ब्राह्मणी की पूजा इन्द्रादिक करें और जन्म कल्याणक के समय वे ही सिद्धार्थ और त्रिशला रानी की पूजा करें ।

---

* समवायांग सूत्र, भगवती सूत्र और कल्पसूत्र के आधार पर । —सम्पादक

चौथे यह बात विचारणीय है कि गर्भ-शोधनादि किसी और का किया जाय और भगवान् का जन्म किसी और के गर्भ से होवे ।

पांचवें-कुबेर-द्वारा रत्न-सुवर्ण की वृष्टि प्रारम्भ में ८ मास २२ दिन तक किसी और के घर पर हो, पीछे ६ मास और ८ दिन किसी और के यहां हो, तथा छप्पन कुमारिका देवियां भी इसी प्रकार प्रारम्भ में किसी और की सेवा करें और पीछे किसी और की ।

इन सभी बातों से भी अधिक अनुचित बात तो यह है कि भले ही ब्राह्मण के याचक कुल से गर्भापहरण करके क्षत्रियाणी के गर्भ में भ. महावीर को रख दिया गया हो, पर वस्तुतः उनके शरीर का निर्माण तो ब्राह्मण-ब्राह्मणी के रज और वीर्य से ही प्रारम्भ हुआ कहलायगा । यह बात तो तीर्थङ्कर जैसे महापुरुष के लिए अत्यन्त ही अपमानजनक है ।

इस सन्दर्भ में एक बात खास तौर से विचारणीय है कि जब तीर्थङ्करों के गर्भादि पांचों ही कल्याणकों में देव-देवेन्द्रादिकों के आसन कम्पायमान होते हैं और दि. श्वे. दोनों ही परम्पराओं के अनुसार वे अपना-अपना नियोग पूरा करने आते हैं, तब दि परम्परा में एक स्वरूप से स्वीकृत कुमारिका देवियों के गर्भावतरण से पूर्व ही आने के नियोग का श्वे परम्परा में क्यों उल्लेख नहीं मिलता है ? यदि श्वे. परम्परा की ओर से कहा जाय कि उन कुमारिका देवियों का कार्य जन्मकालीन क्रियाओं को करना मात्र है, तो यह उत्तर कोई महत्त्व नहीं रखता, क्योंकि भगवान् के जन्म होने से पूर्व अर्थात् गर्भकाल में आकर माता की नौ मास तक सेवा करना और उनके चारों ओर के वातावरण को आनन्दमय बनाना अधिक महत्त्व रखता है और यही कारण है कि दि. परम्परा में उन देवियों का कार्य गर्भागम के पूर्व से लेकर जन्म होने तक बतलाया गया है । इस विषय में गहराई से विचार करने पर यही प्रतीत होता है कि यतः श्वे परम्परा में जब भगवान् महावीर का पहिले देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ में आने और पीछे गर्भापहरण करा के त्रिशला देवी के गर्भ में पहुँचाने की मान्यता स्वीकार कर ली गई, तो उससे कुमारिका देवियों के गर्भागम-समय में आने की बात असंगत हो जाती है कि पहिले वे देवानन्दा की सेवा-टहल करें और पीछे त्रिशला देवी की सेवा को जावें । अतः यही उचित समझा गया कि उन कुमारिका देवियों के गर्भ-कल्याणक के समय आने का उल्लेख ही न किया जाय । जिससे कि उक्त प्रकार की कोई विसंगति नहीं रहने पावे ।

ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय ब्राह्मणों का प्रभाव बहुत अधिक था और जैनों के साथ उनका भंयकर संघर्ष चल रहा था । अतएव ब्राह्मणों को नीचा दिखाने के लिए यह गर्भापहरण की कथा कल्पित की गई है । यद्यपि आज का शल्य-चिकित्सा विज्ञान गर्भपरिवर्तन के कार्य प्रत्यक्ष करता हुआ दिखाई दे रहा है, तथापि तीर्थङ्कर जैसे महापुरुष का किसी अन्य स्त्री के गर्भ में आना और किसी अन्य स्त्री के उदर से जन्म लेना एक अपमान-जनक एवं अशोभनीय ही है ।

भ. महावीर का जन्म

भ. महावीर का जन्म ईसवी सन् से ५९९ वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के अपराह्न में हुआ । उस समय उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ चन्द्र का योग था, एवं शेष ग्रहों की उच्चता कल्पसूत्र की टीका के अनुसार इस प्रकार थी-

मेषे सूर्य १० । वृषे सोमः ३ । मृगे मंगलः २८ । कन्यायां बुधः १५ । कर्के गुरुः ५ । मीने शुक्रः २७ । तुलायां शनिः २०।

तदनुसार भ. महावीर की जन्मकुण्डली यह है-

भ महावीर का जन्म होते ही सौधर्मेन्द्र का आसन कम्पायमान हुआ । शेष कल्पवासी देवों के यहाँ घंटा बजने लगे, ज्योतिषी देवों के यहां सिंहनाद होने लगा । भवनवासी देवों के यहां शंख-नाद और व्यन्तरों के यहां भेरी-निनाद होने लगा । सभी ने उक्त चिन्हों से जाना कि भगवान् का जन्म हो गया है, अतः वे सब अपने-अपने परिवार के साथ कुण्डलपुर पहुँचे । इन्द्राणी ने प्रसूति-गृह में जाकर माता की तीन प्रदक्षिणा की और उन्हें नमस्कार कर तथा अवस्वापिनी निद्रा से सुला कर और एक मायामयी बालक को उनके समीप रख कर भगवान् को उठा लाई और इन्द्र को सौंप दिया । वह सर्व देवों के साथ सुमेरु पर्वत पर पहुँचा और ज्यों ही १००८ कलशों से स्नान कराने को उद्यत हुआ कि उसके मन में यह शंका उठी- 'यह बालक इतने जल का प्रवाह कैसे सहन कर करेगा'' ? भगवान् ने अवधि ज्ञान से इन्द्र के मन की शंका जान ली और उसके निवारणार्थ अपने बायें पांव के अंगूठे से मेरु-पर्वत को जरा सा दबाया कि सारा मेरु पर्वत हिल उठा[२] । इन्द्र को इसका कारण अवधि ज्ञान से ज्ञात हुआ कि मेरे मन की शंका को दूर करने के लिए ही भगवान् ने पांव के अंगूठे से इसे दबाया है, तब उसे भगवान् के अतुल पराक्रमी होने का भान हुआ और उसने मन ही मन भगवान् से क्षमा मांगी[३] ।

---

१. पादाङ्गुष्ठेन यो मेरुमनायासेन कम्पयन् ।
लेभे नाम महावीर इति नाकालयाधिपात् ॥ (पद्मपुराण, पर्व २ श्लो १)

२. लहुअसरीरत्तणओ कहेस तित्थेसरो जलुप्पीलं ।
सहिही सुरसत्थेणं समकालमहो खिविज्जंते ॥१॥
इय एवं कयसंकं ओहीए जिणवरो णाउं ।
चालइ मेरुं चलणंगुलीए बल-दंसणट्ठाए ॥३॥ (महावीर-चरिउ, पत्र १२०)

३. तओ दिव्वनाण-मुणिय जिणबलण-चंपणुक्कंपिय मेरुवइयरो तक्खणं संहरियकोवुग्गमो निदियनियकुवियप्पो खामिऊण बहुप्पयारं जिणेसरं भगवंते... ...भणिउमाढत्तो । (महावीर-चरिउ, पत्र १२१)

इस सन्दर्भ में कुछ बातें उल्लेखनीय है- जिस प्रकार दि.

परम्परा में तीर्थंकर के गर्भ में आने के भी छह मास पूर्व से नगरी की रचना, रत्न-सुवर्ण की वर्षा और छप्पन कुमारिका देवियों का आकर भगवान् भी माता की सेवा आदि का विधान पाया जाता है[1], वैसा श्वे. परम्परा में नहीं मिलता। उनसे शास्त्रों के अनुसार उक्त सर्व कार्य तीर्थङ्कर के जन्म लेने पर ही प्रारम्भ होते हैं[2] उसके पूर्व नहीं।

दि. परम्परा के अनुसार तीर्थङ्कर की माता को दिखाई देने वाले स्वप्नों का फल तीर्थङ्कर के पिता ही उसे बतलाते हैं[3], किन्तु श्वे. परम्परा में दो मत पाये जाते हैं-कल्प सूत्र के अनुसार तो स्वप्नों का फल स्वप्नशास्त्र के वेत्ता ज्योतिषी लोग कहते हैं[4]। किन्तु हेमचन्द्राचार्य के मतानुसार इन्द्र आकर उनका फल कहते हैं[5]।

इसी प्रकार एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि. परम्परा के अनुसार सौधर्मेन्द्र ऐरावत हाथी पर चढ़ कर तीर्थङ्करों के जन्माभिषेक के समय आता है[6]। किन्तु श्वे. परम्परा के अनुसार वह पालक विमान पर बैठ कर आता है[7]।

इस सन्दर्भ में एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि परम्परा के अनुसार सौधर्मेन्द्र की इन्दराणी ही प्रसुति स्थान में जाकर और मायामयी बालक को रखकर भगवान् को बाहिर लाती है और अपने पति इन्द्र को सौंपती है[8]। किन्तु

---

१ सुराः ससंभ्रमाः सद्यः पाकशासन-शासनात्। तां पुरी परमानन्दाद व्यधुः सुर-पुरीमिव ॥७०॥
विश्वदृश्वैतयोः पुत्रो जनितेति शतक्रतुः। तयोःपूजां व्यधत्तोच्चैरभिषेकपुरस्सरम् ॥८३॥
षड्भिर्मासैरथैतस्मिन् स्वर्गादवतरिष्यति। रत्नवृष्टिं दिवो देवाः पातयामासुरदरात् ॥८४॥
षण्मासानिति सामसत् पुण्ये नाभिनृपालये। स्वर्गावतरणाद् भर्तुः प्राक्तरा द्युम्नसन्ततिः ॥९६॥
पश्चाच्च नवमासेषु वसुधारा तदा मता। अहो महान् प्रभावोऽस्य तीर्थकृत्त्वस्य भाविनः ॥९७॥
तदा प्रभृति सुत्रामशासनात्ताः सिषेविरे। दिक्कुमार्योऽनुचारिण्यस्तत्कालोचितकर्मभिः ॥१६३॥
(महापुराण, पर्व १२)

२ अथाऽधोलोक-वासिन्यः सद्यः प्रचलितासनाः। दिक्कुमार्यः समाजग्मुरष्टौ तत्सूतिवेश्मनि ॥२७३॥ इत्यादि।
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुष-चरित, पर्व १, सर्ग २)

३. मङ्गलैश्च प्रबुद्ध्याशु स्नात्वा पुण्य-प्रसाधना। सा सिद्धार्थ-महाराजमुपागम्य कृतानतिः ॥२५८॥
सम्प्राप्तार्धासना स्वप्नान् यथाक्रममुदाहरत्। सोऽपि तेषां फलं भावि यथाक्रममबूबुधत् ॥२५९॥
(उत्तर पुराण, पर्व ७४)

४. तए णं ते सुविण-लक्खण-पाढगा सिद्धत्थस्स खत्तियस्स अंतिए एयमट्ठे सुच्चा निसम्म हट्ठ तुट्ठ जाव हियया ते सुमिणे सम्मं ओगिणहंति, ओगिण्हत्ता × × × सुमिणसत्थाइं उच्चारेण्णा २ सिद्धत्थं खत्तियं एवं वयासी ॥७२॥ (कल्पसूत्र)

५ तत्कालं भगवन्मातुः स्वप्नार्थमभिशंसितुम्। सुहृदः कृतसङ्केता इवेन्द्रास्तुल्यमाययुः ॥२३२॥
ततस्ते विनयान्मूर्ध्नि घटिताञ्जलिकुड्मला)। स्वप्नार्थं स्फुटयामासुः सूत्रं वृत्तिकृतो यथा ॥२३३॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरित, पर्व १, सर्ग २)

६. अथ सौधर्मकल्पेशो महैरावतदन्तिनम्। समारुह्य समं शच्या प्रतस्थे विबुधैर्वृतः ॥१७॥
(आदि पुराण, पर्व १३)

७ आदिशत्पालकं नाम वासवोऽप्याभियोगिकम्। असम्भाव्य-प्रतिमानं विमानं क्रियतामिति ॥२५३॥
पञ्चयोजनशत्युच्चं विस्तारे लक्षयोजनम्। इच्छानुमानगमनं विमानं पालकं व्यधात् ॥२५६॥
दिङ् मुखप्रतिकलितैर्द्यो दारयदिवाऽभितः। सौधर्ममध्यतोऽचालीत तद-विमानं हरीच्छया ॥३९२॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरित, पर्व १, सर्ग २)

८ प्रसवागारमिन्द्राणी ततः प्राविशदुत्सवात्। तत्रापश्यत् कुमारेण सार्धं तां जिनमातरम् ॥२७॥
इत्यभिष्टुत्य गुढाङ्गी तां मायानिद्रयाऽयुजत्। पुरो विधाय सा तस्या मायाशिशुमथापरम् ॥३१॥
ततः कुमारमादाय व्रजन्ती सा बभौ भृशम्। द्यौरिवार्कमभिव्याप्तनभसं भासुरांशुभिः ॥३५॥
ततः करतले देवी देवराजस्य तं न्यधात्। बालार्कमौदये सानौ प्राचीव प्रस्फुरन्मणी ॥३६॥
(आदि पुराण, पर्व १३)

श्वे. मान्यता है कि स्वयं सौधर्मेन्द्र ही प्रसूति गृह में आकर, माता की स्तुति कर और उन्हें निद्रित कर के मायामयी शिशु को रखकर भगवान् को बाहिर ले आता है[1]।

माता के प्रसूति-गृह में इन्द्र का जाना एक लोक-विरुद्ध बात है, खास कर तत्काल ही जन्म के समय । किन्तु इन्द्राणी का स्त्री होने के नाते प्रसूति-गृह में जाना और भगवान् को बाहिर लाना आदि कार्य लोक-मर्यादा के अनुकूल ही है । श्वे. शास्त्रों में इस समय इन्द्राणी के कार्य का कोई उल्लेख नहीं मिलता है ।

वीर का बाल–काल

भ. महावीर के गर्भ में आने के पूर्व छह मास से लेकर जन्म होने तक की विशेष क्रियाओं एवं घटनाओं का वर्णन, तथा भगवान् की बाल-क्रीड़ाओं का उल्लेख प्रस्तुत काव्य में चौथे सर्ग से लेकर आठवें सर्ग तक किया गया है, अतः उनकी चर्चा करने की यहां आवश्यकता नहीं है । प्रकृत में इतना ही ज्ञातव्य है कि इन्द्र ने जन्माभिषेक के समय भगवान् का 'वीर' यह नाम रखा । भगवान् के गर्भ में आने के बाद से ही उनके पिता के यहां सर्व प्रकार की श्री समृद्धि बढ़ी, अतः उन्होंने उनका नाम 'श्री वर्धमान' रखा ।

भगवान् जब बालक थे और अपने साथियों के साथ एक समय आमलकी-क्रीड़ा कर रहे थे, उस समय एक संगमक देव ने आकर उनके धीर-वीर पने की परीक्षा के लिए उस वृक्ष के तने को सर्प का रूप धारण कर घेर लिया, तब सभी साथी बालक तो भय से भाग खड़े हुए, किन्तु बालक वीर कुमार निर्भय होकर उसके मस्तक पर पैर रखते हुए वृक्ष पर सी नीचे उतरे और उसे हाथ से पकड़कर दूर फैंक आये ।

तत्पश्चात् बालकों ने घुड़-सवारी का खेल खेलना प्रारंभ किया । इस खेल में हारने वाला बालक घोड़ा बनता और जीतने वाला सवार बनकर उसकी पीठ पर चढ़कर उसे इधर-उधर दौड़ाता । वह देव भी सर्प का रूप छोड़कर और एक बालक का रूप रखकर उनके खेल में जा मिला । देव के खेल में हार जाने पर उसे घोड़ा बनने का अवसर आया । यतः वीर कुमार विजयी हुए थे, अतः वे ही उस पर सवार हुए । उनके सवार होते ही वह देव उन्हें ले भागा और दौड़ते हुए ही उसने विक्रिया से अपने शरीर को उत्तरोत्तर बढ़ाना शुरु कर दिया । वीर कुमार उस देव की चालाकी को समझ गये । अतः उन्होंने उसकी पीठ पर जोर से एक मुट्ठी मारी, जिससे उस छद्मवेषी का गर्व खर्व हो गया । उसने अपना रूप संकुचित किया । वीर कुमार नीचे उतरे और उस छद्मवेषी ने अपना यथार्थ रूप प्रकट कर, उनसे क्षमा-याचना कर तथा उनका नाम 'महावीर' रखकर उनकी स्तुति की और अपने स्थान को चला गया । तब से भगवान् का यह नाम सर्वत्र प्रचलित हो गया[2] ।

वीर का विद्यालय–प्रवेश

श्वे. शास्त्रों के अनुसार वीर कुमार को आठ वर्ष का होने पर उनके पिता ने विद्याध्ययन के लिए एक विद्यालय में भेजा । अध्यापक जो कुछ उन्हें याद करने के लिए देवे, उससे अधिक पाठ वीर कुमार तुरन्त सुना देवें । आश्चर्य-चकित होकर अध्यापक ने प्रति दिन नवीन-नवीन विषय पढ़ाये और उन्होंने तत्काल ही सर्व पठित विषयों को ज्यों कात्यों ही नहीं सुनाया, बल्कि अध्यापक को भी अज्ञात-ऐसी विशेषताओं के साथ सुना दिया । यथार्थ बात यह थी

---

१. ततो विमाना दुत्तीर्य मानादिव महामुनिः । प्रसन्नमानसः शक्रो जगाम स्वामिसन्निधौ ॥४०७॥
अहं सौधर्मदेवेन्द्रो देवि त्वत्तनु-जन्मनः । अर्हतो जन्ममहिमोत्सवं कर्तुमिहाऽऽगम् ॥४१४॥
भवत्या नैव भेतव्यमित्युदीर्य दिवस्पतिः । अवस्वापनिकां देव्यां मरुदेव्यां विनिर्ममे ॥४१५॥
नाभिसूनोःप्रतिच्छन्दं विदधे मघवा ततः । देव्याः श्री मरूदेवायाः पार्श्वे तं च न्यवेशयत् ॥४१६॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरितं पर्व १, सर्ग २)

२. यह कथानक श्वे. ग्रन्थों में पाया जाता है । -सम्पादक

कि वीर कुमार तो जन्म से ही मति, श्रुत और अवधि इन तीन ज्ञान के धारी थे । पर भगवान् के पिता को यह पता नहीं था । जब कुछ दिनों के भीतर ही अध्यापक वीर कुमार को लेकर राजा सिद्धार्थ के पास पहुँचा और उनसे निवेदन किया-महाराज, ये राजकुमार तो इतने प्रखर बुद्धि और अतुल ज्ञानी हैं कि उनके सामने मैं स्वयं भी नगण्य हूँ । महाराज सिद्धार्थ यह सुन कर अत्यन्त प्रसन्न हुए और अध्यापक को यथोचित पारितोषिक देकर विदा किया । दि. मान्यता के अनुसार तीर्थङ्कर किसी गुरु के पास पढ़ने को नहीं जाते हैं ।

वीर के सम्मुख विवाह-प्रस्ताव

जब वीर कुमार ने यौवन अवस्था में पदार्पण किया, तो चारों ओर से उनके विवाह के लिए प्रस्ताव आने लगे। कहा जाता है कि राजा सिद्धार्थ की महारानी प्रियकारिणी और उनकी बहिन यशोदया जो कि-कलिंग-देश के महाराज जितशत्रु को ब्याही थी- एक साथ ही गर्भवती हुईं । दानों साले-बहनोई महाराजों में यह तय हुआ कि यदि एक के गर्भ से कन्या और दूसरे के गर्भ से पुत्र उत्पन्न हो, तो उनका परस्पर में विवाह कर देंगे । यथा समय सिद्धार्थ के यहां वीर कुमार ने जन्म लिया और जितशत्रु के यहां कन्या ने जन्म लिया, जिसका नाम यशोदा रखा गया । जब वीर कुमार के विवाह के प्रस्ताव आने लगे, तब भ. महावीर की वर्ष गांठ के अवसर पर जीतशत्रु अपनी कन्या को लेकर राज-परिवार के साथ कुण्डनगर आये और महाराज सिद्धार्थ को पूर्व प्रतिज्ञा की याद दिलाकर यशोदा के साथ वीर कुमार के विवाह का प्रस्ताव रखा[1] ।

महाराज सिद्धार्थ और रानी त्रिशला राजकुमारी यशोदा के रूप-लावण्य, सौन्दर्य आदि गुणों को देखकर उसे अपनी पुत्र-वधू बनाने के लिए उत्सुक हुए और उन्होंने अपने ह्रदय की बात राजकुमार महावीर से कही । सिद्धार्थ के इस विवाह प्रस्ताव को महावीर ने बड़ी ही युक्तियों के साथ अस्वीकार कर दिया ।

किन्तु श्वे मान्यता है कि महावीर का विवाह यशोदा के साथ हुआ और उससे एक लड़की भी उत्पन्न हुई, जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया और उसका विवाह महावीर की बहिन सुदर्शना के पुत्र जमालि से हुआ ।

दि परम्परा में पांच तीर्थंकर बाल-ब्रह्मचारी और कुमार-काल में दीक्षित हुए माने गये हैं-१ वासुपूज्य, २ मल्लिनाथ, ३ अरिष्टनेमि, ४ पार्श्वनाथ और ५ महावीर । श्वे परम्परा में भी इन पांचों को कुमार-श्रमण और अविवाहित माना गया है, जिसका प्रमाण आवश्यक-निर्युक्ति की निम्न लिखित गाथाएं हैं-

वीरं अरिट्ठनेमिं पासं मल्लिं च वासुपुज्जं च ।
एते मोत्तूण जिणे अवसेसा आसि रायाणो ॥२२१॥
रायकुलेसु वि जाया विसुद्धवंसेसु खत्तियकुलेसु ।
न य इत्थियाभिसेया कुमार-वासम्मि पव्वइया ॥२२२॥

आगमोदय समिति से प्रकाशित आवश्यक निर्युक्ति में 'इत्थियाभिसेया' ही पाठ है जिसके कि सम्पादक सागरानन्द सूरि है । टीकाकारों ने इसके स्थान पर 'इच्छियाभिसेया' पाठ मानकर 'ईप्सिताभिषेका:' अर्थ किया है और उसके आधार पर श्वे विद्वान् कहते हैं कि इन दोनों गाथाओं में उक्त पांचो तीर्थंकरों के बिना राज्य-सुख भोगे ही कुमारकाल में दीक्षा लेने का उल्लेख है । विवाह से उनका संबंध नहीं है । यदि ऐसा है, तो वे उन प्रमाणों को प्रकट करें- जिनमें कि

---

१ भवान्न किं श्रेणिक वेत्ति भूपतिं नृपेन्द्रसिद्धार्थकनीयसीपतिम् ।
इमं प्रसिद्धं जितशत्रुमाख्यया प्रतापवन्तं जितशत्रुमण्डलम् ॥
जिनेन्द्रवीरस्य समुद्भवोत्सवे तदाऽऽगत: कुण्डपुरं सुहृत्पर: ।
सुपूजित: कुण्डपुरस्य भूभृता नृपोऽयमाखण्डलतुल्यविक्रम: ॥
यशोदयायां सुतया यशोदया पवित्रया वीरविवाहमङ्गलम् ।
अनेककन्यापरिवारयारुहत्समीक्षितुं तुङ्गमनोरथं तदा ॥

हरिवंश पुराण, सर्ग ६६, श्लो. ६-८ ।

आदि के चार तीर्थङ्करों का बाल-ब्रह्मचारी रहना बतलाया गया हो । वास्तव में ये दोनों ही गाथाएं पांचों ही तीर्थङ्करों के बाल-ब्रह्मचारी और कुमार-दीक्षितपने का ही प्रतिपादन करती हैं । किन्तु पीछे से जब महावीर के विवाह की बात स्वीकार कर ली गई, तो उक्त गाथा-पठित 'इत्थियाभिसेया' पाठ को 'इच्छियाभिसेया' मानकर 'ईप्सिताभिषेका:' अर्थ किया जाने लगा ।

श्री कल्याण विजयजी अपने द्वारा लिखित 'श्रमण भगवान् महावीर' नामक पुस्तक में महावीर के विवाह के बारे में संदिग्ध हैं । उन्होंने लिखा है कि- "कल्पसूत्र के पूर्ववर्ती किसी सूत्र में महावीर के गृहस्थाश्रम का अथवा उनकी भार्या यशोदा का वर्णन हमारे दृष्टिगोचर नहीं हुआ । (श्रमण भगवान् महावीर, पृ. १२) दूसरे एक बात खास तौर से विचारणीय है कि जब महावीर घर त्याग कर दीक्षित होने के लिए चले, तो श्वे. शास्त्रों में कहीं भी तो यशोदा के साथ महावीर के मिलने और संसार के छोड़ने की बात का उल्लेख होना चाहिए था । नेमिनाथ के प्रव्रजित हो जाने पर राजुल के दीक्षित होने का जैसा उल्लेख मिलता है, वैसा उल्लेख यशोदा के दीक्षित होने या न होने आदि का कहीं पर भी दृष्टिगोचर नहीं होता । इसके विपरीत दि ग्रन्थों में स्पष्ट उल्लेख है कि महावीर के द्वारा विवाह-प्रस्ताव अस्वीकार कर दिये जाने पर यशोदा और उसके पिता को बहुत आघात पहुँचा और वे दोनों ही दीक्षित होकर तप करने चले गये । जितारि तो कलिंग (वर्तमान उड़ीसा) देश-स्थित उदयगिरि पर्वत से मुक्ति को प्राप्त हुए और यशोदा जिस पर्वत पर दीर्घकाल तक तपस्या करके स्वर्ग को गई, वह पर्वत ही कुमारी पर्वत' के नाम से प्रसिद्ध हुआ । खारवेल के शिलालेख में इस कुमारी पर्वत का उल्लेख है[1] ।

सन्मति-नाम

विजय और संजय नामक दो चारण मुनियों को किसी सूक्ष्मतत्त्व के विषय में कोई सन्देह उत्पन्न हो गया, पर उसका समाधान नहीं हो रहा था । भ. महावीर के जन्म के कुछ दिन बाद ही वे उनके समीप आये कि दूर से ही उनके दर्शन मात्र से उनका सन्देह दूर हो गया और वे उनका 'सन्मति देव' नाम रखते हुए चले गये[2] ।

भ. महावीर का छद्मस्थ या तपस्या-काल

भ महावीर ने तीस वर्ष की अवस्था में मार्गशीर्ष १० के दिन जिन-दीक्षा ली और उग्र तपश्चरण में संलग्न हो गये । दि ग्रन्थों उनके इस जीवन-काल की घटनाओं का बहुत कम उल्लेख पाया जाता है । किन्तु श्वे ग्रन्थों में इस १२ वर्ष के छद्मस्थ और तपश्चरण काल का विस्तृत विवरण मिलता है । यहां पर उपयोगी जानकर उसे दिया जाता है ।

प्रथम वर्ष

भ. महावीर ने ज्ञातृखण्डवन में दीक्षा लेने के बाद आगे को विहार किया । एक मुहूर्त दिन के शेष रहने पर वे कर्मार गांव जा पहुँचे और कायोत्सर्ग धारण कर ध्यान में संलग्न हो गये । इसी समय कोई ग्वाला जंगल से अपने

---

१ तेरसमे च वसे सुपवत विजय चके कुमारी पवते अरहयते...

(खारवेल शिलालेख पंक्ति १४)

२. सञ्जयस्यार्थ-सन्देहे सञ्जाते विजयस्य च ।
जन्मानन्तरमेवेनमभ्येत्यालोकमात्रत: ॥२८२॥
तत्सन्देहे गते ताभ्यां चारणाभ्यां स्वभक्तित: ।
अस्त्वेष सन्मतिर्देवो भावीति समुदाहृत: ॥२८३॥

(उत्तर पुराण, पर्व ७४)

बैलों को लेकर घर लौट रहा था । वह उन्हें चरने के लिए भ. महावीर के पास छोड़ कर गायें दुहने के लिए घर चला गया । बैल घास चरते हुए जंगल में दूर निकल गये । ग्वाला ने घर से वापिस आकर देखा कि मैं जहां बैल छोड़ गया था, वे वहां नहीं है, तब उसने भगवान् से पूछा कि मेरे बैल कहां गये ? जब भगवान् की ओर से कोई उत्तर नहीं मिला, तो वह समझा कि इन्हें मालूम नहीं है, अतः उन्हें ढूंढने के लिए जंगल की ओर चल दिया । रात भर वह ढूंढता रहा, पर बैल उसे नहीं मिले । प्रातःकाल लौटने पर उसने बैलों को भगवान् के पास बैठा हुआ पाया। ग्वाला ने क्रोधित होकर कहा - बैलों की जानकारी होते हुए भी आपने मुझे नहीं बतलाया? और यह कह कर हाथ में ली हुई रस्सी से उन्हें मारने को झपटा । तभी किसी भद्र पुरुष ने आकर ग्वाले को रोका कि अरे, यह क्या कर रहा है ? क्या तुझे मालूम नहीं, कि कल ही जिन्होंने दीक्षा ली है ये वे ही सिद्धार्थ राजा के पुत्र महावीर है, यह सुन कर ग्वाला नत-मस्तक होकर चला गया।

दूसरे दिन महावीर ने कर्मार ग्राम से विहार किया और कोल्लागसन्निवेश पहुँचे । वहां पारणा करके वे मोराक-सन्निवेश की ओर चल दिये । मार्ग में उन्हें एक तापसाश्रम मिला । उसके कुलपति ने उनसे ठहरने और अग्रिम वर्षावास करने की प्रार्थना की । भगवान् उसकी बात को सुनते हुए आगे चल दिये । इस प्रकार अनेक नगर, ग्राम और वनादिक में लगभग ७ मास परिभ्रमण के पश्चात वर्षाकाल प्रारम्भ हो गया । जब महावीर ने अस्थिग्राम में चातुर्मास बिताने के लिए ग्राम के बाहरी अवस्थित शूलपाणि यक्ष के मन्दिर में ठहरने का विचार किया, उन लोगों ने कहा- यहां रहने वाला यक्ष महा दुष्ट है, जो कोई भी भूला भटका इस मन्दिर में आ ठहरता है उसे यह यक्ष मार डालता है । यह सुनकर भी महावीर ठहर गये और कायोत्सर्ग धारण करके ध्यान में तल्लीन हो गये । महावीर को अपने मन्दिर में ठहरा हुआ देख कर यक्ष ने रात भर नाना प्रकार के रूप बना-बनाकर असह्य असंख्य यातनाएं दी, पर महावीर पर उनका कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ा । अन्त में हताश हो कर वह भगवान् के चरणों में पड़ गया, अपने दुष्कृत्य के लिए क्षमा मांगी और उनके गुण-गान करके अन्तर्हित हो गया । कहा जाता है कि उपसर्ग को दूर होने पर भ महावीर को रात्रि के अन्तिम मुहूर्त में कुछ क्षणों के लिए नींद आई और तभी उन्होंने कुछ स्वप्न भी देखे । इसके पश्चात् तो वे सारे जीवन भर जागृत ही रहे और पूरे छद्मस्थकाल के १२ वर्षों में एक क्षण भी नहीं सोये ।*

अपने इस प्रथम चातुर्मास में भगवान् ने २५-१५ दिन के आठ अर्धमासी उपवास किये और पारणा के लिए केवल आठ बार उठे ।

कहा जाता है कि भगवान् महावीर अपर नाम वर्धमान के द्वारा इस असह्य उपसर्ग को जीतने और शूलपाणि यक्ष का सदा के लिए शान्त हो जाने के कारण ही अस्थि-ग्राम का नाम 'वर्धमान नगर' रख दिया गया, जो कि आज 'वर्दवान' नाम से पश्चिमी बंगाल का एक प्रसिद्ध नगर है ।

द्वितीय वर्ष

प्रथम चातुर्मास समाप्त करके महावीर ने अस्थिग्राम से विहार किया और मोराक सन्निवेश पहुँचे । वहां कुछ दिन ठहर कर वाचाला की ओर विहार किया । आगे बढ़ने पर लोगों ने उनसे कहा-'आर्य, यह मार्ग ठीक नहीं है, इसमें

---

* छउमत्थोवि परक्कममाणो छउमत्थकाले विरहंतेणं भगवता जयंतेण धुवंतेणं परक्कमंतेणं ण कयाइ पमाओ कओ। अविसद्दा णवरं एक्कस्सिं एक्को अंतोमुहुत्तं अट्ठियगामे सयमेव अभिसमागाए ।

(आचारंग चूर्णि, रतलाम प्रति, पत्र ३२४)

तत्र च तत्कृतां कदर्थनां सहमानः प्रतिमास्थ एव स्वल्पं निद्राणो भगवान् दश स्वप्नानवलोक्य जजागार।

(कल्पसूत्रार्थप्रबोधिनी टीका पृ १३७)

किन्तु भगवती सूत्र के अनुसार उक्त १० स्वप्न भ महावीर ने छद्मस्थकाल के अन्तिम रात्रि में, अर्थात् केवलोत्पत्ति के पूर्व देखे । यथा-

समणे भगवं महावीरे छउमत्थकालियाए अंतिमराइयंसि इमे दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे ।

(भगवती सूत्र. शतक १६ उद्देशक ६, सु १६)

एक भयानक भुजंग रहता है, जो अपनी दृष्टि के विष-द्वारा ही पथिकों को भस्म कर देता है, अतः आप इधर से न आकर अन्य मार्ग से आवें।' महावीर ने उन लोगों की बात सुनकर भी उस पर कुछ ध्यान नहीं दिया और वे उसी मार्ग से चलकर एक यक्ष-मन्दिर में आकर ध्यानारूढ़ हो गये। वहां रहने वाला सांप जब इधर-उधर घूम कर अपने स्थान को वापिस लौट रहा था, तो उसकी दृष्टि ध्यानारूढ़ महावीर पर ज्योंही पड़ी त्यों ही वह क्रोधित होकर फुंकार करते हुए महावीर की ओर बढ़ा और उसने महावीर के पांव में काट खाया। वहां से रक्त के स्थान पर दूध की धारा बह निकली। यह विचित्र बात देख कर पहले तो वह स्तब्ध रह गया। पर जब उसने देखा कि इन पर तो मेरे काटने का कुछ भी असर नहीं हुआ, तो उसने दो बार और भी काटा। मगर तब भी विष का कोई असर न देखकर सर्प का रोष शान्त हो गया। तब भ. महावीर ने उसके पूर्व भव का नाम लेते हुए कहा-चण्डकौशिक, शान्त होओ। अपना नाम सुनते ही उसे जातिस्मरण हो गया और सदा के लिए उसने जीवों को काटना छोड़ दिया

भ. महावीर यहां से विहार करते हुए क्रमशः श्वेताम्बी नगरी पहुँचे। यहां राजा प्रदेशी ने भगवान् की अगवानी की और अत्यन्त भक्ति से उनके चरणों की वन्दना की। वहां से भगवान् ने सुरभिपुर की ओर विहार किया। आगे जाने पर उन्हें गंगा नदी मिली। उसे पार करने के लिए महावीर को नाव पर बैठना पड़ा। नाव जब नदी के मध्य में पहुँची, तब एक भयंकर तूफान आया, नाव भंवर में पड़कर चक्कर काटने लगी। यात्री प्राण-रक्षा के लिए त्राहि-त्राहि करने लगे। पर महावीर नाव के एक कोने में सुमेरुवत् ध्यानस्थ रहे। अन्त में भगवान् के पुण्योदय से कुछ देर बाद तूफान शान्त हो गया और नाव किनारे जा लगी। सब यात्रियों ने अपना-अपना मार्ग पकड़ा और महावीर भी नाव से उतर कर गंगा के किनारे चलते हुए थूणाक पहुँचे। मार्ग में अंकित पद-चिह्नों को देखकर एक सामुद्रिक-वेत्ता आश्चर्य में डूब गया और सोचने लगा कि ये पदचिह्न तो किसी चक्रवर्ती के होना चाहिए। अतः वह पद-चिह्नों को देखता हुआ वहां पहुँचा, जहां पर भगवान् अशोक वृक्ष के नीचे ध्यानारूढ़ खड़े थे। उनके सर्वाङ्ग में ही चक्रवर्ती के चिह्न देखकर वह बड़ी चिन्ता में पड़ा कि सभी राज-चिह्नों से विभूषित यह पुरुष साधु बनकर जंगलों में क्यों घूम रहा है ? जब उसे किसी भद्र पुरुष से ज्ञात हुआ कि ये तो अपरिमित लक्षण-वाले धर्म-चक्रवर्ती भ. महावीर हैं, तब वह उनकी वन्दना कर अपने स्थान को चला गया।

थूणाक- सन्निवेश से विहार करते हुए भ महावीर नालंदा पहुँचे। वर्षाकाल प्रारम्भ हो जाने से उन्होंने वहीं चातुर्मास बिताने का निश्चय किया और एक मास का उपवास अंगीकार कर ध्यान में अवस्थित हो गये। इस चातुर्मास में मंखली-पुत्र गोशाला की भगवान् से भेंट हुई और वह भी चातुर्मास बिताने के विचार से वहीं ठहर गया। एक मास का उपवास पूर्ण होने पर महावीर गोचरी के लिए निकले और वहां के एक विजय सेठ के यहां उनका निरन्तर आहार हुआ। दान के प्रभाव से हुए पंच[1] आश्चर्यों को देखकर गोशाला ने सोचा-ये कोई चमत्कारी साधु प्रतीत होते हैं, अतः मैं इनका ही शिष्य बनकर इनके सात रहूँगा। गोचरी से लौटने पर उसने भगवान् से प्रार्थना की कि आप मुझे अपना शिष्य बना लेवें। किन्तु भगवान् ने कोई उत्तर नहीं दिया और पुनः एक मास के उपवास का नियम करके ध्यानारुढ़ हो गये। एक मास के बाद पारणा के लिए वे नगर में गये और आनन्द श्रावक के यहां पारणा हुई। पुनः वापिस आकर एक मास का उपवास लेकर ध्यानारुढ़ हो गये। तीसरी पारणा सुनन्द श्रावक के यहां हुई। पुनः एक मास के उपवास का नियम कर भगवान् ध्यानारुढ़ हो गये।

कार्तिकी पूर्णिमा के दिन चौथी पारणा के लिए जाते समय गोशाला ने भगवान् से पूछा कि आज मुझे भिक्षा में क्या मिलेगा ? भगवान् ने उत्तर दिया- 'कोदों का बासा भात, खट्टी छांछ और दक्षिणा में एक खोटा रुपया।' भगवान् के वचनों को मिथ्या करने के उद्देश्य से वह अनेक धनिकों के घर भिक्षा के लिए गया, किन्तु

कहीं पर भी उसे भिक्षा न मिली। अन्त में एक लुहार के यहां से वही कोदों का बासा भात, खट्टी छांछ और एक खोटा रुपया मिला। इस घटना का गोशाला के मन पर बड़ा भारी प्रभाव पड़ा। वह 'नियतिवाद' का पक्का समर्थक

---

१. दिव्य गंधोधक वृष्टि, पुष्प वृष्टि, सुरभि वायु-संचार, देव-दुन्दुभि-वादन और अहो दान की ध्वनि, इन पांच आश्चर्य-कारी बातों को 'पंच आश्चर्य कहते हैं। -सम्पादक

हो गया । उसकी यह दृढ़ धारणा हो गई कि जो कुछ जिस समय होने वाला है, वह उस समय होकर के ही रहेगा।

चातुर्मास पूर्ण होते ही महावीर ने नालन्दा से विहार किया और कोल्लाग सन्निवेश पहुँचे । नालंदा से भगवान् ने जब विहार किया, तब गोशाला भिक्षा लेने के लिए गया हुआ था । वापिस आने पर जब उसे महावीर के विहार कर जाने का पता चला, तो वह भी ढूंढते-ढूंढते कोल्लाग-सन्निवेश जा पहुँचा । इसके पश्चात् वह लगातार छह चातुर्मासों तक भगवान् के साथ रहा ।

तीसरा वर्ष

कोल्लाग-सन्निवेश से भगवान् ने सुवर्णखल की ओर विहार किया । मार्ग में उन्हें कुछ ग्वाले मिले, जो मिट्टी की एक हांडी में खीर पका रहे थे । गोशाला ने भगवान् से कहा- जरा ठहरिये, इस खीर को खाकर फिर आगे चलेंगे। भगवान् ने कहा-यह खीर पकेगी ही नहीं । बीच में ही हांडी फूट जायगी और सब खीर नीचे लुढ़क जायगी । वह कहकर भगवान् तो आगे चल दिये । किन्तु खीर खाने के लोभ से गोशाला वहीं ठहर गया । हांडी दूध से भरी हुई थी और उसमें चावल भी अधिक डाल दिये गये थे । अत: जब चावल फूले तो हांडी फट गई और सब खीर नीचे लुढ़क गई । ग्वालों की आशा पर पानी फिर गया और गोशाला अपना मुख नीचा किये हुए वहां से चल दिया । अब उसकी यह धारणा और भी दृढ़ हो गई कि 'जो कुछ होने वाला है, वह अन्यथा नहीं हो सकता ।'

कोल्लाग सन्निवेश से विहार करते हुए भगवान् ब्राह्मण गांव पहुँचे । यहां पर भगवान् की पारणा तो निरन्तराय हुई । किन्तु गोशाला को गोचरी में बासा भात मिला, जिसे लेने से उसने इनकार कर दिया और देने वाली स्त्री से बोला-तुम्हें बासा भात देते लज्जा नहीं आती । यह कह कर और शाप देकर बिना ही भिक्षा लिए वह वापिस लौट आया ।

ब्राह्मण गांव से भगवान् चम्पा नगरी गए और तीसरा चातुर्मास यहीं पर व्यतीत किया । इसमें भगवान् ने दो-दो मास के उपवास किये ।

चौथा वर्ष

चम्पानगरी से भगवान् ने कालायस सन्निवेश की ओर विहार किया । वहां पहुँच कर उन्होंने एक खंडहर में ध्यानावस्थित होकर रात्रि बिताई । एकान्त समझ कर गांव के मुखिया का व्यभिचारी पुत्र किसी दासी को लेकर वहां व्यभिचार करने के लिए आया और व्यभिचार करके वापिस जाने लगा, तो गोशाला ने स्त्री का हाथ पकड़ लिया । यह देखकर उस मनुष्य ने गोशाला की खूब पिटाई की । दूसरे दिन भगवान् ने प्रस्थान किया और पत्रकालय पहुँचे । भगवान् वहां किसी एकान्त स्थान में ध्यानारुढ़ हो गये । दुर्भाग्य से पूर्व दिन जैसी घटना यहां भी घटी और यहां पर भी गोशाला पीटा गया ।

पत्रकालय से भगवान् ने कुमाराक सन्निवेश की ओर विहार किया । वहां पर चम्पक रमणीय उद्यान में पार्श्वस्थ साधुओं को देखा, जो वस्त्र और पात्रादिक रखे हुए थे । गोशाला ने पूछा-आप किस प्रकार के साधु हैं ? उन्होंने उत्तर दिया-हम निर्ग्रन्थ हैं । गोशाला ने कहा-आप कैसे निर्ग्रन्थ हैं, जो इतना परिग्रह रख करके भी अपने आपको निर्ग्रन्थ बतलाते हैं । ज्ञात होता है कि अपनी आजीविका चलाने के लिए आप लोगों ने ढोंग रच रखा है । सच्चे निर्ग्रन्थ तो हमारे धर्माचार्य हैं, जिनके पास एक भी वस्त्र और पात्र नहीं है और वे ही त्याग और तब तपस्या की साक्षात् मूर्ति हैं[१] ।' इस प्रकार उन सग्रन्थी साधुओं की भर्त्सना करके गोशाला वापिस भगवान् के पास आ गया और उनसे सर्व वृत्तान्त कहा ।

---

१ गोशाला का श्वे शास्त्रोल्लिखित यह कथन सिद्ध करता है कि भ. महावीर वस्त्र और पात्रों रे रहित पूर्ण निर्ग्रन्थ थे ।

-सम्पादक

कुमाराक-सन्निवेश से चलकर भगवान् चोराक सन्निवेश गये । वहां के पहरेदार चोरों के भय से बड़े सतर्क रहते थे और वे किसी अपरिचित व्यक्ति को गांव में नहीं आने देते थे । जब भगवान् गांव में पहुँचे तो पहरेदारों ने भगवान् से उनका परिचय पूछा । किन्तु भगवान् ने कोई उत्तर नहीं दिया । पहरेदारों ने उन्हें गुप्तचर समझ कर पकड़ लिया और बहुत सताया । जब सोमा और जयन्ती नामक परिव्राजिकाओं से भगवान् का परिचय मिला, तब उन्होंने उन्हें छोड़ा और अपने दुष्कृत्य के लिए क्षमा मांगी ।

चोराक से भगवान् ने पृष्ठचम्पा की ओर विहार किया और यहीं पर चौथा चातुर्मास व्यतीत किया। इस चतुर्मास में भगवान् ने पूरे चार मास का उपवास रखा और अनेक योगासनों से तपस्या करते रहे । चातुर्मास समाप्त होते ही नगर के बाहिर पारणा करके भगवान् ने कयंगला सन्निवेश की ओर विहार किया ।

पांचवां वर्ष

कंयगला में भ. महावीर ने नगर के बाहिरी भाग के एक उद्यान में बने देवालय में निवास किया। वे उसके एक कोने में कायोत्सर्ग कर ध्यान-मग्न हो गये । उस दिन देवालय में रात्रि-जागरण करते हुए कोई धार्मिक उत्सव मनाया जाने वाला था, अतः रात्रि प्रारम्भ होते ही नगर से स्त्री और पुरुष एकत्रित होने लगे । गाने-बजाने के साथ ही धीरे-धीरे स्त्री और पुरुष मिलकर नाचने लगे । गोशाला को यह सब कुछ अच्छा नहीं लगा और वह उन लोगों की निंदा करने लगा । अपनी निंदा सुनकर गांव वालों ने उसे मन्दिर से बाहिर निकाल दिया । वह रात भर बाहिर ठंड में ठिठुरता रहा ।

प्रातः काल होने पर भगवान् ने वहां से श्रावस्ती की ओर विहार कर दिया । गोचरी का समय होने पर गोशाला ने नगर में चलने को कहा । गोचरी में वहां एक ऐसी घटना घटी कि जिससे गोशाला को विश्वास हो गया कि 'होनहार दुर्निवार है।'

श्रावस्ती से भगवान् हल्लिदुय गांव की ओर गये । वे नगर के बाहिर एक वृक्ष के नीचे ध्यान-स्थित हो गये। रात में वहां कुछ यात्री ठहरे और ठंड से बचने के लिए उन्होंने आग जलाई । प्रातः काल होने के पूर्व ही यात्री लोग तो चल दिये, पर आग बढ़ती हुई भगवान् के पास जा पहुँची, जिससे उनके पैर झुलस गये । भगवान् ने यह वेदना शान्ति-पूर्वक सहन की और आग के बुझ जाने पर उन्होंने नगला गांव की ओर विहार किया । वहां गांव के बाहिर भगवान् तो वासुदेव के मन्दिर में ध्यान-स्थित हो गये, किन्तु वहां खेलने वाले लड़कों को गोशाला ने आंख दिखाकर डरा दिया । लड़के गिरते पड़ते घर को भागे और उनके अभिभावकों ने आकर गोशाला को खूब पीटा ।

नंगला से विहार कर भगवान् आवर्त गांव पहुंचे और वहां नगर से बाहिर बने बलदेव के मन्दिर में रात भर ध्यान-स्थित रहे । दूसरे दिन वहां से चलकर चोराक-सन्निवेश पहुँचे और वहां भी वे नगर से बाहिर ही किसी एकान्त स्थान में ध्यान-स्थित रहे । पर गोशाला गोचरी के लिए नगर की ओर चला और लोगों से उसे गुप्तचर समझकर पकड़ लिया और खूब पीटा ।

चोराक-सन्निवेश से भगवान् जब कलंबुका-सन्निवेश की ओर आ रहे थे तो मार्ग में सीमा-रक्षकों ने उनसे पूछा कि तुम लोग कौन हो ? उत्तर न मिलने पर दोनों को पीटा गया और पकड़ कर वहां के स्वामी के पास भेज दिया गया । उसने भगवान् को पहिचान लिया और उन्हें मुक्त कर अपनी भूल के लिए क्षमा मांगी ।

यहां से भगवान् ने लाढ़ देश की ओर विहार किया । वहां उन्हें ठहरने योग्य स्थान भी नहीं मिलता था, अतः जहां कहीं कंकरीली-पथरीली विषम भूमि पर ठहरना पड़ता था । वहां के लोग भगवान् को मारते और उन पर कुत्ते छोड़ देते थे । वहां आहार भी जब कभी कई-कई दिनों के बाद रूखा-सूखा मिलता था पर भगवान् ने उस देश में परिभ्रमण करते हुए इन सब कष्टों को बड़ी शान्ति से सहन किया । जब भगवान् वहां से लौट रहे थे, तब सीमा पर मिले हुए दो चोरों ने उन्हें बड़ा कष्ट पहुँचाया।

वहां से आकर भगवान् ने भद्दिया नगरी में पांचवा चातुर्मास किया । यहां पूरे चार मास का उपवास अंगीकार कर विविध आसनों से ध्यान-स्थित रहे और आत्म-चिन्तन करते रहे । चातुर्मास समाप्त होते ही नगर के बाहिर पारणा करके भगवान ने कदली समागम की ओर विहार किया ।

छठा वर्ष

कदली-समागम से भगवान् जम्बूखंड गये और वहां से तम्बाय सन्निवेश गये और गांव के बाहिर ध्यान-स्थित हो गये । यहां पार्श्व-सन्तानीय नन्दिषेण आचार्य रात्रि में किसी चौराहे पर ध्यान-स्थित थे, तब वहां के कोट्टपाल के पुत्र ने उन्हें चोर समझ कर भाले से मार डाला । गोशाला ने इसकी सूचना नगर में दी और वापिस भगवान् के पास आ गया ।

तम्बाय-सन्निवेश से भगवान् कूपिय-सन्निवेश गये । यहां के लोगों ने उन्हें गुप्तचर समझ कर पकड़ लिया और खूब पीटा । बाद में उन्हें कैद करके कारागृह में डाल दिया । इस बात की सूचना जब पार्श्वनाथ-सन्तानीय विजया और प्रगल्भा साध्वियों को मिली, तो उन्होंने कारागृह के अधिकारियों से आकर कहा- 'अरे यह क्या किया ? क्या तुम लोग सिद्धार्थ के पुत्र भ महावीर को नहीं पहिचानते हो ? इन्हें शीघ्र मुक्त करो । भगवान् का परिचय पाकर उन्होंने अपने दुष्कृत्य का पश्चात् किया, भगवान् से क्षमा मांगी और उन्हें कैद से मुक्त कर दिया ।

कूपिय-सन्निवेश से भगवान् ने वैशाली की ओर विहार किया । इस समय गोशाला ने भगवान् से कहा-'भगवान्, न तो आप मेरी रक्षा करते हैं और न आपके साथ रहने में मुझे कोई सुख है । प्रत्युत कष्ट ही भोगना पड़ते हैं और भोजन की भी चिन्ता बनी रहती है ।' यह कहकर गोशाला राजगृह की ओर चला गया । भगवान् वैशाली पहुँच कर एक कम्मारशाला में ध्यान-स्थित हो गये । दूसरे दिन जब उसका स्वामी आया और उसने भगवान् को वहां खड़ा देखा तो हथोड़ा लेकर उन्हें मारने के लिए झपटा, तब किसी भद्र पुरुष ने आकर उन्हें बचाया ।

वैशाली से विहार कर भगवान् ग्रामक-सन्निवेश आये और गांव के बाहिरी यक्ष-मन्दिर में ध्यान-स्थित रहे । वहां से चलकर भगवान् शालीशीर्ष आये और यहां पर भी नगर के बाहिर ही किसी उद्यान में ध्यान-स्थित हो गये । माघ का महीना था, कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और भगवान् तो नग्न थे ही । ऐसी अति भंयकर शीत वेदना को सहते समय ही वहां की अधिष्ठात्री कोई व्यन्तरी आई और संन्यासिनी का रूप बनाकर अपनी बिखरी हुई जटाओं में जल भर कर भगवान् के ऊपर छिड़कने लगी और उनके कन्धे पर चढ़ कर अपनी जटाओं से हवा करने लगी । इस भंयकर शीत-वेदना को भगवान् ने रात भर परम शान्ति से सहा । प्रात: होते ही वह अपनी हार मान कर वहां से चली गई और उपसर्ग दूर होने पर भगवान् ने वहां से भद्दिया नगरी की ओर विहार किया । छठा चातुर्मास भगवान् ने भद्दिया में ही बिताया । इस चौमासे भर भी भगवान् ने उपवास ही किया और अखण्ड रूप से आत्म-चिन्तन में निरत रहे। इधर गोशाला छह मास तक इधर-उधर घूम कर और अनेक कष्ट सहन करके भगवान् के पास पुन: आ गया ।

चातुर्मास समाप्त होने पर पारणा करके भगवान् ने मगध देश की ओर विहार किया ।

सातवां वर्ष

भगवान् शीत और ग्रीष्म ऋतु के पूरे आठ मास तक मगध के अनेक ग्रामों में विचरते रहे । गोशाला भी साथ रहा । वर्षा-काल समीप आने पर चातुर्मास के लिए भगवान् आलंभिया पुरी आये । यहां पर भी उन्होंने चार मास का उपवास अङ्गीकार किया और आत्म-चिन्तन में निरत रहे । चौमासा पूर्ण होने पर पारणा करके भगवान् ने कुंडाक-सन्निवेश की ओर विहार किया ।

आठवां वर्ष

कुंडाक-सन्निवेश में भगवान् वासुदेव के मन्दिर में कुछ समय तक रहे । पुन: वहां से विहार कर मद्दन्न-सन्निवेश के बलदेव-मन्दिर में ठहरे । पश्चात् वहां से चल कर बहुसालग गांव में पहुँचे और शालवन में ध्यान-स्थित हो गये । यहां पर भी एक व्यन्तरी ने भगवान् के ऊपर घोरातिघोर उपसर्ग किये और अन्त में हार कर वह अपने स्थान को चली गई । उपसर्ग दूर होने पर भगवान् ने भी वहां से विहार किया और लोहार्गला पहुँचे । वहां के पहरेदारों ने इनका

परिचय पूछा, कुछ उत्तर न मिलने पर उन्होंने गुप्तचर जानकर उन्हें पकड़ लिया और राजा के पास ले गये । वहां पर भगवान् का पूर्व परिचित उत्पल ज्योतिषी बैठा हुआ था, वह भगवान् को देखते ही उठ खड़ा हुआ और भगवान् को नमस्कार कर राजा से बोला- राजन् ये तो राजा सिद्धार्थ के पुत्र धर्म-चक्रवर्ती तीर्थङ्कर भगवान् महावीर हैं, गुप्तचर नहीं हैं । तब राजा ने उनके बन्धन खुलवाये और क्षमा मांग कर उनका आदर-सत्कार किया ।

लोहार्गला से भगवान् ने पुरिमतालपुर की ओर विहार किया और नगर के बाहिरी उद्यान में कुछ समय तक ठहरे। पुरिमताल से भगवान् उन्नाग और गोभूमि होकर राजगृह पहुँचे और वहीं आठवां चातुर्मास किया । इस चौमासे भर भी भगवान् ने उपवास ही रखकर आत्म-चिन्तन किया । चातुर्मास के समाप्त होने पर पारणा करके भगवान् ने वहां से विहार कर दिया ।

नवां वर्ष

राजगृह से भगवान् ने पुनः लाढ देश की ओर विहार किया और वहां के वज्र-भूमि, सुम्ह-भूमि जैसे अनार्य प्रदेश में पहुँचे । यहां पर ठहरने योग्य स्थान न मिलने से वे कभी किसी वृक्ष के नीचे और कभी किसी खंडहर में ठहरते हुए विचरने लगे । यहां के लोग भगवान् की हंसी उड़ाते, उन पर धूलि और पत्थर फैंकते, गालियां देते और उन पर शिकारी कुत्ते छोड़ते थे । पर इन सारे कष्टों को सहते हुए कभी भी भगवान् के मन में किसी प्रकार कोई का रोष या आवेश नहीं आया ।

चातुर्मास आ जाने पर भी भगवान् को ठहरने योग्य कोई स्थान नहीं मिला, अतः पूरा चौमासा उन्होंने वृक्षों के नीचे या खंडहरों में रहकर ही बिताया । चातुर्मास समाप्त होने पर भगवान् ने वहां से विहार कर दिया । यहां यह ज्ञातव्य है कि भगवान् इस अनार्य देश में छह मास तक विचरण करते हुए रहे, पर एक भी दिन आहार नहीं लिया, अर्थात छह मास के लगातार उपवास किये ।

दशवां वर्ष

अनार्य देश से निकल कर भगवान् ने सिद्धार्थपुर की ओर विहार किया और क्रमशः विचरते हुए वैशाली पहुँचे। एक दिन नगर के बाहिर आप कायोत्सर्ग से ध्यानावस्थित थे कि वहां के लड़कों ने आपको पिशाच समझ कर बहुत परेशान किया । जब वहां के राजा को इस बात का पता चला, तो वह भगवान् के पास आया और पहिचान कर उनसे लड़कों के दुष्कृत्यों की क्षमा मांगी और वन्दना की ।

वैशाली से भगवान् ने वाणिज्य ग्राम की ओर विहार किया । मार्ग में गण्डकी नदी मिली । भगवान् ने नाव-द्वारा उसे पार किया । नदी के उस पार पहुँचने पर नाविक ने उतराई मांगी । जब कुछ उत्तर या उतराई नहीं मिली, तो उसने भगवान् को रोक लिया । भाग्य से एक परिचित व्यक्ति तभी वहां आया । उसने भगवान् को पहिचान कर नाविक को उतराई दी और भगवान् को मुक्त कराया ।

वहां से विहार कर भगवान् वाणिज्यग्राम के बाहिर में स्थित हो गये। जब वहां के निवासी श्रमणोपासक आनन्द को भगवान् के पधारने का पता चला, तो उसने आकर भगवान् की वन्दना की । वहां से विहार कर भगवान् श्रावस्ती पधार और दशवां चातुर्मास आपने यहीं पर बिताया ।

यहां यह ज्ञातव्य है कि गोशाला ने चातुर्मास के पूर्व ही भगवान् का साथ छोड़ दिया था और तेजोलेश्या की साधना कर स्वयं नियतिवाद का प्रचारक बन गया था ।

ग्यारहवां वर्ष

श्रावस्ती से भगवान् ने सानुलट्ठिय सन्निवेश की ओर विहार किया । इस समय आपने भद्र, महाभद्र और सर्वतोभद्र तपस्याओं को करते हुए सोलह उपवास किये । तपका पारणा भगवान् ने आनन्द उपासक के यहां किया और दृढ़भूमि

की ओर विहार कर दिया । मार्ग में पेढाल-उद्यान के चैत्य में जाकर तेला का उपवास ग्रहण कर एक शिला पर ही ध्यान-स्थित हो गये । एक रात्रि को जब भगवान् ध्यानारूढ़ थे, तब संगमक देव ने रात भर भयंकर से भयंकर नाना प्रकार के उपसर्ग किये । पर वह भगवान् को ध्यान से विचलित न कर सका । प्रातः काल होने पर वह अन्तर्धान हो गया और भगवान् ने वालुका की ओर विहार किया । वहां से सुयोग, सुच्छेत्ता, मलय और हस्तिशीर्ष आदि गांवों में विचरते हुए तोसलि गांव पहुँचे । मार्ग में वह संगमक देव कुछ न कुछ उपद्रव करता ही रहा, मगर भगवान् निर्विकार रहते हुए सर्वत्र विजय पाते रहे ।

तोसलि् गांव से भगवान् मोसलि गांव पहुँचे और वहां के उद्यान में कायोत्सर्ग लगाकर ध्यान-स्थित हो गये । यहां संगमक ने उपद्रव करना प्रारंभ किया और चोर कह कर राज्याधिकारियों से पकड़वा दिया । वहां के राजा ने आपसे कई प्रश्न पूछे । पर जब कोई उत्तर नहीं मिला, तब उसने क्रोध में आकर आपको फांसी लगाने का हुक्म दे दिया । भगवान् के गले में फांसी का फंदा लगाया गया और ज्यों ही नीचे का तख्ता हटाया गया, त्यों ही फंदा टूट गया । इस प्रकार सात बार फांसी लगायी गयी और सातों ही बार फंदा टूटता गया यह देख कर सभी अधिकारी आश्चर्य-चकित होकर राजा के पास पहुँचे । राजा इस घटना से बड़ा प्रभावित हुआ और उसने भगवान् के पास जाकर क्षमा मांगी और उन्हें बन्धन से मुक्त कर दिया ।

मोसलिग्राम स भगवान् सिद्धार्थपुर गये । वहां पर भी भगवान् को चोर समझ कर पकड़ लिया गया । किन्तु एक परिचित व्यक्ति ने उन्हें छुड़वा दिया । वहां से भगवान् वज्रग्राम गये । जब वे पारणा के लिए नगर में विचर रहे थे, तो वहां भी संगमक ने आहार में अन्तराय किया । तब भगवान् आहार लिए बिना ही वापिस चले आये । इस प्रवास में पूरे छह मास के पश्चात् भगवान् की पारणा वज्रग्राम में एक वृद्धा के यहां हुई ।

वज्रग्राम से भगवान् आलंभिया, सेयविया आदि ग्रामों में विचरते हुए श्रावस्ती पहुँचे और नगर के बाहरी उद्यान में ध्यानस्थित हो गये । पुनः वहां से विहार कर कौशाम्बी, वाराणसी, राजगृह, मिथिला आदि नगरों में विहार करते हुए वैशाली पहुँचे और ग्यारहवां चातुर्मास आपने यहीं पर व्यतीत किया और पूरे चातुर्मास भर भगवान् ने उपवास किये।

बारहवां वर्ष

वैशाली से भगवान् ने सुंसुमारपुर की ओर विहार किया और क्रमशः भोगपुर और नन्दग्राम होते हुए मेढियग्राम पधारे । यहां पर भी एक गोपालक ने भगवान् को कष्ट देने का प्रयास किया ।

मेढियग्राम से भगवान् कौशाम्बी गये और पौष कृष्णा प्रतिपदा के दिन भगवान् ने गोचरी को जाते समय यह अभिग्रह लिया कि "यदि शिर से मुंडित, पैरों में बेड़ी, तीन दिन की उपासी, पके हुए उड़द के वाकुल सूप के कोने में लेकर द्वार के बीच में खड़ी हुई, दासीपने को प्राप्त हुई किसी राजकुमारी के हाथ से भिक्षा मिलेगी, तो ग्रहण करूंगा, अन्यथा नहीं।" ऐसे अटपटे अभिग्रह को लेकर भगवान् लगातार चार मास तक नगर में गोचरी को जाते रहे । मगर अभिग्रह पूरा नहीं हुआ । सारे नगर में चर्चा फैल गई कि भगवान् भिक्षा के लिए आते तो हैं, परन्तु बिना कुछ लिए ही लौट जाते हैं । वहां के निवासियों ने और राजा ने भी अभिग्रह जानने के लिए अनेक प्रयत्न किये, पर कोई सफलता नहीं मिली । इस प्रकार पांच दिन कम छह मास बीत गये । इस दिन सदा की भांति भगवान् गोचरी को आये कि अभिग्रह के अनुसार चन्दना को पड़िगाहते हुए देखा और अपना अभिग्रह पूरा होता देखकर उसके हाथ से आहार ले लिया । भगवान् के आहार ग्रहण करते ही चन्दना की सब बेड़ियां खुल गईं और आकाश में जय-जय कार ध्वनि गूंजने लगी। भगवान् आहार करके इधर वापिस चले आये और उधर राजा शतानिक को जब यह बात ज्ञात हुई, तो वह चन्दना के समीप पहुँचे । चन्दना को देखते ही रानी मृगावती ने उसे पहिचान लिया और बोली-'अरे यह तो मेरी बहिन है' ऐसा कह कर उसे वहां से राज-भवन ले आई । पुनः उसने अपने पिता के यहां यह समाचार भेजा और राजा चेटक वैशाली से चन्दना को अपने घर लिवा ले गये । कालान्तर में यही चन्दना भगवान् के संघ की प्रथम साध्वी हुई ।

कौशाम्बी से विहार कर भगवान् सुमंगल, सुच्छेता, पालक ग्रामों में विचरते हुए चम्पापुरी पहुँचे और चार मास के उपवास का नियम लेकर वहीं चौमासा पूर्ण किया । चातुर्मास के पश्चात् विहार करके जंभियग्राम गये ।

तेरहवां वर्ष

जंभियग्राम में कुछ दिन रहने के पश्चात् भगवान् वहां से मेढियाग्राम होते हुए छम्माणि गये और गांव के बाहिर ही ध्यान में स्थित हो गये। रात के समय कोई गुवाला भगवान् के पास बैल छोड़कर गांव में चला गया और जब वापिस आया तो उसे बैल वहां नहीं मिले। उसने भगवान् से पूछा-देवार्य, मेरे बैल कहां गये ? भगवान् की ओर से कोई उत्तर नहीं मिलने पर क्रोधित होकर उसने कांस की शलाकाएं दोनों कानों में घुसेड़ दी और पत्थर से ऐसा ठोका कि कान के भीतर वे आपस में मिल गई। कान से बाहिर निकली शलाकाओं को उसने तोड़ दिया, ताकि कोई उनको देख न सके।

श्वे. शास्त्रों में इस उपसर्ग का कारण यह बतलाया गया है कि जब महावीर का जीव त्रिपृष्ठ नारायण के भव में था, तब एक दिन रात्रि के समय वह सुख से अपनी शय्या पर लेटे थे और उनके सामने अनेक संगीतज्ञ सुन्दर संगीत-गान कर रहे थे। नारायण ने शय्या-पाल से कहा कि जब मुझे नींद आ जाय, तो इन गायकों को विदा कर देना। संगीत की सुरीली तान के सुनने में वह शय्या-पाल इतना तन्मय हो गया कि नारायण के सो जाने पर भी गायकों को विदा करना भूल गया और सारी रात गायक गाते रहे। नारायण जागे और गायकों को गाते हुए देखकर शय्या-पाल पर आग-बबूला होकर उससे पूछा कि गायकों को अभी तक विदा क्यों नहीं किया ? उसने विनम्र होकर उत्तर दिया-महाराज, मैं संगीत सुनने में तन्मय हो गया और आपका आदेश भूल गया। शय्या-पाल के उत्तर से नारायण और भी क्रुद्ध हुए और अधिकारियों को आदेश दिया कि इसके दोनों कानों में पिघला हुआ गर्म शीशा भर दिया जाय। बेचारा शय्या-पाल गर्म शीशे के कानों में पड़ते ही छटपटा कर मर गया। उस समय का बद्ध वह निकाचित कर्म महावीर के इस समय उदय में आया और अनेक योनियों में परिभ्रमण के बाद उसी शय्यापाल का जीव गुवाला बना और पूर्व भव के वैर से बैलों का निमित्त पाकर उसका रोष इतना बढ़ा कि उसने महावीर के दोनों कानों में शालकाएं ठोक दी।

छम्माणि से विहार करते हुए भगवान् मध्यमपावा पधारे और गोचरी के लिए घूमते हुए सिद्धार्थ वैश्य के घर पहुँचे। आहार करते समय वहां उपस्थित खरक वैद्य ने भांपा कि भगवान् के शरीर में कोई शल्य है। आहार कर भगवान् गांव के बाहिर चले गये और उद्यान में पहुँच कर ध्यानारुढ़ हो गये। सिद्धार्थ भी वैद्य को लेकर वहां पहुँचा और शरीर की परीक्षा करने पर उसे कान में ठोकी हुई कीलें दिखाई दी। तब उसने संडासी से पकड़ कर दोनों शलाकाएं कानों से खींचकर बाहिर निकाल दी और कानों में घाव भरने वाली औषधि डाली। पुनः वन्दना करके वे दोनों वापिस गांव में लौट आये।

इस प्रकार भयानक उपसर्ग और परीषह सहन करते हुए, तथा नाना प्रकार के तपश्चरण करते हुए भगवान् ने साढ़े बारह वर्ष व्यतीत किये।

इस छद्मस्थ काल में भगवान् के द्वारा किये गये तपश्चरण का विवरण इस प्रकार है-

छह मासी अनशन तप	१	पक्षोपवास	७२
पांच दिन कम छह मासी तप	१	भद्र प्रतिमा २ दिन	१
चातुर्मासिक तप	९	महाभद्रप्रतिमा ४ दिन	१
त्रैमासिक तप	२	सर्वतोभद्र प्रतिमा १० दिन	१
अढ़ाई मासिक तप	२	षष्ठोपवास (बेला)	२२९
दो मासी तप	६	अष्टमभक्त (तेला)	१२
डेढ मासी तप	२	पारणा के दिन	३४९
एक मासी तप	१२	दीक्षा का दिन	१

उस उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि भ. महावीर ने अपने छद्मस्थ जीवन के इन १२ वर्ष ६ मास और १५ दिन के तपश्चरण काल में केवल ३५० दिन ही भोजन किया और शेष दिनों में उन्होंने निर्जल ही उपवास किये हैं[1]।

भ. महावीर के छद्मस्थकाल के तपश्चरण और उपसर्ग आदि का उक्त वर्णन श्वे. आगमों के आधार पर दिया है। इससे पाठक जान सकेंगे कि साढ़े बारह वर्ष के लम्बे समय में कैसे-कैसे उपसर्ग और कष्ट भ. महावीर को सहन करना पड़े थे। दि. जैन पुराणों में एक और उपसर्ग का वर्णन मिलता है। वह इस प्रकार है-

एक समय भगवान् विहार करते हुए उज्जयिनी नगरी पहुँचे और वहां के अतिमुक्तक नामक स्मशान भूमि में रात्रि के समय प्रतिमा योग धारण करके खड़े हो गये। अपनी स्त्री के साथ घूमता हुआ भव नामक रुद्र वहां आया और भगवान् को ध्यानस्थ देखकर आग-बबूला हो गया। उसने रात भर अनेक प्रकार के उपसर्ग किये, भयावने रूप बना कर भगवान् को डराना चाहा, उन्हें ध्यान से विचलित करने के लिए अप्सराओं का नृत्य दिखाया गया। इस प्रकार सारी रात्रि भर उपद्रव करने पर भी जब भगवान् विचलित नहीं हुए और सुमेरुवत् अडोल-अकम्प बने रहे, तब वह भी भगवान् के चरणों में नत-मस्तक हो गया। उसने अपने दुष्कृत्यों के लिए भगवान् से क्षमा मांगी, नाना प्रकार के स्तोत्रों से उनका गुण-गान किया और 'अतिवीर या महति महावीर' कहकर उनके नाम का जयघोष किया।

भगवान् के चार नामों की चर्चा पहिले कर आये हैं। यह भगवान् का पांचवां नाम रखा गया। इस प्रकार भगवान् के ५ नाम तभी से प्रचलित हैं- वीर, श्रीवर्धमान, महावीर, अतिवीर या महति महावीर और सन्मति। प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान् श्री सिद्ध सेनाचार्य को 'सन्मति' यह नाम बहुत प्रिय रहा और इसी से उन्होंने अपने दार्शनिक ग्रन्थ का नाम ही सन्मति सूत्र रखा। स्वामी समन्तभद्र और अकलंकदेव ने श्री वर्धमान नाम से ही भगवान् की स्तुति की है। वीर और महावीर नाम से तो सर्व साधारण जन भली भांति परिचित ही हैं।

भ. महावीर के केवल ज्ञान की उत्पत्ति और गणधर-समागम

वैशाख शुक्ला दशमी के दिन भ. महावीर को जंभिय ग्राम के बाहिर ऋजुवालुका नदी के उत्तर तटपर श्यामाक नामक किसान के खेत वर्ती शालवृक्ष के नीचे चौथे पहर में केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ। उस समय इन्द्र का आसन कम्पायमान

---

१ जो अ तवो अणुचिन्नो वीर-वरेणं महाणुभावेणं। छउमत्थ-कालियाए अहक्कमं कित्तइस्सामि ॥१॥
नव किर चाउम्मासे छ क्किर दो मासिए ओवासी अ। बारस य मासियाइं बावत्तरि अद्धमासाइं ॥२॥
इक्कं किर छम्मासं दो किर तेमासिए उवासी अ। अड्ढाइज्जाइं दुवे दो चे वर दिवड्ढमासाइं ॥३॥
भद्दं च महाभद्दं पडिमं तत्तो अ सव्वओ भद्दं। दो चत्तारि दसेव य दिवसे ठासी यमणुबद्धं ॥४॥
गोअरमभिग्गहजुअं खमणं छम्मासियं च कासी अ। पंच दिवसेहिं ऊणं अव्वहिओ वच्छनयरीए ॥५॥
दस दो किर महप्पा ठाइ मुणी एगराइयं पडिमं। अट्ठम-भत्तेण जई इक्कक्कं चरमराई अं ॥६॥
दो चेव य च्छट्ठसए अउणातीसे उ वासिओ भयवं। न कयाइ निच्चभत्तं चउत्थभत्तं च से आसि ॥७॥
बारस वासे अहिए छट्ठं भत्तं जहन्नयं आसि। सव्वं च तवोकम्मं अपाणयं आसि वीरस्स ॥८॥
तिन्नि सए दिवसाणं अउणापन्ने य पारणाकालो ॥ उक्कुडुअ निसिज्जाए ठिय पडिमाणे सए बहुए ॥९॥
पव्वज्जाए दिवसं पढमं इत्थं तु पक्खिवित्ता णं। संकलियम्मि उ संते जं लद्धं तं निसामेह ॥१०॥
बारस चेव य वासा मासा छच्चेव अद्धमासो य। वीर-वरस्स भगवओ एसो छउमत्थ-परियाओ ॥११॥
(आवश्यक - निर्युक्ति पृ. १००-१०१)

२ किरात-सैन्यरूपाणि पापोपार्जन-पण्डितः। विद्या-प्रभावसम्भावितोपसर्गैर्भयावहैः ॥३३५॥
स्वयं स्खलयितुं चेतः समाधेरसमर्थकः। स महति-महावीराख्यां कृत्वा विविधाः स्तुतीः॥३३६॥
उमया सममाख्याय नर्तित्वागादमत्सरः ॥३३७ पूर्वार्ध॥
(उत्तरपुराण, पर्व ७४)

हुआ । उसने अवधि ज्ञान से जाना कि भ. महावीर को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ है, अतएव तुरन्त ही सब देवों के साथ भगवान् की वन्दना के लिए आया । इन्द्र के आदेश से कुबेर ने एक विशाल सभा-मण्डप रचा, जिसे कि जैन शास्त्रों की परिभाषा में समवसरण या समवशरण कहते हैं । इस पद का अर्थ है सर्व ओर से आने वाले लोगों को समान रूप से शरण देने वाला स्थान ।

जिस दिन भ. महावीर को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ, उसके कुछ समय पूर्व से ही मध्यम पावापुरी में सोमिल नाम के ब्राह्मण ने अपनी यज्ञशाला में एक बहुत बड़े यज्ञ का आयोजन किया था और उसमें सम्मिलित होने के लिए उसने उस समय के प्राय: सभी प्रमुख एवं प्रधान ब्राह्मण विद्वानों को अपनी शिष्य-मण्डली के साथ आमन्त्रित किया था ।

उस यज्ञ में भाग लेने के लिए इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति ये तीनों ही गौतमगोत्री विद्वान्-जो कि सगे भाई थे-अपने-अपने पांच पांचसौ शिष्यों के साथ आये हुए थे । ये मगध देश के गोबर ग्राम के निवासी थे और इनके पिता का नाम वसुभूति और माता का नाम पृथ्वी था । यद्यपि ये तीनों ही विद्वान् वेद-वेदांगादि चौदह विद्याओं के ज्ञाता थे, तथापि इन्द्रभूति को जीव के विषय में, अग्निभूति को कर्म के विषय में और वायुभूति को जीव और शरीर के विषय में शंका थी ।

उसी यज्ञ-समारोह में कोल्लाग-सन्निवेश-वासी आर्यव्यक्त नाम के विद्वान् भी सम्मिलित हुए थे । इनके पिता नाम धनमित्र और माता का नाम वारुणी था । इनका गोत्र भारद्वाज था । इन्हें पंचभूतों के विषय में शंका थी, अर्थात् ये जीव की उत्पत्ती पृथ्वी, जल, अग्नि वायु और आकाश इन पंच भूतों से ही मानते थे । जीव की स्वतन्त्र सत्ता है कि नहीं, इस विषय में इन्हें शंका थी । इनके भी पांच सौ शिष्य थे । उनके साथ ये यज्ञ में आये थे ।

उसी कोल्लाग-सन्निवेश के सुधर्मा नाम के विद्वान् भी यज्ञ में आये थे, जो अग्निवैश्यायनगोत्री थे। इनके पिता का नाम धम्मिल्ल था और माता का नाम भद्दिला था । इनका विश्वास था कि वर्तमान में जो जीव जिस पर्याय (अवस्था) में है, वह मर कर भी उसी पर्याय में उत्पन्न होता है । पर आगम-प्रमाण न मिलने से वे अपने मत में सन्दिग्ध थे। इनके भी पांच सौ शिष्य उनके साथ यज्ञ-समारोह में शामिल हुए थे ।

उसी यज्ञ में मौर्य-सन्निवेश के निवासी मण्डिक और मौर्य पुत्र नामक विद्वान् भी अपने साढ़े तीन-तीन सौ शिष्यों के साथ सम्मिलित हुए । मण्डिक वशिष्ठ-गौत्री थे, इनके पिता का नाम धनदेव और माता का नाम विजया था । इन्हें बन्ध और मोक्ष के विषय में शंका थी । मौर्य-पुत्र कश्यप-गोत्री थे। इनके पिता का नाम मौर्य और माता का नाम विजया था, इन्हें देवों के अस्तित्व के विषय में शंका थी ।

उस यज्ञ में भाग लेने के लिए अकम्पित, अचलभ्राता, मेतार्य, और प्रभास नाम के चार अन्य विद्वान भी आये थे, (इनके पिता-मातादि के नाम चौदहवें सर्ग में दिये हुए हैं ।) इनमें से प्रत्येक का शिष्य-परिवार तीनसौ शिष्यों का था । अकम्पित को नरक के विषय में, अचलभ्राता को पुण्य के सम्बन्ध में, मेतार्य को परलोक के संबंध में और प्रभास को मुक्ति के सम्बन्ध में शंका थी । अकम्पित मिथिला के थे और उनका गौतम गोत्र था । अचल भ्राता कौशल के थे और उनका गोत्र हारित था । मेतार्य कौशाम्बी के समीपवर्ती तुंगिकग्राम के थे और उनका गोत्र कौण्डिन्य था । प्रभास राजगृह के थे, उनका भी गौत्र कौण्डिन्य था । वे सभी विद्वान् ब्राह्मण थे और वेद-वेदाङ्ग के पारगामी थे । परन्तु अभिमान-वश ये अपनी शंकाओं को किसी अन्य के सम्मुख प्रकट नहीं करते थे ।

जिस समय इधर समवशरण में आकाश से देवगण आ रहे थे उसी समय उधर सोमिल ब्राह्मण के यहां यज्ञ भी हो रहा था और उपर्युक्त विद्वान अपने-अपने शिष्य परिवार के साथ वहां उपस्थित थे, अत: उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा- देखो हमारे मंत्रों के प्रभाव से देवगण भी यज्ञ में शामिल होकर अपना हव्य-अंश लेने के लिए आ रहे हैं । पर जब उन्होंने देखा कि ये देवगण तो उनके यज्ञस्थल पर न आकर दूसरी ही ओर जा रहे हैं, तो उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ । मनुष्यों को भी जब उसी ओर को जाते हुए देखा, तो उनके विस्मय का ठिकाना न रहा और जाते हुए लोगों से पूछा कि तुम लोग कहां जा रहे हो ? लोगों ने बताया कि महावीर, सर्वज्ञ तीर्थंकर यहां आये हुए हैं, उनका धर्मोपदेश सुनने के लिए हम लोग जा रहे हैं और हम ही क्या, ये देव लोग भी स्वर्ग से उतर कर उनका उपदेश सुनने के

लिए जा रहे हैं । उनका यह उत्तर सुनकर इन्द्रभूति गौतम विचारने लगा- क्या वेदार्थ से शून्य यह महावीर सर्वज्ञ हो सकता है ? जब मैं इतना बड़ा विद्वान होने पर भी आज तक सर्वज्ञ नहीं हो सका तो यह वेद-बाह्य महावीर कैसे सर्वज्ञ हो सकता है ? चलकर इसकी परीक्षा करना चाहिए और ऐसा सोच कर वह भी उसी ओर चल दिया जिस ओर कि सभी नगर-निवासी जा रहे थे ।

भ. महावीर के समवशरण में गौतम इन्द्रभूति और उनके अन्य साथी विद्वान् किस प्रकार पहुँचे, इसका ऊपर जो उल्लेख किया गया है, वह श्वे. शास्त्रों के आधार पर किया गया है । दि शास्त्रों के अनुसार भगवान् को कैवल्य की प्राप्ति हो जाने के पश्चात् समवशरण की रचना तो इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने वैशाख शुक्ला १० के दिन ही कर दी । सपरिवार चतुर्निकाय देवों के साथ आकर के इन्द्र ने केवल-कल्याणक भी मनाया और भगवान् की पूजा करके अपने प्रकोष्ठ में जा बैठा तथा भगवान् के मुखारविन्द से धर्मोपदेश सुनने की प्रतीक्षा करने लगा । प्रतीक्षा करते-करते दिन पर दिन बीतने लगे। तब इन्द्र बड़ा चिन्तित हुआ कि भगवान् के उपदेश नहीं देने का क्या कारण है ? जब उसने अपने अवधिज्ञान से जाना कि 'गणधर' के न होने से भगवान् का उपदेश नहीं हो रहा है, तब वह गणधर के योग्य व्यक्ति के अन्वेषण में तत्पर हुआ- और उस समय के सर्व श्रेष्ठ विद्वान् एवं वेद-वेदांग के पारगामी इन्द्रभूति गौतम के पास एक शिष्य का रूप बना कर पहुँचा और बोला कि एक गाथा[1] का अर्थ पूछने को आपके पास आया है । इन्द्रभूति इस शर्त पर गाथा का अर्थ बताने के लिए राजी हुए कि अर्थ जानने के बाद वह उनका शिष्य बन जायगा। जब इन्द्रभूति गौतम ने उससे पूछा कि वह गाथा तूने कहां से सीखी है ? तब उसने उत्तर दिया-मैंने यह अपने गुरु महावीर से सीखी है, किन्तु उन्होंने कई दिनों से मौन धारण कर लिया है[2], अतः उसका अर्थ जानने के लिए मैं आपके पास आया हूँ । वे गाथा सुनकर बहुत चकराये । और समझ न सके कि पंच अस्तिकाय क्या हैं, छह जीवनिकाय कौन से हैं, आठ प्रवचन मात्रा कौनसी हैं ? इन्द्रभूति जीव के अस्तित्व के विषय में स्वयं ही शंकित थे[3], अतः और

---

१. षट्खंडागमकी धवला टीका में वह गाथा इस प्रकार दी है-
पंचेव अत्थिकाया, छज्जीवणिकाया महव्वया पंच ।
अट्ठ य पवयणमादा, सहेउओ बंध-मोक्खो य ॥

(षट्खंडागम, पु ९, पृ १२९)

संस्कृत ग्रन्थों में उक्त गाथा के स्थान पर यह श्लोक पाया जाता है-
त्रैकाल्यं द्रव्यषटकं नवपदसहितं जीवषट्कायलेश्याः,
पञ्चान्ये चास्तिकाया व्रतसमितिगतिज्ञानचारित्रभेदाः ।
इत्येतन्मोक्षमूलं त्रिभुवनमहितैः प्रोक्तमर्हद्भिरीशैः,
प्रत्येति श्रद्दधाति स्पृशति च मतिमान् यः स वै शुद्धदृष्टिः ।

(तत्त्वार्थसूत्र, श्रुतभक्तिः)

कुछ अन्य ग्रन्थों में यही श्लोक कुछ पाठ-के साथ भी मिलता है । -सम्पादक

२ अहुणा गुरु सो मउणे संठिउ, कहइ ण किंपि ज्झाणपरिट्ठिउ ।
एव्वहिं तुम्ह पयडमई णिसुणिय सत्थत्थहं अइ कुसल वियाणिय ।
तहो कव्वहु अत्थथिउ आयउ, कहहु तंपि महु वियलिय मायउ । (रयधुकृत-महावीर चरित-पत्र ४९)
मुझ गुरु मौंन लीयुं, वर्धमान तेह नाम ।
तेह भणी तुझ पूछिवा, आव्युं अर्थ गुणग्राम ॥ (महावीर रास, पत्र १२० A)

३ खओवसमजणिद-चउरमलबुद्धिसंपण्णेण बम्हणेण गोदमगोदेण सयलदुस्सुदिपारएण जीवाजीव-विसयसंदेह-विणासणट्ठ मुवगय-वड्ढमाणपादमूलेण इंदभूदिणावहारिदो ।

(षट्खंडागम, पुस्तक १, पृ. ६४)

भी असमंजस में पड़कर उससे बोले-चल, तेरे गुरु के ही सामने इसका अर्थ बताऊंगा । यह कह कर इन्द्रभूति उस छद्मरूप-धारी शिष्य के साथ भ. महावीर के पास पहुँचे । भगवान् ने आते ही उनका नाम लेकर कहा- 'अहा इन्द्रभूति तुम्हारो हृदय में जो यह शंका है कि जीव है, या नहीं ? सो जो ऐसा विचार कर रहा है, निश्चय से वही जीव है, उसका सर्वथा अभाव न कभी हुआ है और न होगा । 'भगवान् के द्वारा अपनी मनोगत शंका का उल्लेख और उसका समाधान सुनकर इन्द्रभूति ने भक्ति से विह्वल होकर तत्काल उनका शिष्यत्व स्वीकार कर लिया और दीक्षा लेकर दिगम्बर साधु बन गये । गौतम इन्द्रभूति का निमित्त पाकर इस प्रकार ६६ दिन के बाद श्रावण-कृष्णा प्रतिपदा को भगवान् का प्रथम धर्मोपदेश हुआ[१] ।

वीरसेनाचार्य ने जयधवला टीका में इस विषय पर कुछ रोचक प्रकाश डाला है, जो इस प्रकार है-

शंका-केवल ज्ञानोत्पत्ति के बाद ६६ दिन तक दिव्यध्वनि क्यों प्रकट नहीं हुई ?

समाधान-गणधर के अभाव से ।

शंका-सौधर्म इन्द्र ने तत्काल ही गणधर को क्यों नहीं ढूंढा ?

समाधान-काल-लब्धि के बिना असहाय देवेन्द्र भी गणधर को ढूंढने में असमर्थ रहा ।

शंका- अपने पादमूल में आकर महाव्रतों को स्वीकार करने वाले पुरुष को छोड़कर अन्य के निमित्त से दिव्यध्वनि क्यों नहीं प्रवृत होती हैं ।

समाधान- ऐसा ही स्वभाव है और स्वभाव में प्रश्न नहीं किया जा सकता है, अन्यथा फिर कोई व्यवस्था ही नहीं बन सकेगी[२] ।

गुण भद्राचार्य ने भी अपने उत्तर पुराण में यह उल्लेख किया है कि गौतम-द्वारा जीव के अस्तित्व के विषय में प्रश्न किये जाने पर भगवान् का उपदेश प्रारम्भ हुआ[३] ।

इन्द्र ने ब्राह्मण वेष में जाकर जिस गाथा का अर्थ गौतम से पूछा था, उसमें निर्दिष्ट तत्त्वों के क्रम से भगवान् की वाणी प्रकट हुई । सर्व प्रथम सब द्रव्यों के लक्षण-स्वरूप "उवज्जेइ वा विगमेइ वा धुवेइ वा" (प्रत्येक वस्तु प्रति समय नवीन पर्याय रूप से उत्पन्न होती है, पूर्व पर्याय रूप से विनष्ट होती है और अपने मूल स्वभाव रूप से ध्रुव रहती है ।) यह मातृका-पद दिव्यध्वनि से प्रकट हुआ। पुनः "जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो । भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई" (जीव ज्ञान-दर्शनरूप उपयोगमय है, अमूर्त्त है, कर्मों का कर्त्ता और भोक्ता है, स्वदेह-परिमाण है, संसारी रूप भी है और सिद्ध-स्वरूप भी है, तथा स्वभाव से ऊर्ध्वगति-स्वभावी है ।) ये सत तत्त्व नव पदार्थ-सूचक बीज पद प्रकट हुए । इसी प्रकार गाथोक्त गति, लेश्या आदि के प्रतिपादक बीजपद दिव्यध्वनि से प्रकट हुए । इन मातृका या बीज पदों को सुनते ही गौतम एवं उमके अन्य साथी विद्वानों की समस्त शंकाओं का समाधान हो गया । तभी उन सब ने भगवान् से जिन-दीक्षा ग्रहण कर ली । भ महावीर के दिव्य सान्निध्य से गौतम के श्रुत ज्ञानावरण कर्म का विशिष्ट क्षयोपशम प्रकट हुआ और वे द्वादशाङ्ग श्रुत के वेत्ता हो गये । उसी दिन अपराह्न में उन्होंने भगवान् की वाणी का द्वादशाङ्ग रूप से विभाजन किया ।

---

१. वासस्स पढममासे सावणणामम्मि बहुल पडिवाए ।
अभिजीणक्खत्तम्मि य उप्पत्ती धम्मतित्थस्स ॥(तिलोयप., १६८)

२. केवलणाणे समुप्पण्णे वि दिव्वज्झुणीए किमट्ठं तत्थापउत्ती ? गणिंदाभावादो । सोहम्मिंदेण तक्खणे चेव गणिंदो किरण ढोइदो ? ण, काललद्धीए विणा असहेज्जस्स, देविंदस्स तड्ढोयण
सत्तीए अभावादो । सगपादमूलम्मि पडिवण्णमहव्वयं मोत्तूणण अण्णमुद्दिसिय दिव्वज्झुणी किण्ण पयट्टदे ? साहावियादो।
ण च सहाओ परपज्जणिओगारुहो, अव्ववत्थापत्तीदो । (कसाय. पुस्तक १. पृ. ७६)
अस्ति किं नास्ति वा जीवस्तत्स्वरूपं निरूप्यताम् ।
इत्यप्राक्षमतो मह्यं भगवान् भक्तवत्सल: ॥३६०॥ (उ. पु. प. ७४)

श्वे. शास्त्रों के आधार पर

गणधरों का जीवन–परिचय

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
गणधर नाम	पिता का नाम	माता का नाम	गोत्र नाम	जन्म नक्षत्र	जन्म स्थान	गृहस्थ जीवन	दीक्षा स्थान	शिष्य संख्या	छद्मस्थ काल वर्ष	केवलि का वर्ष	सर्व आयु वर्ष	निर्वाण काल वर्ष	निर्वाण स्थान
१ इन्द्रभूति	वसुभूति ब्राह्मण	पृथ्वी	गौतम	ज्येष्ठा	गोबर ग्राम (मगध) ग्राम	५० वर्ष	मध्यम पावा	५००	३०	१२	९२	४२	वैभार गिरि (राजगृह)
२ अग्निभूति	वसुभूति ब्राह्मण	पृथ्वी	गौतम	कृतिका	(मगध) ग्राम	४६ वर्ष	मध्यम पावा	५००	१२	१६	७४	२८	
३ वायुभूति	वसुभूति ब्राह्मण	पृथ्वी	गौतम	स्वाति	(मगध) ग्राम	४२ वर्ष	मध्यम पावा	५००	१०	१८	७०	२८	
४ व्यक्त	धनमित्र ब्राह्मण	वारुणी	भारद्वाज	श्रवण	कोल्लाग (मगध)	५० वर्ष	मध्यम पावा	५००	१२	१८	८०	३०	
५ सुधर्मा	धम्मिल्ल ब्राह्मण	भद्दिला	अग्निवैश्यायन	उत्तराफाल्गुनी	कोल्लाग (मगध)	५० वर्ष	मध्यम पावा	५००	४२	८	१००	५०	
६ मंडिक	धनदेव ब्राह्मण	विजया	वशिष्ठ	मघा	मौर्य सन्निवेश	५३ वर्ष	मध्यम पावा	३५०	१४	१६	८३	३०	
७ मौर्यपुत्र	मौर्य ब्राह्मण	विजया	काश्यप	रोहिणी	मौर्य सन्निवेश	६५ वर्ष	मध्यम पावा	३५०	१४	१६	९५	३०	
८ अकम्पित	वसु ब्राह्मण	नन्दा	हारीत	मृगेशिरा	मिथिला	४६ वर्ष	मध्यम पावा	३००	१२	१४	७२	३०	
९ अचल	देव ब्राह्मण	जयन्ती	गौतम	उत्तराषाढ़ा	कोशल	४८ वर्ष	मध्यम पावा	३००	९	२१	७८	१६	
१० मेतार्य	दत्त ब्राह्मण	वरुणा	कौडिन्य	अश्विनी	तुंगिक सन्निवेश	३६ वर्ष	मध्यम पावा	३००	१०	१६	६२	२६	
११ प्रभास	बल ब्राह्मण	अतिभद्रा	कौडिन्य	पुष्य	राजगृह	१६ वर्ष	मध्यम पावा	३००	८	१६	४०	२४	

(स्तम्भ १३: प्र. महावीर के केवलोत्पत्ति के पश्चात)

महावीर–कालिक मत–मतान्तर

भ. महावीर के समय अजितकेश कंबल, प्रकुध कात्यायन, मंखलि गोशाल, पूरण काश्यप, गौतम बुद्ध और संजय वेलट्ठि-पुत्त, ये अपने को तीर्थंकर कह कर अपने अपने मतों का प्रचार कर रहे थे।

इनके अतिरिक्त श्वे. औपपातिक सूत्र की टीका में तथा अन्य शास्त्रों में भ. महावीर के समय में निम्न लिखित तापसों का उल्लेख मिलता है-

१ होत्तिय-अग्निहोत्र करने वाले
२ पोत्तिय-वस्त्रधारी तापस
३ कोत्तिय-भूमि पर सोने वाले
४ जण्णई-यज्ञ करने वाले
५ सड्ढई-श्रद्धा रखने वाले
६ सालई-अपना सामान साथ लेकर घुमने वाले
७ हुँबउट्ठा-कुण्डिक साथ में लेकर भ्रमण करने वाले
८ दंतुक्खलिया-फल खाकर रहने वाले
९ उम्मज्जका-उन्मज्जन मात्र से स्नान करने वाले
१० सम्मज्जका-कई बार गोता लगाकर स्नान करने वाले
११ निम्मज्जका-क्षण मात्र में स्नान कर लेने वाले
१२ संपक्खला-मिट्टी घिस कर स्नान करने वाले
१३ दक्खिण-कूलगा-गंगा के दक्षिण किनारे पर रहने वाले
१४ उत्तर-कूलगा-गंगा के उत्तर किनारे पर रहने वाले
१५ संख-धम्मका-शंख बजाकर भोजन करने वाले
१६ कूल-धम्मका-तट पर शब्द करने के भोजन करने वाले
१७ मिगलुद्धका-पशुओं की शिकार करने वाले
१८ हत्थितावसा-हाथी मारकर अनेक दिनों तक उसके मांस-भोजी
१९ उद्दण्डका-दण्ड ऊपर करके चलने वाले
२० दिसापोक्खिणा-चारों दिशाओं में जल छिड़क कर फल-फूल एकत्र करने वाले
२१ वाकवासिण-बल्कलधारी
२२ अंबुवासिण-जल में रहने वाले
२३ बिलवासिण-बिल-गुफादि में रहने वाले
२४ जलवासिण-जल में डूब कर रहने वाले
२५ वेलवासिण-समुद्र-तट पर रहने वाले
२६ रुक्खमूलिया-वृक्षों के नीचे रहने वाले
२७ अंबुभक्खिण-केवल जल पीकर रहने वाले
२८ वायुभक्खिण-पवन भक्षण कर रहने वाले
२९ सेवालभक्खिण-सेवाल (काई) खाकर रहने वाले
३० मूलाहार-केवल मूल खाने वाले
३१ कंदाहार-केवल कन्द खाने वाले
३२ तयाहार-केवल वृक्ष की छाल खाने वाले
३३ पत्ताहारा-केवल पत्र खाने वाले

३४ पुप्फाहार-केवल पुष्प खाने वाले

३५ बीयाहार-केवल बीज खाने वाले

३६ परिसड्डियकंदमूलतयपत्तपुप्फफलाहार-कंद, मूल, छाल, पत्र, पुष्प, फल-भोजी

३७ जलाभिसेयकढिणगायभूया-विना स्नान के भोजन न करने वाले

३८ आयावणाहिं-थोड़ा आताप सहने करने वाले

३९ पंचग्गितावेहिं-पंचाग्नि तपने वाले

४० इंगालसोल्लिया-अंगार पर सेंक कर खाने वाले

४१ कंडुसोल्लिया-तवे पर सेंक कर खाने वाले

४२ कट्ठसोल्लिया-लकड़ी पर पकाकर भोजन करने वाले

४३ अत्तुक्कोसिया-आत्मा में ही उत्कर्ष मानने वाले

४४ भूइकम्मिया-ज्वर आदि के दूर करने के लिए भूति (राख, भस्म) देने वाले

४५ कोउयकारया-कौतुक करने वाले

४६ धम्मचिंतका-धर्म शास्त्र को पढ़ा कर भिक्षा लेने वाले

४७ गोव्वइया-गोव्रत-धारक, गाय के पालने वाले

४८ गोअम्मा-छोटे बैलों का चलना सिखा कर भिक्षा मांगने वाले

४९ गीतरई-गा-गाकर लोगों को मोहने वाले

५०चंडिदेवगा-चक्र को धारण करने वाले, चंडी देवी के भक्त

५१ दगसोयारिय-पानी से भूमि को सींच कर चलने वाले

५२ कम्मारभिक्खु-देवताओं की द्रोणी लेकर भिक्षा मांगने वाले

५३ कुव्वीए-दाढ़ी रखने वाले

५४ पिंडोलवा-भिक्षा-पिण्ड पर जीवन-निर्वाह करने वाले

५५ ससरक्खा-शरीर को धूलि लगाने वाले

५६ वणीमग-याचक, घर-घर से चुटकी आटा आदि मांगने वाले

५७ वारिभद्रक-सदा ही जल से हाथ-पैर आदि के धोने में कल्याण मानने वाले

५८ वारिखल-मिट्टी से वार-वार मार्जन कर पात्रादि की शुद्धि करने वाले ।

इनके अतिरिक्त बौद्ध-भिक्षु, वैदिक, वेदान्ती, आजीवक, कापालिक, गैरुक, परिव्राजक, पांडुरंग, रक्तपट, वनवासी भगवी आदि अनेक प्रकार के अन्य भी साधुओं के होने का उल्लेख मिलता है ।

दि और श्वे दोनों ही परम्पराओं के सास्त्रों में ३६३ मित्यावादियों का भी भेद-प्रभेद सहित वर्णन मिलता है, जो कि इस प्रकार है-

(१) क्रियावादियों के १८० भेद- जो क्रिया-काण्ड में ही धर्म मानते थे ।

(२) अक्रियावादियों के ८४ भेद-जो क्रिया-काण्ड को व्यर्थ मानते थे ।

(३) अज्ञानवादियों के ६७ भेद-जो कि अज्ञानी बने रहने में धर्म मानते थे ।

(४) विनयवादियों के ३२ भेद-जो कि हर एक देवी-देवता की विनय करने को धर्म मानते थे।

इन सब का विगतवार वर्णन दोनों परम्पराओं के शास्त्रों में उपलब्ध है ।

भ महावीर के समय में अनेक प्रकार के मिथ्यात्व-वर्धक पाखण्डी पूजा-पाठ भी प्रचलित थे । यहां पर उनमें से कुछ का दिग्दर्शन इस प्रकार है-

(१) इन्द्रमह-इन्द्र को प्रसन्न करने वाली पूजन

(२) रुद्रमह-महादेव को प्रसन्न करने वाली पूजन

(३) स्कन्दमह-महादेव के पुत्र गणेश की पूजन

(४) मुकुन्दमह या वासुदेवमह-श्री कृष्ण की पूजन

(५) नागमह-सर्पों की पूजन

(६) वैश्रमणमह-कुबेर की पूजन

(७) यक्षमह-यक्ष देवताओं की पूजन

(८) भूतमह-भूत पिशाचों की पूजन ।

भ. महावीर को इन सैंकड़ों प्रकार के पाखण्डों और पाखण्डियों के मतों का सामना करना पड़ा और अपनी दिव्य देशना के द्वारा उन्होंने इन सबका निरसन करके और शुद्ध धर्म का उपदेश देकर भूले-भटके असंख्य प्राणियों को सन्मार्ग पर लगाया ।

भ. महावीर और महात्मा बुद्ध

भ. महावीर के समकालीन प्रसिद्ध पुरुषों में शाक्यश्रमणगौतम बुद्ध का नाम उल्लेखनीय है । आज संसार में बौद्ध धर्मानुयायियों की संख्या अत्यधिक होने से महात्मा बुद्ध का नाम विश्वविख्यात है । चीन, जापान, श्रीलंका आदि अनेक देश आज उनके भक्त हैं । किन्तु एक समय था जब भ. महावीर का भक्त भी अगणित जन-समुदाय था । आज चीनी और जापानी बौद्ध होते हुए भी आमिष-(मांस) भोजी हैं । बौद्ध धर्म की स्थापना तो शाक्य पुत्र गौतम बुद्ध ने की, परन्तु जैन धर्म तो युग के आदि काल से ही चला आ रहा है ।

दि जैन शास्त्रों के उल्लेखों के अनुसार बुद्ध का जन्म महावीर से कुछ पहिले कपिल-वस्तु के महाराज शुद्धोदन के यहां हुआ था । जब उनका जन्म हुआ, उस समय भारत में सर्वत्र ब्राह्मणों का बोल बाला था और वे सर्वोपरि माने जा रहे थे, तथा वे ही सर्व परिस्थितियां थी, जिनका कि पहिले उल्लेख किया जा चुका है । बुद्ध का हृदय उन्हें देखकर द्रवित हो उठा और एक वृद्ध पुरुष की जराजर्जरित दशा को देखकर वे संसार से विरक्त हो गये । उस समय भ पार्श्वनाथ का तीर्थ चल रहा था, अतः पिहितास्रव नामक गुरु के पास पलास नगर में सरयू नदी के तीर पर आकर उन्होंने दैगम्बरी दीक्षा ले ली[1] और बहुत दिनों तक उन्होंने जैन साधुओं के कठिन आचार का पालन किया। उन्होंने एक स्थल पर स्वयं ही कहा है-

"मैं वस्त्र-रहित होकर नग्न रहा, मैंने अपने हाथों में भोजन किया, मैं अपने लिए बना हुआ उद्दिष्ट भोजन नहीं करता था, निमन्त्रण पर नहीं जाता था । मैं शिर और दाढ़ी के बालों का लोंच करता था । मैं आगे भी केशलुंच करता रहा । मैं एक जल-बिन्दु पर भी दया करता था। मैं सावधान रहता था कि सूक्ष्म जीवों का भी घात न होने पावे[2] ।"

"इस प्रकार मैं भयानक वन में अकेला गर्मी और सर्दी में भी नंगा रहता था । आग से नहीं तापता था और मुनि-चर्या में लीन रहता था[3] ।"

लगभग छह वर्ष तक घोर तपश्चरण करने और परीषह-उप-सर्गों को सहने पर भी जब उन्हें न कैवल्य की प्राप्ति न हुई और न कोई ऋद्धि-सिद्धि ही हुई, तब वे उग्र तपश्चरण छोड़कर और रक्ताम्बर धारण करके मध्यम मार्ग का उपदेश देने लगे । यद्यपि वे जीवघात को पाप कहते थे और उसके त्याग का उपदेश देते थे । तथापि स्वयं मरे हुए प्राणी का मांस खाने को बुरा नहीं समझते थे । मांस को वे दूध-दही की श्रेणी में और मद्यादिक को जल की श्रेणी

---

१. सिरिपासणाह-तित्थे सरयूतीरे पलासणयरत्थो ।
पिहियासवस्स सिस्सो महासुदो बुद्धकित्तिमुणी ॥६॥ (दर्शनसार)

२. अचेलको होमि...हत्थापलेखनो होमि......नाभिहितं न उद्दिस्सकतं न निमत्तण सादि यामि, केस-मस्सुलोचकोवि होमि, केसमस्सुलोचनानुयोगं अनुयुक्ते । यात उद-बिन्दुम्मि पिये दया पच्च पट्टिता होमि, याहं खुद्दके पाणो विसमगते संघात आयदिस्संति ।

३. सो तत्तो सो सो ना एको तिंसतके वने ।
नग्गो न च अग्नि असीनो एसना पसुतो मुनीति॥ (महासीहनादसुत्त)

में मानने लगे और उनका उपयोग स्वयं भी करने लगे[1] । फल यह हुआ कि उनके धर्म का अनुयायी वर्ग भी धीरे-धीरे मद्य-पायी और मांस-भोजी हो गया ।

खान-पान की शिथिलता रखने पर भी उन्होंने लोगों में मित्ती (मैत्री) मुदिता (प्रमोद) करुणा और मध्यस्थता रूप चार प्रकार की धार्मिक भावनाएं रखने का उपदेश दिया । उस समय जो ब्राह्मणों का प्राबल्य था और जिसके कारण वे स्वयं हीनाचारी पापी जीवन बिताते हुए अपने को सर्वोच्च मानते थे, उसके विरुद्ध बड़े जोर-शोर के साथ अपनी आवाज बुलन्द की । उनके इन धार्मिक प्रवचनों का संग्रह 'धम्मपद' (धर्मपद) के नाम से प्रसिद्ध है और जिसे आज बुद्ध-गीता भी कहा जाता है । यह धम्मपद बुद्ध की वाणी के रूप में प्रख्यात है । उसमें के ब्राह्मण-वर्ग का यहां उद्धरण दिया जाता है । ब्राह्मण को लक्ष्य करके बुद्ध कहते हैं-

हे[2] ब्राह्मण, विषय-विकार के प्रवाह को वीरता से रोक और कामनाओं को दूर भगा । जब तुम्हें उत्पन्न हुई नाम रूप वाली वस्तुओं के नाश का कारण समझ में आ जायगा, तब तुम अनुत्पन्न वस्तु को जान लोगे ॥१॥

जिस समय ब्राह्मण ध्यान और संयम इन दो मार्गों में व्युत्पन्न हो जाता है, उस समय उस ज्ञान-सम्पन्न पुरुष के सब बन्धन कट जाते हैं ॥२॥

जिस पुरुष के लिए आर-पार कुछ भी नहीं रहा, अर्थात् भीतरी और बाहिरी इन्द्रियों से उत्पन्न हुए सुख-दुख में राग-द्वेष नहीं है, उस निर्भय और विमुक्त पुरुष को मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३॥

जो विचारशील, निर्दोष, स्थिर-चित्त, कर्त्तव्य-परायण एवं कृतकृत्य है, विषय-विकार से रहित है और जिसने उच्चतम आदर्श की प्राप्ति कर ली है, उसे मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥४॥

जिसने पाप का त्याग कर दिया है, वह ब्राह्मण है । जो समभाव से चलता है वह श्रमण है और जिसने अपनी मलिनता को दूर कर दिया है वह प्रव्रजित कहलाता है ॥५॥

मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूँ जो शरीर, वाणी और मन से किसी का जी नहीं दुखाता और जो इन तीनों ही बातों में संयमी है ॥६॥

मनुष्य अपने जटा-जूट, जन्म और गोत्र के कारण ब्राह्मण नहीं बन जाता, किन्तु जिसमें सत्य और धर्म है, वही पवित्र है, और वही ब्राह्मण है ॥७॥

ओ मूर्ख, जटा-जूट रखने से और मृग-चर्म धारण करने से क्या लाभ ? भीतर तो तेरे तृष्णारूपी गहन वन है। किन्तु तू बाहिरी शुद्धि करता है ॥८॥

जिसने धूमिल वस्त्र पहिने हैं, शरीर की कृशता से जिसकी नसें दिखाई पड़ती हैं और वन में एकाकी ध्यान करता है, मैं उसे ब्राह्मण कहता हूँ ॥९॥

---

१ तिमिपूरणासणेहिं अहिगय-पवज्जाओ परिब्भट्टो । रत्तं बरं धरित्ता पवट्टियं तेण एयतं ॥७॥
मंसस्स णत्थि जीवो जहा फले दहिय-दुद्ध-सक्करए । तम्हा तं वंछित्ता तं भक्खं तो ण पाविट्ठो ॥८॥
मज्जं ण वज्जणिज्जं दवदव्वं जह जलं तहा एदं । इदि लोए घोसित्ता पवट्टियं सव्व सावज्जं ॥९॥ (दर्शनसार)

२ छिन्द सोतं परक्कम्म काये पनुद ब्राह्मण । संखारानं खयं ञत्वा अकतञ्जूसि ब्राह्मण ॥१॥
यदा द्वयेसु धम्मेसु पारगू होति ब्राह्मणो । अथस्स सव्वे संयोगा अत्थं गच्छंति जानतो ॥२॥
यस्मं पारं अपारं वा परापारं न विज्जति । वीतद्दरं विसंयुत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३॥
झायिं विरजमासीनं कतकिच्चं अनासवं । उत्तमत्थमनुप्पत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥४॥
बाहितपापो ति ब्राह्मणो समचरिया समणो त्ति वुच्चति । पव्वाजयमत्तनो मलं तस्मा पव्वजितो ति वुच्चति ॥५॥
यस्स कायेन वाचा य मनसा नत्थि दुक्कतं । संवुतं तीहि ठानेहि तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥६॥
न जटाहि न गोत्तेन न जच्चा होति ब्राह्मणो । यम्हि सच्चं च धम्मो च सो सुची सो च ब्राह्मणो ॥७॥
किं ते जटाहि दुम्मेध किं ते अजिनसाटिया । अब्भन्तरं ते गहनं बाहिरं परिमज्जसि ॥८॥
पंसु कूलधरं जन्तुं किसं धमनिसन्थतं । एकं वनस्मिं झायन्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥९॥

अमुक माता-पिता से उत्पन्न होने के कारण पुरुष ब्राह्मण नहीं होता। किन्तु चाहे वह अकिंचन (दरिद्र हो या संकिंचन (धनिक), पर जो सर्व प्रकार की मोह-माया से रहित हो, मैं उसे ही ब्राह्मण कहता हूं ॥१०॥

जिसने सर्व प्रकार के बन्धन काट दिये हैं, जो निर्भय है, जो स्वाधीन है और बन्धन-रहित है मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूं ॥११॥

जिसने द्वेषरूपी, रागरूपी डोरी, अश्रद्धारूपी जंजीर और उसके साथ सम्बन्ध रखने वाली अन्य वस्तुओं को एवं अज्ञानरूपी अर्गला (सांकल) को तोड़ डाला है, मैं उसे ब्राह्मण कहता हूं ॥१२॥

जो आक्रोश (गाली-गलौज) वध और बन्धन को द्वेष किये बिना मैत्री-भाव से सहन करता है, क्षमा के बलवाली ही जिसकी सेना है, मैं उसे ब्राह्मण कहता हूं ॥१३॥

जो क्रोध-रहित है, व्रतवान् है, शीलवान् है, तृष्णा-रहित है, संयमी है और जो अन्तिम शरीर-धारी है, मैं उसे ब्राह्मण कहता हूं ॥१४॥

जैसे कमल-पत्र पर जल-बिन्दु नहीं ठहरता और सूई की नोक पर सरसों का दाना नहीं टिकता, उसी प्रकार जो काम-भोगों में लिप्त नहीं होता है, मैं उसे ही ब्राह्मण कहता हूं ॥१५॥

जो यहां पर ही अपने दुःख का अन्त जानता है, ऐसे भार-विमुक्त और विरक्त पुरुष को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥१६॥

जिसका ज्ञान गम्भीर है, जो मेधावी है, सुमार्ग और कुमार्ग को जानता है और जिसने उत्तमार्थ को प्राप्त कर लिया है, मैं उसे ब्राह्मण कहता हूं ॥१७॥

जो गृहस्थ और अनगार भिक्षुओं से अलग रहता है, जो घर-घर भीख नहीं मांगता, अल्प इच्छा वाला है, उसी को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥१८॥

जो विरोधियों पर भी अविरोध-भाव रखता है, जो दण्ड-धारियों में भी दण्ड-रहित है और जो ग्रहण करने वालों में भी आदान-रहित है मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूं ॥१९॥

जो त्रस और स्थावर प्राणियों पर डंडे से प्रहार नहीं करता, न स्वयं मारता है और न दूसरों से घात कराता है, मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूं ॥२०॥

जिसके राग, द्वेष, मान और मत्सर भाव इस प्रकार से नष्ट हो गये हैं जिस प्रकार से कि सूई की नोक से सरसों का दाना सर्वथा दूर हो जाता है, मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूं ॥२१॥

जो कठोरता-रहित, सत्य एवं हितकारी मधुर वचन बोलता है और किसी का अपने कटु सत्य से जी भी नहीं दुखाता है, मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूं ॥२२॥

न चाहं ब्राह्मणं ब्रूमि योनिजं मत्तिसंभवं ।
भोवादी नाम सो होति स चे होति संकिचनो । अकिंचनं अनादानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१०॥
सव्वसंजोयनं छेत्वा यो वे न परितस्सति । संगातिगं विसंयुत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥११॥
छेत्वा नन्धि वरत्तं च सन्दानं सहनुक्कमं । उक्खित्तपलिघं बुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मण ॥१२॥
अक्कोसं बध बधं च अदुट्ठो यो तितिक्खति । खंतीबलं बलानीकं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१३॥
अक्कोधनं वतवंतं सीलवंतं अनुस्सदं । दंतं अंतिम सारीरं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१४॥
वारि पोक्खर-पत्तेव आरग्गेरिव सासपो । यो न लिंपति कामेसु तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१५॥
यो दुक्खस्स पजानाति इधेव खयमत्तनो । पन्नभारं विसंयुत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१६॥
गंभीरपञ्ञं मेधावी मग्गामग्गस्स कोविदं । उत्तमत्थं अनुप्पत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१७॥
असंसट्ठं गहट्ठेहि अनागारेहि चूभयं । अनोकसारि अप्पिच्छं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१८॥
अविरुद्धं विरुद्धेसु अत्तदंडेसु निब्बुतं । सादानेसु अनादानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१९॥
निधाय दंडं भूतेसु तसेसु थावरेसु च । यो न हंति न घातेति तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२०॥
यस्स रागो च दोसो च मानो मक्खो च पातितो । सासपोरिव आरग्गा तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२१॥
अककर्कस विञ्ञापनिं गिरं सच्चं उदीरये । याय नाभिसजे किंचि तमहं ब्रूमि ब्राह्मण ॥२२॥

जो इस संसार में बड़ी या छोटी, सूक्ष्म या स्थूल, और शुभ या अशुभ किसी भी प्रकार की पर-वस्तु को बिना दिये नहीं लेता है, मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूँ ॥२३॥

जिसे इस लोक या परलोक-सम्बन्धी किसी भी प्रकार की लालसा नहीं रही है, ऐसे वासना-रहित विरक्त पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥२४॥

जिसके पास रहने को घर-मकान आदि किसी भी प्रकार का आलय नहीं है, जो स्त्रियों की कथा भी नहीं कहता है, जिसे सन्तोष रूप अमृत प्राप्त है और जिसे किसी भी प्रकार की इच्छा तृष्णा उत्पन्न नहीं होती है, मैं उसी को ब्राह्मण कहता हूँ ॥२५॥

जो पुण्य और पाप इन दोनों के संग से रहित है, शोक-रहित कर्म-रज से रहित और शुद्ध है, मैं ऐसे ही पुरुष को ब्राह्मण कहता हूँ ॥२६॥

जो चन्द्रमा के समान विमल है, शुद्ध है, सुप्रसन्न है और कलंक-रहित है, जिसकी सांसारिक तृष्णाएं बिलकुल नष्ट हो गई हैं, मैं ऐसे ही पुरुष को ब्राह्मण कहता हूँ ॥२७॥

मोह से रहित होकर जिसने तृष्णा-रूपी कीचड़ से लथपथ, दुर्गम संसार समुद्र को तिर कर पार कर लिया है, जो आत्म-ध्यानी है, पाप-रहित है, कृत-कृत्य है, जो कर्मों के उपादान (ग्रहण) से रहित होकर निवृत्त (मुक्त) हो चुका है, मैं ऐसे ही मनुष्य को ब्राह्मण कहता हूँ ॥२८॥

जो काम-भोगों को परित्याग करके अनगार बनकर परिव्रजित हो गया है ऐसे काम-विजयी मनुष्य को ही मैं ब्राह्मण कहताहूँ ॥२९॥

जो तृष्णा का परिहार करके गृह-रहित होकर परिव्राजक बन गया है, ऐसे तृष्णा-विजयी पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३०॥

जो मानवीय बन्धनों का त्याग कर और दिव्य (देव-सम्बन्धी) भोगों के संयोग को भी त्याग कर सर्व प्रकार के सभी सांसारिक बन्धनों से विमुक्त हो गया है, मैं उसी पुरुष को ब्राह्मण कहता हूँ ॥३१॥

जो रति (राग) और अरति (द्वेष) भाव को त्याग कर परम शान्त दशा को प्राप्त हो गया है, सर्व प्रकार की उपाधियों से रहित है, ऐसे सर्व लोक-विजयी वीर पुरुष को मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३२॥

जो सर्व सत्त्वों (प्राणियों) के च्युति (मरण) और उत्पत्ति को जानता है, जो सर्व पदार्थों की आसक्ति से रहित है, ऐसे सुगति और बोधिको प्राप्त सुगत बुद्ध पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३३॥

जिसकी गति (ज्ञानरूप दशा) को देव, गन्धर्व और मनुष्य नहीं जान सकते, ऐसे क्षीण-आस्रव वाले अरहन्त को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३४॥

योध दीघं रहस्सं वा अणुं थूलं सुभासुभ । लोके अदिन्नं नादियति तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२३॥
आसा यस्स न विज्जंति अस्मिं लोके परम्हि च । निरासयं विसंयुत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२४॥
यस्सालया न विज्जंति अञ्जाय अकथंकथी । अमतोगदं अनुप्पत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२५॥
योध पुञ्ञं च पाप च संगं उपच्चगा । अशोकं विरजं सुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२६॥
चंदं व विमलं सुद्धं विप्पसन्नमनाविलं । नंदी भवपरिक्खीण तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२७॥
यो मं पलिपथं दुग्गं संसारं मोहमच्चगा ।
तिण्णो पारगतो झायी अनेजो अकथंकथी । अनुपादाय निब्बुतो तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२८॥
योध कामे पहत्वानं अनगारो परिव्वजे । काम-भवपरिक्खीणं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥२९॥
योध तणहं पहत्वानं अनगारो परिव्वजे । तण्हाभवपरिक्खीणं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३०॥
हित्वा मानुसकं योगं दिव्वं योगं उपच्चगा । सव्वयोग-विसंयुत्त तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३१॥
हित्वा रतिं च अरतिं च सीतीभूतं निरुपधिं । सव्वलोकाभिभुं वीरं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३२॥
चुतिं यो वेदि सत्तानं उपपत्तिं च सव्वसो । असत्तं सुगतं बुद्धतमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३३॥
यस्स गतिं न जानंति देवा गंधव्व-मानुसा । खीणासवं अरहंतं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३४॥

जिसके आगे, पीछे या मध्य में (वर्तमान में, सामने) कुछ भी नहीं है, ऐसे अकिंचन और अनादान (आसक्ति-रहित होकर कुछ भी ग्रहण नहीं करने वाले) पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहताहूँ ॥३५॥

जो वृषभ (धर्म का धारक) है, सर्व श्रेष्ठ है, वीर है, महर्षि है, विजेता है, निष्कम्प है, निष्पाप है, स्नातक है, बुद्ध है, ऐसे पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३६॥

जो पूर्व निवास अर्थात् पूर्व-जन्मों को जानता है, जो स्वर्ग और नरक को देखता है, जो जन्म-मरण के चक्र का क्षय कर चुका है, जो पूर्ण ज्ञानवान् है, ध्यानी है, मुनि है और ध्येय को प्राप्त कर सर्व प्रकार से परिपूर्ण है, ऐसे पुरुष को ही मैं ब्राह्मण कहता हूँ ॥३७॥

श्वेताम्बरी उत्तराध्ययन सूत्र में भी पच्चीसवें 'जन्नइज्ज' अध्ययन के अन्तर्गत 'ब्राह्मण' के स्वरूप पर बहुत अच्छा प्रकाश डाला गया है, उससे भी यह सिद्ध होता है कि भ. महावीर के समय में यद्यपि ब्राह्मणों का बहुत प्रभाव था, तथापि वे यथार्थ ब्राह्मणत्व से गिरे हुए थे। श्वे. मान्यता के अनुसार उत्तराध्ययन में भ. महावीर के अन्तिम समय के प्रवचनों का संग्रह है। भ महावीर ब्राह्मणों को लक्ष्य कहते हैं-

जो आने वाले स्नेही जनों में आसक्ति नहीं रखता, प्रव्रजित होता हुआ शोक नहीं करता और आर्य पुरुषों के वचनों में सदा आनन्द पाता है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥१॥

जो यथाजात-रूप का धारक है, जो अग्नि में डाल कर शुद्ध किये हुए और कसौटी पर कसे हुए सोने के समान निर्मल है, जो राग, द्वेष और भय से रहित है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥२॥

जो तपस्वी है, जो शरीर से कृश (दुबला-पतला) है, जो इन्द्रियनिग्रही है, उग्र तपःसाधना के कारण जिसका रक्त और मांस भी सूख गया है, जो शुद्ध व्रती है, जिसने आत्म-शान्ति रूप निर्वाण पा लिया है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥३॥

जो त्रस और स्थावर सभी प्राणियों को भली-भाँति जानकर उनकी मन, वचन और काय से कभी हिंसा नहीं करता, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥४॥

जो क्रोध से, हास्य से, लोभ से अथवा भय से असत्य नहीं बोलता है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥५॥

जो अल्प या बहुत, सचित्त या अचित्त वस्तु को मालिक के दिए बिना चोरी से नहीं लेता, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥६॥

जो देव, मनुष्य एवं तिर्यञ्च-सम्बन्धी सभी प्रकार के मैथुन का मन वचन और काय से कभी सेवन नहीं करता, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥७॥

जिस प्रकार कमल जल में उत्पन्न होकर भी जल से लिप्त नहीं होता, इसी प्रकार जो संसार में रहकर भी काम-भोगों से सर्वथा अलिप्त रहताहै, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥८॥

जस्स पुरे च पच्छा च मज्झे च नत्थि किंचन । अकिंचनं अनादानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३५॥
उसभं पवरं वीरं महेसिं विजिताविनं । अनेजं न्हातकं बुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३६॥
पुब्बनिवास यो वेदि सग्गापायं च पस्सति ।
अथो जातिक्खयं पत्तो अभिञ्जा वोसिता मुनी । सव्व-वोसित-वोसानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥३७॥
(धम्मपद, ब्राह्मण-वर्ग)

जो न सज्जइ आगंतुं पव्वयंतो न सोयई । रमइ अज्ज-वयणम्मि तं वयं बूम माहणं ॥१॥
जायरुवं जहामट्ठं निद्धं तमलपावगं । राग-दोस-भयाईयं तं वयं बूम माहणं ॥२॥
तवस्सियं किसं दंतं अवचिय-मंस-सोणियं । सुव्वयं पत्तनिव्वाणं तं वयं बूम माहणं ॥३॥
तस पाणे वियाणित्ता संगहेण य थावरे । जो न हिंसइ तिविहेणं स्वयं बूम माहणं ॥४॥
कोहा वा जइ वा हासा लोहा वा जइ वा भया । मुसं न वयई जो उतं वयं बूम माहणं ॥५॥
चित्तमंतं[illegible] वा अप्पं वा जइ वा बहु । न गिण्हइ अदत्तं जे तं वयं बूम माहणं ॥६॥
[illegible]-माणुस-तेरिच्छं जो न सेवइ मेहुणं । मणसा काय-वक्केण तं वयं बूम माहणं ॥७॥
पोम्मं जले जायं नोवलिप्पइ वारिणा । एवं अलित्तं कामेहिं तं वयं बूम माहणं ॥८॥

जो अलोलुप है, अनासक्त जीवी है, अनगार (गृह-रहित) है, अकिंचन है और गृहस्थों से अलिप्त रहता है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥९॥

जो स्त्री-पुत्रादि के स्नेह-वर्धक पूर्व सम्बन्धों को, जाति-बिरादरी के मेल-जोल को, तथा बन्धुजनों को त्याग कर देने के बाद फिर उनमें किसी प्रकार की आसक्ति नहीं रखता और पुनः काम-भोगों में नहीं फंसता है, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ॥१०॥

सिर मुंडा लेने मात्र से कोई श्रमण नहीं होता, 'ओम्' का जाप कर लेने मात्र से कोई ब्राह्मण नहीं होता, निर्जन वन में रहने

मात्र से कोई मुनि नहीं होता, और न कुशा से बने वस्त्र पहिन लेने मात्र से कोई तपस्वी ही हो सकता है ॥११॥

किन्तु समता को धारण करने से श्रमण होता है, ब्रह्मचर्य को धारण करने से ब्राह्मण होता है, ज्ञान से मुनि होता है और तपश्चरण से तपस्वी बनता है ॥१२॥

मनुष्य उत्तम कर्म करने से ही ब्राह्मण होता है, कर्म से ही क्षत्रिय होता है, कर्म से ही वैश्य होता है और शूद्र भी कर्म से ही होता है । अर्थात् वर्ण भेद जन्म से नहीं होता है, किन्तु जो मनुष्य जैसा अच्छा या बुरा कार्य करता है, वह वैसा ही ऊंच या नीच कहलाता है ॥१३॥

इस भांति पवित्र गुणों से युक्त जो द्विजोत्तम (श्रेष्ठ ब्राह्मण) हैं, वास्तव में वे ही अपना तथा दूसरों का उद्धार कर सकने में समर्थ होते हैं ॥१४॥

भ. महावीर और महात्मा बुद्ध के द्वारा निरुपित उक्त ब्राह्मण के स्वरूप में से कुछ महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष प्रकट होते हैं । यथा-

(१) जैन शास्त्रों की मान्यता है कि पंच याम (महाव्रत) का उपदेश आदि और अन्तिम तीर्थंकरों ने ही दिया है । शेष मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों ने तो चातुर्यामि का ही उपदेश दिया है । तदनुसार भ. पार्श्वनाथ ने भी अहिंसा, सत्य, अचौर्य और अपरिग्रह इन चार यम धर्मों का उपदेश दिया था । उन्होंने स्त्री को परिग्रह मानकर अपरिग्रह महाव्रत में ही उसका अन्तर्भाव किया है । यत: जैन मान्यता के अनुसार बुद्ध ने पहिले जैन दीक्षा ली थी, (यह पहिले बतला आये हैं ।) अत: वे स्वयं भी चातुर्याम के धारक प्रारम्भ में रहे हैं । यह बात उनके द्वारा निरूपित ब्राह्मण वर्ग में भी दृष्टिगोचर होती है । ऊपर जो ब्राह्मण का स्वरूप बतलाया है, उनमें से गाथाङ्क २० में ब्राह्मण के लिए द्रव्यहिंसा का और गा. २१ में भावहिंसा का त्याग आवश्यक बतलाया है, इस प्रकार दो गाथाओं में अहिंसा महाव्रत का विधान किया गया है । इसके आगे गा २२ में सत्य महाव्रत का गा. २३ से अचौर्य व्रत का और २४-२५ वीं गाथाओं में अपरिग्रह महाव्रत का विधान है । कहने का भाव यह- कि यहां पर ब्रह्मचर्य माहव्रत का कोई उल्लेख नहीं है ।

किन्तु भ. महावीर ने ब्रह्मचर्य को एक स्वतंत्र यमरूप महाव्रत कहा और पांचवें यमरूप से उसका प्रतिपादन किया। ऊपर उत्तराध्ययन की जो ब्राह्मण-स्वरूप वाली गाथाएं दी हैं उनमें यह स्पष्ट दिखाई देता है । वहां गाथाङ्क ६ में अचौर्य महाव्रत का निर्देश कर गा. ७ में ब्रह्मचर्य नाम के एक यमव्रत या महाव्रत का स्पष्ट विधान किया गया है ।

(२) उक्त निष्कर्ष से बुद्ध का पार्श्वनाथ की परम्परा में दीक्षित होना और चातुर्याम धर्म से प्रभावित रहना भी सिद्ध होता है ।

अलोलुयं मुहाजीवि अणगारं अकिंचणं । असंसत्तं गिहत्थेसु तं वयं बूम माहणं ॥९॥
जहित्ता पुव्वसंजोगं नाइसंगे य बंधवे । जो न सज्जइ भोगेसु तं वयं बूम माहणं ॥१०॥
न वि मुंडिएण समणो न ओंकारेण बंभणो । न मुणी रण्णवासेण कुसचीरेण ण तावसो ॥११॥
समयाए समणो होइ बंभचेरेण बंभणो । नाणेन मुणी होइ तवेण होइ तावसो ॥१२॥
कम्मुणा बंभणो होइ कम्मुणा होइ खत्तिओ । वइसो कम्मुणा होइ सुद्दो हवइ कम्मुणा ॥१३॥
एवं गुण-समाउत्ता जे भवंति दिउत्तमा । ते समत्था समुद्धत्तुं परमप्पाणमेव य ॥१४॥

(उत्तराध्ययनसूत्र, अ. १५)

(३) महावीर की ब्राह्मण-स्वरूप प्रतिपादन करने वाली केवल १५ ही गाथाएं उत्तराध्ययन में मिलती हैं, किन्तु धम्मपद में वैसी गाथाएं ४१ हैं । उनमें से केवल ३७ ही ऊपर दी गई हैं । गाथाओं की यह अधिकता दो बातें सिद्ध करती है एक-उस समय ब्राह्मणवाद बहुत जोर पर था । दो-ब्राह्मण अपने पवित्र कर्तव्य से गिरकर हीनाचरणी हो गये थे ।

(४) उक्त चातुर्यामवली गाथाएं दोनों ही ग्रन्थों में प्रायः शब्द और अर्थ की दृष्टि से तो समान हैं ही, किन्तु अन्य गाथाएं भी दोनों की बहुत कुछ शब्द और अर्थ की दृष्टि से समानता रखती हैं ।

यथा-

१ धम्मपद - बाहित-पापो ति ब्राह्मणो समचरिया समणोत्ति वुच्चति ।
पव्वाजयमत्तनो मलं तस्मा पव्वजितो त्ति वुच्चति ॥५॥

उत्तराध्ययन- समयाए समणो होइ बंभचेरेण बंभणो ।
नाणेण मुणी होइ तवेण होइ तापसो ॥१२॥

२. धम्मपद- वारि पोक्खर-पत्ते व आरग्गोरिव सासपो ।
यो न लिंपति कम्मेसु तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१५॥

उत्तराध्ययन- जहा पोम्मं जले जायं नोवलिप्पइ वारिणा ।
एवं अलित्तं कम्मेहिं तं वयं बूम माहणं ॥८॥

३ धम्मपद - छेत्वा नन्धि वरत्तं च सन्दानं सहनुक्कमं ।
उक्खित्त पलिघं बुद्ध तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१२॥

उत्तराध्ययन- जहित्ता पुव्वसंजोगं नाइसंगे य बंधवे ।
जो न सज्जइ भोगेसु तं वयं बूम माहण ॥१०॥

४. धम्मपद - असंसट्ठं गहट्ठेहि अणागारेहि चभूयं ।
अनोकसारि अप्पिच्छं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ॥१८॥

उत्तराध्ययन- अलोलुयं मुहाजीविं अणगारं अकिंचणं ।
असंसत्तं गिहत्थेसु तं वयं बूम माहणं ॥९॥

५ ब्राह्मणों के हीनाचारी जीवन को देखकर बुद्ध और महावीर ने अपनी उक्त देशनाएं की यह बात दोनों के उक्त प्रवचनों से स्पष्ट ज्ञात होती है । फिर भी बुद्ध के ब्राह्मण-सन्दर्भ में किये गये प्रवचनों से एक बात भली-भांति परिलक्षित होती है कि वे ब्राह्मण को एक ब्रह्म-निष्ठ, शुद्धात्म-स्वरूप को प्राप्त और राग-द्वेष-भयातीत वीतराग, सर्वज्ञ और पुण्य-पाप-द्वयातीत नीरज, शुद्ध, बुद्ध, सिद्ध परमात्मा के आदर्श रूप को प्राप्त आत्मा को ही ब्राह्मण कहना चाहते हैं, जैसा कि 'ब्रह्मणि शुद्धात्म-स्वरूपे निरतो ब्राह्मणः' इस निरुक्ति से अर्थ प्रकट होता है । (देखो ऊपर दी गई धम्मपद की २१, २६, २८, ३१, ३३ आदि नम्बर वाली गाथाएं ।)

महावीर ब्राह्मणवाद के विरोध में बुद्ध के साथ रहते हुए भी अहिंसावाद में उनसे अनेक कदम आगे बढ़ जाते हैं । यद्यपि बुद्ध ने त्रस-स्थावर के घात का निषेध ब्राह्मण के लिए आवश्यक बताया है, तथापि स्वयं मरे हुए पशु के मांस खाने को अहिंसक बतला कर अहिंसा के आदर्श से वे स्वयं गिर गये हैं, और उनकी उस जरा-सी छूट देने का यह फल हुआ है कि आज सभी बौद्ध धर्मानुयायी मांसभोजी दृष्टिगोचर हो रहे हैं । किन्तु महावीर की अहिंसा-व्याख्या इतनी विशद और करुणामय थी कि आज एक भी अपने को जैन या महावीर का अनुयायी कहने वाले व्यक्ति प्राणि-घातक और मांस-भोजी नहीं मिलेगा ।

महाभारत के शान्ति पर्व में ब्राह्मण का स्वरूप इस प्रकार बतलाया गया है-

"जो सदा अपने सर्वव्यापी स्वरूप से स्थित होने के कारण अकेले ही सम्पूर्ण आकाश में परिपूर्ण सा हो रहा है और जो असंग होने के कारण लोगों से भरे हुए स्थान को भी सूना समझता है, उसे ही देव-गण ब्राह्मण मानते हैं ॥१॥

येन पूर्णमिवाऽऽकाशं भवत्येकेन सर्वदा । शून्यं येन जनाकीर्णं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥१॥

जो जिस किसी भी (वस्त्र-वल्कल) आदि वस्तु से अपना शरीर ढक लेता है, समय पर जो भी रूखा-सूखा मिल जाय, उसी से भूख मिटा लेता है और जहां कहां भी सो जाता है, उसे ही देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥२॥

जो जन-समुदाय को सर्प-सा समझकर उसके निकट जाने से डरता है, स्वादिष्ट भोजन-जनित तृप्ति को नरक सा मानकर उससे दूर रहता है, और स्त्रियों को मुर्दों के समान समझकर उनसे विरक्त रहता है, उसे ही देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥३॥

जो सम्मान प्राप्त होने पर हर्षित नहीं होता, अपमानित होने पर कुपित नहीं होता, और जिसने सर्व प्राणियों को अभयदान दिया है, उसे ही देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥४॥

जो सर्व प्रकार के परिग्रह से विमुक्त मुनि-स्वरूप है, आकाश के समान निर्लेप और स्थिर है, किसी भी वस्तु को अपनी नहीं मानता, एकाकी विचरण करता हुआ शान्त भाव से रहता है, उसे ही देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥५॥

जिसका जीवन धर्म के लिए है और धर्म-सेवन भी भगवद् भक्ति के लिए है, जिसके दिन और रात धर्म पालन में ही व्यतीत होते हैं, उसे ही देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥६॥

जो कामनाओं से रहित है, सर्व प्रकार के आरम्भ से रहित है, नमस्कार और स्तुति से दूर रहता है, तथा सभी जाति के बन्धनों से निर्मुक्त है, उसे देवता लोग ब्राह्मण कहते हैं ॥७॥

जो पवित्र आचार का पालन करता है, सर्व प्रकार से शुद्ध सात्त्विक भोजन को करता है, गुरुजनों का प्यारा है, नित्य व्रत का पालन करता है और सत्य-परायण है, वही निश्चय से ब्राह्मण कहलाता है ॥८॥

जिस पुरुष मे सत्य निवास करता है, दान देने की प्रवृत्ति है, द्रोह-भाव का अभाव है, क्रूरता नहीं है, तथा लज्जा, दयालुता और तप से गुण विद्यमान हैं, वही ब्राह्मण माना गया है ॥९॥

हे ब्राह्मण, जिसके सभी कार्य आशाओं के बन्धनों से रहित हैं, जिसने त्याग की आग में अपने सभी बाहिरी और भीतरी परिग्रह और विकार होम दिये हैं, वही सच्चा त्यागी और बुद्धिमान् ब्राह्मण है ॥१०॥

महाभारत के उपर्युक्त उल्लेख से भी यही सिद्ध होता है कि उक्त गुण-सम्पन्न ब्राह्मण को एक आदर्श पुरुष के रूप में माना जाता था। किन्तु जब उनमें आचरण-हीनता ने प्रवेश कर लिया, तब भ. महावीर और भ बुद्ध को उनके विरुद्ध अपना धार्मिक अभियान प्रारम्भ करना पड़ा।

भ. महावीर का निर्वाण

इस प्रकार भ. महावीर अहिंसा मूलक परम धर्म का उपदेश सर्व-संघ-सहित सारे भारत वर्ष में विहार करते हुए अपने जीवन के अन्तिम दिनों तक देते रहे। उनके लगभग तीस वर्ष के इतने दीर्घ काल तक के उपदेशों का यह प्रभाव हुआ कि हिंसा-प्रधान यज्ञ-यगादि का होना सदा के लिए बन्ध हो गया। देवी-देवताओं के नाम पर होने वाली

येन केनचिदाच्छन्नो येन केनचिदाशितः। यत्र क्वचन शायी च तं देवा ब्राह्मण विदुः ॥२॥
अहेरिव गणाद् भीतः सौहित्यान्नरकादिव। कुपणादिव च स्त्रीभ्यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥३॥
न क्रुध्येन्न प्रहृष्येच्च मानितोऽमानितश्चच यः। सर्वभूतेष्वभयदस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥४॥
विमुक्तं सर्वसङ्गेभ्यो मुनिमाकाशवत् स्थितम्। अस्वमेकचरं शान्तं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥५॥
जीवितं यस्य धर्मार्थं धर्मो हर्यर्थमेव च। अहोरात्राश्च पुण्यार्थं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥६॥
निराशिषमनारम्भं निर्नमस्कारमस्तुतिम्। निर्मुक्तं बन्धनैः सर्वैस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥७॥
(महाभारत, शान्तिपर्व, अ. २६५, श्लो. १०-१४, २२-२४)

शौचाचारस्थित सम्यग्विघसाशी गुरुप्रियः। नित्यव्रती सत्परः स वै ब्राह्मण उच्यते ॥८॥
सत्यं दानमथाद्रोहः आनृशंस्यं त्रपा घृणा। तपश्च दृश्यते यत्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥९॥
यस्य सर्वे समारम्भा निराशीर्बन्धना द्विज। त्यागे यस्य हुतं सर्वं स त्यागी च स बुद्धिमान् ॥१०॥
(महाभारत, शान्तिपर्व, अ. १८९, श्लो. ३, ४, ११)

पशु-बलि की कुप्रथा भी अनेक देशों से उठ गई, मूढ़ताओं एवं पाखण्डों से लोगों को छुटकारा मिला और लोग सत्य धर्म के अनुयायी बने ।

जब भ. महावीर के जीवन के केवल दो दिन शेष रह गये, तब उन्होंने विहार-रूप काय-योग की और धर्मोपदेश-रूप वचनयोग की क्रियाओं का निरोधकर[1] पावापुर के बाहिर अवस्थित सरोवर के मध्यवर्ती उच्च स्थान पर पहुँच कर प्रतिमा-योग धारण कर लिया और कार्त्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अन्तिम और अमावस्या के प्रभात काल में निर्वाण प्राप्त किया[2] ।

किन्तु श्वे. मान्यता है कि भ. महावीर पावा-नगरी के राजा हस्तिपाल के रज्जुग सभा-भवन में अमावस्या की सारी रात धर्म-देशना करते हुए मोक्ष पधारे[3] ।

कुछ अप्रकाशित ग्रन्थों का परिचय

यहां पर भ. महावीर का चरित्र-चित्रण करने वाले कुछ अप्रकाशित संस्कृत, अपभ्रंश और हिन्दी भाषा में रचे गये ग्रन्थों का परिचय देकर तद्-गत विशेषताओं का उल्लेख किया जाता है, जिससे कि पाठक उनसे परिचित हो सकें ।

(१)
असग–कवि–विरचित– श्री वर्धमानचरित

जहां तक मेरा अनुसन्धान है, भगवद्-गुणभद्राचार्य के पश्चात् भ. महावीर का चरित-चित्रण करने वालों में असग-कवि का प्रथम स्थान है । इन्होंने श्री वर्धमान चरित के अन्त में अपना जो बहुत संक्षिप्त परिचय दिया है, उससे ज्ञात होता है कि इसकी रचना सं. ९१० में भावकीर्त्ति मुनि-नायक के पादमूल में बैठकर चौड देश की वि..ला नगरी में हुई है। ग्रन्थ का परिमाण लगभग तीन हजार श्लोक प्रमाण है । प्रशस्ति के अन्तिम श्लोक के अन्तिम चरण से यह भी ज्ञात होता है कि उन्होंने आठ ग्रन्थों की रचना की है । दुःख है कि आज उनके शेष सात ग्रन्थों का कोई पता नहीं है। उनकी ग्रन्थ के अन्त में दी गई प्रशस्ति इस प्रकार है-

वर्धमान चरित्रं यः प्रव्याख्याति श्रृणोति च ।
तस्येह परलोकस्य सौख्यं संजायते तराम् ॥१॥

संवत्सरे दशनवोत्तर-वर्षयुक्ते भावादिकीर्त्तिमुनिनायक-पादमूले ।
मौद्गल्यपर्वतनिवासवनस्थसम्पत्सच्छ्राविकाप्रजनिते सति वा ममत्वे ॥२॥
विद्या मया प्रपठितेत्यसगाह्वकेन श्री नाथराज्यमखिलं जनतोपकारि ।
प्राप्यैव चौडविषये वि.....लानगर्यो ग्रन्थाष्टकं च समकारि जिनोपदिष्टम् ॥३॥
इत्यसगकृते वर्धमानचरिते महापुराणोपनिषदि भगवन्निर्वाण गमनो नामाष्टादशः सर्ग समाप्त ॥१८॥

---

१. 'षष्ठेन निष्ठितकृतिर्जिनवर्धमानः' । टीका-षष्ठेन दिनद्वयेन परिसंख्याते आयुषि सति निष्ठितकृतिः निष्ठिता विनष्टा कृतिः द्रव्य मनोवाक्कायक्रिया यस्यासौ निष्ठितकृति, जिनवर्धमानः ।

(पूज्यपादकृत सं निर्वाण-भक्ति श्लो. २६)

२. पावापुरस्य बहिरुन्नतभूमिदेशे पद्मोत्पलाकुलवतां सरसां हि मध्ये ।
श्रीवर्धमानजिनदेव इतिप्रतीतो निर्वाणमाप भगवान् प्रविधूतपाप्मा ॥

(सं. निर्वाण भक्ति, श्लो. २४)

३. देखो- पं. कल्याणविजयगणि-लिखित 'श्रमण भगवान् महावीर'

(पृ. २०६-२०७)

अन्तिम पुष्पिका के 'महापुराणोपनिषदि' पद से यह स्पष्ट है कि सं. ९१० में चरित की रचना महापुराण के उत्तर खण्ड रूप उत्तर पुराण के आधार पर की गई है । उत्तर पुराण में भ. महावीर के चरित का चित्रण पुरुरवा भील के भव से लेकर अन्तिम भव तक एक ही सांस (सर्ग) में किया गया है । वह वर्णन शुद्ध चरित रूप ही है । पर असग ने अपना वर्णन एक महाकाव्य के रूप में किया है । यही कारण है कि इसमें चरित-चित्रण की अपेक्षा घटना-चक्रों के वर्णन का आधिक्य दृष्टिगोचर होता है । इसका आलोड़न करने पर यह भी प्रतीत होता है कि इस पर आ. वीरनन्दि चन्द्रप्रभचरित का प्रभाव है ।

असग ने महावीर के पूर्व भवों का वर्णन पुरुरवा भील से प्रारम्भ न करके इकतीसवें नन्दन कुमार के भव से प्रारम्भ किया है ।

नन्दन कुमार के पिता जगत् से विरक्त होकर जिन-दीक्षा ग्रहण करने के लिये उद्यत होते हैं और पुत्र का राज्याभिषेक कर गृह-त्याग की बात उससे कहते हैं, तब वह कहता है कि जिस कारण से आप संसार को बुरा जानकर उसका त्याग कर रहे हैं, उसे मैं भी नहीं लेना चाहता और आपके साथ ही संयम धारण करुंगा । इस स्थल पर पिता-पुत्र की बात-चीत का कवि ने बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है । अन्त में पिता के यह कहने पर कि तू अपने उत्तराधिकारी को जन्म देकर और उसे राज्य-भार सौंप कर दीक्षा ले लेना । इस समय तेरे भी मेरे साथ दीक्षा लेने पर कुलस्थिति नहीं रहेगी और प्रजा निराश्रय हो जायगी- वह राज्य-भार स्वीकार करता है । पुनः आचार्य के पास जाकर धर्म का स्वरूप सुनता है और गृहस्थ धर्म स्वीकार राज-पाट संभालता है ।

किसी समय नगर के उद्यान में एक अवधि-ज्ञानी साधु के आने का समाचार सुनकर राजा नन्द पुर-वासियों के साथ दर्शनार्थ जाता है और धर्म का उपदेश सुनकर उनसे अपने पूर्व भव पूछता है । मुनिराज कहते हैं कि हे राजेन्द्र, तू आज से पूर्व नवें भव में एक अति भयानक सिंह था । एक दिन किसी जंगली हाथी को मार कर जब तू पर्वत की गुफा में पड़ा हुआ था, तो आकाश-मार्ग से विहार करते दो चारण मुनि उधर से निकले । उन्होंने तुझे प्रबोधित करने के लिए मधुर ध्वनि से पाठ करना प्रारम्भ किया । जिसे सुन कर तू अपनी भयानक क्रूरता छोड़कर शान्त हो उनके समीप जा बैठा । तुझे लक्ष्य करके उन्होंने धर्म का तात्त्विक उपदेश देकर पुरुरवा भील के भव से लेकर सिंह तक के भवों का वर्णन किया, जिसे सुनकर तुझे जाति-स्मरण हो गया और अपने पूर्व भवों की भूलों पर आंसू बहाता हुआ मुनि-युगल के चरण-कमलों को एकाग्र हो देखने लगा । उन्होंने तुझे निकट भव्य जानकर धर्म का उपदेश दे सम्यक्त्व और श्रावक-व्रतों को ग्रहण कराया । शेष कथानक उत्तर पुराण के समान ही है ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि असग कवि ने सिंह के पूर्व भवों का वर्णन सर्ग ३ से ११वें तक पूरे ९ सर्गों में किया है । उसमें भी केवल त्रिपृष्ठ नारायण के भव का वर्णन ५ सर्गों में किया गया है । पांचवें सर्ग में त्रिपृष्ठ नारायण का जन्म, छठे में प्रतिनारायण की सभा का क्षोभ, सातवें में युद्ध के लिए दोनों की सेनाओं का सन्निवेश, आठवें में दोनों का दिव्यास्त्रों से युद्ध, और नवें में त्रिपृष्ठ की विजय, अर्धचक्रित्व का वर्णन और मर कर नरक जाने तक की घटनाओं का वर्णन है । असग ने समग्र चरित के १०० पत्रों में से केवल त्रिपृष्ठ के वर्णन में ४० पत्र लिखे हैं।

त्रिपृष्ठ के भव से लेकर तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध करने वाले नन्द के भव तक का वर्णन आगे के ५ सर्गों में किया गया है, इसमें भी पन्द्रहवें सर्ग में धर्म का विस्तृत वर्णन ग्रन्थ के १३ पत्रों में किया गया जो कि तत्त्वार्थ सूत्र के अध्याय ६ से लेकर १० तक के सूत्रों पर आधारित है ।

सत्तरहवें सर्ग में भ. महावीर के गर्भ, जन्म, दीक्षा कल्याणक का वर्णन - कर उनके केवल ज्ञान-उत्पत्ति तक का वर्णन है । दीक्षार्थ उठते हुए महावीर के सात पग पैदल चलने का उल्लेख भी कवि ने किया है ।

अठारहवें सर्ग में समवशरण का विस्तृत वर्णन कर उनके धर्मोपदेश, विहार संघ-संख्या और निर्वाण का वर्णन कर ग्रन्थ समाप्त होता है ।

असग कवि ने भ. महावीर के पांचो ही कल्याणों का वर्णन यद्यपि बहुत ही संक्षेप में दिगम्बर-परम्परा के अनुसार ही किया है, तथापि दो-एक घटनाओं के वर्णन पर श्वेताम्बर-परम्परा का भी प्रभाव दृष्टिगोचर होता है । यथा-

(१) जन्म कल्याणक के लिए आता हुआ सौधर्मेन्द्र माता के प्रसूति-गृह में आकर उन्हें मायामयी नींद से सुलाकर और मायामय शिशु को रख कर भगवान् को बाहिर लाता है और इन्द्राणी को सौंपता है :-

मायार्भकं प्रथमकल्पपतिर्विधाय
मातु पुरोऽथ जननाभिषवक्रियायै ।
बालं जहार जिनमात्मरुचा स्फुरन्त
कार्यान्तराननु बुधोऽपि करोत्यकार्यम् ॥७२॥

शच्या धृतं करयुगे नतमब्जभासा
निन्ये सुरैरनुगतो नभसा सुरेन्द्रः ।
स्कन्धे निधाय शरदभ्रसमानमूर्ते-
रैरावतस्य मदगन्धहतालिपङ्क्तेः ॥७३॥

(सर्ग १७, पत्र ९० B)

(२) जन्माभिषेक के समय सुमेरु के कम्पित होने का उल्लेख भी कवि ने किया है । यथा-

तस्मिंस्तदा क्षुवति कल्पितशैलराजे
घोणाप्रविष्टसलिलात्पृथुकेऽप्यजस्रम ।
इन्द्रा जरत्तृणमिवैकपदे निपेतु-
र्वीर्यंनिसर्गजमनन्तमहो जिनानाम् ॥८२॥

(सर्ग १७, पत्र ९० B)

दि. परम्परा में पद्मचरित के सिवाय अन्यत्र कहीं सुमेरु के कम्पित होने का यह दूसरा उल्लेख है जो कि विमलसूरि के प्राकृत पउमचरिठ का अनुकरण प्रतीत होता है । पीछे के अपभ्रंश चरित-रचयिताओं में से भी कुछ ने इनका ही अनुसरण किया है ।

ग्रन्थ के अन्त में उपसंहार करते हुए असग कवि कहते हैं-

कृतं महावीरचरित्रमेतन्मया परस्य प्रतिबोधनाय ।
सप्ताधिकत्रिंशभवप्रबन्धं पुरूरवाद्यंतिमवीरनाथम् ॥१०२॥

अर्थात् पुरुरवा भील के आदि भव से लेकर वीरनाथ के अन्तिम भव तक के सैंतीस भवों का वर्णन करने वाला यह महावीर चरित्र मैंने अपने और पर के प्रतिबोध के लिए बनाया ।

मैं तो काव्य रूप त्रिविष्टप (स्वर्ग) को प्राप्त होता हूँ, अर्थात् काव्य को ही स्वर्ग समझता हूँ। जैसे स्वर्ग सार रूप है और कृती जनों को इष्ट है, उसी प्रकार यह काव्य भी अलङ्कारों से युक्त है और ज्ञानियों को अभीष्ट है । स्वर्ग सुर-सार्थ अर्थात् देवों के समुदाय से रम्य होता है और यह काव्य शृङ्गार शान्त आदि सुरसों के अर्थ से रमणीक है । स्वर्ग सर्व प्रकार की विपत्ति-आपत्तियों के अभाव होने के कारण अभिगम्य होता है और यह काव्य भी विपद अर्थात् कुत्सित पदों से रहित होने से आश्रय के योग्य है । स्वर्ग कल्पवृक्षों के समूहों से सदा उल्लास-युक्त होता है और यह काव्य नाना प्रकार की कल्पनाओं की उड़ानों से उल्लासमान है । इसलिए मैं तो काव्य को ही साक्षात् स्वर्ग से बढ़कर समझता हूँ ॥२३॥

हारायतेऽथोत्तमवृत्तमुक्ता समन्तभद्राय समस्तु सूक्ता ।
या सूत्रसारानुगताधिकारा कण्ठीकृता सत्पुरुषैरुदारा ॥२४॥

यह सूक्त अर्थात् भले प्रकार कही गई कविता हार के समान आचरण करती है । जैसे हार उत्तम गोल मोतियों वाला होता है उसी प्रकार यह कविता भी उत्तम वृत्त अर्थात् छन्दों में रची गई है । हार सूत्र (डोरे)- से अनुगत होता है और यह कविता भी आगम रूप सूत्रों के सारभूत अधिकारों वाली है । हार को उदार सत्पुरुष कण्ठ में धारण करते हैं और इस उदार कविता को सत्पुरुष कण्ठस्थ करते हैं । ऐसी यह हार-स्वरुप कविता समस्त लोक के कल्याण के लिए होवे ॥२४॥

विशेषार्थ - इस पद्य में प्रयुक्त 'समन्तभद्र' पद से कवि ने यह भाव व्यक्त किया है कि उत्तम कविता तो समन्तभद्र जैसे महान् आचार्य ही कर सकते हैं । हम तो नाम मात्र के कवि हैं । इस प्रकार ग्रन्थ को प्रारम्भ करते हुए कवि ने उनके पवित्र नाम का स्मरण कर अपनी लघुता को प्रकट किया है ।

किलाकलङ्कार्थमभिष्टुवन्ती समन्ततः कौमुदमेधयन्ती ।
जीयात्प्रभाचन्द्रमहोदयस्य सुमञ्जु वाङ् नस्तिमिरं निरस्य ॥२५॥

जो अकलङ्क अर्थ का प्रतिपादन करती है और संसार में सर्व ओर कौमुदी को बढ़ाती है, ऐसी प्रभाचन्द्राचार्य महोदय की सुन्दर वाणी हमारे अज्ञान-अन्धकार को दूर करके चिरकाल तक जीवे, अर्थात् जयवन्ती रहे ॥२५॥

भावार्थ - जैसे चन्द्रमा की चन्द्रिका कलङ्क-रहित होती है, कुमुदों को विकसित करती है और संसार के अन्धकार को दूर करती है, उसी प्रकार प्रभाचन्द्राचार्य के न्यायकुमुदचन्द्रादि ग्रन्थ-रूप सुन्दर वाणी अकलङ्क देव के दार्शनिक अर्थ को प्रकाशित करती है, संसार में हर्ष को बढ़ाती है और लोगों के अज्ञान को दूर करती है । वह वाणी सदा जयवन्त रहे । पद्य के प्रथम चरण में प्रयुक्त 'अकलङ्कार्थ' पद के द्वारा 'आचार्य अकलङ्कदेव' के स्मरण के साथ ही श्लेष रूप से यह अर्थ भी ध्वनित किया गया है कि कुमोदनियों को प्रसन्न करने वाली और कुलटा (व्यभिचारिणी) स्त्रियों के दुराचार को रोकने वाली चन्द्र की चन्द्रिका भी सदा बनी रहे ।

नव्याकृतिर्मे श्रृणु भो सुचित्त्वं कुतः पुनः सम्भवतात्कवित्वम् ।
वक्तव्यतोऽलंकृति दूरवृत्ते वृत्ताधिकारेष्वपि चाप्रवृत्तेः ॥२६॥

भो विद्वज्जनो, तुम मेरी बात सुनो - मुझे व्याकरण का बोध नहीं है, मैं अलङ्कारों को भी नहीं जानता और छन्दों के अधिकार में भी मेरी प्रवृत्ति नहीं है । फिर मेरे से कविता कैसे संभव हो सकती है ? श्लोक का दूसरा अर्थ यह है कि मेरी यह नवीन कृति है । मेरा कृती अर्थात् विद्वज्जनों से और वृत्त अर्थात् चारित्र धारण करने वालों से भी सम्पर्क नहीं है, फिर मेरे कवित्व क (आत्मा) का वित्व अर्थात् सम्यग्ज्ञान और कवित्व-सामर्थ्य कैसे प्रकट हो सकता है? अर्थात नहीं उत्पन्न हो सकता ॥२६।

सुवर्णमूर्तिः कवितेयमार्या लसत्पदन्यासतयेव भार्या ।
चेतोऽनुगृह्णाति जनस्य चेतोऽलङ्कार-सम्भारवतीति हेतोः ॥२७॥

मेरी यह कविता आर्य कुलोत्पन्न भार्या के तुल्य है । जैसे कुलीन भार्या उत्तम वर्णरूप सौन्दर्य की मूर्त्ति होती है, उसी प्रकार यह कविता भी उत्तम वर्णों के द्वारा निर्मित मूर्ति वाली है । जैसे भार्या, पद-निक्षेप के द्वारा शोभायमान होती है, उसी प्रकार यह कविता भी उत्तम-उत्तम पदों के न्यास वाली है । जैसे भार्या उत्तम अलङ्कारों को धारण करती है, उसी प्रकार यह कविता भी नाना प्रकार के अलङ्कारों से युक्त है । इस प्रकार यह कविता आर्या भार्या के समान मनुष्य के चित्त को अनुरंजन करने वाली है ॥२७॥

तमोधुनाना च सुधाविधाना कवेः कृतिः कौमुदमादधाना ।
याऽऽह्लादनायात्र जगज्जनानां व्यथाकरी स्याज्जडजाय नाना ॥२८॥

कवि की यह कृति चन्द्र की चन्द्रिका के समान तम का विनाश करती है, सुधा (अमृत) का विधान करती है, पृथ्वी पर हर्ष को बढ़ाती है, जगज्जनों के हृदय को आह्लादित करती है और चन्द्रिका के समान जलजों-(कमलों) को तथा काव्य के पक्ष में जड़जनों को नाना व्यथा की करने वाली है ॥२८॥

भावार्थ - यद्यपि चन्द्र की चन्द्रिका तमो-विनाश, कुमुद-विकास और जगज्जनाह्लाद आदि करती है, फिर भी वह कमलों को पीड़ा पहुँचाती ही है, क्योंकि रात्रि में चन्द्रोदय के समय कमल संकुचित हो जाते हैं । इसी प्रकार मेरी यह कविता रूपी चन्द्रिका यद्यपि सर्व लोगों को सुख शान्ति-वर्धक होगी, मगर जड़-जनों को तो वह पीड़ा देने वाली ही होगी, क्योंकि वे कविता के मर्म को ही नहीं समझ सकते हैं ।

ग्रन्थकार इस प्रकार मंगल-पाठ करने के पश्चात् प्रकृत विषय का प्रतिपादन करते हैं -

सार्धद्वयाब्दायुतपूर्वमद्य दिनादिहासीत्समयं प्रपद्य ।
भुवस्तले या खलु रूपरेखा जनोऽनुविन्देदमुतोऽथ लेखात् ॥२९॥

आज से अढ़ाई हजार-वर्ष पूर्व इस भूतल पर काल का आश्रय पाकर जो धर्म और समाज की रूप-रेखा थी, उसे सर्व लोग इस आगे वर्णन किये जाने वाले लेख से जानने का प्रयत्न करें ॥२९।

'यज्ञार्थमेते पशवो हि सृष्टा' इत्येवमुक्तिर्बहुशोऽपि भृष्टा ।
प्राचालि लोकैरभितोऽप्यशस्तैरहो रसाशिश्नवशङ्गतैस्तैः ॥३०॥

'ये सभी पशु यज्ञ के लिए विधाता ने रचे हैं', यह और इस प्रकार की बहुत सी अन्य उक्तियां रसना और शिश्न (जनन) इन्द्रिय के वशीभूत हुए उन-उन अप्रशस्त वामपन्थी लोगों ने अहो, चारों ओर प्रचलित कर रखीं थी ॥३०॥

किं छाग एवं महिषः किमश्वः किं गौर्नरोऽपि स्वरसेन शश्वत् ।
वैश्वानरस्येन्धनतामवाप दत्ता अहिंसाविधये किलाऽऽपः ॥३१॥

क्या छाग (बकरा) क्या महिष (भैंसा) क्या अश्व और क्या गाय, यहां तक कि मनुष्य तक भी बल-प्रयोग पूर्वक निरन्तर यज्ञाग्नि के इन्धनपने को प्राप्त हो रहे थे और धर्म की अहिंसा-विधि के लिए लोगों ने जलाञ्जलि दे दी थी ॥३१॥

धूर्तैः समाच्छादि जनस्य सा दृक् वेदस्य चार्थः समवादि तादृक् ।
सर्वत्र पैशाच्यमितस्ततोऽभूदहो स्वयं रक्तमयी यतो भूः ॥३२॥

धूर्त लोगों ने वेद के वाक्यों का हिंसा-परक अर्थ कर-करके जन साधारण की आंखों को असद् अर्थ की प्ररूपणा के द्वारा आच्छादित कर दिया था और जिधर देखो उधर ही पैशाची और राक्षसी प्रवृत्तियां दृष्टि-गोचर होती थीं । अधिक क्या कहें, उनके पैशाचिक कर्मों से यह सारी पृथिवी स्वयं रक्तमयी हो गयी थी ॥३२॥

परोऽपकारेऽन्यजनस्य सर्वः परोपकारः समभूत्तु खर्वः ।
सम्माननीयत्वमवाप वर्वः किमित्यतो वच्म्यधिकं पुनर्वः ॥३३॥

मैं तुम लोगों से और अधिक क्या कहूँ- सभी लोग एक दूसरे के अपकार करने में लग रहे थे और परोपकार का तो एक दम अभाव सा ही हो गया था । तथा धूर्तजन सम्माननीय हो रहे थे अर्थात् लोगों में प्रतिष्ठा पा रहे थे ॥३३॥

श्मश्रूं स्वकीयां वलयन् व्यभावि लोकोऽस्य दर्पो यदभूदिहाविः ।
मनस्यनस्येवमनन्यताया न नाम लेशोऽपि च साधुतायाः ॥३४॥

लोगों में उस समय जाति-कुल आदि का मद इस तेजी से प्रकट हो रहा था कि वे अपने जातीय अहंकार के वशीभूत होकर अपनी मूंछों को बल देते हुए सर्वत्र दिखाई दे रहे थे । लोगों के मन में

एकान्त स्वार्थ - परायणता और पाप की प्रवृत्तियाँ ही जोर पकड़ रही थी, तथा उनमें साधुता का लेश भी नहीं रह गया था ॥३४॥

समक्षतो वा जगदम्बिकायास्तत्पुत्रकाणां निगलेऽप्यपायात् ।
अविभ्यताऽसिस्थितिरङ्किताऽऽसीज्जनेन चानेन धरा दुराशीः ॥३५॥

उस समय पाप से नहीं डरने वाले लोगों के द्वारा जगदम्बा के समक्ष ही उसके पुत्रों के (अज महिष) के गले पर छुरी चलाई जाती थी, अर्थात् उनकी बलि दी जाती थी (सारी सामाजिक और धार्मिक स्थिति अति भयङ्कर हो रही थी) और उनके इन दुष्कर्मों से यह वसुंधरा दुराशीष दे रही थी अर्थात् त्राहि-त्राहि कर रही थी ॥३५॥

परस्परद्वेषमयी प्रवृत्तिरेकोऽन्यजीवाय समात्तकृत्तिः ।
न कोपि यस्याथ न कोऽपि चित्तं शान्तं जनः स्मान्वयतेऽपवित्तम् ।

उस समय लोगों में परस्पर विद्वेषमयी प्रवृत्ति फैल रही थी और एक जीव दूसरे जीव के मारने के लिए खड्ग हाथ में लिए हुए था । ऐसा कोई भी मनुष्य नहीं दिखाई देता था जिसका चित्त क्रोध से भरा हुआ न हो । उस समय लोग शान्त पुरुष को मूर्खों का मुखिया मानने लगे थे ॥३६॥

भूयो भुवो यत्र हृदा विभिन्नं स्वपुत्रकाणां तदुदीक्ष्य चिह्नम् ।
इवान्धकारानुगता दिशस्ता गन्तुंनभोऽवाञ्छदितोऽप्यधस्तात् ॥३७॥

अपने पुत्रों के ऐसे खोटे चिह्न देखकर पृथिवी माता का हृदय वार-वार विदीर्ण हो जाता था, अर्थात् वार-वार भूकम्प आने से पृथिवी फट जाती थी । सभी दिशाएं अन्धकार से व्याप्त हो रही थीं और लोगों के ऐसे दुष्कृत्य देखकर मानों आकाश नीचे रसातल को जाना चाहता था ॥३७॥

मनोऽहिवद्वक्रिमकल्पहेतुर्वाणी कृपाणीव च मर्म भेत्तुम् ।
कायोऽप्यकायो जगते जनस्य न कोऽपि कस्यापि बभूव वश्यः ॥३८॥

उस समय के लोगों का मन सर्प के तुल्य कुटिल हो रहा था, उनकी वाणी कृपाणी (छुरी) के समान दूसरों के मर्म को भेदने वाली थी और काय भी पाप का आय (आगम-द्वार) बन रहा था । उस समय कोई भी जन किसी के वश में नहीं था, अर्थात् लोगों के मन-वचन काय की क्रिया अति कुटिल थी और सभी स्वच्छन्द एवं निरङ्कुश हो रहे थे ॥३८॥

इति दुरितान्धकारके समये नक्षत्रौघसङ्कुलेऽघमये ।
अजनि जनाऽऽह्लादनाय तेन वीराह्वयवरसुधास्पदेन ॥३९॥

इस प्रकार पापान्धकार से व्याप्त, दुष्कृत-मय, अक्षत्रिय जनों के समूह से संकुल समय में, अथवा नक्षत्रों के समुदाय से व्याप्त समय में उस वीर नामक महान् चन्द्र ने जनों के कल्याण के लिए जन्म लिया ॥३९॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं -
वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
श्रीवीराभ्युदयेऽमुना विरचिते काव्येऽधुना नामत -
स्तस्मिन् प्राक्कथनाभिधोऽयमसकौ सर्गः समाप्तिं गतः ॥१॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर-द्वारा विरचित इस वीरोदय नामक काव्य में प्राक्कथन रूप यह प्रथम सर्ग समाप्त हुआ ॥१॥

द्वीपोऽथ जम्बूपपद: समस्ति स्थित्यासकौ मध्यगतप्रशस्ति: ।
लक्ष्म्या त्वनन्योपमयोपविष्ट: द्वीपान्तराणामुपरिप्रतिष्ठ: ॥१॥

इस असंख्यात द्वीप और समुद्र वाली पृथ्वी पर सबके मध्य में 'जम्बू' इस उपपद से युक्त द्वीप है, जो अपनी स्थिति से पृथ्वी पर मध्यगत प्रशस्ति को प्राप्त होकर अवस्थित है । यह अनन्य उपमा वाली लक्ष्मी से संयुक्त है और सभी द्वीपान्तरों के ऊपर प्रतिष्ठित है ॥१॥

भावार्थ - जो मध्यस्थ भाग होता है,सो सर्वोपरि प्रतिष्ठित कैसे हो सकता है, यह विरोध है। परन्तु जम्बूद्वीप मध्य भागस्थ हो करके भी शोभा में सर्व शिरोमणि है ।

सम्विद्धि सिद्धिं प्रगुणामितस्तु पाथेयमाप्तं यदि वृत्तवस्तु ।
इतीव यो वक्ति सुराद्रिदम्भोदस्तस्वहस्तांगुलिरङ्गिनम्भो: ॥२॥

इस जम्बूद्वीप के मध्य में एक लाख योजन की ऊंचाई वाला जो सुमेरु पर्व है । उसके बहाने से मानों यह जम्बू द्वीप लोगों को सम्बोधन कर सुमेरु पर्वत रूप अपने हाथ को ऊंचा उठा करके यह कह रहा है कि ओ मनुष्यों, यदि तुमने चारित्र वस्तु रूप पाथेय (मार्ग भोजन) प्राप्त कर लिया है अर्थात् चारित्र को धारण कर लिया है, तो फिर सिद्धि (मोक्ष लक्ष्मी) को सरलता से प्राप्त हुई ही समझो ॥२॥

अधस्थविस्फारिफणीन्द्रदण्डश्छत्रायते वृत्ततयाऽप्यखण्ड: ।
सुदर्शनेत्युत्तमशैलदम्भं स्वयं समाप्नोति सुवर्णकुम्भम् ॥३॥

अधोलोक में अवस्थित और फैलाया है अपने फणा मण्डल को जिसने ऐसा शेषनाग रूप जिसका दण्ड है, उसका वृत्ताकार से अखण्ड जम्बू द्वीप छत्र के समान प्रतीत हो रहा है । तथा सुदर्शन नाम का जो यह सुमेरु पर्वत है यह स्वयं उसके स्वर्ण कुम्भ की उपमा को धारण कर रहा है ॥३॥

सुवृत्तभावेन च पौर्णमास्य-सुधांशुना सार्धमिहोपमाऽस्य ।
विराजते यत्परितोऽम्बुराशि: समुल्लसत्कुण्डिनवद्विलासी ॥४॥

सुवर्तुलाकार रूप.से पूर्णमासी के चन्द्रमा के साथ पूर्ण उपमा रखने वाले इस जम्बूद्वीप को सर्व ओर से घेर करके उल्लसित कुण्डल के समान विलास (शोभा) को धारण करने वाला (लवण) समुद्र अवस्थित है ॥४॥

भावार्थ - यह जम्बूद्वीप गोलाकार है और इसको घेरे हुये लवण समुद्र है । अतः इसे पूर्णमासी के चन्द्रमा की उपमा दी गई है ।

तत्त्वानि जैनाऽऽगमवद्बिभर्ति क्षेत्राणि सप्तायमिहाग्रवर्ती ।
सदक्षिणो जीव इवाऽऽसंहर्षस्तत्राऽसकौ भारतनामवर्षः ॥५॥

यह जम्बूद्वीप जैन-आगम के समान सात तत्त्व रूप सात ही क्षेत्रों को धारण करता है । उन सात तत्त्वों में जैसे सुचतुर और हर्ष को प्राप्त जीव तत्त्व प्रधान है, उसी प्रकार उन सातों क्षेत्रों में दक्षिण दिशा की ओर अति समृद्धि को प्राप्त भारतवर्ष नाम का देश अवस्थित है ॥५॥

श्रीभारतं सम्प्रवदामि शस्त-क्षेत्रं सुदेवागमवारितस्तत् ।
स्वर्गापवर्गाद्यभिधानशस्यमुत्पादयत्पुण्यविशेषमस्य ॥६॥

मैं श्री भारतवर्ष को प्रशस्त क्षेत्र (खेत) कहता हूँ, क्योंकि जैसे उत्तम क्षेत्र जल-वर्षा से सिंचित होकर नाना प्रकार के उत्तम धान्यों को उत्पन्न करता है, उसी प्रकार यह भारतवर्ष भी उत्तम-तीर्थङ्कर देवों के आगमन के समय जन्माभिषेक जल से अथवा तीर्थङ्कर देव के आगम (सदुपदेश) रूप जल से प्लावित होकर स्वर्ग और अपवर्ग (मोक्ष) आदि नाम वाले अनेक पुण्य विशेष रूप धान्य को उत्पन्न करता है ॥६॥

हिमालयोल्लासि गुणः स एष द्वीपाधिपस्येव धनुर्विशेषः ।
वाराशिवंशस्थितिराविभाति भोः पाठका क्षात्रयशोऽनुपाती ॥७॥

हे पाठकों ! उस द्वीपाधिप अर्थात् सर्व द्वीपों के स्वामी जम्बू द्वीप का यह भारतवर्ष धनुर्विशेष के समान प्रतिभासित होता है । जैसे धनुष में डोरी होती है उसी प्रकार इस भारतवर्ष के उत्तर दिशा में पूर्व से लेकर पश्चिम तक अवस्थित हिमालय नाम का पर्वत ही डोरी है । जैसे धनुष का पृष्ठ भाग बांस का बना होता है, उसी प्रकार इस भारतवर्ष के पृष्ठ भाग में समुद्र रूप बांस की स्थिति है। जिस प्रकार धनुर्धारी मनुष्य क्षात्र यश को प्रकट करता है, उसी प्रकार यह भारतवर्ष भी क्षत्रिय कुलोत्पन्न तीर्थङ्करादि महापुरुषों के महान् यश को प्रकट करता हुआ शोभायमान हो रहा है ॥७॥

श्रीसिन्धु-गङ्गान्तरतः स्थितेन पूर्वापराम्भोनिधिसंहितेन ।
शैलेन भिन्नेऽत्र किलाऽऽर्यशस्तिः षड्वर्गके स्वोच्च इवायमस्ति ॥८॥

पूर्व से लेकर पश्चिम समुद्र तक और श्री गङ्गा, सिन्धु नदियों के अन्तराल से अवस्थित ऐसे विजयार्ध शैल से भिन्न हुआ यह भारतवर्ष षट् खण्ड वाला है । उसमें यह आर्य खण्ड षड् वर्ग में स्वस्थानीय और उच्च ग्रह के समान सर्व श्रेष्ठ है । (शेष पांच तो म्लेच्छ खण्ड होने से अप्रशस्त हैं) ॥८॥

तस्मिन् वपुष्येव शिरः समानः विदेहदेशेत्युचिताभिधानः ।
स्वमुत्तमत्वं विषयो दधानः स चाधुना सत्क्रियते गिरा नः ॥९॥

जैसे शरीर में शिर सर्वोपरि, अवस्थित है उसी प्रकार इस भारतवर्ष के आर्य खण्ड में 'विदेह' इस समुचित नाम वाला और उत्तमता को धारण करने वाला देश है । अब हम अपनी वाणी से उसकी सुन्दरता का वर्णन करते हैं ॥९॥

अनल्पपीताम्बरधामरम्याः पवित्रपद्माप्सरसोऽप्यदम्याः ।
अनेककल्पद्रुमसम्विधाना ग्रामा लसन्ति त्रिदिवोपमानाः ॥१०॥

उस विदेह देश में विशाल पीताम्बर अर्थात् आकाश को स्पर्श करने वाले प्रासादों से रमणीक, पवित्र कमलों और जलों से भरे हुए सरोवरों से युक्त, अदम्य (पर-पराभव-रहित) और अनेक प्रकार वाले कल्पवृक्षों से (वन-उपवनों से) व्याप्त ऐसे पुर-ग्रामादिक स्वर्गलोक के समान शोभित हैं ॥१०।

भावार्थ - उस देश के नगर-ग्रामादिक स्वर्ग-सदृश प्रतीत होते हैं, क्योंकि जैसे स्वर्ग में पीत-वस्त्र-धारी इन्द्र के धाम हैं । उसी प्रकार यहां पर भी अम्बर अर्थात् आकाश को छूने वाले बड़े-बड़े मकान हैं । स्वर्ग में पद्मा (लक्ष्मी) अप्सरा आदि रहती है, यहां पर कमलों से सुशोभित जल-भरे सरोवर हैं । स्वर्ग के भवन किसी से कभी पराभाव को प्राप्त नहीं होते, वैसे ही यहां के प्रासाद भी दूसरों से अदम्य हैं । और जैसे स्वर्ग में अनेक जाति के कल्पवृक्ष होते हैं, उसी प्रकार यहां पर भी लोगों को मनोवांछित फल देने वाले अनेक वृक्षों से युक्त वन-उपवनादिक हैं । इस प्रकार इस भारतवर्ष के ग्रामनगरादिक पूर्ण रूप से स्वर्ग की उपमा को धारण करते हैं ।

शिखावलीढाभ्रतयाऽप्यटूटा बहिःस्थिता नूतनधान्यकूटाः ।
प्राच्याः प्रतीचीं व्रजतोऽब्जपस्य विश्रामशैला इव भान्ति तस्य ॥११॥

उन ग्राम-नगरादिकों के बाहिर अवस्थित, अपनी शिखाओं से व्याप्त किया है आकाश को जिन्होंने ऐसे अटूट (विशाल एवम् विपुल परिमाण वाले) नवीन धान्य के कूट पूर्व दिशा से पश्चिम दिशा को जाने वाले सूर्य के विश्राम शैल (क्रीड़ा-पर्वत) के समान प्रतिभासित होते हैं ॥११॥

उर्वी प्रफुल्लत्स्थलपद्मनेत्र-प्रान्तेऽञ्जनौघं दधती सखेऽत्र ।
निरन्तरात्तालिकुलप्रसक्तिं सौभाग्यमात्मीयमभिव्यनक्ति ॥१२॥

हे सखे, इस विदेह देश में प्रफुल्लित स्थल पद्म (गुलाब के फूल) रूप नेत्रों के प्रान्त भाग में अञ्जन (काजल) को धारण करने वाली पृथ्वी निरन्तर व्याप्त भ्रमर-समूह की गुञ्जार से मानों अपने सौभाग्य को अभिव्यक्त कर रही है ॥१२॥

धान्यस्थली पालक-बालिकानां गीतश्रुतेर्निश्चलतां दधानाः ।
चित्तेऽध्वनीनस्य विलेप्यशङ्कामुत्पादयन्तीह कुरङ्गरङ्काः ॥१३॥

उस देश में धान्य के खेतों को रखाने वाली बालाओं के गीतों को सुनने से खेत खाने के लिए आये हुए दीन कुरंग (हरिण) निश्चलता को प्राप्त होकर पथिक जनों के चित्त में चित्रोल्लिखित जैसी भ्रान्ति को उत्पन्न करते हैं । अर्थात् वे खेत को चरना भूलकर गाना सुनने के लिए निश्चल हो चित्र-लिखित से प्रतीत होते हैं ॥१३॥

सम्पल्लवत्वेन हितं जनानामुत्पादयन्तो विनयं दधानाः ।
स्वजन्म वृक्षाः सफलं ब्रुवाणा लसन्ति यस्मिन् सुपथैकशाणाः ॥१४॥

उस देश के वृक्ष विनय अर्थात् पक्षियों के निवास को, तथा नम्रता को धारण करने वाले हैं और उत्तम हरे-भरे पत्तों से युक्त किंवा सम्पदा वाले होने से आने वाले लोगों का हित सम्पादन करते हैं । *अत एव सन्मार्ग को प्रकट करने वाले होकर अपने जन्म की सफलता सिद्ध करते हुए शोभायमान* हो रहे हैं ॥१४॥

निशासु चन्द्रोपलभित्ति-निर्यज्जलप्लवा श्रीसरितां ततिर्यत् ।
निदाघकालेऽप्यतिकूलमेव प्रसन्नरूपा वहतीह देव ॥१५॥

हे देव, वहां पर रात्रि में चन्द्रकान्त मणियों की भित्तियों से निकलने वाले जल से परिपूर्ण उत्तम सरिताओं की श्रेणी ग्रीष्म ऋतु में भी अतिकूल अर्थात् दोनों तटों से बाहिर पूर वाली होकर के भी प्रसन्न रूप को धारण करती हुई बहती है ॥१५॥

भावार्थ - जब नदी वर्षा ऋतु में किनारे को उल्लघंन करके बहती है तो उसका जल गंदला होता है । किन्तु इस विदेह देश में बहने वाली नदियां अतिकूल होकर के भी प्रसन्न (स्वच्छ) जल वाली थी और सदा ही जल से भरी हुई प्रवाहित होती रहती थी ।

यदीयसम्पत्तिमनन्यभूतां भूर्वीक्षितुं विश्वहितैकपूताम् ।
उत्फुल्लनीलाम्बुरुहानुभावा विभाति विस्फालितलोचना वा ॥१६॥

विश्व का हित करने वाली, और अद्वितीय जिस देश की सम्पत्ति को देखने के लिये पृथ्वी खिले हुए नील कमलों के बहाने से मानों अपनी आंखों को खोलकर शोभायमान हो रही है ॥१६॥

यतोऽतिवृद्धं जड्धीश्वरं सा सरित्ततिर्याति तदेकवंशा ।
संपल्लवोद्धत्तरुणावरुद्धा न निम्नगात्वप्रतिबोधनुद्धा ॥१७॥

उस देश की नदियों की पंक्ति सम्पत्ति के मद से उद्धत तरुण जनों के द्वारा, दूसरे पक्ष में उत्तम

पल्लव वाले वृक्षों से अवरोध् किये जाने पर तथा उसी के वंश वाली होते हुए भी अति वृद्ध जलधि रूप पति के पास जाती हैं और इस प्रकार हा-दुःख है कि वे अपने निम्नगापने का प्रतिषेध नहीं कर रही हैं, अर्थात् निम्नगा (नीचे की ओर बहना या नीच के पास जाना) इस नाम को सार्थक कर रही हैं, यह महान् दुःख की बात है ॥१७॥

भावार्थ - यदि कोई नवयौवना स्त्री अच्छे-अच्छे नवयुवक जनों के द्वारा संवरण के लिए रोके जाने पर भी किसी मूर्ख और अपने ही वंश वाले वृद्ध पुरुष को स्वीकार करे, तो उसका यह कार्य लोक में अनुचित ही गिना जायगा और सब लोग उसकी निन्दा करेंगे । इसी भाव को लक्ष्य में रख कर कवि ने नदियों के निम्नगापने को व्यक्त किया है कि नदी सदा नीचे की ओर बहती हुई और मार्ग में अनेक तरुण-स्थानीय तरुओं (वृक्षों) से रोकी जाने पर भी वृद्ध एवं जड़ समुद्र से जा मिलती है, तो उसके इस निम्नगापने पर धिक्कार है ।

वणिक्पथस्तूपितरत्नजूटा हरि-प्रियाया इव केलिकूटाः ।
बहिष्कृतां सन्ति तमां हसन्तस्तत्राऽऽपदं चाऽऽपदमुल्लसन्तः ॥१८॥

उस विदेह देश के नगरों के वणिक पथों (बाजारों) में दुकानों के बाहिर पद-पद पर लगाये गये स्तूपाकार रत्नों के जूट (ढेर) मानों बहिष्कृत आपदाओं का उपहास-सा करते हुए हरि-प्रिया (लक्ष्मी) के केलिकूट अर्थात् क्रीड़ा पर्वतों के समान प्रतीत होते हैं ॥१८॥

पदे पदेऽनल्पजलास्तटाका अनोकहा वा फल-पुष्पपाकाः ।
व्यर्थानि तावद् धनिनामिदानीं सत्रप्रपास्थापनवांछितानि ॥१९॥

जिस देश में पद-पद पर गहरे जलों से भरे हुए विशाल सरोवर और पुष्प-फलों के परिपाक वाले वृक्ष आज भी धनी जनों के सत्र (अन्न क्षेत्र) और प्रपा (प्याऊ) स्थापन के मनोरथों को व्यर्थ कर रहे हैं ॥१९॥

विस्तारिणी कीर्तिरिवाथ यस्यामृतस्रवेन्दो रुचिवत्प्रशस्या ।
सुदर्शना पुण्यपरम्परा वा विभ्राजते धेनुततिः स्वभावात् ॥२०॥

उस देश की गाएं चन्द्रमा की चांदनी के समान अमृत (दूध) को वर्षा ने वाली, कीर्ति के समान उत्तरोत्तर बढ़ने वाली और पुण्य परम्परा के समान स्वभाव से ही दर्शनीय शोभित हो रही हैं ॥२०॥

अस्मिन् भुवो भाल इयद्विशाले समादधच्छ्रीतिलकत्वमाले ।
समङ्कितं वक्ति मदीयभाषा समेहि तं कुण्डपुरं समासात् ॥२१॥

हे मित्र ! पृथ्वी के भाल के समान इतनी विशाल उस देश में श्री तिलकपने को धारण करने वाले और जिसे लोग कुण्डनपुर कहते हैं, ऐसे उस नगर का अब मेरी वाणी वर्णन करती है सो सुनो ॥२१॥

नाकं पुरं सम्प्रवदाम्यहं तत्सुरक्षणा यत्र जना वसन्तः ।
सुरीतिसम्बुद्धिमितास्तु रामा राजा सुनाशीर–पुनीत–धामा ॥२२॥

यह कुण्डनपुर नगर स्वर्ग है, क्योंकि वहां रहने वालों को कोई कष्ट नहीं है । वहां के सभी लोग सुलक्षण देवों के सदृश हैं। स्त्रियां भी देवियों के समान सुन्दर चेष्टा वाली हैं और राजा तो सुनाशीर पुनीत-धाम है, अर्थात् उत्तम पुरुष होकर सूर्य जैसा पवित्र तेज वाला है, जैसे कि स्वर्ग में इन्द्र होता है ॥२२॥

अहीन–सन्तान–समर्थितत्वात्पुन्नागकन्याभिरथाञ्चितत्वात् ।
विभात्यनन्तालयसंकुलं यन्निरन्तरं नागकुलैकरम्यम् ॥२३॥

यह कुण्डनपुर नगर निरन्तर नाग (सर्प) देवाताओं के कुलों से अद्वितीय रमणीयता को प्राप्त होकर नागपुरी सा प्रतीत होता है । जैसे नागपुरी अहि अर्थात् सर्पों की सन्तान से समर्थित है, उसी प्रकार यह कुण्डनपुर भी अहीन अर्थात् हीन-कुल से रहित उच्च कुलोत्पन्न सन्तान से संयुक्त है । तथा जैसे नागपुरी पुन्नाग-उत्तम वर्ण वाले नागों की कन्याओं से अञ्चित (संयुक्त) है, उसी प्रकार यह कुण्डनपुर नगर भी उत्तम वंश में उत्पन्न हुई कन्याओं से संयुक्त है । और जैसे नागपुरी अनन्त अर्थात् शेषनाग के आलय (भवन) से युक्त है, उसी प्रकार यह नगर भी अनन्त (अगणित) उत्तम विशाल आलयों से संकुल है ॥२३॥

समस्ति भोगीन्द्रनिवास एष वप्रच्छलात्तत्परितोऽपि शेषः ।
समास्थितोऽतो परिखामिषेण निर्भीक एवानु बृहद्विषेण ॥२४॥

यह कुण्डनपुर भोगीन्द्र अर्थात् अति भोग-सम्पन्न जनों के, तथा दूसरे पक्ष में शेषनाग के निवास जैसा शोभित होता है, क्योंकि कोट के छल से चारों ओर स्वयं शेषनाग समुपस्थित हैं, तथा परिखा (खाई) के बहाने कोट के चारों ओर बढ़े हुए जल रूपी शेषनाग के द्वारा छोड़ी गई कांचली ही अवस्थित है ॥२४॥

लक्ष्मीं मदीयामनुभावयन्तः जना इहाऽऽगत्य पुनर्वसन्तः ।
इतीव रोषादुपरुद्धच वारि–राशिः स्थितोऽसौ परिखोपचारी ॥२५॥

मेरी लक्ष्मी को लाकर उसे भोगते हुए लोग सर्व ओर से आ-आकर यहां निवास कर रहे हैं, यह देखकर ही मानों रोष से परिखा के बहाने वह समुद्र उस पुर को चारों ओर से घेर कर अवस्थित है ॥२५॥

वणिक्पथः काव्यतुलामपीति श्रीमानसङ्कीर्णपदप्रणीतिः ।
उपैत्यनेकार्थगुणैः सुरीतिं समादधन्निष्कपटप्रतीतिम् ॥२६॥

उस नगर का बाजार एक उत्तम काव्य की तुलना को धारण कर रहा है । जैसे काव्य श्री अर्थात् शृङ्गारादि रसों की शोभा से युक्त होता है, उसी प्रकार वहां के बाजार श्रीमान् (लक्ष्मी-सम्पत्ति वाले) हैं । जैसे काव्य में असंकीर्ण (स्पष्ट) पद-विन्यास होता है, वैसे ही वहां के बाजार संकीर्णता-रहित खूब चौड़ी सड़कों वाले हैं । जैसे काव्य-गत शब्द अनेक अर्थ वाले होते हैं, वैसे ही वहां के बाजार अनेक प्रकार के पदार्थों से भरे हुए हैं । और जैसे काव्य के शब्द अपना अर्थ छल-रहित निष्कपट रूप से प्रकट करते हैं, वैसे ही वहां के बाजार में भी निष्क अर्थात् बहुमूल्य पट (वस्त्र) मिलते हैं। इस प्रकार वहां के बाजार काव्य जैसे ही प्रतीत होते हैं ॥२६॥

रात्रौ यदभ्रंलिहशालश्रृङ्ग-समङ्कितः सन् भगणोऽप्यभङ्गः ।
स्फुरत्प्रदीपोत्सवतानुपाति सम्वादमानन्दकरं दधाति ॥२७॥

रात्रि में जिस नगर के गगनचुम्बी शाल (कोट) के शिखरों पर आश्रित और अपना गमन भूलकर चित्राङ्कित के समान अभङ्ग (निश्चल) रूप से अवस्थित होता हुआ नक्षत्र मण्डल प्रकाशमान प्रदीपोत्सव (दीपावली) के भ्रम से लोगों में आनन्द उत्पन्न कर रहा है ॥२७॥

अधः कृतः सन्नपि नागलोकः कुतोऽस्त्वहीनाङ्गभृतामथौकः ।
इतीव तं जेतुमहो प्रयाति तत्खातिकाम्भश्छविदम्भजाति ॥२८॥

अधःकृत अर्थात् तिरस्कृत होने के कारण नीचे पाताल लोक में अवस्थित होता हुआ भी यह नागलोक अहीन (उच्च कुलोत्पन्न) देहधारियों का निवास स्थान कैसे बन रहा है, मानों इसी कारण उसे जीतने के लिए वह नगर खाई के जल में प्रतिबिम्बित हुई अपनी परछाई के बहाने से नीचे नागलोक को जा रहा है ॥२८॥

समुल्लसन्नीलमणिप्रभाभिः समङ्किते यद्वरणेऽथवा भीः ।
राहोरनेनैव रविस्तु साचि श्रयत्युदीचीमथवाऽप्यवाचीम् ॥२९॥

अत्यन्त चमकते हुए नीलमणि की प्रभाओं से व्याप्त जिस नगर के कोट पर राहु के विभ्रम से डरा हुआ सूर्य उसके ऊपर न जाकर कभी उत्तर एवम् कभी दक्षिण दिशा का आश्रय कर तिरछा गमन करता है ॥२९॥

यत्खातिकावारिणि वारणानां लसन्ति शङ्कामनुसन्दधानाः ।
शनैश्चरन्तः प्रतिमावतारान्निनादिनो वारिमुचोऽप्युदाराः ॥३०॥

उदार, गर्जनायुक्त एवं धीरे-धीरे जाते हुए मेघ जिस नगर की खाई के जल में प्रतिबिम्बत अपने रूप से हाथियों की शंका को उत्पन्न करते हुए शोभित होते हैं ॥३०॥

तत्रत्यनारीजनपूतपादैस्तुला रतेर्मूर्ध्नि लसत्प्रसादैः ।
लुठन्ति तापादिव वारि यस्याः पद्मानि यस्मात्कठिना समस्या ॥३१॥

रति के सिर पर रहने का जिन्होंने प्रसाद (सौभाग्य) प्राप्त किया है ऐसे, वहां की नारी जनों के पवित्र चरणों के साथ तुलना (उपमा) की समता प्राप्त करना कठिन समस्या है, यही सोचकर मानों कमल सन्ताप से सन्तप्त होकर वहां की खाई के जल में लोट-पोट रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है । ॥३१॥

भावार्थ - वहां की स्त्रियां रति से भी अधिक सौन्दर्य को धारण करती हैं, अतएव उनके सौन्दर्य को प्रकट करके के लिए किसी भी उपमा का देना एक कठिन समस्या है ।

एतस्य वै सौधपदानि पश्य सुरालय त्वं कथमूर्ध्वमस्य ।
इतीव वप्रः प्रहसत्यजस्रं शृङ्गाग्ररत्नप्रभवद् विस्रक् ॥३२॥

हे सुरालय ! तुम इस कुण्डनपुर के सौधपदों (भवनों) को निश्चय से देखो, फिर तुम क्यों इनके ऊपर अवस्थित हो ? मानों यही कहता हुआ और अपने शिखरों के अग्र भाग पर लगे हुए रत्नों से उत्पन्न हो रही कांति रूप माला को धारण करने वाला उस नगर का कोट निरन्तर देव-भवनों की हंसी कर रहा है ॥३२॥

भावार्थ - सुरालय नाम सुर+आलय ऐसी सन्धि के अनुसार देव-भवनों का है और सुरा+आलय ऐसी सन्धि के अनुर . मदिरालय (शराब घर) का भी है । सौध-पद यह नाम सुधा (अमृत) के स्थान का भी है और चूने से बने भवनों का भी है । यहां भाव यह है कि कुण्डनपुर के सुधा-निर्मित भवन सुरालय को लक्ष्य करके कह रहे हैं कि तुम लोग मदिरा के आवास हो करके भी हमारे अर्थात् सुधा-भवनों के ऊपर रहते हो, मानों इसी बहाने से शिखर पर के रत्नों की कान्ति रूप माला धारण करने वाला कोट उनकी हंसी उडा रहा है ।

सन्धूपधूमोत्थितवारिदानां शृङ्गाग्रहेमाण्डकसम्विधाना ।
आतोद्यनादैः कृतगर्जितानां शम्पेव सम्भाति जिनालयानाम् ॥३३॥

भेरी आदि वादित्रों के शब्दों से किया है गर्जन को जिन्होंने, और उत्तम धूप के जलने से उठे हुए धूम्र-पटल रूप बादलों के मध्य में जिनालयों के शिखरों के अग्रभाग पर लगे हुए सुवर्ण कलशों की कांतिरूप माला मानों शम्पा (बिजली) की भ्रान्ति को ही उत्पन्न कर रही है ॥३३॥

गत्वा प्रतोलीशिखराग्रलग्नेन्दुकान्त निर्यज्जलमापिपासुः ।
भीतोऽथ तत्रोल्लिखितान्मृगेन्द्रादिन्दोर्मृगः प्रत्यपयात्यथाऽऽशु ॥३४॥

उन जिनालयों की प्रतोली (द्वार के ऊपरी भाग) के शिखर के अग्र भाग पर लगे चन्द्रकांत मणियों से निकलते हुए जल को पीने का इच्छुक चन्द्रमा का मृग वहां जाकर और वहां पर उल्लिखित (उत्कीर्ण, चित्रित) अपने शत्रु मृगराज (सिंह) को देखकर भयभीत हो तुरन्त ही वापिस लौट आता है ॥३४॥

वात्युच्चलत्केतुकरा जिनाङ्का ध्वजा क्वणत्किङ्किणिकापदेशात् ।
आयात भो भव्यजना इहाऽऽशु स्वयं यदीच्छा सुकृतार्जने सा ॥३५॥

वायु के संचार से फड़फड़ा रहे हैं केतु रूप कर (हस्त) जिनके ऐसी जिन-मुद्रा से अङ्कित ध्वजाएं बजती हुई छोटी-छोटी घण्टियों के शब्दों के बहाने से मानों ऐसा कहती हुई प्रतीत होती हैं कि भो भव्यजनो ! यदि तुम्हारी इच्छा सुकृत (पुण्य) के उपार्जन की है, तो तुम लोग शीघ्र ही स्वयं यहां पर आओ ॥३५॥

जिनालयस्फाटिकसौधदेशे तारावतारच्छलतोऽप्यशेषे ।
सुपर्वभिः पुष्पगणस्य तत्रोचितोपहारा इव भान्ति रात्रौ ॥३६॥

उस कुण्डनपुर नगर के जिनालयों के स्फटिक मणियों से निर्मित अतएव स्वच्छ श्वेत वर्ण वाले समस्त सौध- प्रदेश पर अर्थात् छतों पर रात्रि के समय ताराओं के अवतार (प्रतिबिम्ब) मानों देवताओं के द्वारा किये गये पुष्प-समूह के समुचित उपहार (भेंट) से प्रतीत होते हैं ॥३६॥

भावार्थ - स्फटिक-मणि-निर्मित जिनालयों की छत के ऊपर नक्षत्रों का जो प्रतिबिम्ब पड़ता है, वह ऐसा प्रतीत होता है मानों देवताओं ने पुष्पों की वर्षा ही की है ।

नदीनभावेन जना लसन्ति वारोचितत्वं वनिताः श्रयन्ति ।
समुत्तरङ्गत्वमुपैति कालः स्फुटं द्वयेषां गुणतो विशालः ॥३७॥

उस नगर के मनुष्य दीनता-रहित, समुद्र-समान गम्भीर भाव के धारक हैं और स्त्रियां भी परम सौन्दर्य की धारक एवं जल के समान निर्मल चरित्र वाली हैं । अतएव वहां के लोगों का दाम्पत्य जीवन बड़े ही आनन्द से बीतता है अर्थात् सुख में बीतता हुआ काल उन्हें प्रतीत नहीं होता ॥३७।

नासौ नरो यो न विभाति भोगी भोगोऽपि नासौ न वृषप्रयोगी ।
वृषो न सोऽसख्यसमर्थितः स्यात्सख्यं च तन्नात्र कदापि न स्यात् ॥३८॥

उस कुण्डनपुर नगर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं था, जो भोगी न हो, और वहां ऐसा कोई भोग नहीं था जो कि धर्म-संप्रयोगी अर्थात् धर्मानुकूल न हो । वहां ऐसा कोई धर्म नहीं था जो कि असख्य (शत्रुता) समर्थित अर्थात् शत्रुता पैदा करने वाला हो और ऐसी कोई मित्रता न थी, जो कि कादाचित्क हो अर्थात् स्थायी न हो ॥३८॥

निरौष्ठ्यकाव्येष्वपवादवत्ताऽथ हेतुवादे परमोहसत्ता ।
अपाङ्गनामश्रवणं कटाक्षे छिद्राधिकारित्वमभूद् गवाक्षे ॥३९॥

वहां निरौष्ठ्य अर्थात् ओष्ठ से न बोले जाने वाले काव्यों में ही अपवादपना था यानी पकार नहीं बोला जाता था, किन्तु अन्यत्र अपवाद नहीं था अर्थात् कहीं कोई किसी की निन्दा नहीं करता था ।

हेतुवाद (तर्क शास्त्र) में ही परम ऊहपना (तर्क-वितर्क पना) था, अन्यत्र परम (महा) मोह का अभाव था। वहां अपाङ्ग यह नाम स्त्रियों के नेत्रों के कटाक्ष में ही सुना जाता था, अन्यत्र कहीं कोई अपाङ्ग (हीनाङ्ग) नहीं था। वहां छिदर का अधिकारीपना भवनों के गवाक्षों (खिड़कियों) में ही था, अन्य कोई पुरुष वहां पर-छिद्रान्वेषी नहीं था ॥३९॥

विरोधिता पञ्जर एव भाति सरोगतामेति मरालतातिः ।
दरिद्रता स्त्रीजनमध्यदेशे मालिन्यमेतस्य हि केशवेशे ॥४०॥

विरोधपना वहां पिंजरों में ही था, अर्थात् वि (पक्षी) गण पिंजरों में ही अवरुद्ध रहते थे, अन्यत्र कहीं भी लोगों में विरोध भाव नहीं था। सरोगता वहां मराल (हंस) पंक्ति में ही थी, अर्थात् हंस ही सरोवर में रहते थे और किसी में रोगीपना नहीं था। दरिद्रता वहां की स्त्रीजनों के मध्यप्रदेश (कटिभाग) में ही थी, अर्थात् उनकी कमर बहुत पतली थी, अन्यत्र कोई दरिद्र (धन-हीन) नहीं था मलिनता वहां केश-पाश में ही दृष्टिगोचर होती थी, अन्यत्र कहीं पर भी मलिनता अर्थात् पाप-प्रवृत्ति नहीं थी ॥४०॥

स्नेहस्थितिर्दीपकवज्जनेषु न दीनता वारिधिवच्च तेषु ।
युद्धस्थले चापगुणप्रणीतिर्येषां मताऽन्यत्र न जात्वपीति ॥४१॥

वहां दीपक के समान मनुष्यों में स्नेह की स्थिति थी। जैसे स्नेह (तैल) दीपकों में भरा रहता है, उसी प्रकार वहां के मनुष्य भी स्नेह (प्रेम) से भरे हुए थे। वहां मनुष्यों में समुद्र के समान नदीनता थी, अर्थात् जैसे समुद्र नदीन (नदी+इन) नदियों का स्वामी होता है, वैसे ही वहां के मनुष्य न दीन थे, अर्थात् दीन या गरीब नहीं थे। वहां के लोगों का चाप (धनुष) और गुण (डोरी) से प्रेम युद्धस्थल में ही माना जाता था, अन्य कहीं किसी में अपगुण (दुर्गुण) का सद्भाव नहीं था, अर्थात् सभी लोग सद्गुणी थे ॥४१॥

सौन्दर्यमेतस्य निशासु दृष्टुं स्मयं स्वरुत्पन्नरुचोऽपकृष्टुम् ।
विकासिनक्षत्रगणापदेशाद् दृग् देवतानामपि निर्निमेषा ॥४२॥

रात्रि में इस नगर के सौन्दर्य को देखने के लिए और इसके अद्भुत सौन्दर्य को देखकर स्वर्ग में उत्पन्न हुई लक्ष्मी के अहंकार को दूर करने के हेतु ही मानों प्रकाशमान नक्षत्र-समूह के बहाने से देवताओं की आंखें निमेष-रहित रहती हैं ॥४२॥

भावार्थ - वहां के नगर की शोभा स्वर्ग से भी अधिक थी, यह देखकर ही मानों देव-गण निर्निमेष (टिमकार-रहित) नेत्र वाले हो गये हैं।

प्रासादशृङ्गाग्रनिवासिनीनां मुखेन्दुमालोक्य विधुर्जनीनाम् ।
नम्रीभवन्नेष ततः प्रयाति ह्रियेव सल्लब्धकलङ्कजातिः ॥४३॥

अपने-अपने महलों के शिखर के अग्र भाग पर बैठी हुई वहां की स्त्रियों के मुख-चन्द्र को देखकर कलङ्क को प्राप्त हुआ यह चन्द्रमा मानों लज्जा से नम्र होता हुआ अर्थात् अपना सा मुंह लेकर वहां से जाता है ॥४३॥

परार्थनिष्ठामपि भावयन्ती रसस्थितिं कामपि नाटयन्ती ।
कोषैकवाञ्छामनुसन्दधाना वेश्यापि भाषेव कवीश्वराणाम् ॥४४॥

वहां की वेश्या भी कवीश्वरों की वाणी के समान मालूम पड़ती है । जैसे कवियों की वाणी परार्थ (परोपकार) करने में निष्ठ होती है । उसी प्रकार वेश्या भी पराये धन के अपहरण में निपुण होती है । जैसे कवि की वाणी शृङ्गार हास्य आदि रसों की वर्णन करने वाली होती है, उसी प्रकार वहां की वेश्या भी काम-रस का अभिनय करने वाली है । जैसे कवियों की वाणी कोष (शब्द-शास्त्र) की एक मात्र वांछा रखती है । उसी प्रकार वेश्या भी धन-संग्रह रूप खजाने की वांछा रखती है । ।४४॥

सौधाग्रलग्नबहुनीलमणिप्रभाभिर्दोषायितत्वमिह सन्ततमेव ताभिः ।
कान्तप्रसङ्गरहिता खलु चक्रवाकी वापीतटेऽप्यहनि ताम्यति सा वराकी ॥४५॥

वहां के भवनों में लगे हुए अनेक नीलमणियों की प्रभा-समूह से निरन्तर ही यहां पर रात्रि है, इस कल्पना से वापिका के तट पर बैठी हुई वह दीन चकवी दिन में भी पति के संयोग से रहित होकर सन्ताप को प्राप्त होती है ॥४५॥

भावार्थ - चकवा-चकवी रात्रि को बिछुड़ जाते हैं, ऐसी प्रसिद्धि है । सो कुण्डनपुर के भवनों में जो असंख्य नीलमणि लगे हुए हैं उनकी नीली प्रभा के कारण बेचारी चकवी को दिन में भी रात्रि का भ्रम हो जाता है और इसलिए वह अपने चकवे से बिछुड़ कर दुखी हो जाती है ।

उत्फुल्लोत्पलचक्षुषां मुहुरथाकृष्टाऽऽननश्रीर्बला-
त्काराबद्ध तनुस्ततोऽयमिह यद्बिम्बावतारच्छलात् ।
नानानिर्मलरत्नराजिजटिलप्रासादभित्ताविति -
तच्चान्द्राश्मपतत्पयोभरमिषाच्चान्द्रग्रहो रोदिति ॥४६॥

विकसित नील कमल के समान है नयन जिनके ऐसी वहां की स्त्रियों के मुख की शोभा को बार-बार चुराने वाला ऐसा यह चन्द्र ग्रह वहां के अनेक निर्मल रत्नों की पंक्ति से जड़े हुए प्रासादों की भित्ति में अपने प्रतिबिम्ब के पड़ने के बहाने से ही मानों कारागार (जेलखाना) में बद्ध हुआ और उन भवनों में लगे हुए चन्द्रकांत मणियों से गिरते हुए जल पूरके मिष से रोता रहता है ॥४६॥

एतस्याखिलपत्तनेषु सततं साम्राज्यसम्पत्पतेः,

रात्रौ गोपुरमध्यवर्तिसुलसच्चन्द्रः किरीटायते ।

नो चेत्सन्मणिबद्ध भूमिविसरे तारावतारच्छला,

दभ्रादापतिता कुतः सुमनसां वृष्टिः सतीहोज्ज्वला ।।४७।।

समस्त नगरों में निरन्तर चक्रवर्ती की साम्राज्य-सम्पदा के स्वामी रूप इस कुण्डनपुर के गोपुर के ऊपर प्रकाशमान चन्द्रमा रात्रि में मुकुट की शोभा को धारण करता है। यदि ऐसा न माना जाय तो उत्तम मणियों से निबद्ध भवनों के आङ्गण में ताराओं के अवतार के बहाने आकाश से गिरती हुई फूलों की उज्ज्वल वर्षा कैसे सम्भव हो ।।४७।।

काठिन्यं कुचमण्डलेऽथ सुमुखे दोषाकरत्वं परं

वक्रत्वं मृदुकुन्तलेषु कृशता वालावलग्नेष्वरम् ।

उर्वोरिव विलोमताऽप्यधरता दन्तच्छदे केवलं

शंखत्वं निगले दृशोश्चपलता नान्यत्र तेषां दलम् ।।४८।।

वामानां सुबलित्रये विषमता शैथिल्यमङ्घ्रावुता -

प्यौद्धत्यं सुदृशां नितम्बवलये नाभ्यण्डके नीचता ।

शब्देष्वेव निपातनाम यमिनामक्षेषु वा निग्रह -

श्चिन्ता योगिकुलेषु पौण्ड्रनिचये सम्पीडनं चाह ह ।।४९।।

उस नगर में कठिनता (कठोरता) केवल स्त्रियों के स्तन-मंडल में ही पाई जाती है, अन्यत्र कहीं भी कठोरता नहीं है । दोषाकरता सुमुखी स्त्रियों के मुख पर ही है, अर्थात् उनके मुख चन्द्र जैसे है, अन्यत्र कहीं भी दोषों का भण्डार नहीं है । वक्रपना स्त्रियों के सुन्दर बालों में ही है, क्योंकि वे श्यामवर्ण एवं घुंघराले हैं, अन्यत्र कहीं भी कुटिलता नहीं है ।

कृशता (क्षीणता) केवल स्त्रियों के कटि-प्रदेश में ही है, अन्यत्र कहीं भी किसी प्रकार की क्षीणता दृष्टिगोचर नहीं होती । विलोमता (रोम-रहितपना) स्त्रियों की जंगाओं में ही है, अन्यत्र कहीं भी प्रतिकूलता नहीं है। अधरता केवल ओठों में ही है, और किसी व्यक्ति में वहां नीचता नहीं है। शंखपना गले में ही है, अन्यत्र कहीं भी मूर्खपना नहीं है। चपलता आंखों में ही है, अन्यत्र कहीं भी चपलता नहीं है। विषमता स्त्रियों की त्रिबली में ही है, अन्यत्र कहीं विषमता नहीं है। शिथिलता वहां कि स्त्रियों के चरणों में ही है, अन्यत्र शिथिलता नहीं है। उद्धतपना केवल वहां की सुनयनाओं के नितम्ब-मंडल में ही है,

अन्यत्र कहीं पर उद्धतपना नहीं है । नीचता (गहराई) नाभि-मंडल में ही है, अन्यत्र नीचपना नहीं है। निपातपना शब्दों में ही है। अन्यत्र कहीं भी कोई किसी का निपात (घात) नहीं करता है । निग्रहपना संयमी जनों की इन्द्रियों में है, अन्यत्र कहीं भी कोई किसी का निग्रह नहीं करता है। चिन्ता अर्थात् वस्तु-स्वरूप का चिन्तवन वहां योगिजनों के समुदाय में है, अन्यत्र कहीं भी किसी के कोई चिन्ता नहीं है। सम्पीडन या सम्पीलन वहां केवल पौंडों के समूह में ही है । अर्थात् सांटे ही वहां कोल्हू में पेले जाते हैं, अन्यत्र कहां भी कोई किसी को पीड़ा नहीं पहुँचाता है ॥४८-४९॥

अभ्रं लिहाग्रशिखरावलिसङ्कुलं च,
मध्याह्नकाल इह यद्वरणं समञ्चन् ।
प्रोत्तप्तकाञ्चनरु - चिर्भुवनेऽयमस्मिन्,
कल्याणकुम्भ इव भाति सहस्ररश्मिः ॥५०॥

इस कुण्डनपुर नगर में गगनचुम्बी शिखरावली से व्याप्त कोट को मध्याह्न काल के समय प्राप्त हुआ, तपाये गये सुवर्ण की कांति वाला यह सहस्ररश्मि (सूर्य) सुवर्ण-कुम्भ के समान प्रतीत होता है ॥५०॥

भावार्थ - मध्यान्ह काल में कोट के ऊपर आया हुआ सूर्य उसके सुवर्ण कलश-सा दिखाई देता है ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
श्रीवीराभ्युदयेऽमुना विरचिते काव्येऽधुना नामतः,
द्वीपप्रान्तपुराभिवर्णनकरः सर्गो द्वितीयोऽप्यतः ॥२॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में जम्बूद्वीप, उसके क्षेत्र, देश और नगरादि का वर्णन करने वाला यह दूसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥२॥

❖ ❖ ❖

अथ तृतीयः सर्गः

नि:शेषनम्रावनिपालमौलि-मालारजः पिञ्जरितांघ्रिपीठिः ।
सिद्धार्थनामाऽस्य बभूव शास्ता कीर्तीः श्रियो यस्य वदामि तास्ताः ॥१॥

समस्त नम्रीभूत भूपालों के मौलियों (मुकुटों) की मालाओं के पुष्प-पराग से पिञ्जरित (विविध-वर्णयुक्त) हो रहा है पाद-पीठ जिसका, ऐसा सिद्धार्थ नाम का राजा इस कुण्डनपुर का शासक हुआ। जिसकी विविध प्रकार की कीर्तियां और विभूतियां थी । मैं उनका वर्णन करता हूँ ॥१॥

सौवर्ण्यमुद्वीक्ष्य च धैर्यमस्य दूरं गतो मेरुरहो नृपस्य ।
मुक्तामयत्वाच्च गभीरभावादेतस्य वार्धिर्गलपितः सदा वा ॥२॥

इस सिद्धार्थ राजा के सौवर्ण्य (सुन्दर रूप और सुवर्ण-भंडार) को, तथा धैर्य को देखकर ही मानों सुमेरू पर्वत, दूर चला गया है । इसी प्रकार इस राजा के मुक्तामयत्व और गम्भीर-भाव से समुद्र सदा के लिए मानों पानी-पानी हो गया है ॥२॥

भावार्थ - सुमेरु को अपने सुवर्णमय होने का, तथा धैर्य का बड़ा अंहकार था । किन्तु जब उसने सिद्धार्थ राजा के अपार सौवर्ण्य एवं धैर्य को देखा, तो मानों स्वयं लज्जित होकर के ही वह इस भरत क्षेत्र से बहुत दूर चला गया है । समुद्र को अपने मुक्तामय (मोती-युक्त) होने का और गम्भीरता का बड़ा गर्व था । किन्तु जब उसने सिद्धार्थ राजा को मुक्त-आमय अर्थात रोग-रहित एवं अगाध गाम्भीर्य वाला देखा, तो मानों वह अपमान से चूर होकर पानी-पानी हो गया । यह बड़े आश्चर्य की बात है।

रवेर्दशाऽऽशापरिपूरकस्य करैः सहस्त्रैर्महिमा किमस्य ।
समक्षमेकेन करेण चाशासहस्त्रमापूरयतः समासात् ॥३॥

अपने सहस्त्र करों (किरणों) से दश दिशाओं को परिपूर्ण करने वाले सूर्य की महिमा इस सिद्धार्थ राजा के समक्ष क्या है ? जो कि एक ही कर (हाथ) से सहस्त्रों जनों की सहस्त्रों आशाओं को एक साथ परिपूर्ण कर देता है ॥३॥

भूमावहो वीतकलङ्कलेशः भव्याब्जवृन्दस्य पुनर्मुदे सः ।
राजा द्वितीयोऽथ लसत्कलाढ्य इतीव चन्द्रोऽपि बभौ भयाढ्यः ॥४॥

अहो ! इस भूतल पर कलङ्क के लेश से भी रहित, भव्य जीव रूप कमल-वृन्द को प्रमुदित करने वाला और समस्त कलाओं से संयुक्त यह सिद्धार्थ राजा तो अद्वितीय चन्द्र है, यह देखकर ही मानों चन्द्रमा भी भयाढ्य अर्थात् भय से युक्त अथवा प्रभा से संयुक्त हो गया है ॥४॥

योगः सदा वेदनया विधेः स शूली किलाभूदपराजितेशः ।
गदाञ्चितो माधव इत्थमस्य निरामयस्य क्व समो नृपस्य ॥५॥

विधि (ब्रह्मा) के तो सदा वेद-ज्ञान या वेदना के साथ संयोग है, और अपराजितेश्वर वह महादेव शूल (उदर-व्याधि, एवं त्रिशूल) से संयुक्त है, तथा माधव (विष्णु) सदा गदाञ्चित गद अर्थात् रोग से एवं गदा (शस्त्रविशेष) से युक्त है । फिर इस निरामय (नीरोग) राजा की समता कहां है ॥५॥

भावार्थ - संसार में ब्रह्मा, महेश और विष्णु ये तीनों देवता ही सर्व श्रेष्ठ समझे जाते हैं । किन्तु वे तीनों तो क्रमशः काम-वेदना, शूल और गदाञ्चित होने से रोग-युक्त ही है और यह राजा सर्व प्रकार के रोगों से रहित पूर्ण नीरोग है। फिर उसकी उपमा संसार में कहां मिल सकती है ?

यत्कृष्णवर्त्मत्वमृते प्रतापवह्निं सदाऽमुष्य जनोऽभ्यवाप ।
ततोऽनुमात्वं प्रति चाद्भुतत्वं लोकस्य नो किन्तु वितर्कसत्त्वम् ॥६॥

इस राजा की प्रताप रूप अग्नि को लोग सदा ही कृष्ण वर्त्मत्व (धूमपना) के बिना ही स्वीकार करते थे । किन्तु फिर भी अनुमान के प्रति यह अद्भुतपना लोक के वितर्कणा का विषय नहीं हुआ ॥६॥

भावार्थ - न्यायशास्त्र की परिभाषा के अनुसार साधन से साध्य के ज्ञान को अनुमान कहा जाता है । जैसे धूम- को देखकर अग्नि का ज्ञान करना । परन्तु राजा तो कृष्णवर्त्मा अर्थात् पापाचार से रहित था फिर भी लोग कृष्णवर्त्मा (काले मार्ग वाला धूम) के बिना ही इसके प्रताप रूप अग्नि का अनुमान करते थे । इतने पर भी न्यायशास्त्र के उक्त नियमोल्लघंन की लोगों में कोई चर्चा नहीं थी ।

मृत्त्वं तु संज्ञास्विति पूज्यपादः नृपोऽसकौ धातुषु संजगाद ।
ममत्वहीनः परलोकहेतोस्तदस्य धामोज्ज्वलकीर्तिकेतोः ॥७॥

आचार्य पूज्यपाद ने अपने व्याकरण शास्त्र में मृत्त्व (प्रातिपदिकत्व) को संज्ञाओं में कहा (धातु-पाठ में नहीं)। किन्तु ममत्व-हीन इस सिद्धार्थ राजा ने तो मृत्त्व अर्थात् मृत्तिकापन को तो पार्थिव धातुओं में गिना है । यह सब इस उज्ज्वल कीर्तिशाली और परलोक के लिए अर्थात् परभव और अन्य जनों को हितार्थ प्रयत्न करने वाले इस राजा की महत्ता है ॥७॥

भावार्थ - जैनेन्द्र व्याकरण में मनुष्य आदि नामों की मृत्संज्ञा की गई है, भू आदि धातुओं की नहीं । किन्तु सिद्धार्थ राजा ने उसके विपरीत सुवर्णादि धातुओं में मृत्पना (मृत्तिकापन) मानकर मनुष्यों में आदरभाव प्रकट किया है । सारांश - यह राजा अपनी प्रजा की भलाई के लिए सुवर्णादि-धन को मिट्टी के समान व्यय किया करता था ।

सा चापविद्या नृपनायकस्य लोकोत्तरत्वं सखिराज पश्य ।
स मार्गणौघः सविधं गुणस्तु दिगन्तगामीति विचित्रवस्तु ॥८॥

हे मित्रराज, इस राज-राजेश्वर सिद्धार्थ की चापविद्या (धनुर्वेदिता) की लोकोत्तरता तो देखो- कि यह बाण-पुञ्ज तो समीप है और गुण (डोरी) दिगन्तगामी है, यह तो विचित्र बात है ॥८॥

भावार्थ - धनुर्धारी जब धनुष लेकर बाण चलाता है, तब डोरी तो उसके पास ही रहती है और बाण दूर लक्ष्य स्थान पर चला जाता है। किन्तु सिद्धार्थ राजा की विद्या ने यह लोकोत्तरपना प्राप्त किया कि याचक जन तो उसके समीप आते थे और उसके यश आदि गुण दिगन्तगामी हो गये, अर्थात् वे सर्व दिशाओं में फैल गये।

त्रिवर्गभावात्प्रतिपत्तिसारः स्वयं चतुर्वर्णविधिं चकार ।
जनोऽपवर्गस्थितये भवेऽदः स नाऽनभिज्ञत्वममुष्य वेद ॥९॥

यह राजा त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम पुरुषार्थ) में निष्णात था, इसलिए प्रजा में चतुर्वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण) की व्यवस्था स्वयं करता था। अतएव अपवर्ग (मोक्ष नामक चतुर्थ पुरुषार्थ) की प्राप्ति के लिए भी यह अनभिज्ञ नहीं, अपितु अभिज्ञ (जानकार) है, ऐसा उस समय का प्रत्येक जन स्वीकार करता था। इस श्लोक का एक दूसरा भी अर्थ है - यह राजा कवर्गादि पांच वर्गों में से आदि के तीन वर्ग [1]कवर्ग, [2]चवर्ग और [3]टवर्ग पढ़ चुकने पर उसके आगे के तवर्गीय त, थ, द, ध इन चार वर्णों को याद करने में लगा हुआ था, अतः [4]पवर्ग को जानने के पहिले 'न' कार का जानना आवश्यक है, ऐसा लोग कहते थे ॥९॥

भुजङ्गतोऽमुष्य न मन्त्रिणोऽपि असेः कदाचिद्यदि सोऽस्तु कोपी ।
त्रातुं क्षमा इत्यरयोऽनुयान्ति तदंघ्रिचञ्चन्नखचन्द्रकान्तिम् ॥१०॥

यदि कदाचित् (किसी अपराधी के ऊपर) यह राजा कुपित हो गया, तो उसके भुजङ्ग (खड्ग) से रक्षा करने के लिए मंत्रीगण भी समर्थ नहीं थे, ऐसा मानकर अरिगण स्वयं आकर के इस राजा के चरणों की चमकती हुई नख-चन्द्रकान्ति का आश्रय लेते थे ॥१०॥

भावार्थ - इस श्लोक में प्रयुक्त भुजङ्ग और मंत्रीपद द्व्यर्थक हैं, सो दूसरा अर्थ यह है कि यदि कोई भुजङ्ग (काला सांप) किसी व्यक्ति पर कदाचित् क्रोधित हो जाय अर्थात् काट खाय, तो मन्त्री अर्थात् विष-मंत्र के ज्ञाता गारूड़ी लोग भी उसे बचा नहीं सकते हैं। राजा के ऐसे प्रबल प्रताप को देख कर शत्रुगण स्वयं ही आकर उसके चरणों की सेवा करते थे।

हे तात जानूचितलम्बबाहो नाङ्गं विमुञ्चेत्तनुजा तवाहो ।
सभास्वपीत्थं गदितुं नृपस्य कीर्त्तिः समुद्रान्तमवाप तस्य ॥११॥

---

१ कवर्ग - क, ख, ग, घ, ङ । २ चवर्ग - च, छ, ज, झ, ञ । ३ टवर्ग - ट, ठ, ड, ढ, ण । ४ पवर्ग - प, फ, ब, भ, म ।

हे तात ! (जनक समुद्र !) तुम्हारी यह तनुजा (आत्मजा पुत्री लक्ष्मी) आजानुबाहु (घुटनों तक लम्बी भुजाओं वाले) इस राजा के शरीर को सभाओं के बीच में भी (आलिंगन करने से) नहीं छोड़ती है, अर्थात् इतनी अधिक निर्लज्ज है, यह शिकायत करने के लिए ही मानों इस राजा की कीर्ति रूपी दूसरी स्त्री समुद्रान्त को प्राप्त हुई ॥११॥

भावार्थ - अपनी सौत लक्ष्मी की उक्त निर्लज्जता को देख कर ही उसे कहने के लिए राजा की कीर्ति रूपी दूसरी पत्नी समुद्र के अन्त तक गई, अर्थात् इसकी कीर्ति समुद्र-पर्यन्त सर्व ओर फैली हुई थी ।

आकर्ण्य भूपालयशःप्रशस्तिं शिरो धुनेच्चेत्कथमेवमस्ति ।
स्थितिर्भुवोऽपीत्यनुमानजातात्कर्णौ चकाराहिपतेर्न धाता ॥१२॥

इस सिद्धार्थ भूपाल के निर्मल यशोगाथा को सुनकर अहिपति (सर्पराज शेषनाग) कदाचित् अपना शिर धुने, तो पृथ्वी की स्थिति कैसे रहेगी ? अर्थात् पृथ्वी पर सभी कुछ उलट-पुलट हो जायगा, ऐसा (भविष्य कालीन) अनुमान हो जाने से ही मानों विधाता ने नागराज के कानों को नहीं बनाया ॥१२।

भावार्थ - ऐसी लोक-प्रसिद्धि है कि यह पृथ्वी शेषनाग के शिर पर अवस्थित है । उसे ध्यान में रख कर के ही कवि ने सर्पों के कान न होने की उत्प्रेक्षा की है ।

विभूतिमत्त्वं दधताऽप्यनेन महेश्वरत्वं जननायकेन ।
कुतोऽपि वैषम्यमितं न दृष्टेः समुन्नतत्वं व्रजताऽथ सृष्टेः ॥१३॥

विभूतिमत्ता और महेश्वरता को धारण करने वाले इस राजा ने चतुर्वर्ण वाली सृष्टि की रचना रूप समुन्नति को करते हुए भी दृष्टि की विषमता और संहारकता को नहीं धारण किया था ॥१३॥

भावार्थ - महेश्वर (महादेव) की विभूतिमत्ता अर्थात् शरीर में भस्म लगाना और दृष्टि-विषमता (तीन नेत्र का होना) ये दो बातें संसार में प्रसिद्ध है । सो इस राजा में भी विभूतिमत्ता (वैभवशालिता) और महान् ऐश्वर्यपना तो था, किन्तु नेत्रों की विषमता नहीं थी । महादेव की संसार-सहारकता भी प्रसिद्ध है और ब्रह्मा की सृष्टि रचना भी प्रसिद्ध है । यह सिद्धार्थ राजा अपनी प्रजा रूप सृष्टि का ब्रह्मा के समान रचयिता (व्यवस्थापक) तो था, पर महादेव के समान उसका संहारक नहीं था । कहने का सार यह कि इस सिद्धार्थ राजा में ब्रह्मा के गुणों के साथ महेश्वर के गुण तो थे, पर सृष्टि-संहारक रूप अवगुण नहीं था ।

एकाऽस्य विद्या श्रवसोश्च तत्त्वं सम्प्राप्य लेभेऽथ चतुर्दशत्वम् ।
शक्तिस्तथा नीतिचतुष्कसारमुपागताऽहो नवतां बभार ॥१४॥

इस सिद्धार्थ राजा की एक विद्या दोनों श्रवणों के तत्त्व को प्राप्त होकर अर्थात् कर्णगोचर होकर चतुर्दशत्व को प्राप्त हुई । तथा एक शक्ति भी नीति-चतुष्क के सारपने को प्राप्त होकर नवपने को धारण करती थी ॥१४॥

भावार्थ - राजा ने यद्यपि एक राज-विद्या ही गुरु-मुख से अपने दोनों कानों द्वारा सुनी थी, किन्तु इसकी प्रतिभा से वह चौदह विद्या रूप से परिणत हो गई । इसी प्रकार इस राजा की एक शक्ति भी नीतिचतुष्क (आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति) को प्राप्त होकर नवता अर्थात् नव-संख्या को प्राप्त हुई, यह परम आश्चर्य की बात है ? इसका परिहार यह है कि उसकी शक्ति भी नित्य नवीनता को प्राप्त हो रही थी ।

छायेव सूर्यस्य सदाऽनुगन्त्री बभूव मायवे विधेः सुमन्त्रिन् ।
नृपस्य नाम्ना प्रियकारिणीति यस्याः पुनीता प्रणयप्रणीति ॥१५॥

हे सुमन्त्रिन् (मित्र) ! इस सिद्धार्थ राजा की प्रियकारिणी इस नाम से प्रसिद्ध रानी थी, जो कि सूर्य की छाया के समान एवं विधि (ब्रह्मा) की माया के समान पति का सदा अनुगमन करती थी और जिसका प्रणय-प्रणयन अर्थात् प्रेम-प्रदर्शन पवित्र था । अतएव यह अपने प्रिय-कारिणी इस नाम को सार्थक करती थी ॥१५॥

दयेव धर्मस्य महानुभावा क्षान्तिस्तथाऽभूत्तपसः सदा वा ।
पुण्यस्य कल्याणपरम्परेवाऽसौ तत्पदाधीनसमर्थसेवा ॥१६॥

महानुभाव (उदार-हृदय) वाली यह रानी धर्म की दया के समान, तप की क्षमा के समान तथा पुण्य की कल्याणकारिणी परम्परा के समान थी और सदा ही उस राजा के पदाधीन (चरणों के आश्रित) रहकर उनकी समर्थ (तन, मन, वचन के एकाग्र होकर) सेवा करने वाली थी ॥१६॥

हरेः प्रिया सा चपलस्वभावा मृडस्य निर्लज्जतयाऽघदा वा ।
रतिस्त्वदृश्या कथमस्तु पश्य तस्याः समा शीलभुवोऽत्र शस्य ॥१७॥

हे प्रशंसनीय मित्र, बताओ- इस संसार में परम शील वाली उस रानी के लिए किस की उपमा दी जाय ? क्योंकि यदि उसे हरि (विष्णु) की प्रिया लक्ष्मी की उपमा देते हैं, तो वह चपल स्वभाव वाली है, पर यह तो परम शान्त है, अतः लक्ष्मी की उपमा देना ठीक नहीं है । यदि कहो कि उसे शिवजी की स्त्री पार्वती की उपमा दी जाय, तो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि वह तो शिवजी के अर्धाङ्ग में निर्लज्ज होकर सदा चिपटी रहती है, अतः अरुचिकारिणी है। किन्तु यह रानी तो सदा सलज्ज होने से प्रियकारिणी है । यदि कहो कि काम की स्त्री रति की उपमा दी जाय, सो वह तो अदृश्य रहती है- आंखों से दिखाई ही नहीं देती है- फिर उसकी उपमा देना कैसे उचित होगा ? अर्थात् मुझे तो यह रानी संसार में उपमा से रहित होने के कारण अनुपम ही प्रतीत होती है ॥१७॥

वाणीव याऽऽसीत्परमार्थदात्री कलेव चानन्दविधा विधात्री ।
वितर्कणावत्परमोहपात्री मालेव सत्कौतुकपूर्णगात्री ॥१८॥

वह रानी वाणी (सरस्वती) के समान परमार्थ की देने वाली है । सरस्वती मुमुक्षु को परमार्थ (मोक्ष) देने वाली है और यह याचकजनों को परम अर्थ (धन) को देने वाली है, चन्द्रमा की कला के समान आनन्द-विधिका विधान करने वाली है, अर्थात् परम आनन्द दायिनी है । वितर्कणा बुद्धि के समान परम ऊहापोह (तर्क-वितर्क) करने वाली है और यह अपने पति के परम स्नेह अनुराग की पात्री (अधिष्ठानवाली) है । तथा पुष्पमाला के समान सत्कौतुकों अर्थात् उत्तम पुष्पों से और यह मनो-विनोदों से परिपूर्ण शरीर वाली है ॥१८॥

लतेव सम्पल्लवभावभुक्ता दशेव दीपस्य विकासयुक्ता ।
सत्तेव नित्यं समवाद-सूक्ता द्राक्षेव याऽऽसीन्मृदुता-प्रयुक्ता ॥१९॥

यह रानी लता के समान सम्पल्लव भाव वाली है । जैसे लता उत्तम पल्लवों (पत्तों) से युक्त होती है, उसी प्रकार यह रानी भी सम्पत्ति से (सर्व प्रकार की समृद्धि भाव से) युक्त है एवं मंजुभाषिणी है । तथा यह रानी दीपक की दशा के समान विकास (प्रकाश) से युक्त है । सत्ता (नैयायिकों के द्वारा माने गये पदार्थ विशेष) के समान यह रानी नित्य ही सामान्य धर्म से युक्त है, अर्थात् सदा ही समदर्शिनी रहती है । तथा यह रानी द्राक्षा के समान मृदुता (कोमलता) से संयुक्त है, अर्थात् परम कोमलाङ्गी है ॥१९॥

इतः प्रभृत्यम्ब तवाननस्य न स्पर्धयिष्ये सुषुमाममुष्य ।
इतीव पादाग्रमितोऽथ यस्या युक्तः सुधांशुः स्वकुलेन स स्यात् ॥२०॥

हे अम्बे ! अब आज से आगे मैं कभी भी तुम्हारे इस मुख की सुषमा (सौन्दर्य) के साथ स्पर्धा नहीं करूंगा, ऐसी प्रतिज्ञा करके ही मानों वह चन्द्रमा अपने तारागण रूप कुल के साथ आकर रानी के पादाग्र (चरण-नखों) को प्राप्त हो गया है ॥२०॥

भावार्थ - रानी के चरणों की अंगुलियों के नखों की कांति चन्द्र, तारादिक के समान प्रकाशमान थी, जिसे लक्ष्य करके कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

दण्डाकृतिं लोमलतास्वथाऽरं कुलालसत्त्वं स्वयमुज्जहार ।
कुम्भोपमत्वं कुचयोर्दधाना नितम्बदेशे पृथुचक्रमानात् ॥२१॥

यह रानी अपनी लोम-लताओं (रोम-राजिओं) में तो दण्ड की आकृति को धारण करती थी और स्वयं कुलाल (कुम्भकार) के सत्त्व को उद्धृत करती थी अर्थात् कुल (वंश) के अलसत्व (आलसीपन) को दूर करती थी । अथवा पृथ्वी पर सर्व जनता से अपना प्रेम प्रकट करती थी । रानी अपने दोनों कुचों में कुम्भ की उपमा को धारण करती थी एवम् उसके विशाल नितम्ब प्रदेश में स्वयं ही विस्तीर्ण चक्र (बर्तन बनाने के कुम्हार के चाक) का अनुमान होता था ॥२१॥

भावार्थ - उस रानी ने अपने नितम्ब-मण्डल को चाक मान कर और उदर में होने वाली रोमावली को दण्ड मानकर स्वयं को कुम्भकार माना और अपने दोनों स्तन-रूप कलशों का निर्माण किया ।

इस श्लोक से कवि ने यह भाव प्रकट किया है कि अपने इष्ट अनिष्ट का विधाता यह जीव स्वयं ही है ।

मेरोर्यदौद्धत्यमिता नितम्बे फुल्लत्वमब्जादथवाऽऽस्यबिम्बे ।
गाम्भीर्यमब्धेरुत नाभिकायां श्रोणौ विशालत्वमथो धराया ॥२२॥

उस रानी ने अपने नितम्ब भाग में सुमेरु की उद्धतता को, मुख-बिम्ब में कमल की प्रफुल्लता को, नाभि में समुद्र की गम्भीरता को और श्रोणिभाग (नाभि से अधोभाग)में पृथ्वी की विशालता को धारण किया था ॥२२॥

चाञ्चल्यमक्ष्णोरनुमन्यमाना दोषाकरत्वं च मुखे दधाना ।
प्रबालभावं करयोर्जगाद बभूव यस्या उदरेऽपवादः ॥२३॥

वह रानी अपनी दोनों आंखों में चञ्चलता का अनुमान कराती थी, और मुख में दोषाकरत्व को धारण करती थी । दोनों हाथों में प्रबाल भाव को कहती थी और उसके उदर में अपवाद था ॥२३।

भावार्थ - चञ्चलता यद्यपि दोष है, किन्तु रानी की आंखों को प्राप्त होकर वह गुण बन गया था, क्योंकि स्त्रियों के आंखों की चञ्चलता उत्तम मानी जाती है । दोषाकरत्व अर्थात् दोषों की खानि होना दोष है, किन्तु रानी के मुख में दोषाकरत्व अर्थात् चन्द्रत्व था, उसका मुख चन्द्रमा के समान था प्रबालभाव, अर्थात् बालकपन (लड़कपन) यह दोष है, किन्तु रानी के हाथों के प्रबाल भाव (मूंगा के समान लालिमा) होने से वह गुण हो गया था । अपवाद (निन्दा) होना यह दोष है, किन्तु रानी के पेट में कृशता या क्षीणता रूप अपवाद गुण बन गया था ।

महीपतेर्धाम्नि निजेङ्गितेन सुरीति-सम्पत्तिकरी हि तेन ।
कटिप्रदेशेन हृदापि मित्राऽसकौ धरायां समभूत्पवित्रा ॥२४॥

हे मित्र ! वह रानी सिद्धार्थ राजा के घर में अपनी चेष्टा से सुरीति और सम्पत्ति की करने वाली थी । कटिप्रदेश में संकुचित (कृश) हो करके भी हृदय से विशाल थी, इस प्रकार वह धरातल पर पवित्र थी ॥२४॥

भावार्थ - इस श्लोक में सुरीति पद द्व्यर्थक है, तदनुसार वह रानी अपनी चेष्टा से सुरी (देवियों) को भी मात करने वाली थी । और उत्तम रीति से चलने के कारण प्रजा में उत्तम रीति-रिवाजों को चलाने वाली थी । तथा पवित्र पद में भी श्लेष है - रानी का कटि-प्रदेश तो कृश था, किन्तु उसके नीचे का नितम्ब भाग और ऊपर का वक्षःस्थल विस्तीर्ण था, अतएव वह पवित्र अर्थात् पवि (वज्र) के त्र-तुल्य आकार को धारण करता था । फिर भी उसका हृदय पवित्र (निर्मल) था ।

मृगीदृशश्चापलता स्वयं या स्मरेण सा चापलताऽपि रम्या ।
मनोजहाराङ्गभृतः क्षणेन मनोजहाराऽथ निजेक्षणेन ॥२५॥

इस मृगनयनी की जो स्वाभाविक चपलता थी उसी को कामदेव ने अपनी सुन्दर धनुष-लता बनाई, क्योंकि कामदेव को हार के समान हृदय का अंलकार मानने वाली वह रानी अपने कटाक्ष से क्षण मात्र में मनुष्यों के मन को हर लेती थी ॥२५॥

अस्या भुजस्पर्धनगर्द्धनत्वात्कृतापराधं समुपैमि तत्त्वात् ।
अभ्यन्तरुच्छिन्नगुणप्रपञ्चं मृणालकं नीरसमागतं च ॥२६॥

इस रानी की भुजाओं के साथ स्पर्धा करने में निरत होने से किया है अपराध जिसने, ऐसे मृणाल (कमल-नाल) को मैं भीतर से खोखला और गुण-हीन पाता हूँ । साथ ही नीर-समागत अर्थात् पानी के भीतर डूबा हुआ, तथा नीरसं+आगत अर्थात् नीरसपने को प्राप्त हुआ देखता हूँ ॥२६॥

भावार्थ - कवि ने कमल-नाल के पोलेपन और जल-गत होने पर उत्प्रेक्षा की है कि वह रानी की भुजाओं के साथ स्पर्धा करने पर पराजित होकर लज्जा से पानी में डूबा रहता है ।

या पक्षिणी भूपतिमानसस्येष्टा राजहंसी जगदेकदृश्ये ।
स्वचेष्टितेनैव बभूव मुक्ता-फलस्थितिर्या विनयेन युक्ता ॥२७॥

जैसे राजहंसी मान-सरोवर की पक्षिणी अर्थात् उसमें निवास करने वाली होती है, उसी प्रकार यह रानी भूपति के मन का पक्ष करने वाली थी, इसलिए (सर्व रानियों में अधिक प्यारी होने से) पट्टरानी थी । राजहंसी अपनी चेष्टा से मुक्ताफलों (मोतियों) में स्थिति रखने वाली होती है अर्थात् मोतियों को चुगती है और रानी अपनी चेष्टा से मुक्त किया है निष्फलता को जिसने ऐसी थी, अर्थात् सफल जीवन बिताने वाली थी । राजहंसी वि-नय (पक्षियों की रीति) का पालन करने वाली होती है, और यह रानी विनय से संयुक्त थी, अर्थात् विनय गुण-वाली थी ॥२७॥

प्रबालता मूर्ध्न्यधरे करे च मुखऽब्जताऽस्याश्चरणे गले च ।
सुवृत्तता जानुयुगे चरित्रे रसालताऽभूत्कुचयोः कटित्रे ॥२८॥

बभूव भूपस्य विवेकनावः सोऽन्तस्थतीर्थेश्वरजः प्रभावः ॥८॥

उस रानी का अत्यन्त कृश वह उदर-भाग त्रिबली के उच्छेद हो जाने से उस विवेकवान् राजा के हर्ष के लिए हुआ, सो यह गर्भस्थ तीर्थङ्कर भगवान् का प्रभाव है ॥८॥

भावार्थ - जैसे कोई कृश शरीर वाला (निर्बल) व्यक्ति यदि तीन-तीन बलवानों का उच्छेद (विनाश) कर दे, तो यह हर्ष की बात होती है, उसी प्रकार रानी के उदर की त्रिबली का उच्छेद राजा के हर्ष का कारण हुआ ।

लोकत्रयोद्योति–पवित्रवित्ति–त्रयेण गर्भेऽपि स सोपपत्तिः ।
धनान्तराच्छन्नपयोजबन्धुरिवाबभौ स्वोचितधामसिन्धुः ॥९॥

तीनों लोकों को उद्योतित करने वाले, पवित्र, ऐसे मति, श्रुत और अवधि इन तीन ज्ञानों से युक्त वे बुद्धिमान् भगवान् गर्भ में रहते हुए इस प्रकार से सुशोभित हुए जैसे कि सघन मेघों से आवृत सूर्य अपनी समस्त किरणों से संयुक्त सुशोभित होता है ॥९॥

पयोधरोल्लास इहाविरास तथा मुखेन्दुश्च पुनीतभासः ।
स्थानं बभूवोत्तमपुण्यपात्र्या विचित्रमेतद् भुवि बन्धुधात्र्याः ॥१०॥

संसार में उत्तम पुण्य की पात्री और बन्धुजनों की धात्री (माता) ऐसी इस रानी के एक ओर तो पयोधरों (मेघों और स्तनों) का उल्लास प्रकट हुआ और दूसरी ओर मुखचन्द्र पुनीत कांतिवाला हो गया ? यह तो विचित्र बात है ॥१०॥

भावार्थ -पयोधरों (मेघों) के प्रसार होने पर चन्द्रमा का प्रकाश मन्द दिखने लगता है । किन्तु रानी के पयोधरों (स्तनों) के प्रसार होने पर उसके मुख-रूपी चन्द्रमा का प्रकाश और अधिक बढ़ गया, यह आश्चर्य की बात है ।

कवित्ववृत्त्येत्युदितो न जातु विकार आसीज्जिनराजमातुः ।
स्याद्दीपिकायां मरुतोऽधिकारः क्वविद्युतः किन्तु तथातिचारः ॥११॥

यह ऊपर जो माता के गर्भकाल में होने वाली बातों का वर्णन किया है, वह केवल कवित्व की दृष्टि से किया गया है । वस्तुतः जिनराज की माता के शरीर में कभी किसी प्रकार का कोई विकार नहीं होता है । तेल-बत्ती वाली साधारण दीपिका के बुझाने में पवन का अधिकार है । पर क्या वह बिजली के प्रकाश को बुझाने में सामर्थ्य रखता है ? अर्थात् नहीं ॥११॥

विजृम्भते श्रीनमुचिः प्रचण्डः कुबेरदिश्यंशुरवाप्तदण्डः ।
कालः किलायं सुरभीतिनामाऽदितिः समन्तान्मधुविद्धधामा ॥१२॥

निश्चय से अब यह सुरभीति (सुरभि) इस नाम का काल आया, अर्थात् वसन्त का समय प्राप्त हुआ । इस समय कामदेव तो प्रचण्ड हुआ और उधर सुरों को भयभीत करने वाला अदिति नाम का राक्षस (दानव) भी प्रचण्ड हुआ । इधर सूर्य ने कुबेर दिशा (उत्तर दिशा) में दण्ड (प्रयाण) किया, अर्थात् उत्तरायण हुआ, उधर वह दण्ड को प्राप्त हुआ, अर्थात् छह मास के लिए कैद कर लिया गया, क्योंकि अब वह छह मास तक इधर दक्षिण की ओर नहीं आवेगा । तथा अदिति (पृथ्वी) चारों ओर से पुष्प-पराग द्वारा व्याप्त हो गई । दूसरे पक्ष में अदिति (देवों की माता) के स्थान को मधु राक्षस ने घेर लिया ॥१२॥

भावार्थ - कवि ने बसन्त ऋतु की तुलना अदिति नामक राक्षस से की, क्योंकि दोनों के कार्य समान दिखाई देते हैं ।

परागनीरोद्भरितप्रसून–शृङ्गैरनङ्गैकसखा मुखानि ।
मधुर्धनी नाम वनीजनीनां मरुत्करेणोक्षतु तानि मानी ॥१३॥

कामदेव है सखा (मित्र) जिसका, और अभिमानी ऐसा यह वसन्त रूप धनी पुरुष पराग-युक्त जल से भरी हुई पुष्प रूपी पिचकारियों के द्वारा वनस्थली रूपी वनिताओं के मुखों को पवनरूप करसे सींच रहा है ॥१३॥

भावार्थ - वसन्त ऋतु में सारी वनस्थली पुष्प-पराग से व्याप्त हो जाती है ।

वन्या मधोः पाणिधृतिस्तदुक्तं पुंस्कोकिलैर्विप्रवरैस्तु सूक्तम् ।
साक्षी स्मराक्षीणहविर्भुगेष भेरीनिवेशोऽलिनिनाददेशः ॥१४॥

इस वसन्त ऋतु में वन-लक्ष्मी और वसन्तराज का पाणिग्रहण (विवाह) हो रहा है, जिसमें पुंस्कोकिल (नर कोयल) रूप विप्रवर (वि-प्रवर अर्थात् श्रेष्ठ पक्षी और विप्रवर श्रेष्ठ ब्राह्मण) के सूक्त (वचन) ही तो मंत्रोच्चारण हैं, कामदेव की प्रज्वलित अग्नि ही होमाग्नि रूप से साक्षी है और भौंरों की गुंजार ही भेरी-निनाद है, अर्थात् बाजों का शब्द है ॥१४॥

प्रत्येत्यशोकाभिधयाथ मूर्च्छन्नारक्तफुल्लाक्षितयेक्षितः सन् ।
दरैकधातेत्यनुमन्यमानः कुजातितां पश्यति तस्य किन्न ॥१५॥

वसन्त ऋतु में कोई पथिक पुरुष विश्राम पाने और शोक-रहित होने की इच्छा से 'अशोक' इस नाम को विश्वास करके उसके पास जाता है, किन्तु उसके लाल-लाल पुष्प रूप नेत्रों से देखा जाने पर डरकर वह मूर्च्छित हो जाता है । वह पथिक अशोक वृक्ष के पास जाते हुए यह क्यों नहीं देखता है कि यह 'कुजाति' और दरैकधाता (भयानक) है ॥१५॥

भावार्थ - कुजाति अर्थात् भूमि से उत्पन्न हुआ, दूसरे पक्ष में खोटी जाति वाला अर्थ है । इसी प्रकार दरैकधाता का अर्थ दर अर्थात् पत्रों पर अधिकार रखने वाला और दूसरे पक्ष में दर अर्थात् डर या भय को करने वाला है ।

प्रदाकुदर्पाङ्कितचन्दनाक्तैर्याम्यैः समीरैरिव भीतिभाक्तैः ।
कुबेरकाष्ठाऽऽश्रयणे प्रयत्नं दधाति पौष्प्ये समये द्युरत्नम् ॥१६॥

सर्पों के दर्प से अङ्कित चन्दन वृक्षों की सुगन्ध से युक्त उस दक्षिण मलयानिल से भयभीत हुए के समान यह सूर्य कुबेर की उत्तर दिशा को आश्रय करने के लिए वसन्त समय में प्रयत्न कर रहा है ॥१६॥

भावार्थ - वसन्त ऋतु में सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाता है । इस बात को लक्ष्य करके कवि ने उत्प्रेक्षा की है कि वसन्तकाल में दक्षिणी मलयानिल बहने लगता है, उसमें मलयाचल स्थित चन्दन-वृक्षों की सुगन्ध के साथ उन पर लिपटे हुए सर्पों के विश्वास का विष भी मिला हुआ है, वह कहीं मुझ पर कोई दुषप्रभाव न डाले, इसं भय से ही मानों सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर गमन करने लगता है ।

जनीसमाजादरणप्रणेतुरसौ सहाय: स्मरविश्वजेतु: ।
वनीविहारोद्धरणैकहेतुर्वियोगिवर्गाय तु धूमकेतु: ॥१७॥

यह वसन्त-ऋतु स्त्री-समाज में आदर भाव के उत्पन्न करने वाले विश्व-विजेता काम का सहायक (मित्र) है तथा वन-विहार के करने का हेतु है, किन्तु वियोगी जनों के समुदाय को भस्म करने के लिए तो धूमकेतु (अग्नि) ही है ॥१७॥

माकन्दवृन्दप्रसवाभिसर्तु: पिकस्य मोदाभ्युदयं प्रकर्तुम् ।
निभालनीय: कुसुमोत्सवर्तु: सखा सुखाय स्मरभूमिभर्तु: ॥१८॥

आम्र-समूह की प्रसून-मंजरी के अभिसार करने वाले कोयल के हर्ष का अभ्युदय करने के लिए, तथा कामदेव रूपी राजा के सुख को बढ़ाने के लिए पुष्पोत्सव वाली वसन्त ऋतु सखा समझना चाहिए ॥१८॥

भावार्थ - वसन्त ऋतु सभी संसारी जीवों को सुखकर प्रतीत होती है ।

यतोऽभ्युपात्ता नवपुष्पतातिः कन्दर्पभूपो विजयाय याति ।
कुहू करोतीह पिकद्विजातिः स एष संखध्वनिराविभाति ॥१९॥

नवीन पुष्पों के समूह रुप वाणों को लेकर के यह कामरूपी राजा मानों विजय करने के लिए प्रयाण कर रहा है और यह जो कोयल पक्षियों का समूह 'कुहू-कुहू' शब्द कर रहा है, सो ऐसा प्रतीत होता है कि यह कामदेव के विजय-प्रस्थान-सूचक शङ्ख की ध्वनि ही सुनाई दे रही है ॥१९॥

नवप्रसङ्गे परिहृष्टचेता नवां वधूटीमिव कामि एताम् ।
मुहुर्मुहुश्चुम्बति चञ्चरीको माकन्दजातामथ मञ्जरीं को: ॥२०॥

नव-प्रसङ्ग के समय हर्षित चित्त कोई कामी पुरुष जैसे अपनी नवोढा स्त्री का बार-बार चुम्बन लेता है, उसी प्रकार यह चंचरीक (भौंरा) आम्र वृक्ष पर उत्पन्न हुई मंजरी का बार-बार चुम्बन कर रहा है ॥२०॥

आम्रस्य गुञ्जत्कलिकान्तरालेर्नालीकमेतत्सहकारनाम ।
दृग्वर्त्मकर्मक्षण एव पान्था-ङ्गिने परासुत्वभृतो वदाम: ॥२१॥

जिसकी मंजरी के भीतर भ्रमर गुंजार कर रहा है, ऐसे आम्र का 'सहकार' अर्थात् सहकाल (काल-यमराज का साथी) यह नाम असत्य नहीं है, क्योंकि आम का वृक्ष आंख से देखने मात्र से ही पथिक जनों के लिए मरण को करने वाला है, ऐसा हम कहते हैं ॥२१॥

भावार्थ - पुष्प-मंजरी-युक्त आम्र-वृक्ष को देखते ही प्रवासी पथिक जनों को अपनी प्यारी स्त्रियों की याद सताने लगती है ।

सुमोद्गमः स प्रथमो द्वितीयः भृङ्गोरुगीतिर्मरुदन्तकीयः ।
जनीस्वनीतिः स्मरबाणवेशः पिकस्वनः पञ्चम एष शेषः ॥२२॥

कामदेव के पांच बाण माने जाते हैं । उनमें पुष्पों का उद्गम होना यह पहिला बाण है, भ्रमरों की उदार गुंजार यह दूसरा बाण है, दक्षिण दिशा की वायु का संचार यह तीसरा बाण है, स्त्रियों की स्वाभाविक चेष्टा यह चौथा बाण है और कोयलों का शब्द यह पांचवां बाण है ॥२२॥

भावार्थ - वसन्त ऋतु में काम-देव अपने इन पांचों बाणों के द्वारा जगत् को जीतता है ।

अनन्ततां साम्प्रतमासवद्भिः स्मरायुधैः पञ्चतया स्फुरद्भिः ।
विमुक्तया कः समलङ्क्रियेत वियोगिवर्गादपरस्तथेतः ॥२३॥

कवि-मान्यता के अनुसार काम के पांच बाण माने जाते हैं, किन्तु इस वसन्त ऋतु में बाण अनन्तता को प्राप्त हो रहे हैं (क्योंकि चारों ओर पुष्पोद्गम आदि दृष्टिगोचर होने लगता है ।) अतएव काम के बाणों के द्वारा छोड़े गये पंचत्व (पांच संख्या और मृत्यु) से वियोगी जनों को छोड़कर और कौन ऐसा पुरुष है जो कि समलङ्कृत किया जाय। अर्थात् वसन्त काल में वियोगी जन ही काम के बाणों के निशान बनते हैं ॥२३॥

समन्ततोऽस्मिन् सुमनस्त्वमस्तु पुनीतमाकन्दविधायि वस्तु ।
समक्ष माधादतिवर्तमाने तथा पिकस्योदयभृद्विधाने ॥२४॥

हे समक्ष (सम्मुख उपस्थित सुन्दर इन्द्रिय वाले मित्र) ! माघ के पश्चात् आने वाले, आम्र वृक्षों को सफल बनाने वाले और कोयल के आनन्द-विधायक इस फाल्गुण मास या वसन्त काल में सर्व ओर फूलों का साम्राज्य हो रहा है, सो होवे । दूसरा अर्थ - हे समक्षम (सदा क्षमा के धारक) मित्र! पाप से दूर रहने वाले और आत्मकल्याण के विधान को स्वीकार करने वाले इस ऋतुराज वसन्त में लक्ष्मी को बढ़ाने वाला सुमनसपना (देवपना) सहज ही प्रकट हो रहा है ॥२४॥

ऋतुश्रियः श्रीकरणञ्च चूर्णं वियोगिनां भस्मवदत्र तूर्णम् ।
श्रीमीनकेतोर्ध्वजवस्त्रकल्पं पौष्प्यं रजोऽदः प्रसरत्यनल्पम् ॥२५॥

इस वसन्त ऋतु में यह पुष्पों का रज (पराग) सर्व ओर फैल जाता है सो ऐसा प्रतीत होता है, मानों वसन्त लक्ष्मी के मुख की शोभा को बढ़ाने वाला चूर्ण (पाउडर) ही हो, अथवा वियोगी जनों की भस्म ही हो, अथवा श्री मीनकेतु (कामदेव) की ध्वजा का वस्त्र ही हो ॥२५॥

श्रेणी समन्ताद्विलसत्यलीनां पान्थोपरोधाय कशाप्यदीना ।
वेणी वसन्तश्रिय एव रम्याऽसौ श्रृङ्खला कामगजेन्द्रगम्या ॥२६॥

इस वसन्त के समय भौंरो की श्रेणी सर्व ओर दिखाई देती है, वह ऐसी प्रतीत होती है, मानों पथिक जनों के रोकने के लिए विशाल कशा (कोड़ा या हण्टर) ही हो, अथवा वसन्त लक्ष्मी की रमणीय वेणी ही हो, अथवा कामरूपी गजराज के बांधने की सांकल ही हो ॥२६॥

प्रत्येति लोको विटपोक्तिसारादङ्गारतुल्यप्रसवोपहारात् ।
पलाशनामस्मरणादथायं समीहते स्वां महिलां सहायम् ॥२७॥

संसारी जन 'विटप' इस नाम को सुनकर उसे वृक्ष जान उस पर विश्वास कर लेता है किन्तु जब समीप जाता है, तो उसके अंगार-तुल्य (हृदय को जलाने वाले) फूलों के उपहार से शीघ्र ही उसके 'पलाश' (पल-मांस का भक्षण करने वाला) इस नाम के स्मरण से (अपनी रक्षा के लिए) अपनी सहायक स्त्री को याद करने लगता है ॥२७॥

भावार्थ - 'विटप' नाम वृक्ष का भी है और विटजनों के सरदार भडुआ का भी है । पलाश नाम ढाक के वृक्ष का है और मांस भक्षी का भी है ।

मदनमर्मविकाससमन्वितः कुहरितायत एष समुद्धुतः ।
सुरतवारि इवाविरभूत्क्षणः स विटपोऽत्र च कौतुकलक्षणः ॥२८॥

यह वसन्त का समय रति-क्रीड़ा के समान है, क्योंकि रतिकाल में मदन के मर्म का विकास होता है और इस वसन्त में आम्र वृक्ष के मर्म का विकास होता है । रतिकाल में कुहरित (सुरत-शब्द) होता है, इस समय कोयल का शब्द होता है । रतिकाल में विटप (कामी) लोग कौतुकयुक्त होते हैं और वसन्त में प्रत्येक वृक्ष पुष्पों से युक्त होता है ॥२८॥

कलकृतामितिझंकृतनूपुरं क्वणितकिङ्किणिकङ्कृतङ्कणम् ।
मृगदृशां मुखपद्मदिदृक्षया रथमिनः कृतवान् किल मन्थरम् ॥२१॥

इस वसन्त में मीठी बोली बोलने वाली, नूपुरों के झंकार को प्रकट करने वाली, जिनकी करधनी की घंटियां बज रही हैं और जिनके कंकण भी झंकार कर रहे हैं, ऐसी मृगनयनी स्त्रियों के मुख कमल को देखने की इच्छा से ही मानों सूर्य देव ने अपने रथ की गति को मन्द कर दिया है ॥२९॥

भावार्थ - वसन्त काल में सूर्य की गति धीमी हो जाती है, उसे लक्ष्य में रख करके कवि ने यह उत्प्रेक्षा की है ।

ननु रसालदलेऽलिपिकावलिं विवलितां ललितामहमित्यये ।
भुवि वशुकरणोचितयन्त्रक-स्थितिमिमां मदनस्य सुमाशये ॥३०॥

इस वसन्त ऋतु में आम्र वृक्ष के पत्तों पर जो आंकी-बांकी नाना प्रकार की पंक्तियां बना कर भौंरे और कोयल बैठे हुए हैं, वे कोयल और भौंरे नहीं है, किन्तु संसार में लोगों को मोहित करने के लिए फूलों पर लिखे हुए कामदेव के वशीकरण यंत्र ही हैं, ऐसा मैं समझता हूँ ॥३०॥

न हि पलाशतरोर्मुकुलोद्गतिर्वनभुवां नखरक्षतसन्ततिः ।
लसति किन्तु सती समयोचितासुरभिणाऽऽकलिताऽप्यतिलोहिता ॥

बसन्त ऋतु में पलाश (ढ़ाक) का वृक्ष फूलता है, वे उसके फूल नहीं, किन्तु वन-लक्ष्मी के स्तनों पर नख-क्षत (नखों के घाव रूप चिह्न) की परम्परा ही है, जो कि बसन्त रूपी रसिक पुरुष ने उस पर की है, इसी लिए वह अति रक्त वर्ण वाली शोभित हो रही है ॥३१॥

अयि लवङ्गि ! भवत्यपि राजते विकलिते शिशिरेऽपि च शैशवे ।
अतिशयोन्नतिमत्स्तवकस्तनी भ्रमरसङ्गवशान्मदनस्तवे ॥३२॥

अयि लवङ्गलते ! तुम बड़ी सौभाग्यवती हो, क्योंकि तुम्हारा शिशिरकाल रूपी शैशवकाल तो बीत चुका है और अब नव-यौवन अवस्था में पुष्पों के गुच्छों-रूपी उन्नत स्तनों से युक्त हो गई हो, तथा भौंरो के प्रसंग को प्राप्त होकर काम-प्रस्ताव को प्राप्त हो रही हो ॥३२॥

रविरयं खलु गन्तुमिहोद्यतः समभवद्यदसौ दिशमुत्तराम् ।
दिगपि गन्धवहं ननु दक्षिणा वहति विप्रियनिश्वसनं तराम् ॥३३॥

इस वसन्त काल में सूर्य दक्षिण दिशा रूपी स्त्री को छोड़ कर उत्तर दिशा रूपी स्त्री के पास जाने के लिए उद्यत हो रहा है, इसलिए पति-वियोग के दुःख से दुखित होकर के ही मानों दक्षिण दिशा शोक से भरे हुए दीर्घ निःश्वास छोड़ रही है, सो वही निःश्वास दक्षिण वायु के रूप में इस समय वह रहा है ॥३३॥

मुकुलपाणिपुटेन रजोऽब्जिनी दृशि ददाति रुचाऽम्बुजजिद्दृशाम् ।
स्थलपयोजवने स्मरधूर्त्तराड्हरति तद्धृदयद्रविणं रसात् ॥३४॥

जिस वन में गुलाब के पुष्प और लाल कमल फूल रहे हैं, वहां पर कमलिनी तो अपने मुकुलित पाणि- (हस्त) पुट के द्वारा कमल की शोभा को जीतने वाली स्त्रियों की आंखों में पुष्प-पराग रूपी

धूल को झोंक रही है और कामदेव रूपी धूर्तराज चोर अवसर देखकर उनके हृदयरूपी धन को चुरा रहा है ॥३४॥

अभिसरन्ति तरां कुसुमक्षणे समुचिताः सहकारगणाश्च वै ।
रुचिरतामिति कोकिलपित्सतां सरसभावभृतां मधुरारवैः ॥३५॥

इस वसन्त समय में आम्र वृक्ष अपने ऊपर आकर बैठे हुए और सरस भाव को धारण करने वाले कोयल पक्षियों के मधुर शब्दों के द्वारा मानों रुचिरता (रमणीयता) का ही अभिसरण कर रहे हैं ॥३५॥

विरहिणी-परितापकरोऽकरोद्यदपि पापमिहापरिहारभृत् ।
तदघमद्य विपद्यत एषको लगदलिव्यपदेशतया दधत् ॥३६॥

विरहिणी स्त्रियों को सन्ताप पहुँचा कर इस वसन्त काल ने जो अपरिहरणीय ऐसा निकाचित पाप उपार्जन किया है, वह उदय में आकर आज संलग्न इन भौरों के बहाने मानों इस वसन्त को दुखी कर रहा है ॥३६॥

ऋद्धिं वारजनीव गच्छति वनी सैषान्वहं श्रीभुवं,
तुल्यः स्तेनकृता प्रतर्जति खरैः पान्थान् शरैः रागदः ।
संसारे रसराज एत्यतिथिसान्नित्यं प्रतिष्ठापनं,
नर्मश्रीऋतु कौतुकीव सकलो बन्धुर्मुदं याति नः ॥३७॥

इस समय यह वनस्थली वेश्या के समान प्रतिदिन लक्ष्मी से सम्पन्न समृद्धि को प्राप्त हो रही है, राग को उत्पन्न करने वाला यह कामदेव इस समय चोर के समान आचरण करता हुआ पथिक-जनों को अपने तीक्ष्ण वाणों से बिद्ध कर रहा है, रसों का राजा जो शृङ्गार रस है, वह इस समय संसार में सर्वत्र अतिथि रूप से प्रतिष्ठा को पा रहा है, और हमारा यह समस्त बन्धु-जन-समूह विनोद करने वाले वसन्तश्री के कौतुक करने वाले विदूषक के समान हर्ष को प्राप्त हो रहा है ॥३७॥

चैत्रशुक्लपक्षत्रिजयायां सुतमसूत सा भूपतिजाया ।
उत्तमोच्चसकलग्रहनिष्ठे समये मौहूर्तिकोपदिष्टे ॥३८॥

चैत्र शुक्ला तीसरी जया तिथि अर्थात् त्रयोदशी के दिन, जब कि सभी उत्तम ग्रह उच्च स्थान पर अवस्थित थे और जिस समय को ज्योतिषीगण सर्वोत्तम बतला रहे थे-ऐसे उत्तम समय में सिद्धार्थ राजा की रानी इस प्रियकारिणी देवी ने पुत्र को जना ॥३८॥

रविणा ककुविन्द्रशासिका स्फुटपाथोजकुलेन वापिका ।
नवपल्लवतो यथा लता शुशुभे साऽऽशु शुभेन वा सता ॥३९॥

वह रानी उत्पन्न हुए उस सुन्दर शिशु के द्वारा ऐसी शोभित हुई जैसे कि सूर्य के द्वारा इन्द्रशासित पूर्व दिशा, विकसित कमल-समूह से वापिका और नव-पल्लवों से लता शोभित होती है ॥३९॥

सदनेकसुलक्षणान्विति-तनयेनाथ लसत्तमस्थितिः ।
रजनीव जनी महीभुजः शशिनाऽसौ प्रतिकारिणी रुजः ॥४०॥

उस समय वह उत्तम स्थिति प्राप्त राजा की रानी रजनी के समान शोभित हुई । जैसे रात्रि विकसित अनेक नक्षत्रों के साथ चन्द्र से युक्त होकर शोभित होती है, उसी प्रकार रानी उत्तम अनेक शुभ लक्षण वाले पुत्र से प्रसन्न हो रही थी । जैसे चांदनी रात भय रूप रोग का प्रतीकार करती है, उसी प्रकार यह रानी संसार के भय को मिटाने वाली है ॥४०॥

सौरभावगतिस्तस्य पद्मस्येव वपुष्यभूत् ।
याऽसौ समस्तलोकानां नेत्रालिप्रतिकर्षिका ॥४१॥

उस उत्पन्न हुए पुत्र के शरीर से पद्म के समान सौरभ (सुगन्ध) निकल रहा था, और दूसरा अर्थ यह कि वह स्वर्ग से आया है, ऐसा स्पष्ट ज्ञात हो रहा था । इसीलिए वह पुत्र के शरीर से निकलने वाली सौरभ-सुगन्धि समस्त दर्शक लोगों के नेत्र रूपी भौंरो को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी ॥४१॥

शुक्ते मौक्तिकवत्तस्या निर्मलस्य वपुष्मतः ।
सद्भिरादरणीयस्योद्भवतोऽपि पवित्रता ॥४३॥

जिस प्रकार सीप से उत्पन्न हुआ मोती स्वभाव से निर्मल, सत्पुरुषों से आदरणीय और पवित्र होता है, उसी प्रकार उस रानी से उत्पन्न हुए इस पुत्र के भी निर्मलता, सन्तों के द्वारा आदरणीयता और स्वभावतः पवित्रता थी ॥४२॥

रत्नानि तानि समयत्रयमुत्तराशा -
धीशो ववर्ष खलु पञ्चदशेति मासान् ।
अद्याथ इत्थमिह सोऽद्य भुवि प्रतीत -
एषोऽपि सन्मणिरभूत् त्रिशलाखनीतः ॥४३॥

जिस महापुरुष के आगमन के उपलक्ष्य में उत्तर दिशा का स्वामी कुबेर जैसे इस भूतल पर पन्द्रह मास तक प्रतिदिन तीन बार उन उत्तम रत्नों की वर्षा करता रहा है, उसी प्रकार यह मणियों में भी महामणि स्वरूप सर्वोत्कृष्ट नर-रत्न आज त्रिशला देवी की खानि रूप कूंख से उत्पन्न हुआ ॥४३॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं –

वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ॥

तेनास्मिन् रचिते यथोक्तकथने सर्गः षडेवं स्थितिः –

राद्यर्तोरभिसङ्गमे जिनपतेरुत्पत्तिरासीदिति ॥६॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस काव्य में वसन्त ऋतु में जिनपति वीर भगवान् की उत्पत्ति का वर्णन करने वाला यह छठा सर्ग समाप्त हुआ ॥६॥

✣ ✣ ✣

अथ सप्तमः सर्गः

अथ जन्मनि सन्मनीषिणः प्रससाराप्यभितो यशःकिणः ।
जगतां त्रितयस्य सम्पदा क्षुभितोऽभूत्प्रमदाम्बुधिस्तदा ॥१॥

इस समय सन्मनीषी भगवान् का जन्म होने पर उनके यश का पूर चारों ओर फैल गया । उस समय तीनों जगत् की सम्पदा से आनन्द रूप समुद्र क्षोभित हो गया । अर्थात् सर्वत्र आनन्द फैल गया ॥१॥

पटहोऽनददद्रिशासिनां भुवि घण्टा ननु कल्पवासिनाम् ।
उरगेषु च शंखसद्ध्वनिर्हरिनादोऽपि नभश्चराध्वनि ॥२॥

उस समय पर्वत के पक्ष-शातन करने वाले व्यन्तरों के गृहों में भेरी का निनाद (उच्च शब्द) होने लगा । कल्पवासी देवों के विमानों में घण्टा का नाद हुआ, भवनवासी देवों के भवनों में शंखों की ध्वनि हुई और ज्योतिषी देवों के विमानों में सिंहनाद होने लगा ॥२॥

न मनागिह तेऽधिकारिता नमनात्स्वीकुरु किन्तु सारिताम् ।
जिनजन्मनि वेत्थमाह रे प्रचलद्वै हरिविष्टरं हरेः ॥३॥

उस समय जिन भगवान् का जन्म होने पर इन्द्र का सिंहासन कम्पायमान हुआ, मानों वह यह कह रहा था कि हे हरे ! अब इस पर बैठे रहने का तेरा कुछ भी अधिकार नहीं है । अब तू भगवान् के पास जाकर और उन्हें नमस्कार कर अपने जीवन को सफल बना ॥३॥

न हि पञ्चशतीद्वयं दृशां क्षममित्यत्र किलेति विस्मयात् ।
अवधिं प्रति यत्नवान भूदवबोद्धुं द्युसदामयं प्रभुः ॥४॥

उस समय देवों का स्वामी यह इन्द्र मेरे ये सहस्र नेत्र भी सिंहासन के हिलने का कारण जानने में समर्थ नहीं है, यह देखकर ही मानों आश्चर्य से यथार्थ रहस्य जानने के लिए अवधिज्ञान का उपयोग करने को प्रयत्नशील हुआ ॥४॥

अवबुध्य जनुर्जिनेशिनः पुनरुत्थाय ततः क्षणादिनः ।
प्रणनाम सुपर्वणां सतां गुणभूमिर्हि भवेद्विनीतता ॥५॥

अवधिज्ञान से जिनेन्द्र देव का जन्म जानकर तत्काल अपने सिंहासन से उठकर देवों के स्वामी उस इन्द्र ने (जिस दिशा में भगवान् का जन्म हुआ था, उस दिशा में सात पग आगे जाकर भगवान्

को (परोक्ष) नमस्कार किया । सो यह ठीक ही है, क्योंकि विनीतता अर्थात् सज्जनों के गुणों के प्रति आदरभाव प्रकट करना ही समस्त गुणों का आधार है ॥५॥

जिनवन्दनवेदिडिण्डिमं स मुदा दापितवान् जवादिमम् ।
प्रतिपद्य समाययुः सुरा असुरा अप्यखिला निजात्पुरात् ॥६॥

उस इन्द्र ने हर्षित होकर तत्काल जिन-वन्दना को चलने की सूचना देने वाली ढिंढोरी दिलवाई और उसे सुनकर सभी सुर और असुर शीघ्र अपने-अपने पुरों से आकर एकत्रित हुए ॥६॥

निरियाय स नाकिनायकः सकलामर्त्यनिरुक्तकायकः ।
निजपत्तनतोऽधुना कृती नगरं कुण्डननामकं प्रति ॥७॥

पुनः वह कृती देवों का स्वामी सौधर्म इन्द्र सर्व देव और असुरों से संयुक्त होकर अपने नगर से कुण्डनपुर चलने के लिए निकला ॥७॥

प्रततानुसृतात्मगात्रकैरमरैर्हस्तितपुष्पपात्रकैः ।
सह नन्दनसम्पदप्यभूद्विरहं सोढुमिवाथ चाप्रभुः ॥८॥

जिनके शरीर आनन्द से भरपूर हैं और जिनके हाथों में पुष्पों के पात्र हैं, ऐसे देवों के साथ नन्दनवन की सम्पदा भी चली । मानों विरह को सहने के लिए असमर्थ होकर ही साथ हो ली है ॥८॥

कबरीव नभोनदीक्षिता प्रजरत्याः स्वरधिश्रियोहिता ।
स्फटिकाश्मविनिर्मितस्थलीव च नाकस्य विनिश्चलावलिः ॥९॥

मध्यलोक को आते हुए उन देवों ने मार्ग में नभोनदी (आकाश गंगा) को देखा, जो ऐसी प्रतीत होती थी मानों अत्यन्त वृद्ध देव-लक्ष्मी की वेणी ही हो, अथवा स्फटिक मणियों से रचित स्वर्ग-लोक के मुख्य द्वार की निश्चलता को प्राप्त देहली ही हो ॥९॥

अरविन्दधिया दधद्रविं पुनरैरावण उष्णसच्छविम् ।
धुतहस्ततयात्तमुत्यजन्नयद्धास्यमहो सुरव्रजम् ॥१०॥

पुनः आगे चलते हुए इन्द्र के ऐरावत हाथी ने कमल समझ करके सूर्य को अपनी सूंड से उठा लिया और उसे उष्णता-युक्त देखकर तुरन्त ही सूंड को झड़का कर उस ग्रहण किए हुए सूर्य को छोड़ दिया और इस प्रकार उसने देव-समूह को हंसा दिया ॥१०॥

झषकर्कटनक्रनिर्णये वियदब्धावुत तारकाचये ।
कुवलप्रकरान्वये विधुं विबुधाः कौस्तुभमित्थमभ्यधुः ॥११॥

मीनों, केंकड़ों और नाकुओं का निश्चय है जहां ऐसे आकाश रूप समुद्र में मोतियों का अनुकरण ताराओं का समूह कर रहा है । वहीं पर देव लोगों ने चन्द्रमा को यह कौस्तुभमणि है, ऐसा कहा ॥११॥

भावार्थ - जैसे समुद्र में मीन, कर्कट और मकरादि जल-जन्तु एवं मौक्तिक कौस्तुभमणि आदि होते हैं, उसी प्रकार देव लोगों ने आकाश को ही समुद्र समझा, क्योंकि वहां उन्हें मीन, मकर आदि राशि वाले ग्रह दिखाई दिये ।

पुनरेत्य च कुण्डिनं पुराधिपुरं त्रिक्रमणेन ते सुराः ।
उपतस्थुरमुष्य गोपुराग्रभुवीत्थं जिनभक्तिसत्तुराः ॥१२॥

पुनः जिन-भक्ति में तत्पर वे देव लोग कुण्डनपुर नगर आकर और उसे तीन प्रदक्षिणा देकर उस नगर के गोपुर की अग्रभूमि पर उपस्थित हुए ॥१२॥

प्रविवेश च मातुरालयमपि मायाप्रतिरूपमन्वयम् ।
विनिवेश्य तदङ्गतः शची जिनमेवापजहार शुद्धचित् ॥१३॥

पुनः इन्द्राणी ने माता के सौरि-सदन में प्रवेश किया । और मायामयी शिशु को माता के पास रखकर उनके शरीर के समीप से वह शुद्ध चित्तवाली शची जिन भगवान् को उठा लाई ॥१३॥

हरये समदाज्जिनं यथाऽम्बुधिवेलागतकौस्तुभं तथा ।
अवकृष्य सुभक्तितोऽचिरात् त्रिशलाया उदितं शचीन्दिरा ॥१४॥

पुनः उस शची रूपी लक्ष्मी ने समुद्र की वेला को प्राप्त हुए कौस्तुभमणि के समान त्रिशला माता से प्रगट हुए जिन भगवान् को लाकर शीघ्र ही अति भक्ति से हरि रूप इन्द्र को सौंप दिया ॥१४॥

जिनचन्द्रमसं प्रपश्य तं जगदाह्लादकरं समुन्नतम् ।
करकञ्जयुगं च कुड्मलीभवदिन्द्रस्य बभौ किलाऽच्छलि ॥१५॥

जगत् को आह्लादित करने वाले पूर्णमासी के चन्द्रमा के समान समुन्नत जिन चन्द्र को देखकर इन्द्र के छल-रहित कर कमल-युगल मुकुलित होते हुए शोभा को प्राप्त हुए ॥१५॥

भावार्थ - चन्द्र को देखकर जैसे कमल संकुचित हो जाते हैं, उसी प्रकार भगवान् रूप चन्द्रमा को देखकर इन्द्र के हस्त रूप कमल युगल भी संकुचित हो गये (जुड़ गये) । अर्थात् इन्द्र ने हाथ जोड़कर भगवान् को नमस्कार किया ।

बृहदुन्नतवंशशालिनः शिरसीत्थं मुकुटानुकालिनम् ।
समरोपयदेष सम्पतं पुनरैरावणवारणस्य तम् ॥१६॥

पुनः इस इन्द्र ने बड़े उन्नत वंशवाली ऐरावत हाथी के सिर पर मुकुट का अनुकरण करने वाले उन जिन भगवान् को विराजमान किया ॥१६॥

सुरशैलमुपेत्य ते पुनर्जिनजन्माभिषवस्य वस्तुनः ।
विषयं मनसाऽथ मुद्धुरा परिकर्तुं प्रतिचक्रिरे सुराः ॥१७॥

पुनः वे सब देव सुरशैल (सुमेरु) को प्राप्त होकर भगवान् को जन्माभिषेक का विषय बनाने के लिये अर्थात् अभिषेक करने के लिए हर्षित चित्त से उद्यत हुए ॥१७॥

सुरदन्तिशिरःस्थितोऽभवद् घनसारे स च केशरस्तवः ।
शरदभ्रसमुच्चयोपरि परिणिष्टस्तमसां स चाप्यरिः ॥१८॥

उस समय सुरगज ऐरावत के शिर पर अवस्थित भगवान् ऐसे शोभित हुए, मानों कर्पूर के समूह पर केशर का गुच्छक ही अवस्थित हो । अथवा शरत्कालीन शुभ्र मेघपटल के ऊपर अन्धकार का शत्रु सूर्य ही विराजमान हो ॥२८॥

वनराजचतुष्टयेन यः पुरुषार्थस्य समर्थिना जयन् ।
प्रतिभाति गिरीश्वरः स च सफलच्छायविधिं सदाचरन् ॥१९॥

पुरुष के चार पुरुषार्थों को समर्थन करने वाले चार वनराजों से विजयी होता हुआ वह गिरिराज सुमेरु सदा फल और छाया की विधि को आचरण-सा करता हुआ प्रतिभासित हो रहा था ॥१९॥

भावार्थ - जैसे कोई पुरुष चारों पुरुषार्थ को करता हुआ सफल जीवन-यापन करता है, उसी प्रकार यहां सुमेरु भी चारों ओर वनों से संयुक्त होकर नाना प्रकार के फलों और छाया को प्रदान कर रहा है, ऐसी उत्प्रेक्षा यहां कवि ने की है ।

जिनसद्मसमन्वयच्छलाद् धृतमूर्तीनि विभर्ति यो बलात् ।
अपि तीर्थकरत्वकारणान्युपयुक्तानि गतोऽत्र धारणाम् ॥२०॥

जिन-भवनों ने समन्वय के छल से मानों यह सुमेरु तीर्थङ्कर पद के कारण-भूत सोलह कारण भावनाओं का ही हठात् मूर्ति रूप को धारण कर शोभित हो रहा है ॥२०॥

भावार्थ - सुमेरु पर्वत पर अवस्थित सोलह जिनालयों को लक्ष्य करके कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

निजनीतिचतुष्टयान्वयं गहनव्याजवशेन धारयन् ।
निखिलेष्वपि पर्वतेष्वयं प्रभुरूपेण विराजते स्वयम् ॥२१॥

अपनी नीति-चतुष्टय (आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति या साम, दाम, दंड और भेद) को चार वनों के ब्याज से धारण करता हुआ यह सुमेरु समस्त पर्वतों में स्वयं स्वामी रूप से विराजमान है, ऐसा मै समझता हूँ ॥२१॥

गुरुमभ्युपगम्य गौरवे शिरसा मेरुरुवाह संस्तवे ।
प्रभुरेष गभीरताविधेः स च तन्वा परिवारितोऽब्धिनिधेः ॥२२॥

जन्माभिषेक के उत्सव के समय जिन-भगवान् की गुण-गरिमा को देखकर सुमेरु ने जगद्-गुरु भगवान् को अपने शिर पर धारण किया । तथा यह भगवान् गम्भीरता रूप विधि के स्वामी हैं, ऐसा समझकर क्षीर सागर ने अपने जल रूप शरीर से भगवान् का अभिषेक किया ॥२२॥

भावार्थ - सुमेरु का गौरव और समुद्र की गंभीरता प्रसिद्ध है । किन्तु भगवान् को पाकर दोनों ने अपना अहंकार छोड़ दिया ।

अतिवृद्धतयेव सन्निधिं समुपागन्तुमशक्यमम्बुधिम् ।
अमराः करुणापरायणाः समुपानिन्युरथात्र निर्घृणाः ॥२३॥

पुनः अत्यन्त वृद्ध होने से भगवान् के समीप आने को असमर्थ ऐसे क्षीर सागर को ग्लानि-रहित और करुणा में परायण वे अमरगण उसे भगवान् के पास लाये ॥२३॥

भावार्थ - देवगण भगवान् के अभिषेक करने के लिए क्षीरसागर का जल लाये । उसे लक्ष्य करके कवि ने यह उत्प्रेक्षा की है, कि वह अति वृद्ध होने से स्वयं आने में असमर्थ था, सो जल लाने के बहाने से मानों वे क्षीर सागर को ही भगवान् के समीप ले आये हैं ।

अयि मञ्जुलहर्युपाश्रितं सुरसार्थप्रतिसेवितं हितम् ।
निजसद्मवदम्बुधिं क्षणमनुजग्राह च देवतागणः ॥२४॥

हे मित्र ! सुन्दर लहरियों से संयुक्त और सुरस जल रूप अर्थ से, अथवा देव-समूह से सेवित, हितकारी उस क्षीर सागर की आत्मा का उन देवगणों ने अपने भवन के समान ही अनुग्रह किया ॥२४॥

समुदालकुचाञ्चितां हितां नितरामक्षतरूपसम्मिताम् ।
तिलकाङ्कितभालसत्पदामनुगृह्णात्युदधेः स्म सम्पदाम् ॥२५॥

वे देवतागण उदार लीची वृक्षों से युक्त, अखरोट या बहेड़ों के वृक्षों वाली, तथा तिलक जाति के वृक्षों की पंक्ति वाले समुद्र के तट की सम्पदा का निरीक्षण कर रहे थे । इसका दूसरा अर्थ स्त्री

पक्ष में इस प्रकार लेना चाहिए कि उठे हुए कुचों वाली, अखण्ड रूप-सौन्दर्य की धारक, तथा मस्तक पर तिलक लगाये हुए, ऐसी स्त्री के समान समुद्र की तट-सम्पदा को देवताओं ने देखा ॥२५॥

प्रततावलिसन्ततिस्थितिमिति वा नीरदलक्षणान्वितिम् ।
प्रविवेद च देवता ततः विशदाक्षीरहितस्य तत्त्वतः ॥२६॥

देवों ने उस क्षीर सागर को एक वृद्ध पुरुष के समान अनुभव किया। जैसे वृद्ध पुरुष बलियों (बुढ़ापे में होने वाली शरीर की झुर्रियों) से युक्त होता है, उसी प्रकार यह समुद्र भी विस्तृत तंरगों की मालाओं से युक्त है। वृद्ध पुरुष जैसे बुढ़ापे में दन्त-रहित मुख वाला हो जाता है, उसी प्रकार यह क्षीर सागर भी जन्माभिषेक के समय नीर-दल (जलांश) के प्रवाह रुप से युक्त हो रहा है। वृद्ध पुरुष जैसे बुढ़ापे में विशद-नयन वाली नायिका से रहित होता है, उसी प्रकार यह समुदर भी विशद क्षीर-(दुग्ध) तुल्य रस वाला है। अतएव देवों ने उस क्षीर सागर को एक वृद्ध पुरुष के समान ही समझा ॥२६॥

मृदुपल्लवरीतिधारिणी मदनस्यापि विकासकारिणी ।
शरजातिविलग्नसम्पदा सुखमेतत्प्रणतिः सुरेष्वदात् ॥२७॥

कोमल पत्रों की रीति की धारण करने वाली तथा कोमल चरणों वाली काम की एवं आम्र वृक्ष की विकास-कारिणी शरजाति के घास विशेष से युक्त और बाण के समान कृश उदर वाली ऐसी उस क्षीर सागर की वेला देवों में सुख की देने वाली हुई ॥२७॥

सुरसार्थपतिं तमात्मनः प्रभुमित्येत्य सुपर्वणां गणः ।
वहति स्म शिरस्सु साम्प्रत-मभितो वृद्धमवेत्य तं स्वतः ॥२८॥

उस देव-समूह ने सुरस (उत्तम-जल) रूप अर्थ के स्वामी, अथवा देव-समुदाय के स्वामी उसे अपना प्रभु इन्द्र जानकर तथा, सर्व ओर से वृद्ध हुए ऐसे क्षीर सागर को अपने शिरों पर धारण किया ॥२८॥

भावार्थ -वे देवगण क्षीर सागर का जल कलशों में भर कर और अपने मस्तकों पर रख कर लाये।

जिनराजतनुः स्वतः शुचिस्तदुपायेन जलस्य सा रुचिः ।
जगतां हितकृद् भवेदिति हरिणाऽकारि विभोः सवस्थितिः ॥२९॥

यद्यपि जिनराज का शरीर स्वतः स्वभाव पवित्र था, तथापि इस जल को भी भगवान् के शरीर के सम्पर्क से पवित्रता प्राप्त हो और यह सर्व जगत् का हितकारक हो जाय, यह विचार कर इन्द्र ने भगवान् का अभिषेक किया ॥२९॥

सुरपेण सहस्रसंभुजैरभिषिक्तः सहसा स नीरुजैः ।
न मनागपि खिन्नतां गतः सहितस्तीर्थंकरत्वतो यतः ॥३०॥

इन्द्र ने अपनी सहज नीरोग सहस्र भुजाओं से सहसा (एक साथ ही एक हजार कलशों से) अभिषेक किया, किन्तु बाल रूप भगवान् जरा-सी भी खिन्नता को प्राप्त नहीं हुए । सो यह उनकी तीर्थङ्कर प्रकृति-युक्त होने का प्रताप है ॥३०॥

कुसुमाञ्जलिवद्बभूव साऽम्बुततिः पुष्टतमेऽतिसरंसात् ।
निजगाद स विस्मयो गिरा भुवि वीरोऽयमितीह देवराट् ॥३१॥

अत्यन्त पुष्ट अर्थात् वज्रमयी भगवान् के शरीर पर अत्यन्त उत्साह से छोड़ी गई वह विशाल जल की धारा पुष्पों की अञ्जलि के समान प्रतीत हुई । उसी समय देवराज इन्द्र ने आश्चर्य-चकित होकर परम हर्ष से 'यह वीर जिनेन्द्र हैं' ऐसा अपनी वाणी से कहा ॥३१॥

परितः प्रचलज्जलच्छलान्निखिलाश्चापि दिशः समुज्ज्वलाः ।
स्मितयुक्तमुखा इवाबभुरभिषिक्तः स यदा जिनप्रभुः ॥३२॥

जिस समय श्री जिनप्रभु का अभिषेक किया गया । उस समय सर्व ओर फैलते हुए जल के बहाने से मानों सभी दिशाएँ अति उज्ज्वल मन्द हास्य युक्त मुख वाली सी शोभित हुई ॥३२॥

तरलस्य ममाप्युपायनं प्रभुदेहं दिवसेऽद्य यत्पुनः ।
जलमुच्चलमाप तावतेन्द्रपुरं सम्प्रति हर्षसन्ततेः ॥३३॥

आज के दिन अति चंचल भी मैं भगवान् की देह का उपहार बना, यह सोच करके ही मानों क्षीर सागर का वह जल अपनी हर्ष परम्परा से इन्द्र के पुर तक ऊपर पहुँचा ॥३३॥

शशिनाऽऽप विभुस्तु काञ्चन-कलशाली सह सन्ध्यया पुनः ।
प्रसरज्जलसन्ततिः सतां हृदये चन्द्रिकया समानताम् ॥३४॥

अभिषेक के समय भगवान् ने तो चन्द्र के साथ, सुवर्ण कलशों की पंक्ति ने सन्ध्या के साथ और फैलते हुए जल की परम्परा ने चन्द्रिका के साथ सज्जनों के हृदय में समानता प्राप्त की ॥३४।

कथमस्तु जडप्रसङ्गताऽखिलविज्ञानविधायिना सता ।
सह चेति सुरेशजायया स पुनः प्रोञ्छित ईश्वरो रयात् ॥३५॥

समस्त विज्ञान के विधायक इन संत भगवान् के साथ जड़ (जल और मूर्ख मनुष्य) का प्रसंग कैसे होवे, ऐसा विचार करके ही मानों इन्द्र की इन्द्राणी ने भगवान् के शरीर को शीघ्रता से पोंछ दिया ॥३५॥

स्फटिकाभकपोलके विभोः स्वदृगन्तं प्रतिबिम्बितं च भोः ।
परिमार्जितुमाहता शची व्यतरत्सत्स्वथ सस्मितां रुचिम् ॥३६॥

भगवान् के स्फटिक मणि के तुल्य स्वच्छ कपोल पर प्रतिबिम्बित अपने कटाक्ष को (यह कोई कालिमा लग रही है, यह समझ करके) बार-बार परिमार्जन करने को उद्यत उस इन्द्राणी ने देवों में मन्द हास्य-युक्त शोभा को प्रदान किया ॥३६॥

भावार्थ- भगवान् के कपोल पर प्रतिबिम्बत अपने ही कटाक्ष को भ्रम से बार-बार पोंछने पर भी उसके नहीं मिटने पर देवगण इन्द्राणी के इस भोलेपन पर हंसने लगे ।

प्रीतिमात्रावगम्यत्वात्तमिदानीं पुलोमजा ।
भूषणैर्भूषयामास जगदेकविभूषणम् ॥३७॥

यद्यपि, भगवान् सहज ही अति सुन्दर थे, तथापि नियोग को पूरा करने के लिए इस समय हर्षित इन्द्राणी ने जगत् के एक मात्र (अद्वितीय) आभूषण-स्वरूप इन भगवान् को नाना प्रकार के भूषणों से विभूषित किया ॥३७॥

कृत्वा जन्ममहोत्सवं जिनपतेरित्थं सुरा सादरं,
श्लाघाऽधीनपदैः प्रसाद्य पितरं सम्पूज्य वा मातरम् ।
सम्पोष्यापि पुरप्रजाः सुललितादानन्दनाटचादरं,
स्वं स्वं धाम ययुः समर्प्य जिनपं श्रीमातुरङ्के परम् ॥३८॥

इस प्रकार आदर के साथ सर्व देवगण जिनपति वीर भगवान् के जन्माभिषेक का महान् उत्सव करके और अत्यन्त प्रशसनीय वचनों से सिद्धार्थ पिता को प्रसन्न कर तथा त्रिशला माता की पूजा करके, एवं अपने सादर किये हुए आनन्द नाटक (ताण्डव नृत्य) से पुरवासी लोगों को आनन्दित करके और माता की गोद में भगवान् जिनेन्द्र को सौंप करके अपने-अपने स्थान को गये ॥३८॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
आगत्याथ सुरैरकारि च विभोर्मेरौ समासेचन,
मित्यस्याभिनिवेदितऽत्र निरगात्सर्गो नयप्रार्थनः ॥७॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणी-भूषण, बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस काव्य में वीर भगवान् के जन्माभिषेक का वर्णन करने वाला यह नयों की संख्या वाला सातवां सर्ग समाप्त हुआ ॥७॥

❖ ❖ ❖

अथ अष्टमः सर्गः

पितापि तावदावाञ्छीत् कर्तुं जन्ममहोत्सवम् ।
किमु सम्भवतान्मोदो मोदके परभक्षिते ॥१॥

अथानन्तर पिता श्री सिद्धार्थ ने भी भगवान् के जन्म-महोत्सव को करने की इच्छा की । सो ठीक ही है, क्योंकि दूसरे के द्वारा मोदक (लड्डू) के खाये जाने पर क्या दर्शक को भी मोदक खाने जैसा प्रमोद संभव है ? कभी नहीं ॥१॥

समभ्यवाञ्छि यत्तेन प्रागेव समपादि तत् ।
देवेन्द्रकोषाध्यक्षेण वाञ्छा वन्ध्या सतां न हि ॥२॥

सिद्धार्थ ने वीर भगवान् के जन्म महोत्सव मनाने के लिए जो-जो सोचा, उसे इन्द्र के कोषाध्यक्ष कुबेर ने सोचने से पहिले ही सम्पादित कर दिया । सो ठीक ही है, क्योंकि सुकृतशालियों की वांछा कभी बन्ध्या (व्यर्थ) नहीं होती है ॥२॥

सुधाश्रयतया ख्यातं चित्रादिभिरलङ्कृतम् ।
रेखानुविद्धधामापि स्वर्गवत्समभात्पुरम् ॥३॥

चूने की सपेदी के आश्रय से उज्जवल, नाना प्रकार के चित्र आदि से अलंकृत, एक पंक्ति-बद्ध भवन वाला वह नगर स्वर्ग के समान सुशोभित हुआ । जैसे स्वर्ग सुधा (अमृत) से, चित्रा आदि अप्सराओं से और लेखों (देवों) से युक्त रहता है ॥३॥

मानोन्नता गृहा यत्र मत्तवारणराजिताः ।
विशदाम्बरचुम्बित्वात्सम्बभूवुर्नृपा इव ॥४॥

वहां पर अपनी ऊंचाई से उन्नत सुन्दर बरामदों से शोभित भवन निर्मल आकाश को चूमने वाले होने से राजाओं के समान प्रतीत हो रहे थे । जैसे राजा लोग निर्मल वस्त्र के धारक, मदोन्मत्त गज सेना से युक्त एवं सन्मान से संयुक्त होते हैं ॥४॥

नटतां सटतामेवं दधत्संकटतामपि ।
असंकटमभूद्राजस्थानं निर्दोषदर्शनम् ॥५॥

नृत्य करते हुए नर्तकों से और आने-जाने वाले लोगों से संकटपने को (भीड़-भाड़ को) धारण करता हुआ भी वह राज-भवन संकट रहित और निर्दोष दिखाई दे रहा था ॥५॥

श्रिया सम्वर्धमानन्तमनुक्षणमपि प्रभुम् ।
श्रीवर्धमाननामाऽयं तस्य चक्रे विशाम्पतिः ॥६॥

सिद्धार्थ राजा ने प्रतिक्षण श्री अर्थात् शारीरिक सौन्दर्य से वृद्धिंगत होते हुए उन प्रभु का 'श्री वर्धमान' यह नाम रखा ॥६॥

इङ्गितेन निजस्याथ वर्धयन्मोदवारिधिम् ।
जगदाह्लादको बालचन्द्रमाः समवर्धत ॥७॥

अथानन्तर अपने इंगित से अर्थात् बाल-सुलभ नाना प्रकार की चेष्टा रूप क्रिया-कलाप से जगत् को आह्लादित करने वाले वे बाल चन्द्र-स्वरूप भगवान् संसार में हर्ष रूपी समुद्र को बढ़ाते हुए स्वयं बढ़ने लगे ॥७॥

रराज मातुरुत्सङ्गे महोदारविचेष्टितः ।
क्षीरसागरवेलाया इवाङ्के कौस्तुभो मणिः ॥८॥

महान् उदार-चेष्टाओं को करने वाले वे भगवान् माता की गोद में बैठकर इस प्रकार से शोभित होते थे, जिस प्रकार से कि क्षीरसागर की वेला के मध्यभाग पर अवस्थित कौस्तुभमणि शोभित होता है ॥८॥

अगादपि पितुः पार्श्वे उदयाद्रेरिवांशुमान् ।
सर्वस्य भूतलस्यायं चित्ताम्भोजं विकासयन् ॥९॥

कभी-कभी वे भगवान् समस्त भूतलवासी प्राणियों के चित्त रूप कमलों को विकसित करते हुए उदयाचल पर जाने वाले सूर्य के समान पिता के समीप जाते थे ॥९॥

देवतानां कराग्रे तु गतोऽयं समभावयत् ।
वल्लीना पल्लवप्रान्ते विकासि कुसुमायितम् ॥१०॥

देवताओं के हस्तों के अग्रभाग पर अवस्थित वे भगवान् इस प्रकार से सुशोभित होते थे, जिस प्रकार से कि, लताओं के पल्लवों के अन्त में विकसित कुसुम शोभा को धारण करता है ॥१०॥

कदाचिच्चोद्भुवो भालमलञ्चक्रे तदा स्मितम् ।
तदङ्घ्रिनखरश्मीनां व्याजेनाप्याततान सा ॥११॥

कदाचित् पृथ्वी पर खेलते हुए भगवान् उसके मस्तक को इस प्रकार से अलंकृत करते थे, मानों उनके चरणों के नखों की किरणों के बहाने से वह पृथ्वी अपनी मुस्कराहट को ही चारों ओर फैला रही है ॥११॥

यदा समवयस्केषु बालोऽयं समवर्तत ।
अस्य स्फूर्त्तिर्विभिन्नैव काचेषु मणिवत्तदा ॥१२॥

जब यह बाल स्वरूप भगवान् अपने समवयस्क बालकों में खेला करते थे, तो उनकी शारीरिक प्रभा औरों से विशेषता को लिए हुए पृथक ही दिखाई देती थी, जैसे कि काचों के मध्य में अवस्थित मणि की शोभा निराली ही दिखती है ॥१२॥

समानायुष्कदेवौघ-मध्येऽथो बालदेवराट् ।
कालक्षेपं चकारासौ रममाणों निजेच्छया ॥१३॥

इस प्रकार समान अवस्था वाले देव-कुमारों के समूह के बीच अपनी इच्छानुसार नाना प्रकार की क्रीड़ाओं को करते हुए वे देवाधिपति बाल जिनदेव समय व्यतीत कर रहे थे ॥१३॥

दण्डमापद्यते मोही गर्तमेत्य मुहुर्मुहुः ।
महात्माऽनुबभूवेदं बाल्यक्रीडासु तत्परः ॥१४॥

बाल्य-क्रीड़ाओं में तत्पर यह महात्मा वीर प्रभु गिल्ली डण्डा का खेल खेलते हुए ऐसा अनुभव करते थे कि जो मोही पुरुष संसार रूप गड्ढे में गिर पड़ता है, वह बार-बार इस गिल्ली के समान दण्ड को प्राप्त होता है ॥१४॥

भावार्थ - जैसे गड्ढे में पड़ी गिल्ली बार-बार डण्डे से पीटे जाने पर ही ऊपर को उठकर आती है, इसी प्रकार से जो मोही जन संसार रूप गर्त में पड़ जाते हैं, वे बार बार नाना प्रकार के दुःख रूप डण्डों से दण्डित होने पर ही ऊपर आते हैं, अर्थात् अपना उद्धार कर पाते हैं ।

परप्रयोगतो दृष्टेराच्छादनमुपेयुषः ।
शिरस्याघात एव स्याद्दिगान्ध्यमिति गच्छतः ॥१५॥

कभी-कभी आंख-मिचौनी का खेल खेलते हुए वे बाल रूप वीर भगवान् ऐसा अनुभव करते थे कि जो जीव पर-प्रयोग से अपनी दृष्टि के आच्छादन को प्राप्त होता है, अर्थात् अनात्म बुद्धि होकर मोह के उदय से जिसका सम्यग्दर्शन नष्ट हो जाता है, वह दिगान्ध्य होकर शिर के आघात को ही प्राप्त होता है ॥१५॥

भावार्थ - आंख-मिचौनी के समान ही जिस जीव की दृष्टि मोह कर्म के द्वारा आच्छादित रहती है, वह दूसरों से सदा ताड़ना ही पाता है और दिशान्ध होकर इधर-उधर भटकता रहता है ।

नवालकप्रसिद्धस्य बालतामधिगच्छतः ।
मुक्तामयतयाऽप्यासीत्कुवलत्वं न चास्य तु ॥१६॥

यद्यपि वीर भगवान् बालकपन को धारण किये हुए थे, फिर भी वे न बालक प्रसिद्ध थे, अर्थात बालक नहीं थे । यह विरोध हुआ । इसका परिहार यह है कि वे नित बढ़ने वाले नवीन बालों (केशों) से युक्त थे । तथा वे मुक्तामय (मोती रूप) होकर के भी कुवल (मोती) नहीं थे । यह विरोध हुआ। इसका परिहार यह है कि ये भगवान् मुक्त-आमय अर्थात् रोग-रहित थे, अतएव दुर्बल नहीं, अपितु अतुल बलशाली थे ॥१६॥

अतीत्य बाऽलस्यभावं कौमारमतिवर्त्य च ।
समक्षतोचितां काय-स्थितिमाप महामनाः ॥१७॥

उन महामना भगवान् ने आलस्य-रहित होकर, तथा बालकपने को बिताकर, एवं कुमारपने का उल्लघंन कर किन्तु कामदेव की वासना से रहित होकर रहते हुए सुन्दर, सुडौल अवयवों वाली सर्वाङ्ग पूर्ण यौवन अवस्था रूप शारीरिक स्थिति को प्राप्त किया । अर्थात् युवावस्था में प्रवेश किया ॥१७॥

नाभिमानप्रसङ्गे न कासारमधिगच्छता ।
न मत्सरस्वभावत्वमुपादायि महात्मना ॥१८॥

भगवान् उस अवस्था में निरभिमानपने से कासार, अर्थात् आत्म-चिन्तन करते हुए लोगों में मत्सर भाव से रहित थे । दूसरा अर्थ यह है कि अपनी नाभि के द्वारा सौन्दर्य प्रकट करते हुए वे कासार अर्थात सरोवर की उपमा को धारण करते थे ॥१८॥

मृदुपल्लवतां वाचः स्फुरणे च करद्वये ।
शरधिप्रतिमानत्वं चित्ते चोरुयुगे पुनः ॥१९॥

युवावस्था में भगवान् वचन-स्फुरण, अर्थात् बोलने में मृदुभाषिता को और दोनों हाथों में कोमल-पल्लवता (कोंपल समान मृदुता) को, तथा चित्त में और दोनों जंघाओं में शरधि-समानता को धारण करते थे । अर्थात् चित्त में तो शरधि (जलधि) के समान गम्भीरता थी और जंघाओं में शरधि (तूणीर) के समान उतार चढ़ाव वाली मांसलता थी ॥१९॥

व्यासोपसंगृहीतत्वं यस्य वक्षसि वेदवत् ।
स्फुरत्तमः स्वभावत्वं कचवृन्दे च नक्तवत् ॥२०॥

उन भगवान् के वक्षःस्थल में वेद के समान व्यासोपसंगृहीतता थी, अर्थात् जैसे व्यासजी ने वेदों का संकलन किया है, उसी प्रकार भगवान् का वक्षस्थल व्यास वाला था, अर्थात् अति विस्तृत था । उनके केश-समूह में रात्रि के समान स्फुटित-तमःस्वभावता थी, अर्थात् उनके केश चमकदार और अत्यन्त काले थे ॥२०॥

अविकल्पकतोत्साहे सौगतस्येव दर्शने ।
परानुग्रहता यस्य चित्ते बुधनभोगवत् ॥२१॥

सौगत (बौद्ध) के दर्शन के समान भगवान् के उत्साह में निर्विकल्पकता थी, तथा चित्त में बुध नक्षत्र के समान परानुग्रहता थी ॥२१॥

भावार्थ - भगवान् चित्त में उत्साह युक्त रहते हुए भी संकल्प विकल्प रहित थे और वे सदा दूसरों का अनग्रह (उपकार) करने को तत्पर रहते थे ।

सुतरूास्थितिं दृष्ट्वा तदा रामोपयोगिनीम् ।
कन्यासमितिमन्वेष्टुं प्रचक्राम प्रभोः पिता ॥२२॥

उस युवावस्था में अपने पुत्र की रामोपयोगिनी अर्थात् विवाह के योग्य स्थिति को देखकर प्रभु के पिता ने कन्याओं के समूह को ढूंढने का उपक्रम किया । दूसरा श्लिष्ट अर्थ यह है कि आराम (उद्यान) के योग्य सुन्दर तरुओं (वृक्षों) की उपस्थिति को देखकर उसे क-न्यास अर्थात् जल-सिंचन के लिए राजा ने विचार किया ॥२२॥

प्रभुराह निशम्येदं तात ! तावत्किमुद्यते ।
दारुणेत्युदिते लोके किमिष्टेऽहं सदारताम् ॥२३॥

पिता के इस विवाह-प्रस्ताव को सुनकर भगवान् बोले- हे तात । यह आप क्या कहते हैं ? लोक की ऐसी दारुण स्थिति में मैं क्या सदारता को स्वीकार करूं ? दूसरा श्लेषार्थ यह है कि दारु (काष्ठ) से निर्मित इस लोक में सदारता (सदा+अरता) अर्थात् करपत्रता या करोंतपना अंगीकार करूं ? जैसे लकड़ी करोंत से कटकर खंड-खंड हो जाती है, वैसे ही क्या मैं भी सदारता को प्राप्त करके उसी प्रकार की दशा को प्राप्त होऊं ॥२३॥

प्रत्युवाच वचस्तातो जगदीश्वरमित्यदः
नारीं विना क्व नुश्छाया निश्शाखस्य तरोरिव ॥२४॥

भगवान् के उक्त वचन सुनकर पिता ने जगदीश्वर वीर भगवान् से पुनः कहा - नारी के बिना नर की छाया (शोभा) कहां संभव है? जैसे कि शाखा रहित वृक्ष की छाया सम्भव नहीं है ॥२४।

एतद्वचोहिमाऽऽक्रान्त-मनःकमलतां दधत् ।
नानुजानामि माता ते श्वश्रूनाम न सम्वहेत् ॥२५॥

हिम (बर्फ) से आक्रान्त कमल की जैसी दशा हो जाती है, भगवान् के वचन से वैसी ही मनः स्थिति को प्राप्त होते हुए पिता ने पुनः कहा- तुम्हारी माता कभी 'सासू' इस नाम को नहीं धारण करेगी, ऐसा मैं नहीं जानता था ॥२५॥

भावार्थ - मुझे तुमसे यह आशा नहीं थी कि तुम विवाह के प्रस्ताव को इस प्रकार अस्वीकार कर माता को सासू बनाने का अवसर नहीं दोगे ।

किमु राजकुलोत्पन्नो हेतुनापि विनाऽङ्गज ।
युवतीर्थोऽत्र युवतिरहितो भवतादिति ॥२६॥

पिता ने पुनः कहा - हे आत्मज ! बिना किसी कारण के ही क्या राजकुल में उत्पन्न यह युवतीर्थ (युवावस्थारूपी तीर्थ) युवती रहित ही रहेगा ? अर्थात् अविवाहित रहने का तुम्हें कोई कारण ता बतलाना चाहिए ॥२६॥

पुत्रप्रेमोद्भवं मोहं पितुर्ज्ञात्वा प्रभुः पुनः ।
विनयेनेति सम्वक्तुं समारेभे महामनाः ॥२७॥

पिता के पुत्र-प्रेम से उत्पन्न हुए इस मोह को देखकर महामना वीर भगवान् ने पुनः विनय के साथ इस प्रकार कहना प्रारम्भ किया ॥२७॥

करत्रमेकतस्तात परत्र निखिलं जगत् ।
प्रेमपात्रं किमित्यत्र कर्तव्यं ब्रूहि धीमता ॥२८॥

हे तात ! एक ओर कलत्र (स्त्री) है और दूसरी ओर यह सर्व दुःखी जगत् है । हे श्रीमन् इनमें से मैं किसे अपना प्रेम-पात्र बनाऊं ? मेरा क्या कर्तव्य है ? इसे आप ही बतलाइये ॥२८॥

किमस्मदीयबाहुभ्यां प्रियाया गलमालभे ।
धूर्त्तानां पाशतो जन्तून् ताभ्यामुन्मोचयेऽथवा ॥२९॥

क्या मैं अपनी इन समर्थ भुजाओं से प्रिया के गले का आलिङ्गन करुं, अथवा इनके द्वारा धूर्तों के जाल से इन दीन प्राणियों को छुड़ाऊं ॥ (आप ही बतलाइये) ॥२९॥

प्रायोऽस्मिन् भूतले पुंसो बन्धनं स्त्रीनिबन्धनम्
यदभावे परं किञ्चित् सम्भवेच्च न बन्धनम् ॥३०॥

प्रायः इस भूतल पर पुरुष के स्त्री का बन्धन ही सबसे बड़ा बन्धन है, जिसके अभाव में और कोई दूसरा बन्धन सम्भव नहीं है । अर्थात् कुटुम्ब आदि के अन्य बन्ध स्त्री के अभाव में सम्भव नहीं होते हैं ॥३०॥

हृषीकाणि समस्तानि माद्यन्ति प्रमदाऽऽश्रयात् ।
नो चेत्पुनरसन्तीव सन्ति यानि तु देहिनः ॥३१॥

प्रमदा (स्त्री) के आश्रय से ये समस्त इन्द्रियां मद को प्राप्त होती हैं। यदि स्त्री का सम्पर्क न हो तो फिर ये देहधारी के होती हुई भी नहीं होती हुई सी रहती हैं ॥३१॥

तदीयरूपसौन्दर्यामृतराशेः सदाऽतिथी ।
निजनेत्रझषौ कर्तुं चित्तमस्य प्रसर्पति ॥३२॥

स्त्री के होने पर मनुष्य का चित्त अपने दोनों नयन रूप मीनों को उसके रूप-अमृतसागर का अतिथि बनाने के लिए सदा उत्सुक रहता है। अर्थात् वह फिर सदा स्त्री के रूप सौन्दर्य के सागर में ही गोते लगाया करता है ॥३२॥

यन्मार्दवोपदानायोद्वर्त्तनादि समर्ज्यते ।
सदा मखमलोत्तूलशयनाद्यनुकुर्वता ॥३३॥

और स्त्री होने पर ही, यह मनुष्य सदा मखमली बिस्तरों पर शयन-आसन आदि को करता हुआ शरीर की मार्दवता के लिए उबटन, तैल-मर्दन आदि को किया करता है ॥३३॥

न हि किञ्चिदगन्धत्वमन्धत्वमधिगच्छता ।
इति तैलफुलेलादि सहजं परिगृह्यते ॥३४॥

मेरे शरीर में कदाचित् कुछ भी दुर्गन्ध प्राप्त न हो जाय, इसी विचार से स्त्री के प्रेम में अन्धा बनकर मनुष्य रात-दिन तेल-फुलेल आदि को सहज में ही ग्रहण करता रहता है ॥३४॥

प्रसादयितुमित्येतां वपुषः परिपुष्टये ।
वाजीकरणयोगानामादरः क्रियतेऽन्वहम् ॥३५॥

और अपनी स्त्री को प्रसन्न करने के लिए शरीर की पुष्टि करने वाले वाजीकरण प्रयोगों में सदा आदर करता है, अर्थात् नित्य ही पुष्टि-कारक एवं बल-वीर्य-वर्धक औषधियों का सेवन करता रहता है ॥३५॥

वदत्यपि जनस्तस्यै श्रवसोस्तृप्तिकारणम् ।
स्वकर्णयोः सुधासूति तद्वचः श्रोतुमिच्छति ॥३६॥

मनुष्य स्त्री को प्रसन्न करने के लिए तो स्त्री से मीठे वचन बोलता है और उस स्त्री के वचन कानों को तृप्ति के कारण है, इसलिए अपने कानों में सुधा को प्रवाहित करने वाले उसके वचनों को सुनने के लिए मनुष्य सदा इच्छुक रहता है। इस प्रकार स्त्रियों के निमित्त से पुरुष उसका दास बन जाता है ॥३६॥

इन्द्रियाणां तु यो दासः स दासो जगतां भवेत् ।
इन्द्रियाणि विजित्यैव जगज्जेतृत्वमाप्नुयात् ॥३७॥

हे तात ! सच बात तो यह है कि जो इन्द्रियों का दास है, वह सर्व जगत् का दास है । किन्तु इन्द्रियों को जीत करके ही मनुष्य जगज्जेतृत्व को प्राप्त कर सकता है ॥३७॥

सद्योऽपि वशमायान्ति देवाः किमुत मानवाः ।
यतस्तद्ब्रह्मचर्यं हि व्रताचारेषु सम्मतम् ॥३८॥

जो पुरुष ब्रह्मचारी रहता है, उसके देवता भी शीघ्र वश में आ जाते हैं, फिर मनुष्यों की तो बात ही क्या है । इसीलिए ब्रह्मचर्य सर्व व्रताचरणों में श्रेष्ठ माना गया है ॥३८॥

पुरापि श्रूयते पुत्री ब्राह्मी वा सुन्दरी पुरोः ।
अनूचानत्वमापन्ना स्त्रीषु शस्यतमा मता ॥३९॥

सुना जाता है कि पूर्वकाल में भी पुरुदेव ऋषभनाथ की सुपुत्री ब्राह्मी और सुन्दरी ने भी ब्रह्मचर्य को अंगीकार किया है और वे सर्व स्त्रियों में प्रशस्ततम (सर्वश्रेष्ठ) मानी गई हैं ॥३९॥

उपान्त्योऽपि जिनो बाल-ब्रह्मचारी जगन्मतः ।
पाण्डवानां तथा भीष्म-पितामह इति श्रुतः ॥४०॥

उपान्त्य जिन पार्श्वनाथ भी बाल ब्रह्मचारी रहे हैं, यह सारा जगत् जानता है । तथा पाण्डवों के भीष्म पितामह भी आजीवन ब्रह्मचारी रहे, ऐसा सुना जाता है ॥४०॥

अन्येऽपि बहवो जाताः कुमारश्रमणा नराः ।
सर्वेष्वपि जयेष्वग्र-गतः कामजयो यतः ॥४१॥

अन्य भी बहुत से मनुष्य कुमार-श्रमण हुए हैं, अर्थात् विवाह न करके कुमार-काल में ही दीक्षित हुए हैं । हे तात ! अधिक क्या कहें- सभी विजयों में काम पर विजय पाना अग्रगण्य है ॥४१॥

हे पितोऽयमितोऽस्माकं सुविचारविनिश्चयः ।
नरजन्म दधानोऽहं न स्यां भीरुवशंगतः ॥४२॥

इसलिए हे पिता ! हमारा यह दृढ़ निश्चित विचार है कि मनुष्य जन्म को धारण करता हुआ मैं स्त्री के वशंगत नहीं होऊंगा ॥४२॥

किं राजतुक्तोद्वाहेन प्रजायाः सेवया तु सा ।
तदर्थमेवेदं ब्रह्मचर्यमाराधयाम्यहम् ॥४३॥

और जो अपने विवाह करने से राजपुत्रता की सार्थकता कही, सो उससे क्या राजपुत्रपना सार्थक होता है ? वह तो प्रजा की सेवा से ही सार्थक होता है । अतएव प्रजा की सेवा के लिए ही मैं ब्रह्मचर्य की आराधना करता हूँ ॥४३॥

राज्यमेतदनर्थाय कौरवाणामभूदहो ।
तथा भरत-दोःशक्त्योः प्रपञ्चाय महात्मनोः ॥४४॥

संसार का यह राज्य तो अनर्थ के लिए ही है । देखो - कौरवों का इसी राज्य के कारण विनाश हो गया । भरत और बाहुबली जैसे महापुरुषों के भी यह राज्य प्रपंच का कारण बना ॥४४॥

राज्यं भुवि स्थिरं क्वाऽऽसीत्प्रजायाः मनसीत्यतः ।
शाश्वतं राज्यमध्येतु प्रयते पूर्णरूपतः ॥४५॥

और फिर यह सांसारिक राज्य स्थिर भी कहां रहता है ? अतएव मैं तो प्रजा के मन में सदा स्थिर रहने वाला जो शाश्वत राज्य है उसके पाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयत्नशील हूँ ॥४५॥

निशम्य युक्तार्थधुरं पिता गिरं पस्पर्श बालस्य नवालकं शिरः ।
आनन्दसन्दोहसमुल्लसद्वपुस्तया तदास्येन्दुमदो दृशः पपुः ॥४६॥

भगवान् की यह युक्ति-युक्त वाणी को सुनकर के आनन्द सन्दोह से पुलकित शरीर होकर पिता ने अपने बालक के नव अलक (केश) वाले शिर का स्पर्श किया और उनके नेत्र भगवान् के मुखरूप चन्द्र से निकलने वाले अमृत को पीने लगे ॥४६॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
वीरस्य क्रमतोऽभिवृद्धय युवतामास्य पित्रार्थनाऽ,
भूद्वैवाहिकसम्विदेऽवददसौ निष्कामकीर्तिं तु ना ॥८॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस काव्य में वीर भगवान् की बाल्यावस्था से युवावस्था को प्राप्त होने पर पिता के द्वारा प्रस्तावित विवाह की अस्वीकारता और गृह-त्याग की भावना का वर्णन करने वाला यह आठवां सर्ग समाप्त हुआ ॥८॥

❖ ❖ ❖

अथ नवमः सर्गः

अथ प्रभोरित्यभवन्मनोधनं निभालयामो वउरं जगज्जनम् ।
वृषं विलुम्पन्तमहो सनातन यथात्म विष्वक् तनुभृन्निभालनम् ॥१॥

विवाह कराने का प्रस्ताव स्वीकार न करने के पश्चात् वीर प्रभु के मन में यह विचार उत्पन्न हुआ - अहो मैं संसार के लोगों को मूर्खता और मूढ़ताओं से भरा हुआ देख रहा हूँ । तथा प्राणिमात्र को अपने समान समझने वाला सनातन धर्म विलुप्त होता हुआ देख रहा हूँ, इसलिए मुझे उसकी संभाल करना चाहिए ॥१॥

तिष्ठेयमित्यत्र सुखेन भूतले स्खलत्यथान्यः स पुनः परिस्खलेत् ।
किं चिन्तया चान्यजनस्य मन्मनस्यमुं स्वसिद्धान्तमुपैत्यहो जनः ॥२॥

अहो, ये संसारी लोग कितने स्वार्थी हैं । वे सोचते हैं - कि संसार में मैं सुख से रहूँ, यदि अन्य कोई दुःख में गिरता है, तो गिरे, हमारे मन में अन्य जन की चिन्ता क्यों हो ? इस प्रकार सर्व जन अपने-अपने स्वार्थ-साधन के सिद्धान्त को प्राप्त हो रहे हैं ॥२॥

स्वीयां पिपासां शमयेत् परासृजा क्षुधां परप्राणविपत्तिभिः प्रजा ।
स्वचक्षुषा स्वार्थपरायणां स्थितिं निभालयामो जगतीदृशीमिति ॥३॥

आज लोग दूसरे के खून से अपनी प्यास शान्त करना चाहते हैं और दूसरे के प्राणों के विनाश से अर्थात् उनके मांस से अपनी भूख मिटाना चाहते हैं । आज मैं अपनी आंख से जगत् में ऐसी स्वार्थ-परायण स्थिति को देख रहा हूँ ॥३॥

अजेन माता परितुष्यतीति तन्निगद्यते धूर्तजनैः कदर्थितम् ।
पिबेन्नु मातापि सुतस्य शोणितमहो निशायामपि अर्यमोदितः ॥४॥

अहो ! धूर्त्त जन कहते हैं कि जगदम्बा बकरे की बलि से सन्तुष्ट होती है ! किन्तु यदि माता भी पुत्र के खून को पीने लगे, तब तो फिर रात्रि में भी सूर्य उदित हुआ समझना चाहिए ॥४॥

जाया-सुतार्थं भुवि विस्फुरन्मनाः कुर्यादजायाः सुतसंहृतिं च ना ।
किमुच्यतामीदृशि एवमार्यता स्ववाञ्छितार्थं स्विदनर्थकार्यता ॥५॥

इस भूतल पर आज मनुष्य अपनी स्त्री के पुत्र-लाभ के लिए हर्षित चित्त होकर के अजा (बकरी) के पुत्र का संहार कर रहा है ! ऐसी आर्यता (उच्च कुलीनता) को क्या कहा जाय ! यह तो अपने वांछित कार्य की सिद्धि के लिए अनर्थ करने वाली महा नीचता है ॥५॥

गार्हस्थ्य एवाभ्युदिताऽस्ति निर्वृतिर्यतो नृकीटैर्ध्रियतेऽधुना मृतिः ।
अत्यक्तदारैकसमाश्रयैः कृती स कोऽपि योऽभ्युज्झितकामसत्कृतिः ॥६॥

अहो, आज गार्हस्थ्य दशा में ही मुक्ति संभव बतलाई जा रही है । उसी का यह फल है, कि ये नर-कीट स्त्री-पुत्रादि का आश्रय छोड़े बिना ही अब घर में मर रहे हैं । आज कोई बिरला ही ऐसा कृती पुरुष दृष्टिगोचर होता है, जो कि काम-सेवा एवं कुटुम्बादि से मोह छोड़ कर आत्म-कल्याण करता हो ॥६॥

जनैर्जरायामपि वाञ्छ्यते रहो नवोढया स्वोदरसम्भवाऽप्यहो ।
विक्रीयते निष्करुणैर्मृगीव तैर्दुष्कामि-सिंहस्य करे स्वयं हतैः ॥७॥

अहो आज लोग बुढ़ापे में भी नवोढ़ा के साथ संगम चाहते हैं । आज करुणा-रहित हुए कितने ही निर्दयी लोग दुष्कामी सिंह के हाथ में अपने उदर से उत्पन्न हुई बालिका को मृगी के समान स्वयं बेच रहे हैं ॥७॥

जनोऽतियुक्तिर्गुरुभिश्च संसजेत् पिताऽपि तावत्तनयं परित्यजेत् ।
वृथाऽरिता सोदरयोः परस्परमपीह नारी-नरयोश्च सङ्गरः ॥८॥

आज संसार में मनुष्य अयोग्य वचनों से, गुरु जनों का अपमान कर रहा है, और पिता भी स्वार्थी बनकर अपने पुत्र का परित्याग कर रहा है । एक उदर से उत्पन्न हुए दो सगे भाइयों में आज परस्पर अकारण ही शत्रुता दिखाई दे रही है और स्त्री-पुरुष में कलह मचा हुआ है ॥८॥

स्वरोटिकां मोटयितुं हि शिक्षते जनोऽखिलः सम्वलयेऽधुना क्षितेः।
न कश्चनाप्यन्यविचारतन्मना नृलोकमेषा ग्रसते हि पूतना ॥९॥

आज इस भूतल पर समस्त जन अपनी-अपनी रोटी को मोटी बनाने में लग रहे हैं । कोई भी किसी अन्य की भलाई का विचार नहीं कर रहा है । अहो, आज तो यह स्वार्थ-परायणता रूपी राक्षसी सारे मनुष्य लोक को ही ग्रस रही है ॥९॥

जनी जनं त्यक्तुमिवाभिवाञ्छति यदा स शीर्षे पलितत्वमञ्चति ।
नरोऽपि नारीं समुदीक्ष्य मञ्जुलां निषेवते स्त्रागभिगम्य सम्बलात् ॥१०॥

आज स्त्री जब अपने पति के शिर में सफेदी देखती है, तो उसे ही छोड़ने का विचार करती है । आज का मनुष्य भी किसी अन्य सुन्दरी को देखकर उसे शीघ्र बलात् पकड़ कर उसे सेवन कर रहा है ॥१०॥

स्ववाञ्छितं सिद्ध्यति येन तत्पथा प्रयाति लोकः परलोकसंकथा।
समस्ति तावत्खलता जगन्मतेऽनुसिच्यमाना खलता प्रवर्धते ॥११॥

आज जिस मार्ग से अपने अभीष्ट की सिद्धि होती है, संसार उसी मार्ग से जा रहा है, परलोक की कथा तो आज खलता (गगनलता) हो रही है। आज तो जगत् में निरन्तर सींची जाती हुई खलता (दुर्जनता) ही बढ रही है ॥११॥

समीहमानः स्वयमेष पायसं समत्तुमाराच्चणभक्षकाय सन् ।
धरातले साम्प्रतमर्दितोदरः प्रवर्तते हन्त स नामतो नरः ॥१२॥

आज का यह मानव स्वयं खीर को खाने की इच्छा करते हुए भी दूसरों को चना खाने के लिए उद्यत देखकर उदर-पीड़ा से पीड़ित हुआ दिखाई दे रहा है। दुःख है कि आज धरातल पर यह नाम-मात्र से मनुष्य बना हुआ है ॥१२॥

अहो पशूनां ध्रियते यतो बलिः श्मसानतामञ्चति देवतास्थली ।
यमस्थली वाऽतुलरक्तरञ्जिता विभाति यस्याः सततं हि देहली ॥१३॥

अहो, यह देवतास्थली (मन्दिरों की पावन भूमि) पशुओं की बलि को धारण कर रही है और श्मसानपने को प्राप्त हो रही है। उन मन्दिरों की देहली निरन्तर अतुल रक्त से रञ्जित होकर यम-स्थीली-सी प्रतीत हो रही है ॥१३॥

एकः सुरापानरतस्तथा वत पलङ्कषत्वात्कवरस्थली कृतम् ।
केनोदरं कोऽपि परस्य योषितं स्वसात्करोतीतरकोणनिष्ठितः ॥१४॥

कहीं पर कोई सुरा- (मदिरा-) पान करने में संलग्न है, तो कहीं पर दूसरा मांस खा-खाकर अपने उदर को कब्रिस्तान बना रहा है। कहीं पर कोई मकान के किसी कोने में बैठा हुआ पराई स्त्री को आत्मसात् कर रहा है ॥१४॥

कुतोऽपहारो द्रविणस्य दृश्यते तथोपहारः स्ववचः प्रपश्यते ।
परं कलत्रं ह्रियतेऽन्यतो हटाद्विकीर्यते स्वोदरपूर्तये सटा ॥१५॥

कहीं पर कोई पराये धन का अपहरण कर रहा है, तो कहीं पर कोई अपने झूठे वचन को पुष्ट करने वाले के लिए उपहार दे रहा है। कहीं पर कोई हठात् पराई स्त्री को हर रहा है, तो कहीं पर कोई अपने उदर की पूर्ति के लिए अपनी जटा फैला रहा है ॥१५॥

मुधेश्वरस्य प्रतिपत्तिहेतवेऽथ संहृतिर्यत्क्रियते जवञ्जवे ।
न तादृशीभूमिधनादिकारणानुवृत्तये कीदृशि अस्ति धारणा ॥१६॥

देखो, आश्चर्य तो इस बात का है कि आज लोग इस संसार में व्यर्थ कल्पना किये गये (अपने मनमाने) ईश्वर की सत्ता सिद्ध करने के लिए जैसी शास्त्रार्थ रूप लड़ाई लड़ रहे हैं, वैसी लड़ाई तो आज भूमि, स्त्री और धनादि कारणों के लिए नहीं लड़ी जा रही है, यह कैसी विचित्र धारणा है ॥१६॥

दुर्मोचमोहस्य हतिः कुतस्तथा केनाप्युपायेन विदूरताऽपथात् ।
परस्परप्रेमपुनीतभावना भवेदमीषामितिं मेऽस्ति चेतना ॥१७॥

अतएव इस दुर्मोच (कठिनाई से छूटने वाले) मोह का विनाश कैसे हो, लोग किस उपाय से उत्पथ (कुमार्ग) त्याग कर सत्पथ (सुमार्ग) पर आवें और कैसे इनमें परस्पर प्रेम की पवित्र भावना जागृत हो। यही मेरी चेतना है अर्थात् कामना है । (ऐसा भगवान् उस समय विचार कर रहे थे ।) ॥१७।

जाड्यं पृथिव्याः परहर्तुमेव तच्चिन्तापरे तीर्थकरे क्रुधेव तत् ।
व्याप्तुं पृथिव्यां कटिबद्धभावतामेतत्पुनः सम्व्रजति स्म तावता ॥१८॥

इस प्रकार भगवान् ने पृथ्वी पर फैली हुई जड़ता (मूढ़ता) को दूर करने का विचार करते समय मानों उन पर क्रोधित हुए के समान सारी पृथ्वी पर तत्परता से कटिबद्ध होकर जाड़ा फैल गया । अर्थात् शीतकाल आ गया ॥१८॥

कन्याप्रसूतस्य धनुःप्रसङ्गतस्त्वनन्यमेवातिशयं प्रविभ्रतः ।
शीतस्य पश्यामि पराक्रमं जिन श्रीकर्णवत्कम्पकरं च योगिनः ॥१९॥

हे जिन भगवान् । कन्या-राशि से उत्पन्न हुए और धनु राशि के प्रसंग से अतिशय वृद्धि को धारण करने वाले, तथा योगियों को कंपा देने वाले इस शीतकाल को मैं श्री कर्ण राजा के समान पराक्रमी देखता हूँ ॥१९॥

भावार्थ - जैसे कर्ण राजा कुमारी कन्या कुन्ती से उत्पन्न हुआ और धनुर्विद्या को प्राप्त कर उसके निमित्त से अति प्रतापी और अजेय हो गया था, जिसका नाम सुनकर योगीजन भी थर्रा जाते थे, उसी प्रकार यह शीतकाल भी उसी का अनुकरण कर रहा है, क्योंकि यह भी कन्या राशिस्थ सूर्य से उत्पन्न होकर धन राशि पर आने से अति उग्र हो रहा है ।

कुचं समुद्घाटयति प्रिये स्त्रियाः समुद्भवन्ती शिशिरोचितश्रियाः ।
तावत्करस्पर्शसुखैकलोपकृत् सूचीव रोमाञ्चततीत्यहो सकृत् ॥२०॥

इस समय प्रिय के द्वारा स्त्री के कुचों को उघाड़ दिये जाने पर शीत के मारे उन पर रोमांच हो आते हैं, जो कि उसके कर-स्पर्श करने पर सुख का लोप कर उसे सुई के समान चुभते हैं ॥२०॥

सम्बिभ्रती सम्प्रति नूतनं वयः समानयन्ती किल कूपतः पयः ।
तुषारतः सन्दधती सितं शिरस्तुजे भ्रमोत्पत्तिकरीत्यहो चिरम् ॥२१॥

इस शीतकाल में नवीन वय को धारण करने वाली और काले केशों वाली कोई स्त्री जब कुएं से जल भर कर घर को आती है और मार्ग में हिमपात होने से उसके केश श्वेत हो जाते हैं, तब उसके घर आने पर वह अपने बच्चे के लिए भी चिरकाल तक 'यह मेरी माता है, या नहीं' इस प्रकार के भ्रम को उत्पन्न करने वाली हो जाती है, यह आश्चर्य है ॥२१॥

विवर्णतामेव दिशन् प्रजास्वयं निरम्बरेषु प्रविभर्त्ति विस्मयम् ।
फलोदयाधारहरश्च शीतल–प्रसाद एषोऽस्ति तमां भयङ्करः ॥२२॥

यह शीतल-प्रसाद अर्थात् शीतकाल का प्रभाव बड़ा भयंकर है, क्योंकि यह प्रजाओं में (जन साधारण में) विवर्णता (कान्ति हीनता) को फैलाता हुआ और निरम्बरों (वस्त्र-हीनों) में विस्मय को उत्पन्न करता हुआ फलोदय के आधार भूत वृक्षों को विनष्ट कर रहा है ॥२२॥

भावार्थ - यहां कवि ने अपने समय के प्रसिद्ध ब्र. शीतल प्रसादजी की ओर व्यंग्य किया है, जो कि विधवा-विवाह आदि का प्रचार कर लोगों में वर्णशंकरता को फैला रहे थे, तथा दिगम्बर जैनियों में अति आश्चर्य उत्पन्न कर रहे थे और अपने धर्म-विरोधी कार्यों से लोगों को धर्म के फल स्वर्ग आदि की प्राप्ति के मार्ग में रोड़ा अटका रहे थे ।

रुचा कचानाकलयञ्जनीष्वयं नितम्बतो वस्त्रमुतापसारयन् ।
रदच्छदं सीत्कृतिपूर्वकं धवायते दधच्छैशिर आशुगोऽथवा ॥२३॥

अथवा यह शीतकालीन वायु अपने संचार से स्त्रियों में उनके केशों को बिखेरता हुआ, नितम्ब पर से वस्त्र को दूर करता हुआ सीत्कार शब्द पूर्वक उनके ओठों को चूमता हुआ पति के समान आचरण कर रहा है ॥२३॥

दृढं कवाटं दयितानुशायिन उपर्यथो तूलकुथोऽनपायिनः ।
अङ्गारिका चेच्छयनस्य पार्श्वतः शीतोऽप्यहो किं कुरुतादसावतः ॥२४॥

यदि मकान के किवाड़ दृढ़ता से बन्द हैं, मनुष्य अपनी प्यारी स्त्री का आलिंगन किये हुए आनन्द से सो रहा है, ऊपर से रूई भरी रिजाई को ओढ़े हुए है और शय्या के समीप ही अंगारों से भरी हुई अंगीठी रखी हुई है, तो फिर ऐसे लोगों का अहो, यह शीत क्या बिगाड़ कर सकेगा ? अर्थात् कुछ भी नहीं ॥२४॥

सग्रन्थिकन्थाविवरात्तमारुतैर्निशामतीयाद्विचलद्रदोऽत्र तैः ।
निःस्वोऽपि विश्वोत्तमनामधामतः कुटीरकोणे कुचिताङ्गको वत ॥२५॥

इस शीलकाल में दरिद्र पुरुष भी- जो कि फटी गूदड़ी को ओढ़े हुए हैं और जिसके छिद्रों से ठंडी हवा आ रही है, अतः शीत से पीड़ित होकर दांत किटकिटा रहा है, ऐसी दशा में भी वह विश्वोत्तम भगवान् का नाम लेते हुए ही कुटिया के एक कोने में संकुचित अंग किये हुए रात बिता रहा है ॥२५॥

कुशीलवा गल्लकफुल्लकाः पुनर्हिमर्त्तुराज्ञो विरदाख्यवस्तुनः ।
प्रजल्पनेऽनल्पतयैव तत्परा इवामरेशस्य च चारणा नराः ॥२६॥

इस समय गालों को फुला कर बड़बड़ाने वाले ऊंट लोग हिम ऋतु रूपी राजा की विरदावली के बखान करने में खूब अच्छी तरह से इस प्रकार तत्पर हो रहे हैं, जैसे कि राजा अमरेश की विरदावली चारण लोग बखानते हैं ॥२६॥

भावार्थ - यहां पर अमरेश पद से कवि ने अपने रणोली ग्राम के राजा अमरसिंह का स्मरण किया है।

प्रकम्पिताः कीशकुलोद्भवास्ततं मदं समुज्झन्ति हिमोदयेन तम् ।
समन्तभद्रोक्तिरसेण कातराः परे परास्ता इव सौगतोत्तरा ॥२७॥

जैसे समन्तभद्र-स्वामी के सूक्ति-रस से सौगत (बौद्ध) आदि अन्य दार्शनिक प्रवादी लोग शास्त्रार्थ में परास्त होकर कायर बन अपने मद (अंहकार) को छोड़ देते हैं, उसी प्रकार इस समय हिम के उदय से अर्थात् हिमपात होने से कीशकुलोद्भव वानर लोग भी कांपते हुए अपने मद को छोड़ रहे हैं ॥२७॥

रविर्धनुः प्राप्य जनीमनांसि किल प्रहर्तुं विलसत्तमांसि ।
स्मरो हिमैर्व्यस्तशरप्रवृत्तिस्तस्यासकौ किङ्करतां बिभर्ति ॥२८॥

शीतकाल के हिमपात से अस्त-वयस्त हो गई है, शर-संचालन की प्रवृत्ति जिसकी ऐसा यह कामदेव अभिमान से अति विलास को प्राप्त स्त्रियों के मन को हरने में असमर्थ हो रहा है, अतएव उसकी सहायता के लिए ही मानों यह सूर्य धनुष लेकर अर्थात् धनु राशि पर आकर उस कामदेव की किंकरता (सेवकपना) को धारण कर रहा है, अर्थात् उसकी सहायता कर रहा है ॥२८॥

श्यामास्ति शीताकुलितेति मत्वा प्रीत्याम्बरं वासर एष दत्त्वा ।
किलाधिकं संकुचितः स्वयन्तु तस्यै पुनस्तिष्ठति कीर्त्तितन्तु ॥२९॥

यह श्यामा (रात्रि रूप स्त्री) शीत से-पीड़ित हो रही है, ऐसा समझ कर मानों यह दिन (सूर्य) प्रीति से उसके लिए अधिक अम्बर (वस्त्र और समय) दे देता है और स्वयं तो संकुचित होकर के समय बिता रहा है, इस प्रकार उसके साथ स्नेह प्रकट करता हुआ सा प्रतीत होता है ॥२९॥

भावार्थ - शीतकाल में दिन छोटे और रात्रि बड़ी होने लगती है, इसे लक्ष्य में रखकर कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

उष्मापि भीष्मेन जितं हिमेन गत्वा पुनस्तन्निखिलं क्रमेण ।
तिरोभवत्येव भुवोऽवटे च वटे मृगाक्षीस्तनयोस्तटे च ॥३०॥

भयङ्कर हिम के द्वारा जीती गई वह समस्त उष्णता भागकर क्रम से पृथ्वी के कूप में, वट वृक्ष में और मृगनयनियों के स्तनों में तिरोहित हो रही है ॥३०॥

भावार्थ - शीतकाल में और तो सर्व स्थानों पर शीत अपना अधिकार जमा लेता है, तब गर्मी भागकर उक्त तीनों स्थानों पर छिप जाती है, अर्थात् शीतकाल में ये तीन स्थल ही गर्म रहते हैं ।

सेवन्त एवन्तपनोष्मतुल्य–तारुण्यपूर्णामिह भाग्यपूर्णाः ।
सन्तो हसन्तीं मृगशावनेत्रां किम्वा हसन्तीं परिवारपूर्णाम् ॥३१॥

इस शीतकाल में सूर्य के समान अत्यन्त उष्णता को धारण करने वाली या अत्यन्त कान्तिवाली, एवं हंसती हुई तथा तारुण्य से परिपूर्ण मृगनयनियों को और अंगारों से जगमगाती हुई वा परिवार के जनों से घिरी अंगीठी को भाग्य से परिपूर्ण जन ही सेवन करते हैं ॥३१॥

शीतातुरोऽसौ तरणिर्निशायामालिङ्ग्य गाढं दयितां सुगात्रीम् ।
शेते समुत्थातुमथालसाङ्गस्ततस्स्वतो गौरवमेति रात्रिः ॥३२॥

इस शीतकाल में शीत से आतुर हुआ यह सूर्य भी रात्रि में अपनी सुन्दरी स्त्री का गाढ़ आलिङ्गन करके सो जाता है, अत: आलस्य के वश से वह प्रभाव में शीघ्र उठ नहीं पाता है, इस कारण रात्रि स्वत: ही गौरव को प्राप्त होती है, अर्थात् बड़ी हो जाती है ॥३२॥

भावार्थ - शीतकाल में रात बड़ी क्यों होती है, इस पर कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

हिमारिणा विग्रहमभ्युपेतः हिमर्तुरेतस्य करानथेतः ।
समाहरन् हैमकुलानुकूले ददाति कान्ताकुचशैलमूले ॥३३॥

यह हेमन्त ऋतु हिम के शत्रु सूर्य के साथ विग्रह (युद्ध) करने को उद्यत हो रही है, इसीलिए मानों उसके उष्ण करों (किरणों) को ले लेकर हैमकुल की अनुकूलता वाले अर्थात् हिम से बने या सुवर्ण से बने होने के कारण हैमकान्ति वाले स्त्रियो के कुच रूप शैल के मूल में रख देती है । (इसीलिए स्त्रियों के कुच उष्ण होते हैं ।) ॥३४॥

महात्मनां संश्रुतपादपानां पत्राणि जीर्णानि किलेति मानात् ।
प्रकम्पयन्ते दरवारिधारा विभावसुप्रान्तमिता विचाराः ॥३४॥

इस शीतकाल में संश्रुत (प्रसिद्ध-प्राप्त) वृक्षों के पत्र भी जीर्ण होकर गिर रहे हैं, ऐसा होने से ही मानों दर अर्थात् जरासी भी जल की धारा लोगों को कंपा देती है । तथा इस समय लोगों के

विचार हर समय विभावसु (अग्नि) के समीप बैठे रहने के बने रहते हैं । दूसरा अर्थ यह कि इस समय प्रसिद्ध आर्षग्रंथों के पत्र तो जीर्ण हो गये हैं, अत: उसका अभाव सा हो रहा है और लोग पं. दरबारीलाल की विचार-धारा से प्रभावित हो रहे हैं और विकारी विचारों को अंगीकार कर रहे हैं । ॥३४॥

भावार्थ - कवि ने अपने समय के प्रसिद्ध सुधारक पं. दरबारीलाल का उल्लेख 'दरबारि-धारा' पद से करके उन के प्रचार कार्य को अनुचित बतलाया है ।

शीतं वरीवर्त्ति विचार-लोपि स्वयं सरीसर्त्ति समीरणोऽपि ।
अहो मरीमर्त्ति किलाकलत्रः नरो नरीनर्त्ति कुचोष्मतन्त्रः ॥३५॥

इस हेमन्त ऋतु में वि अर्थात् पक्षियों के चार (संचार) का लोप करने वाला शीत जोर से पड़ रहा है, समीरण (पवन) भी स्वयं जोर से चल रहा है, स्त्री-रहित मनुष्य मरणोन्मुख हो रहे हैं और स्त्री के स्तनों की उष्मा से उष्ण हुए मनुष्य नाच रहे हैं, अर्थात् आनन्द मना रहे हैं ॥३५॥

नतभ्रुवो लब्धमहोत्सवेन समाहतः श्रीकरपल्लवेन ।
मुहुर्निपत्योत्पततीह कन्दुर्मुदाऽधरोदाररसीव बन्धु ॥३६॥

नतभ्रु युवती के आनन्द को प्राप्त श्रीयुक्त कर-पल्लव से ताड़ित किया हुआ यह कन्दुक रूप पुरुष नीचे गिरता है और हर्ष से युक्त होकर के उसके अधरों के उदार रस को पान करने के इच्छुक पति के समान बार बार ऊपर को उठता है ॥३६॥

कन्दुः कुचाकारधरो युवत्या सन्ताड्यते वेत्यनुयोगधारि ।
पदोः प्रसादाय पतत्यपीति कर्णोत्पलं यन्नयनानुकारि ॥३७॥

कुच के आकार को धारण करने वाला यह कन्दुक युवती स्त्री के द्वारा ताड़ित किया जा रहा है, ऐसा विचार करने वाला और उसके नेत्र-कमल का अनुकरण वाला यह कर्णोत्पल (कान का आभूषण कनफूल) मानों उसे प्रसन्न करने के लिए अर्थात् स्त्री से अपना अपराध माफ कराने के लिए उसके पैरों में आ गिरता है ॥३७॥

भावार्थ - गेन्द खेलते समय कनफूल स्त्रियों के पैरों में गिर पड़ता है, उसे लक्ष्य करके कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

श्रीगेन्दुकेलौ विभवन्ति तासां नितम्बिनीनां पदयोर्विलासाः ।
ये ये रणन्नूपुरसाररासा यूनां तु चेतःपततां सुभासाः ॥३८॥

श्री कुन्दक-क्रीड़ा में संलग्न उन गेन्द खेलने वाली नितम्बिनी स्त्रियों के शब्द करते हुए नूपुरों से युक्त चरणों के विलास (पद-निक्षेप) युवाजनों के चित्त रूप पक्षियों के लिए गिद्ध पक्षी के आक्रमण के समान प्रतीत होते हैं ॥३८॥

वैमुख्यमप्यस्त्वभिमानिनीनामस्तीह यावन्न निशा सुपीना ।
शीतानुयोगात्पुनरर्धरात्रे लगेन्नवोढापि धवस्य गात्रे ॥३९॥

इस शीतकाल में जब तक निशा (रात्रि) अच्छी तरह परिपुष्ट नहीं हो जाती है, तब तक भले ही अभिमानिनी नायिकाओं की पति से विमुखता बनी रहे । किन्तु अर्ध रात्रि के होने पर शीत लगने के बहाने से (प्रौढ़ा की तो बात ही क्या) नवोढ़ा भी अपने पति के शरीर से स्वयं ही संलग्न हो जाती है ॥३९॥

तुषारसंहारकृतौ सुदक्षा नो चेन्मृगाक्षी समुपेति कक्षाम् ।
न यामिनीयं यमभामिनीति किन्त्वस्ति तेषां दुरितप्रणीतिः ॥४०॥

तुषार के संहार करने में सुदक्ष मृगाक्षी जिसकी कक्षा (बगल) में उपस्थित नहीं है, उसके लिए तो यह रात्रि यामिनी नहीं, किन्तु दारुण दुःख देने वाली यम-भामिनी ही है ॥४०॥

शीतातुरैः साम्प्रतमाशरीरं गृहीतमम्भोभिरपीह चीरम् ।
शनैरवश्यायमिषात् स्वभावाऽसौ दंशनस्य प्रभुताऽद्भुता वा ॥४१॥

इस शीतकाल में औरों की तो बात ही क्या है, शीत से पीड़ित हुए जलाशयों के जलों ने भी बर्फ केबहाने से अपने सारे शरीर पर वस्त्र ग्रहण कर लिया है । अर्थात् ठंड की अधिकता से वे भी जम गये हैं । यह शीतऋतु की स्वाभाविक अद्भुत प्रभुता ही समझना चाहिए ॥४१॥

चकास्ति वीकासजुषां वराणां परिस्थितिः कुन्दककोरकाणाम् ।
लताप्रतानं गमिताऽत्र शीताद्भीता तु ताराततिरेव गीता ॥४२॥

देखो, इस समय विकास के सन्मुख हुई उत्तम लताओं में संलग्न कुन्द की कलियों की परिस्थिति ऐसी प्रतीत होती है, मानों वे कुन्दकी कलियां नहीं है, अपितु शीत से भयभीत हुई ताराओं की पंक्ति ही है ॥४२॥

शाखिषु विपल्लवत्वमथेतत् संकुचितत्वं खलु मित्रेऽतः ।
शैत्यमुपेत्य सदाचरणेषु कहलमिते द्विजगणेऽत्र मे शुक् ॥४३॥

इस शीतकाल को पाकर वृक्षों में पत्रों का अभाव, दिन में संकुचितता, अर्थात् दिन का छोटा होना, चरणों का ठिठरना और दांतों का कलह, अर्थात् किट-किटाना मेरे लिए शोचनीय है । दूसरा अर्थ यह है कि कुटुम्बी जनों में विपत्ति का प्राप्त होना, मित्र का रूठना सत्-आचरण करने में शिथिलता या आलस्य करना और द्विज-गण (ब्राह्मण-वर्ग) में कलह होना, ये सभी बातें मेरे लिये चिन्तनीय है ॥४३॥

पुरतो वह्निः पृष्ठे भानुर्विधुवदनाया जानुनि जानुः ।
उपरि तूलयुतवस्त्रकतानु निर्वाते स्थितिरस्तु सदा नुः ।।४४।।

इस शीतकाल में दिन के समय तो लोगों को सामने अग्नि और पृष्ठ भाग की ओर सूर्य चाहिए। तथा रात्रि में चन्द्र-वदनी स्त्री की जंघाओं में जंघा और ऊपर से अच्छी रुई से भरे वस्त्र (रिजाई) से ढका हुआ शरीर और वायु-रहित स्थान में अवस्थान ही सदा आवश्यक है ।।४४।।

एणो यात्युपकाण्डकाधरदलस्यास्वादनेऽपि श्रमं,
सिंहो हस्तिनमाक्रमेदपि पुरः प्राप्तं न कुण्ठक्रमः ।
विप्रः क्षिप्रमुपाक्षिपत्यपि करं प्रातर्विधौ नात्मनः,
हा शीताऽऽक्रमणेन यात्यपि दशां संशोचनीयां जनः ।।४५।।

इस समय शीत के मारे हिरण अपने पास ही पृथ्वी पर पड़ी घास को उठा कर खाने में अति श्रम का अनुभव कर रहा है । स्वयं सामने आते हुए हाथी पर आक्रमण करने के लिए सिंह भी कुण्ठित क्रम वाला हो रहा है, अर्थात् पैर उठाने में असमर्थ बन रहा है । और ब्राह्मण प्रातःकालीन संध्या-विधि के समय माला फेरने के लिए अपने हाथ को भी नहीं उठा पा रहा है । इस प्रकार हा ! प्रत्येक जन शीत के आक्रमण से अति शोचनीय दशा को प्राप्त हो रहा है ।।४५।।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
वीरे स्वार्थसमर्थनैकपरतां लोकस्य संशोचति,
सम्प्राप्तस्य कथा तुषारभसदोऽस्मिन् तत्कृते भो कृतिन् ।।९।।

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी-भूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा निर्मित इस काव्य में लोगों की स्वार्थ-परायणता और शीत की भयङ्करता का वर्णन करने वाला यह नवां सर्ग समाप्त हुआ ।।९।।

❖ ❖ ❖

अथ दशमः सर्गः

श्रीमतो वर्धमानस्य चित्ते चिन्तनमित्यभूत् ।
हिमाक्रान्ततया दृष्ट्वा म्लानमम्भोरुहव्रजम् ॥१॥

शीत के आक्रमण से मुरझाये हुए कमलों के समूह को देखकर श्रीमान् वर्धमान भगवान् के चित्त में इस प्रकार का विचार उत्पन्न हुआ ॥१॥

भुवने लब्धजनुषः कमलस्येव मादृशः ।
क्षणादेव विपत्तिः स्यात्सम्पत्तिमधिगच्छतः ॥२॥

इस संसार में जिसने जन्म लिया है और जो सम्पत्ति को प्राप्त करना चाहता है, ऐसे मेरे भी कमल के समान एक क्षण भर में विपत्ति आ सकती है ॥२॥

दृश्यमस्त्यभितो यद्वद्धनुरैन्द्रं प्रसत्तिमत् ।
विषादायैव तत्पश्चान्नश्यदेवं प्रपश्यते ॥३॥

यह इन्द्र-धनुष सर्व प्रकार से दर्शनीय है, प्रसन्नता करने वाला है, इस प्रकार से देखने वाले पुरुष के लिए तत्पश्चात् नष्ट होता हुआ वही इन्द्र-धनुष उसी के विषाद के लिए हो जाता है ॥३॥

अधिकर्तुमिदं देही वृथा वाञ्छति मोहतः ।
यथा प्रयतते भूमौ गृहीतुं बालको विधुम् ॥४॥

ससार की ऐसी क्षण-भंगुर वस्तुओं को अपने अधिकार में करने के लिए यह प्राणी मोह से वृथा ही इच्छा करता है । जैसे कि बालक भूमि पर रहते हुए चन्द्र को ग्रहण करने का व्यर्थ प्रयत्न करता है ॥४॥

संविदन्नपि संसारी स नष्टो नश्यतीतरः ।
नावैत्यहो तथाप्येवं स्वयं यममुखे स्थितम् ॥५॥

यह संसारी जीव, वह नष्ट हो गया, यह नष्ट हो रहा है, ऐसा देखता-जानता हुआ भी आश्चर्य है कि स्वयं को यम के मुख में स्थित हुआ नहीं जानता है ॥५॥

किमन्यैरहमप्यस्मि वञ्चितो मायया‌ऽनया ।
धीवरोऽप्यम्बुपूरान्तःपाती यदिव झंझया ॥६॥

औरों से क्या, धीवर अर्थात् बुद्धि वाला भी मैं क्या इस माया से वंचित नहीं हो रहा हूँ ? जैसे कि जल के प्रवाह के मध्य को प्राप्त हुआ धीवर (कहार) झंझावात से आन्दोलित होकर उसी पानी के पूर में डूब जाता है, उसी प्रकार मैं भी संसार में डूब ही रहा हूँ ॥६॥

स्वस्थितं नाञ्जनं वेत्ति वीक्षतेऽन्यस्य लाञ्छनम् ।
चक्षुर्यथा तथा लोकः परदोषपरीक्षकः ॥७॥

जैसे आंख अपने भीतर लगे हुए अंजन को नहीं जानती है और अन्य लांछन (अंजन या काजल) को झट देख लेती है, इसी प्रकार यह लोक भी पराये दोषों को ही देखने वाला है, (किन्तु अपने दोषों को नहीं देखता है।) ॥७॥

श्रोत्रवद्विरलो लोके छिद्रं स्वस्य प्रकाशयन् ।
शृणोति सुखतोऽन्येषामुचितानुचितं वचः ॥८॥

श्रोत्र (कर्ण) के समान विरला पुरुष ही संसार में अपने छिद्र (छेद वा दोष) को प्रकाशित करता हुआ अन्य के उचित और अनुचित वचन को सुख से सुनता है ॥८॥

जुगुप्सेऽहं यतस्तत्किं जुगुप्स्यं विश्वमस्त्यदः ।
शरीरमेव तादृक्षं हन्त यत्रानुरज्यते ॥९॥

मैं जिससे ग्लानि करता हूँ, क्या वह यह विश्व ग्लानि-योग्य है ? सब से अधिक तो ग्लानि योग्य यह शरीर ही है । दुःख है कि उसी में यह सारा संसार अनुरक्त हो रहा है ॥९॥

अस्मिन्नहन्तयाऽमुष्य पोषकं शोषकं पुनः ।
वाञ्छामि संहराम्येतदेवानर्थस्य कारणम् ॥१०॥

मैं आज तक इस शरीर में अंहकार करके इसके पोषक को तो चाहता रहा, अर्थात् राग करता रहा, और शरीर के शोषक से द्वेष करके उसके संहार का प्रयत्न करता रहा । मेरी यह राग-द्वेषमयी प्रवृत्ति ही मेरे लिए अनर्थ का कारण हुई है ॥१०॥

विपदे पुनरेतस्मिन् सम्पदस्सकलास्तदा ।
सञ्चरेदेव सर्वत्र विहायोच्चयमीरणः ॥११॥

किन्तु आत्मा से इस शरीर को भिन्न समझ लेने पर सर्व वस्तुएं सम्पदा के रूप ही हैं । पवन उच्चय अर्थात् पर्वत को छोड़कर सर्वत्र संचार करता ही है ॥११॥

भावार्थ - आत्म-रूप उच्च तत्त्व पर जिनकी दृष्टि नहीं है और शरीर पर ही जिनका राग है, उनको सभी वस्तुएं विपत्तिमय बनी रहती हैं । किन्तु आत्म-दर्शी पुरुष को वे ही वस्तुएं सम्पत्तिरूप हो जाती हैं ।

अहीनत्वं किमादायि त्वया वक्रत्वमीयुषा ।
भुञ्जानोऽङ्ग ! मुहुर्भोगान् वहसीह नवीनताम् ॥१२॥

वक्रता (कुटिलता) को प्राप्त होते हुए क्या कभी तूने अहीनता ('सर्प राजपना वा उच्चपना) को ग्रहण किया है । जिससे कि हे अंग, तू भोगों को बार-बार भोगते हुए भी नवीनता को धारण करता है ॥१२॥

विशेषार्थ - इस श्लोक का श्लेष रूप दूसरा अर्थ यह भी निकलता है कि हे आत्मन्, तूने कुटिलता को अंगीकार करते हुए अर्थात् सर्प जैसी कुटिल चाल को चलते हुए भी कभी अहि-(सर्पों) के इनता अर्थात् स्वामीपने को नहीं धारण किया, अर्थात् शेषनाग जैसी उच्चता नहीं प्राप्त की । तथा पंचेन्द्रियों के विषय रूप भोगों (सर्पों) को भोगते या भक्षण करते हुए भी कभी न वीनता अर्थात् गरुड़-स्वरूपता नहीं प्राप्त की ! यह आश्चर्य की बात है ।

स्वचेष्टितं स्वयं भुङ्क्ते पुमान्नान्यच्चा कारणम् ।
झंलझलावशीभूता समेति व्येति या ध्वजा ॥१३॥

पुरुष अपनी चेष्टा के फल को स्वयं ही भोगता है, इसमें और कोई कारण नहीं हैं । जैसे झंझा वायु के वश होकर यह ध्वजा स्वयं ही उलझती और सुलझती रहती है ॥१३॥

वस्त्रेण वेष्टितः कस्माद् ब्रह्मचारी च सन्नहम् ।
दम्भो यत्र भवेत्किं भो ब्रह्मवर्त्मनि बाधकः ॥१४॥

मैं ब्रह्मचारी होता हुआ भी वस्त्र से वेष्टित क्यों हो रहा हूँ ? अहो, क्या यह दम्भ मेरे ब्रह्म (आत्म-प्राप्ति) के मार्ग में बाधक नहीं है ? ॥१४॥

जगत्तत्त्वं स्फुटीकर्त्तुं मनोमुकुरमात्मनः ।
यद्ययं देहवानिच्छेन्निरीहत्वेन मार्जयेत् ॥१५॥

यदि यह प्राणी अपने मनरूप दर्पण में जगत् के रहस्य को स्पष्ट रूप से देखने की इच्छा करता है, तो इसे अपने मन रूप दर्पण को निरीहता (वीतरागता) से मार्जन करना चाहिए ॥१५॥

भावार्थ - जगत् के तत्त्वों का बोध सर्वज्ञता को प्राप्त हुए बिना नहीं हो सकता और सर्वज्ञता की प्राप्ति वीतरागता के बिना संभव नहीं है । अतः सर्वज्ञता प्राप्त करने के लिए पहले वीतरागता प्राप्त करनी चाहिए ।

लोकोऽयं सम्प्रदायस्य मोहमङ्गीकरोति यत् ।
मुहुः प्रयतमानोऽपि सत्यवर्त्म न विन्दति ॥१६॥

यह संसार सम्प्रदाय के मोह को अंगीकार कर रहा है । यही कारण है कि बारम्बार प्रयत्न करता हुआ भी वह सत्य मार्ग को नहीं जानता है ॥१६॥

गतानुगतिकत्वेन सम्प्रदायः प्रवर्त्तते ।
वस्तुत्वेनाभिसम्बद्धं सत्यमेतत्पुनर्भवेत् ॥१७॥

सम्प्रदाय तो गतानुगातिकता से प्रवृत्त होता है । (उसमें सत्य-असत्य का कोई विचार संभव नहीं है ।) किन्तु सत्य तो यथार्थ वस्तुत्व से सम्बद्ध होता है ॥१७॥

वस्तुता नैकपक्षान्तःपातिनीत्यत एव सा ।
सार्वत्वमभ्यतीत्यास्ति दुर्लभाऽस्मिञ्चराचरे ॥१८॥

वस्तुता अर्थात् यथार्थता एक पक्ष की अन्तः पातिनी नहीं है, वह तो सार्वत्व अर्थात् सर्वधर्मात्मकत्व को प्राप्त होकर रहती है और यह अनेकान्तता या सर्वधर्मात्मकता इस चराचर लोक में दुर्लभ है ॥१८॥

सगरं नगरं त्यक्त्वा विषमेऽपि समे रसः ।
वनेऽप्यवनतत्त्वेन सकलं विकलं यतः ॥१९॥

भगवान् विचार कर रहे हैं कि संसार की समस्त वस्तुएं विपरीत रूप धारण किये हुए दिख रही हैं जिसे लोग नगर कहते हैं वह तो सगर अर्थात् विष-युक्त है और जिसे लोग वन कहते हैं उसमें अवनतत्त्व है अर्थात् वह बाहिरी चकाचौंध से रहित है, फिर भी उसमें अवनतत्त्व हे अर्थात् उसमें सभी प्राणियों की सुरक्षा है । इस लिए नगर को त्याग करके मेरा मन विषम (भीषण एवं विषमय) वन में रहने को हो रहा है ॥१९॥

कान्ता लता वने यस्मात्सौधे तु लवणात्मता ।
त्यक्त्वा गृहमतः सान्द्रे स्थीयते हि महात्मना ॥२०॥

वन में कान्त (सुन्दर) लता है, क्योंकि वह कान्तार है अर्थात् स्त्री-सहित है । सौध में लवणात्मकता है, अर्थात् अमृत में खारापन है और सुधा (चूना) से बने मकान में लावण्य (सौन्दर्य) है यह विरोध देखकर ही महात्मा लोग घर को छोड़कर सान्द्र (सुरम्य) वन में रहते हैं ॥२०॥

विहाय मनसा वाचा कर्मणा सदनाश्रयम् ।
उपैम्यहमपि प्रीत्या सदाऽऽनन्दनकं वनम् ॥२१॥

मैं भी नगर को-जो कि सदनाश्रय है अर्थात् सदनों (भवनों) से घिरा हुआ है, दूसरे अर्थ में - सद्-अनाश्रय अर्थात् सज्जनों के आश्रय से रहित है, ऐसे नगर को छोड़कर सज्जनों के लिए आनन्द-कन्द-स्वरूप वन को अथवा सदा आनन्द देने वाले नन्दन वन को मन, वचन-काय से प्रेम पूर्वक प्राप्त होता हूँ ॥२१॥

इत्येवमनुसन्धान-तत्परे जगदीश्वरे ।
सुरर्षिभिरिहाऽऽगत्य संस्तुतं प्रस्तुतं प्रभोः ॥२२॥

इस प्रकार के विचारों में तत्पर जगदीश्वर श्री वर्धमान के होने पर देवर्षि लौकान्तिक देवों ने यहां आकर के प्रभु की स्तुति की ॥२२॥

पुनरिन्द्रादयोऽप्यन्ये समष्टीभूय सत्वरम् ।
समायाता जिनस्यास्य प्रस्तावमनुमोदितुम् ॥२३॥

पुनः अन्य इन्द्रादिक देव भी शीघ्र एकत्रित होकर के जिन-भगवान् के इस गृहत्याग रूप प्रस्ताव की अनुमोदना करने के लिए आये ॥२३॥

विजनं स विरक्तात्मा गत्वाऽप्यविजनाकुलम् ।
निष्कपटत्वमुद्धर्तुं पटानुज्झितवानपि ॥२४॥

उन विरक्तात्मा भगवान् ने अवि (भेड़) जनों से आकुल अर्थात् भरे हुए ऐसे विजन (एकान्त जन-शून्य) वन में जाकर निष्कपटता को प्रकट करने के लिए अपने वस्त्रों का परित्याग कर दिया, अर्थात् वन में जाकर दैगम्बरी दीक्षा ले ली ॥२४॥

उच्चखान कचौघं स कल्मषोपममात्मनः ।
मौनमालब्धवानन्तरन्वेष्टुं दस्युसंग्रहम् ॥२५॥

उन्होंने मलिन पाप की उपमा को धारण करने वाले अपने केश-समूह को उखाड़ डाला, अर्थात् केशों का लोच किया और अन्तरंग में पैठे हुए चोरों के समुदाय को ढूंढने के लिए मौन को अंगीकार किया ॥२५॥

मार्गशीर्षस्य मासस्य कृष्णा सा दशमी तिथिः ।
जयताज्जगतीत्येवमस्माकं भद्रताकरी ॥२६॥

वह मगसिर मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि है, जिस दिन भगवान् ने दैगम्बरी दीक्षा ग्रहण की । यह हम सबके कल्याण करने वाली तिथि जगत् में जयवन्ती रहे ॥२६॥

दीपकोऽभ्युदियायाथ मनःपर्ययनामकः ।
मनस्यप्रतिसम्पाती तमःसंहारकृत्प्रभोः ॥२७॥

दीक्षित होने के पश्चात् वीर प्रभु के मन में अप्रतिपाती (कभी नहीं छूटने वाला) और मानसिक अन्धकार का संहार करने वाला मनःपर्यय नाम का ज्ञान-दीपक अभ्युदय को प्राप्त हुआ । अर्थात् भगवान् के मनःपर्यय ज्ञान प्रकट हो गया ॥२७॥

चिन्तितं हृदये तेन वीरं नाम वदन्ति माम् ।
किं कदैतन्मयाऽबोधि कीदृशी मयि वीरता ॥२८॥

तब भगवान् अपने हृदय में विचार करने लगे - लोग मुझे वीर नाम से कहते हैं । पर क्या कभी मैंने यह सोचा है कि मुझमें कैसी वीरता है ? ॥२८॥

वीरता शस्त्रिभावश्चेद्भीरुता किं पुनर्भवेत् ।
परापेक्षितया दास्याद्यत्र मुक्तिर्न जातुचित् ॥२९॥

यदि शस्त्र संचालन का या शस्त्र ग्रहण करने का नाम वीरता है, तो फिर भीरुता नाम किसका होगा ? शस्त्र-ग्रहण करने वाली वीरता तो परापेक्षी होने से दासता है । इस दासता में मुक्ति कदाचित् भी सम्भव नहीं है ॥२९॥

वस्तुतो यदि चिन्त्येत चिन्तेतः कीदृशी पुनः ।
अविनाशी ममात्मायं दृश्यमेतद्विनश्वरम् ॥३०॥

यदि वास्तव में वस्तु के स्वरूप का चिन्तवन किया जावे, तो मेरी यह आत्मा तो अविनाशी है और यह सर्व दृश्यमान पदार्थ विनश्वर हैं । फिर मुझे चिन्ता कैसी ॥३०॥

विभेति मरमाद्दीनो न दीनोऽथामृतस्थितिः ।
सम्पदयन्विपदोऽपि सरितः परितश्चरेत् ॥३१॥

दीन पुरुष मरण से डरता है । जो दीन नहीं है, वह अमृत स्थिति है, अर्थात् वीर पुरुष मरण से नहीं डरता है, क्योंकि वह तो आत्मा को अमर मानता है । उसके लिए तो चारों ओर से आने वाली विपत्तियां भी सम्पत्ति के लिए होती हैं । जैसे समुद्र को क्षोभित करने के लिए सर्व ओर से आने वाली नदियां उसे क्षुब्ध न करके उसी की सम्पत्ति बन जाती हैं ॥३१॥

यां वीक्ष्य वैनतेयस्य सर्पस्येव परस्य च ।
क्रूरता दूरतामञ्चेच्छूरता शक्तिरात्मनः ॥३२॥

जैसे गरुड़ की शक्ति को देखकर सर्प की क्रूरता दूर हो जाती है, उसी प्रकार वीर की आत्म शक्ति को देखकर शत्रु की क्रूरता दूर हो जाती है, क्योंकि शूरता आत्मा की शक्ति है ॥३२॥

शस्त्रोपयोगिने शस्त्रमयं विश्वं प्रजायते ।
शस्त्रं दृष्ट्वाऽप्यभीताय स्पृहयामि महात्मने ॥३३॥

शस्त्र का उपयोग करने वाले के लिए यह विश्व शस्त्रमय हो जाता है । किन्तु शस्त्र को देख करके भी निर्भय रहने वाले महान् पुरुष की मैं इच्छा करता हूँ ॥३३॥

शपन्ति क्षुद्रजन्मानो व्यर्थमेव विरोधकान् ।
सत्याग्रहप्रभावेण महात्मा त्वनुकूलयेत् ॥३४॥

क्षुद्र-जन्मा दीन पुरुष विरोधियों को व्यर्थ ही कोसते हैं । महापुरुष तो सत्याग्रह के प्रभाव से विरोधियों को भी अपने अनुकूल कर लेता है ॥३४॥

भावार्थ - इस श्लोक में प्रयुक्त महात्मा पद से गांधीजी और उनके सत्याग्रह की यथार्थता का कवि ने संकेत किया है ।

अथानेके प्रसङ्गास्ते बभूवुस्तपसो युगे ।
यत्कथा खलु धीराणामपि रोमाञ्चकारिणी ॥३५॥

इसके पश्चात् उन वीर प्रभु के तपश्चरण के काल में ऐसे अनेक प्रसङ्ग आये, कि जिनकी कथा भी धीर जनों को भी रोमाञ्चकारी है ॥३५॥

भावार्थ - भगवान् के साढ़े बारह वर्ष के तपश्चरण काल में ऐसी-ऐसी घटनाए घटीं कि जिनके सुनने मात्र से ही धीर-वीरों के भी रोम खड़े हो जाते हैं । परन्तु भगवान् महावीर उन सब प्रसङ्गों पर खरे उतरे और उन्होंने अपने ऊपर आये हुए उपसर्गों (आपत्तियों) को भली भांति सहन किया और उन पर विजय प्राप्त की । इन घटनाओं का उल्लेख प्रस्तावना में किया गया है ।

किन्तु वीरप्रभुर्वीरो हेलया तानतीतवान् ।
झंझानिलोऽपि किं तावत्कम्पयेन्मेरुपर्वतम् ॥३६॥

किन्तु वीर प्रभु तो सचमुच ही वीर थे, उन्होंने उन सब प्रसंगों को कुतूहल-पूर्वक पार किया, अर्थात् उन पर विजय पाई । कवि कहते हैं कि क्या कभी झंझावायु भी मेरु पर्वत को कंपा सकती है ? अर्थात् कभी नहीं ॥३६॥

एकाकी सिंहवद्वीरो व्यचरत्स भुवस्तले ।
मनस्वी मनसि स्वीये न साहयमपेक्षते ॥३७॥

वे वीरप्रभु इस भूतल पर सिंह के समान अकेले ही विहार करते रहे । सो ठीक ही है, क्योंकि मनस्वी परुष अपने चित्त में दूसरे की सहायता की अपेक्षा नहीं करते ॥३७॥

ये केऽपि सम्प्रति विरुद्धधियो लसन्ति,
त्वच्चोष्टितस्य परिकर्मभृतो हि सन्ति ।
आत्मन् पुराऽजनि तवैव विभावसू चिन्,
मुक्तासु सूत्रसमवायकरीव सूची ॥३८॥

आज जो कोई भी परस्पर विरुद्ध बुद्धिवाले दिखलाई दे रहे हैं हे आत्मन्, वे सब तेरी पूर्व भव की चेष्टा के ही परिकर्म के धारक हैं, क्योंकि तू ने पूर्व जन्म में अपने विचार विभाव परिणति से परिणत किये, उसीके ये सब परिणाम है। जैसे कि मोतियों में एक सूत्रता करने वाली सुई होती है ॥३८॥

भावार्थ - जैसे भिन्न-भिन्न स्वतंत्र सत्ता वाले मोतियों में सुत्र (धागा) पिरोने का कार्य सुई करती है, उसी प्रकार विभिन्न व्यक्तित्व वाले पुरुषों में जो अपने विरोधी या अविरोधी दिखाई देते हैं, वह अपनी राग, द्वेषमयी सूची (सुई) रूप विभाव परिणति का ही प्रभाव है।

गतमनुगच्छति यतोऽधिकांशः सहजतयैव तथा मतिमान् सः।
अन्याननुकूलयितुं कुर्यात्स्वस्य सदाऽऽदर्शमयीं चर्याम् ॥३९॥

संसार में अधिकांश जन तो गतानुगत ही चलते हैं, किन्तु बुद्धिमान् तो वही है जो औरों को अनुकूल करने के लिए सदा सहज रूप से अपनी आदर्शमयी चर्या को करे ॥३९॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम्।
तस्माल्लब्धभवे प्रगच्छति तमां वीरोदयाख्यानके,
सर्गोऽसौ दशमश्च निष्क्रमणवाक् वीरस्य तत्रानके ॥१०॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित वीरोदय आख्यान में वीर के निष्क्रमण कल्याणक का वर्णन करने वाला दशवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१०॥

अथैकादशः सर्गः

श्रृणु प्रवित् सिंहसमीक्षणेन प्राग्जन्मवृत्ताधिगमी क्षणेन ।
सन्निम्नगोपाङ्कितवारिपूरे मनस्तरिस्थो व्यचरत् प्रभूरे ॥१॥

हे विद्वज्जन ! सुनो - भगवान् ने सिंहावलोकन करते हुए (अवधि ज्ञान से) एक क्षण मात्र में अपने पूर्व जन्मों के वृत्तान्तों को जान लिया । तब वे नीचे लिखी हुई वाक्य-परम्परा से अंकित नदी के पूर में मनरूपी नौका पर बैठकर विचरने लगे, अर्थात् इस प्रकार से विचार करने लगे ॥१॥

निरामया वीतभयाः ककुल्याः श्रीदेवदेवीद्वितयेन तुल्याः ।
आसन् पुरा भूतलवासिनोऽपि अनिष्टसंयोगधरो न कोऽपि ॥२॥

बहुत पूर्वकाल में यहां पर सभी भूतल-वासी प्राणी निरामय (निरोग) थे, भय-रहित थे, भोगोपभोगों से सुखी थे और देव-देवियों के तुल्य सुखी युगल जीवन बिताते थे । उस समय कोई भी अनिष्ट संयोग वाला नहीं था ॥२॥

नानिष्टयोगेष्टवियोगरूपाः कल्पद्रुमेभ्यो विवृतोक्तकूपाः ।
निर्मत्सरा हृद्यतयोपगूढाः परस्परं तुल्यविधानरूढाः ॥३॥

उस काल में कोई भी प्राणी अनिष्ट-संयोग और इष्ट वियोग वाला नहीं था । कल्पवृक्षों से उन्हें जीवनोपयोगी सभी वस्तुएँ प्राप्त होती थीं । उस समय के लोग मत्सर भाव से रहित थे और परस्पर समान आचरण-व्यवहार करते हुए अति स्नेह से रहते थे ॥३॥

भावार्थ - उस समय यहां पर भोग भूमि थी और सर्व मनुष्य सर्व प्रकार से सुखी थे ।

कालेन वैषम्यमिते नृवर्गे क्रौर्यं पशूनामुपयाति सर्गे ।
कल्पद्रुमौघोऽपि फलप्रकार दानेऽथ सङ्कोचमुरीचकार ॥४॥

तदनन्तर काल-चक्र के प्रभाव से मनुष्य वर्ग में विषमता के आने पर और पशुओं के क्रूर भाव को प्राप्त होने पर कल्पवृक्षों के समूह ने भी नाना प्रकार के फलों के देने में संकोच को स्वीकार कर लिया, अर्थात् पूर्व के समान फल देना बन्द कर दिया ॥४॥

ससद्वयोदारकुलङ्कराणामन्त्यस्य नाभेर्मरुदेवि आणात् ।
सीमन्तिनी तत्र हृदेकहारस्तत्कुक्षितोऽभूद् ऋषभावतारः ॥५॥

उस समय यहां पर क्रमशः चौदह कुलकर उत्पन्न हुए। उनमें अन्तिम कुलकर नाभिराज थे। उनकी स्त्री का नाम मरुदेवी था। उसकी कुक्षि से दोनों के हृदय के अद्वितीय हार-स्वरूप श्री ऋषभदेव का अवतार हुआ ॥५॥

प्रजासु आजीवनिकाभ्युपायमस्यादिषट्कर्मविधिं विधाय।
पुनः प्रवव्राज स मुक्तिहेतु-प्रयुक्तये धर्मगृहैककेतुः ॥६॥

उन्होंने प्रजाओं की आजीविका के उपायभूत असि, मषि, कृषि आदि षट् कर्मों का विधान करके पुनः मुक्ति-मार्ग को प्रकट करने के लिए तथा स्वयं मुक्ति प्राप्त करने के लिए परिव्राजकता को अंगीकार किया, क्योंकि वे तो धर्म रूप प्रासाद के अद्वितीय केतु-(ध्वज) स्वरूप थे ॥६॥

एकेऽमुना साकमहो प्रवृत्तास्तप्तुं न शक्ताः स्म चलन्ति वृत्तात्।
यदृच्छयाऽऽहारविहारशीला दधुर्विचित्रां तु निजीयलीलाम् ॥७॥

उनके साथ सहस्रों लोग परिव्राजक बन गये। किन्तु उनमें से अनेक लोग उग्र तप को तपने के लिए समर्थ नहीं हुए और अपने चारित्र से विचलित होकर स्वच्छन्द आहार-विहार करने लगे। तब उन्होंने अपनी मनमानी अनेक प्रकार की विचित्र लीलाओं को धारण किया ॥७॥

भावार्थ - सत्य साधु मार्ग छोड़कर उन्होंने विविध वेषों को धारण कर धर्म का मनमाना आचरण एवं प्रचार प्रारंभ कर दिया।

पौत्रोऽहमेतस्य तदग्रगामी मरीचिनाम्ना समभूच्चा नामी।
ययौ ममायं कपि-लक्षणेनार्जित मतं तत्कपिल-क्षणे ना ॥८॥

उन उन्मार्ग-गामियों का अग्रगामी (मुखिया) मैं मरीचि नाम से प्रसिद्ध भगवान् ऋषभदेव का पौत्र ही था। उस समय कपि (वानर) जैसी चंचलता से मैंने जो मत प्रचारित किया, वही कालान्तर में कपिलमत के नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥८॥

स्वर्गं गतोऽप्येत्य पुनर्द्विजत्वं धृत्वा परिव्राजकतामतत्त्वम्।
प्रचारयन् स्मास्मि सुदृष्टिहान्या समादधानोऽप्यपथे तथाऽन्यान् ॥९॥

मरीचि के भव से आयु समाप्त कर मैं स्वर्ग गया। वहां से आकर द्विजत्व को धारण कर, अर्थात् ब्राह्मण के कुल में जन्म लेकर और निःसारता वाली परिव्राजकता को पुनः धारण कर उसका प्रचार करता हुआ सुदृष्टि (सम्यग्दर्शन) के अभाव से अन्य जनों को भी उसी कुपथ में लगाता हुआ विचरने लगा ॥९॥

नानाकुयोनीः समवेत्य तेन हन्ताऽथ दुष्कर्मसमन्वयेन।
शाण्डिल्य-पाराशरिकाद्वयस्य पुत्रोऽभवं स्थावरनाम शस्यः ॥१०॥

इस उन्मार्ग के प्रचार या स्वयं तथैव आचरण से मैंने जो दुष्कर्म उपार्जन किया, उससे संयुक्त होकर उसके फलस्वरूप नाना प्रकार की कुयोनियों में परिभ्रमण करके अन्त में शाण्डिल्य ब्राह्मण और उसकी पाराशरिका स्त्री के स्थावर नाम का श्रेष्ठ पुत्र हुआ ॥१०॥

भूत्वा परिव्राद् स गतो महेन्द्र–स्वर्गं ततो राजगृहेऽपकेन्द्रः ।
जैन्या भवामि स्म च विश्वभूतेस्तुक् विश्वनन्दी जगतीत्यपूते ॥११॥

उस भव में भी परिव्राजक होकर तप के प्रभाव से माहेन्द्र स्वर्ग गया । पुनः वहां से च्युत होकर इस अपवित्र जगत् में परिभ्रमण करते हुए राजगृह नगर में विश्वभूति ब्राह्मण और उसकी जैनी नामक स्त्री के विश्वनन्दी नाम का पुत्र हुआ ॥११॥

विशाखभूतेस्तनयो विशाखनन्दी समैच्छत्पितुरात्तशाखम् ।
यद्विश्वनन्दिप्रथितं किलासीदुद्यानमभ्रेश्वरसान्द्रभासि ॥१२॥

विश्वभूति के भाई विशाखभूति का पुत्र विशाखनन्दी था । वह पिता के द्वारा विश्वनन्दी को दिये हुए नन्दन वन जैसे शोभायमान उद्यान को चाहता था ॥१२॥

राजा तुजेऽदात्तदहो निरस्य युवाधिराजं छलतो रणस्य ।
प्रत्यागतो ज्ञातरहस्यवृत्तः श्रामण्यकर्मण्यसकौ प्रवृत्तः ॥१३॥

विशाखभूति राजा ने रण के बहाने से मुझ विश्वनन्दी को बाहिर भेज दिया और यह उद्यान अपने पुत्र को दे दिया । जब वह मैं विश्वनन्दी युद्ध से वापिस आया और सर्व वृत्तान्त को जाना, तो विरक्त होकर श्रामण्यकर्म में प्रवृत्त हो गया अर्थात् जिन-दीक्षा ले ली ॥१३॥

तदेतदाकर्ण्य विशाखभूतिर्विचार्य वृत्तं जगतोऽतिपूति ।
दिगम्बरीभूय सतां वतंसः ययौ महाशुक्रसुरालयं स ॥१४॥

राजा विशाखभूति यह सब वृत्तान्त सुनकर और जगत् के हाल को अत्यन्त घृणित विचार कर दिगम्बर साधु बन गया और वह सज्जनों का शिरोमणि तप करके महाशुक्र नामक स्वर्ग को प्राप्त हुआ ॥१४॥

श्रीविश्वनन्द्यार्यमवेत्य चर्यापरायणं मां मथुरानगर्याम् ।
विशाखनन्दी शपति स्म भूरि ततोऽगमं रोषमहं च सूरिः ॥१५॥

जब मैं मथुरा नगरी में चर्या के लिये गया हुआ था, उस समय विशाखनन्दी ने मुझे विश्वनन्दी जानकर मेरा भारी अपमान किया, जिससे साधु होते हुए भी मैं रोष को प्राप्त हो गया ॥१५॥

हन्ताऽस्मि रे त्वामिति भावबन्धमथो समाधानि मनःप्रबन्धः ।
तप्त्वा तपः पूर्ववदेव नामि स्वर्गं महाशुक्रमहं स्म यामि ॥१६॥

तब रोष में मैंने ऐसा भाव-बन्ध (निदान) किया कि रे विशाख नन्दी ! मैं परभव में तुझे मारूंगा। पुन चित्त में समाधान को प्राप्त होकर मैं (वह विश्वनन्दी) पहले के समान ही तपश्चरण करके महाशुक्र नाम के स्वर्ग में गया ॥१६॥

विशाखभूतिर्नभसोऽत्र जातः प्रजापतेः श्रीविजयो जयातः ।
मृगावतीतस्तनयस्त्रिपृष्ठ-नाम्नाऽप्यहं पोदनपुर्यथातः ॥१७॥

विशाखभूति का जीव स्वर्ग से च्युत होकर यहां पोदनपुरी में प्रजापति राजा और जया रानी से श्री विजय नामक पुत्र हुआ । और मैं उन्हीं राजा की दूसरी मृगावती रानी से त्रिपृष्ठ नाम का पुत्र हुआ ॥१७॥

भावार्थ - पूर्व भव के काका-भतीजे हम दोनों यहां पर क्रमशः बलभद्र और नारायण हुए ।

विशाखनन्दी समभूद् भ्रमित्वा नीलंयशामात्रुदरं स इत्वा ।
मयूरराज्ञस्तनयोऽश्वपूर्व-ग्रीवोऽलकायां धृतजन्मदूर्वः ॥१८॥

विशाखनन्दी का जीव बहुत दिनों तक संसार में परिभ्रमण करके अलकापुरी में मयूर राजा और नीलंयशा माता के गर्भ में आकर अश्वग्रीव नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसका जन्मोत्सव उत्साह से मनाया गया ॥१८॥

सोऽसौ त्रिखण्डाधिपतामुपेतोऽश्वग्रीव आरान्मम तार्क्ष्यकेतोः ।
मृतोऽसिना रौरवमभ्यवाप गतस्तदेवाहमथो सपापः ॥१९॥

वह अश्वग्रीव (प्रतिनारायण बनकर) तीन खण्ड के स्वामीपने को प्राप्त हुआ । (किन्तु पूर्व भव के वैर से) वह, गरूड़ की ध्वजा वाले मुझ त्रिपृष्ठ नारायण की तलवार से मर कर रौरव नरक को प्राप्त हुआ और मैं भी पापयुक्त होकर उसी ही नरक में गया ॥१९॥

निर्गत्य तस्माद्धरिभूयमङ्गं लब्ध्वाऽव्रजं चादिविलप्रसङ्गम् ।
ततोऽपि सिंहाङ्गमुपेत्य तत्र मयाऽऽपि कश्चिन्मुनिराट पवित्रः ॥२०॥

पुनः मैं उस नरक से निकल कर सिंह हुआ और मरकर प्रथम नरक गया । वहां से निकल कर मैं फिर भी सिंह हुआ । उस सिंह भव में मैंने किसी पवित्र मुनिराज को पाया, अर्थात् मुझे किसी मुनिराज के सत्संग का सुयोग प्राप्त हुआ ॥२०॥

स आह भो भव्य ! पुरुरवाङ्ग-भिल्लोऽपि सद्धर्मवशादिहाङ्ग ।
आदीशपौत्रत्वमुपागतोऽपि कुदृक्प्रभावेण सुधर्मलोपी ॥२१॥

मुझे देख कर वह मुनिराज बोले - हे भव्य, हे अंग (वत्स) तू पहिले पुरुरवा भील था, फिर उत्तम धर्म के प्रभाव से आदि जिनेन्द्र के पुत्र भरत सम्राट् के पुत्रपने को प्राप्त हुआ, अर्थात् प्रथम तीर्थङ्कर का मरीचि नाम का पोता हुआ। फिर भी मिथ्यादर्शन के प्रभाव से सुधर्म का लोप करने वाला हुआ ॥२१॥

माऽगा विषादं पुनरप्युदारबुद्धे ! विशुद्धेर्गमिताऽसि सारम् ।
परिव्रजन् यः स्खलति स्वयं स चलत्यथोत्थाय सतां वतंसः ॥२२॥

किन्तु हे उदार बुद्धे ! अब तू विषाद को मत प्राप्त हो, तू बहुत शीघ्र विशुद्धि के सार को प्राप्त होगा। जो चलता हुआ गिरता है, वही सज्जन-शिरोमणि मनुष्य स्वयं उठकर चलने लगता है ॥२२॥

उपात्तजातिस्मृतिरित्यनेनाश्रुसिक्तयोगीन्द्रपदो निरेनाः ।
हिंसामहं प्रोज्झितवानथान्ते प्राणाँश्च संन्यासितया वनान्ते ॥२३॥

साधु के उक्त वचन सुनकर जाति-स्मरण को प्राप्त हो मैंने अपने आंसुओं से उन योगीन्द्र के चरणों को सींचकर हिंसा को छोड़ दिया और पाप-रहित होकर जीवन के अन्त में उसी वन के भीतर सन्यास से प्राणों को छोड़ा ॥२३॥

तस्मादनल्पाप्सरसङ्गतत्वाद्भूत्वाऽमृताशी सुखसंहितत्वात् ।
आयुः समुद्रद्वितयोपमानक्षणं स्म जाने क्षणसम्विधानम् ॥२४॥

उस पुण्य के प्रभाव से मैंने अमृत-भोजी (देव) होकर अनेकों अप्सराओं से युक्त हो सुख-परम्परा को भोगते हुए वहां की दो सागरोपम आयु को एक क्षण के समान जाना ॥२४॥

श्रीधातकीये रजताचलेऽहं जातः परित्यज्य सुरस्य देहम् ।
सुरेन्द्रकोणीयविदेहनिष्ठे तदुत्तरश्रेणिगते विशिष्टे ॥२५॥
श्रीमङ्गलावत्यभिधप्रदेश-स्थिते पुरे श्रीकनकाभिधे सन् ।
राजाग्रशब्दः कनकोऽस्य माला राज्ञी सहासीत्कनकेन बाला ॥२६॥
तयोर्गतोऽहं कुलसौधकेतुः सुराद्रिसम्पूजनहेतवे तु ।
भूत्वा मुनिर्लान्तवमभ्युपेतस्त्रयोदशाब्ध्यायुरुपेत्य चेतः ॥२७॥

तत्पश्चात मैं देव की देह को छोड़ कर धातकी खंड के पूर्व दिशा में उपस्थित पूर्व-विदेह के रजताचल की उत्तर श्रेणी-गत विशिष्ट श्री मंगलावती नामक देश में विद्यमान श्री कनकपुर में कनक राजा की कनकमाला रानी के उनके कुलरूप भवन की ध्वजा-स्वरूप पुत्र हुआ । उस भव में मैं सुमेरु पर्वत के चैत्यालयों की पूजन के लिए गया। पुनः मुनि बन कर (और संन्यास से मरण कर) लान्तव नाम के स्वर्ग को प्राप्त हुआ और वहां पर मैंने तेरह सागर की आयु पाई ॥२५-२६-२७॥

साकेतनामा नगरी सुधामाऽस्यां चाऽभवं श्रीहरिषेणनामा ।
श्रीवज्रषेणावनिपेन शीलवत्याः कुमारोऽहमथो सलीलः ॥२ ।

पुन उत्तम भवनों वाली जो साकेत नाम नगरी है, उसमें मैं (स्वर्ग से च्युत होकर श्री वज्रषेण राजा से शीलवती रानी के श्रीहरिषेण नाम का पुत्र हुआ और मैंने कुमार-काल नाना प्रकार की लीलाओं में बिताया ॥२८॥

युवत्वमासाद्य विवाहितोऽपि नोपासकाचारविचारलोपी ।
सन्ध्यासु सन्ध्यानपरायणत्वादेवं च पर्वण्युपवासकृत्वात् ॥२९॥

पुनः युवावस्था को प्राप्त कर मैं विवाहित भी हुआ, परन्तु उपासकों (श्रावकों) के आचार विचार का मैंने लोप नहीं किया, अर्थात् मैंने श्रावक धर्म का विधिवत् पालन किया । तीनों संध्या-कालों में मैं सन्ध्या-कालीन कर्त्तव्य में परायण रहता था और इसी प्रकार पर्व के दिनों में उपवास करता था ॥२९॥

पात्रोपसन्तर्पणपूर्वभोजी भोगेषु निर्विण्णतया मनोजित् ।
अथैकदा श्रीश्रुतसागरस्य समीपमाप्त्वा वदतांवरस्य ॥३०॥

दिगम्बरीभूय तपस्तपस्यन्ममायमात्मा श्रुतसारमस्यन् ।
भुक्तोज्झितं भोक्तुमुपाजगाम पुनर्महाशुक्रसुपर्वधाम ॥३१॥

मैं पात्रों के सन्तपण-पूर्व भोजन करता था, भोगों में विरक्त होने से मन को जीतने वाला था । तभी एक समय आचार्य-शिरोमणि श्री श्रुतसागर के समीप जाकर, दिगम्बरी दीक्षा लेकर और तप को तपता हुआ मेरा यह आत्मा श्रुत के सार को प्राप्त कर भोग करके छोड़े हुए भोगों को भोगने के लिए पुनः महा शुक्र स्वर्ग को प्राप्त हुआ ॥३०-३१॥

प्राग्धातकीये सरसे विदेहे देशेऽथवा पुष्कलके सुगेहे ।
श्रीपुण्डरीकिण्यथ पूः सुभागी सुमित्रराजा सुव्रताऽस्य राज्ञी ॥३२॥

भूत्वा कुमारः प्रियमित्रनामा तयोरहं निस्तुलरूपधामा ।
षट्खण्डभूमीश्वरतां दधानो विरज्य राज्यादिह तीर्थभानोः ॥३३॥

गत्वान्तिकं धर्मसुधां पिपासुः श्रामण्यमाप्त्वा तपसाऽमुनाऽऽशु ।
स्वर्गं सहस्रारमुपेत्य दैवीमैमि स्म सम्पत्तिमपापसेवी ॥३४॥

पुनः धातकी खण्ड के सरस पूर्व विदेह के उत्तम गृहों वाले पुष्कल देश में श्री पुण्डरीकिणी पुरी के सुमित्र राजा और सुव्रता रानी के मैं अतुल रूप का धारी प्रिय मित्र नाम का कुमार हुआ । वहां पर षट् खण्ड भूमि की ईश्वरता को, अर्थात् स्वामित्व को धारण करता हुआ चक्रवर्ती बनकर (राज्य-सुख भोगा । पुनः कारण पाकर) राज्य से विरक्त होकर तीर्थ के लिए सूर्य-स्वरूप आचार्य के पास जाकर और धर्म रूप अमृत के पीने का इच्छुक हो, मुनिपना अङ्गीकार कर वहां किये हुये तपश्चरण के फल से शीघ्र ही सहस्रार स्वर्ग में उत्पन्न होकर निष्पाप प्रवृत्ति करने वाले मैंने देवी सम्पत्ति को प्राप्त किया ॥३२-३३-३४॥

छत्राभिधे पुर्यमुकस्थलस्य श्रीवीरमत्यामभिनन्दनस्य ।
सुतोऽभवं नन्दसमाह्वयोऽहमाप्त्वा कदाचिन्मुनिमस्तमोहम् ॥३५॥

समस्तसत्त्वैकहितप्रकारि-मनस्तयाऽन्ते क्षपणत्वधारी ।
उपेत्य वै तीर्थकरत्वनामाच्युतेन्द्रतामप्यगमं सुदामा ॥३६॥

पुनः उसी धातकी खण्डस्थ पूर्व विदेह क्षेत्र के उस पुष्कल देश में छत्रपुरी के राजा अभिनन्दन और रानी श्री वीरमती के नन्द नाम का पुत्र हुआ । वहां किसी समय मोह-रहित निर्ग्रन्थ मुनि को पाकर, उनके समीप क्षपणकत्व (दिगम्बरत्व) को धारण कर लिया और समस्त प्राणियों की हितकारिणी मानसिक प्रवृत्ति होने से तीर्थंकरत्व नामकर्म का बन्धकर अच्युत स्वर्ग की इन्द्रता को प्राप्त हुआ, अर्थात् उत्तम माला का धारक इन्द्र हुआ ॥३५-३६॥

यदेतदीक्षे जगतः कुवृत्तं तस्याहमेवास्मि कुबीजभृत्तं ।
चिकित्सिताऽर्ज्या भुवि मच्चिकित्सा विना स्वभावादुत कस्य दित्सा ॥३७॥

इस प्रकार आज जगत् में जो यह कदाचार देख रहा हूँ, उसका मैं ही तो कुबीजभूत हूँ, अर्थात् पूर्व भवों में मैंने ही जो मिथ्या मार्ग का बीज बोया है, वही आज नाना प्रकार के मत-मतान्तरों एवं असदाचारों के रूप में वृक्ष बनकर फल-फूल रहा है । इसलिए जगत् की चिकित्सा करने की इच्छा रखने वाले मुझे पहिले अपनी ही चिकित्सा करनी चाहिए । जब तक मैं स्वयं शुद्ध (निरोग या निराग) नहीं हो जाऊं, तब तक स्वभावतः दूसरे के लिए औषधि देने की इच्छा कैसे सम्भव है ? ॥३७॥

सिद्धिमिच्छन् भजेदेवासहयोगं धनादिभिः ।
अपि कुर्याद् बहिष्कारं मत्सरादेरिहात्मनः ॥३८॥

आत्म-शुद्धि रूप सिद्धि की इच्छा करने वाले को धन-कुटुम्बादि से असहयोग करना ही चाहिए, तथा अपनी आत्मा के परम शत्रु मत्सरादिक भावों का भी बहिष्कार करना चाहिए ॥३८॥

स्वराज्यप्राप्तये धीमान् सत्याग्रहधुरन्धरः ।
नो चेत्परिस्खलत्येव वास्तव्यादात्मवर्त्मनः ॥३९॥

स्वराज्य (आत्म-राज्य) प्राप्ति के लिए बुद्धिमान् पुरुष को सत्याग्रह रूप धुराका धारक होना चाहिए। यदि उसका सत्य के प्रति यथार्थ आग्रह न होगा, तो वह अपने वास्तविक आत्म-शुद्धि के मार्ग से परिभ्रष्ट हो जायगा ॥३९॥

बहुकृत्वः किलोपात्तोऽसहयोगो मया पुरा ।
न हि किन्तु बहिष्कारस्तेन सीदामि साम्प्रतम् ॥४०॥

पहिले मैंने अपने पूर्व भवों में धन कुटुम्ब आदि से बहुत बार असहयोग तो किया, किन्तु राग-द्वेषादि रूप आत्म-शत्रुओं का बहिष्कार नहीं किया । इसी कारण से आज मैं दुःख भोग रहा हूँ ॥४०॥

इदमिष्टमनिष्टं वेति विकल्प्य चराचरे ।
मुधैव द्वेष्टि हन्तात्मन्न द्वेष्टि तत्स्थलं मनः ॥४१॥

हे आत्मन् ! इस चराचर जगत् में यह वस्तु इष्ट है और यह अनिष्ट है, ऐसा विकल्प करके तू व्यर्थ ही किसी से राग और किसी से द्वेष करता है । दुःख है कि इस राग द्वेष के स्थल-भूत अपने मन से तू द्वेष नहीं कर रहा है ? ॥४१॥

तदद्य दुष्टभावानां मयाऽऽत्मबलशालिना ।
बहिष्कार उरीकार्यः सत्याग्रहमुपेयुषा ॥४२॥

इसलिए आत्म बलशाली मुझे सत्याग्रह को स्वीकार करते हुए अपने राग-द्वेषादि दुष्ट भावों का बहिष्कार अङ्गीकार करना चाहिए ॥४२॥

अभिवाञ्छसि चेदात्मन् सत्कर्त्तुं संयमद्रुमम् ।
नैराश्यनिगडे नैतन्मनोमर्कटमाधर ॥४३॥

हे आत्मन् ! यदि तुम संयम रूप वृक्ष की सुरक्षा करना चाहते हो, तो अपने इस मनरूप मर्कट (बन्दर) को निराशा रूप सांकल से अच्छी तरह जकड़ कर बांधो ॥४३॥

अपारसंसारमहाम्बुराशेरित्यात्मनो निस्तरणैकहेतुम् ।
विचार्य चातुर्यपरम्परातो निबद्धवानात्मविभुः स सेतुम् ॥४४॥

इस प्रकार आत्म-वैभव के स्वामी वीर भगवान् ने विचार कर इस अपार संसार रूप महा समुद्र के पार होने के एक मात्र हेतु स्वरूप सेतु (पुल) को अपनी चातुर्य-परम्परा से बांधा ॥४४॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तेनास्मिन्नुदिते स्वकर्मविभवस्यादर्शवद् व्यञ्जकः,
प्राग्जन्मप्रतिवर्णनोऽर्हत इयान् एकादशस्थानकः ॥११॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस काव्य में अपने कर्म-वैभव को आदर्श (दर्पण) के समान प्रकट करने वाला और भगवान् के पूर्व जन्मों का वर्णन करने वाला यह ग्यारहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥११॥

❖ ❖ ❖

अथ द्वादशः सर्गः

विलोक्य वीरस्य विचारवृद्धिमिहेर्ष्ययेवाथ बभूव गृद्धिः ।
वृषाधिरूढस्य दिवाधिपस्यापि चार आत्तोरुतयेति शस्या ॥१॥

इस प्रकार वीर भगवान् की विचार-वृद्धि को देखकर उनके प्रति ईर्ष्या करते हुए ही मानों वृष राशि पर आरूढ़ हुए सूर्य देव का संचार भी दीर्घता को प्राप्त हुआ, अर्थात् दिन बड़े होने लगे ॥१॥

स्वतो हिसंजृम्भितजातवेदा निदाधके रुग्ण इवोष्णरश्मिः ।
चिरादथोत्थाय करैरशेषान् रसान्निगृह्णात्यनुवादि अस्मि ॥२॥

इस निदाघ काल में (ग्रीष्म ऋतु में) स्वतः ही बढ़ी है अग्नि (जठराग्नि) जिसकी ऐसा यह उष्ण रश्मि (सूर्य) रुग्ण पुरुष के समान चिरकाल से उठकर अपने करों (किरणों वा हाथों) से पृथ्वी के समस्त रसों को ग्रहण कर रहा है, अर्थात् खा रहा है, मैं ऐसा कहता हूँ ॥२॥

भावार्थ - जैसे कोई रोगी पुरुष चिरकाल के बाद शय्या से उठे और जठराग्नि प्रज्वलित होने से जो मिले उसे ही अपने हाथों से उठाकर खा जाता है, उसी प्रकार सूर्य भी बहुत दिनों के पश्चात् बीमारी से उठकर के ही मानों पृथ्वी पर के सर्व रसों को सुखाते हुए उन्हें खा रहा है ॥

वोढा नवोढामिव भूमिजातश्छायामुपान्तान्न जहात्यथातः ।
अनारतंवान्ति वियोगिनीनां श्वासा इवोष्णाः श्वसना जनीनाम् ॥३॥

जैसे कोई नवीन विवाहित पुरुष नवोढ़ा स्त्री को अपने पास से दूर नहीं होने देता है, उसी प्रकार इस ग्रीष्मकाल में भूमि से उत्पन्न हुआ वृक्ष भी छाया को अपने पास से नहीं छोड़ता है । तथा इस समय वियोगिनी स्त्रियों के उष्ण श्वासों के समान उष्ण वायु भी निरन्तर चल रही है ॥३॥

मितम्पचेषूत किलाध्वगेषु तृष्णाभिवृद्धिं समुपैत्यनेन ।
हरेः शयानस्य मृणालबुद्ध्या कर्षन्ति पुच्छं करिणः करेण ॥४॥

इस ग्रीष्मकाल के प्रभाव से पथिक जनों में कृपण-जनों के समान ही तृष्णा (प्यास और धनाभिलाषा) और भी वृद्धि को प्राप्त हो जाती है । इस समय ग्रीष्म से विह्वल हुए हाथी अपनी सूंड से सोते हुए सांप को मृणाल (कमलनाल) की बुद्धि से खींचने लगते हैं ॥४॥

वियोगिनामस्ति च चित्तवृत्तिरिवाभितप्ता जगती प्रक्लृप्ता ।
छाया कृशत्वं विदधाति तावद्वियोगिनीयं वनितेव दृप्ता ॥५॥

इस समय यह पृथ्वी भी वियोगियों के चित्त-सदृश सन्तप्त हो जाती है । सूर्य की छाया भी मानिनी वियोगिनी नायिका के समान कृशता को धारण कर लेती है ॥५॥

कोपाकुलस्येव मुखं नृपस्य को नाम पश्येद्रविबिम्बमद्य ।
पयः पिबत्येव मुहुर्मनुष्योऽधरं प्रियाया इव सम्प्रपद्य ॥६॥

इस समय कोप को प्राप्त हुए राजा के मुख के समान सूर्य के बिम्ब को तो भला देख ही कौन सकता है ? गर्मी के मारे कण्ठ सूख-सूख जाने से मानों मनुष्य बार-बार अपनी प्रिया को प्राप्त होकर उसके अधर के समान जल को पीता है ॥६॥

ज्वाला हि लोलाच्छलतो बहिस्तान्निर्यात्यविच्छिन्नतयेति मानात् ।
जानामि जागर्त्ति किलान्तरङ्गे वैश्वानरः सम्प्रति मण्डलानाम् ॥७॥

इस ग्रीष्म ऋतु में कुत्तों के भीतर अग्नि प्रज्वलित हो रही है, इसीलिए मानों उनकी ज्वाला लपलपाती जीभ के बहाने अविच्छिन्न रूप से लगातार बार-बार बाहिर निकल रही है, ऐसा मैं अनुमान करता हूँ ॥७॥

सहस्रधासंगुणितत्विडन्धौ वसुन्धरां' शासति पद्मबन्धौ ।
जड़ाशयानान्तु कुतो भवित्री सम्भावना साम्प्रतमात्तमैत्री ॥८॥

इस समय सहस्र गुणित किरणों को लेकर पद्मबन्धु (सूर्य के वसुन्धरा का शासन करने पर जडाशयों (मूर्ख जनों और जलाशयो) की तो बने रहने की सम्भावना ही कैसे हो सकती ह । अर्थात् गर्मी में सरोवर सूख जाते हैं ॥८॥

त्यक्त्वा पयोजानि लताः श्रयन्ते मधुव्रता वारिणि तप्त एते ।
छायासु एणः खलु यत्र जिह्वानिलीढकान्तामुख एष शेते ॥९॥

इस समय सरोवरों का जल अत्यन्त तप जाने पर भौंरे कमलों को छोड़ कर लताओं का आश्रय लेते हैं और हिरण भी ठण्डी सघन छाया में बैठकर अपनी जिह्वा से प्रिया (हिरणी) का मुख चाटता हुआ विश्राम ले रहा है ॥९॥

मार्त्तण्डतेजः परितः प्रचण्डं मुखे समादाय मृणालखण्डम् ।
विराजते सम्प्रति राजहंसः कासारतीरेऽब्जतले सवंशः ॥१०॥

इस समय सूर्य का तेज अति प्रचण्ड हो रहा है, इसलिए कमल-युक्त मृणाल के खण्ड को अपने मुख में लेकर सपरिवार यह राजहंस सरोवर के तीर पर बैठा हुआ राजहंस (श्रेष्ठ राजा) सा शोभित हो रहा है ॥१०॥

सन्तापितः सँस्तपनस्य पादैः पथि व्रजन् पांशुभिरुत्कृदङ्गः ।
तले मयूरस्य निषीदतीति श्वसन्मुहुर्जिह्मगतिर्भुजङ्गः ॥११॥

सूर्य की प्रखर किरणों से सन्ताप को प्राप्त होता हुआ, मार्ग में चलते हुए उष्ण धूलि से अपने अंग को ऊंचा उठाता हुआ, बार-बार दीर्घ श्वास छोड़ता हुआ भुजंग कुंठित गति होकर छाया प्राप्त करने की इच्छा से मोर के तले जाकर बैठ जाता है ॥११॥

भावार्थ - गर्मी से संत्रस्त सर्प यह भूल जाता है कि मोर तो मेरा शत्रु है, केवल गर्मी से बचने का ही ध्यान रहने से वह उसी के नीचे जा बैठता है ।

द्विजा वलभ्यामधुना लसन्ति नीडानि निष्पन्दतया श्रयन्ति ।
समेति निष्ठां सरसे विशाले शिखावलः सान्द्रनगालवाले ॥१२॥

गर्मी के मारे पक्षीगण भी छज्जों के नीचे जाकर और वहां के घोंसलों का निस्पन्द होकर आश्रय ले लेते हैं, अर्थात् उनमें जाकर शान्त हो चुप-चाप बैठ जाते हैं । और मयूरगण भी किसी वृक्ष की सघन सरस, विशाल आर्द्र क्यारी में जाकर आसन लगा के चुपचाप बैठ जाते हैं ॥१२॥

वाहद्विषन् स्वामवगाहमानश्छायामयं कर्दम इत्युदानः ।
विपद्यते धूलिभिरुष्णिकाभिरूढा क्व वा भ्रान्तिमतामुताऽभीः ॥१३॥

अश्वों से द्वेष रखने वाला भैंसा भी गर्मी से संतप्त होकर अपने ही अंग की छाया को, यह सघन कीचड़ है, ऐसा समझकर बैठ जाता है और उसमें लोट-पोट होने लगता है । किन्तु वहां की उष्ण धूलि से उल्टा विपत्ति को ही प्राप्त होता है । सो ठीक ही है - भ्रान्ति वाले लोगों को निर्भयता कहां मिल सकती है ॥१३॥

उशीरसंशीरकुटीरमेके भूगर्भमन्ये शिशिरं विशन्ति ।
उपैति निद्रापि च पक्ष्मयुग्मच्छायां दृशीत्येव विचारयन्ती ॥१४॥

गर्मी में कितने ही धनिक-जन तो उशीर (खस) से संश्रित कुटी में निवास करते हैं, कितने ही शीतल भूमि-गत गर्भालयों में प्रवेश करते हैं । ऐसा विचार करती हुई स्वयं निद्रा भी मनुष्यों की दोनों आंखों की वरौनी का आश्रय ले लेती है ॥१४॥

श्रीतालवृन्तभ्रमणं यदायुः सर्वात्मना सेव्यत एव वायुः ।
आलम्बते स्वेदमिषेण नीरं सुशीतलं सम्यगुरोजतीरम् ॥१५॥

इस ग्रीष्म काल में वायु भी श्री ताल वृक्ष के वृन्त (डंठल) के आश्रय को पाकर जीवित रहती है, इसलिए वह सर्वात्म रूप से उसकी सेवा अर्थात् ग्रीष्म काल में लोगों के द्वारा बराबर पंखे की हवा ली जाती है । तथा

स्वयं जल भी ग्रीष्म से सन्तप्त होकर प्रस्वेद (पसीना) के मिष से युवती स्त्रियों के शीतल स्तनों के तीर का भले प्रकार आश्रय लेता है ॥१५॥

अभिद्रवच्चन्दनचर्चितान्तं कामोऽपि वामास्तनयोरूपान्तम् ।
आसाद्य सद्यस्त्रिजगद्विजेता निद्रायतेऽन्यस्य पुनः कथेता ॥१६॥

औरों की तो कथा ही क्या है, स्वयं सद्यः (शीघ्रता पूर्वक) त्रिजगद्-विजेता कामदेव भी चंदन-रस से चर्चित नवोढाओं के स्तनों के मूल भाग को प्राप्त होकर निद्रा लेने लगता है ॥१६॥

छाया तु मा यात्विति पादलग्ना प्रियाऽध्वनीनस्य गतिश्च भग्ना ।
रविस्त्ववित्कर्कशपादपूर्णः क्व चित् स शेतेऽथ शुचेव तूर्णम् ॥१७॥

पथिक की गति रूप स्त्री तो नष्ट हो गई है और छाया रूप प्रिया 'अभी मत जाओ' ऐसा कहती हुई अपने पथिक पति के पैरों में पड़ जाती है, और इधर सूर्य निर्दयता-पूर्वक अपने कठोर पैर मारता है, अर्थात् अपनी तीक्ष्ण किरणों से सन्तप्त करता है । इस लिए सोच में पड़ करके ही मानों पथिक शीघ्र कहीं एकान्त में जाकर सो जाता है ॥ १७॥

द्विजिह्वचित्तोपममम्बुतप्तं ब्रह्माण्डकं भ्राष्ट्रपदेन शप्तम् ।
शैत्यस्य सत्त्वं रविणाऽत्र लुप्तं यत्किञ्चिदास्ते स्तनयोस्तु गुप्तम् ॥

गर्मी में जल तो पिशुन के चित्त के समान सदा सन्तप्त रहता है और यह सारा ब्रह्माण्ड भाड़ के समान अति उष्णता को प्राप्त हो जाता है । इस समय शीत की सत्ता को सूर्य ने बिलकुल लुप्त कर दिया है । यदि कहीं कुछ थोड़ा-सा शीत शेष है, तो वह स्त्रियों के स्तनों में छिपा हुआ है ॥१८॥

परिस्फुटत्त्रोटिपुटैर्विडिम्भैः प्राणैस्तरूणामिव कोटराणाम् ।
कोकूयनान्यङ्कगतैः क्रियन्ते रवेर्मयूखैर्ज्वलितान्तराणाम् ॥१९॥

सूर्य की भंयकर किरणों से जल गया है भीतरी भाग जिनका, ऐसे वृक्षों के कोटरों में छिपकर बैठे हुए और जिनके चंचु-पुट खुले हुए हैं, ऐसे पक्षियों के बच्चे प्यास से पीड़ित होकर ऐसे आर्त शब्द कर रहे हैं मानों गर्मी से पीड़ित कोटर ही चिल्ला रहे हों ॥१९॥

प्रयात्यरातिश्च रविर्हिमस्य दरीषु विश्रम्य हिमालयस्य ।
नो चेत्क्षणक्षीणविचारवन्ति दिनानि दीर्घाणि कुतो भवन्ति ॥२०॥

औरों की तो बात ही क्या है, जो हिम का सहज वैरी है वह सूर्य भी हिमालय की गुफाओं में कुछ देर तक विश्राम करके आगे जाता है । यदि ऐसा न होता, तो क्षण-क्षीण विचार वाले दिन आज कल दीर्घ कैसे होते ॥२०॥

भावार्थ - जो दिन अभी तक शीत ऋतु में छोटे होते थे - बड़ी तेजी से निकल जाते थे, वे ही अब गर्मी में इतने लम्बे या बड़े कैसे होने लगे ? इस बात पर ही कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है।

पादैः खरैः पूर्णदिनं जगुर्विद्वर्या रवेर्निर्दलितेयमुर्वी ।
आशासिता सायमुपैति रोषात्करैर्बृहन्निश्वसितं विधोः सा ॥२१॥

सारे दिन सूर्य के प्रखर पादों (किरणों वा पैरों) से सताई गई यह पृथ्वी सांयकाल के समय चन्द्र के करों (किरणों वा हस्तों) से अश्वासन पाकर रोष से ही मानों दीर्घ निःश्वास छोड़ने लगती है, ऐसा विद्वा् लोग कहते हैं ॥२१॥

सरोजिनीसौरभसारगन्धिर्मधौ य आनन्दपदानुबन्धी ।
रथ्या रजांसीह किरन् समीर उन्मत्तकल्पो भ्रमतीत्यधीरः ॥२२॥

वसन्त ऋतु में जो वायु सरोजिनी के सौरभ सार से सुगन्धित था, एवं सभी के आनन्द का उत्पादक था, वही वायु अब गलियों की धूलि को चारों ओर फेंकता हुआ उन्मत्त पुरुष के समान अधीर होकर भ्रमण कर रहा है ॥२२॥

नितान्तमुच्चैस्तनशैलमूलच्छायस्य किञ्चित्सवितानुकूलः ।
यः कोऽपि कान्तामुखमण्डलस्य स्मितामृतैः सिक्ततया प्रशस्यः ॥

इस ग्रीष्म ऋतु में यदि सूर्य किसी के कुछ अनुकूल है तो उसी के है, जो कि स्त्रियों के अति उन्नत स्तनरूप शैल के मूल की छाया को प्राप्त है और कान्ता के मन्द हास्य रूप अमृत से सिंचित होने के प्रशंसनीय सौभाग्य वाला है ॥२३॥

शिवद्विषः शासनवत्पतङ्गः प्रयाति यावद्गगनं सुचङ्गः ।
नतभ्रुवः श्रीकुचबन्धभङ्गः स्फीत्या स एवास्तु जये मृदङ्गः ॥२४॥

यह सुचग (उत्तम) पतंग कामदेव के शासन-पत्र (हुक्म नामा) के समान वेग से जाता हुआ जब आकाश में पहुँच जाता है, उस समय प्रसन्नता से युवती जनों के कुचों का बंधन खुल जाता है, सो मानों यह काम की विजय में मृदंग ही बन रहा है ॥२४॥

पतङ्गतन्त्रायितचित्तवृत्तिस्तदीययन्त्रभ्रमिसम्प्रवृत्तिः ।
श्यामापि नामात्मजलालनस्य समेति सौख्यं सुगुणादरस्य ॥२५॥

जिस स्त्री के अभी तक सन्तान नहीं हुई है, ऐसी श्यामा वामा की चित्त-वृत्ति जब पतंग उड़ाने में संलग्न होती है और जब वह डोरी से लिपटी हुई उसकी चर्खी को घुमाने में प्रवृत्त होती है, तब वह सुगुणों का आदर-भूत पुत्र-लालन का सौख्य प्राप्त करती है, अर्थात् डोरी की चर्खी को दोनों हाथों में लिए उसे घुमाते समय वह पुत्र खिलाने जैसा आनन्द पाती है ॥२५॥

पतङ्गकं सम्मुखमीक्षमाणा करेण सोत्कण्ठमना द्रुतं तम् ।
उपात्तवत्यम्बुजलोचनाऽन्या प्रियस्य सन्देशमिवाऽऽपतन्तम् ।

अन्य कोई कमलनयनी स्त्री अपने सम्मुख आकर गिरे हुए पंतग को देखकर 'यह मैरे पति का भेजा हुआ सन्देश ही है' ऐसा समझ कर अति उत्कण्ठित मन होकर के उसे शीघ्र हाथ से उठा लेती है ॥२६॥

कृपावती पान्थनृपालनाय कृपीटमुष्णं तपसेत्यपायः ।
प्रपा त्रपातः किल सम्बिभर्त्ति स्वमाननं स्विन्नदशानुवर्त्ति ॥२७॥

पथिक जनों के पालन के लिए बनाई गई दयामयी प्याऊ भी सूर्य से मेरा जल उष्ण हो गया है, अब उसके ठंडे होने का कोई उपाय नहीं है, यह देख करके ही मानों लज्जा से अपने मुख को प्रस्वेद-युक्त दशा का अनुवर्ती कर लेती है ॥२७॥

वातोऽप्यथातोऽतनुमत्तनूनामभ्यङ्गमभ्यङ्गकचन्दनं च ।
मद्भक्षिसरंक्षणलक्षणं यद्विशोषयत्येवमिति प्रपञ्चः ॥२८॥

वर्तमान की वायु का भी क्या हाल है ? वह यह सोच कर कि इन युवतियों के शरीरों पर चन्दन-लेप हो रहा है, वह मुझे खाने वाले सर्पों की रक्षा करने वाला है, ऐसा विचार करके ही मानों उनके शरीर पर लेप किये हुए चन्दन को शीघ्र सुखा देता है, यह बड़ा प्रपंच है ॥२८॥

भावार्थ - सर्पो का एक नाम पवनाशन भी है, जिसका अर्थ होता है पवन को खाने वाला । कवि ने इसे ही ध्यान में रख कर चन्दन-लेप सुखाने की उत्प्रेक्षा की है ।

वेषः पुनश्चांकुरयत्यनङ्गं नितम्बिनीनां सकृदाप्लुतानाम् ।
कण्ठीकृतामोदमयस्रजान्तु स्तनेषु राजार्हपरिप्लवानाम् ॥२९॥

जिन नितम्बिनियों ने अभी-अभी स्नान किया है, सुगन्धमयी पुष्प-माला कण्ठ में धारण की है और स्तनों पर ताजा ही चन्दन लेप किया है, उनका वेष अवश्य ही पुरुषों के मन में अनंग को अंकुरित करता है, अर्थात् कुछ समय के लिए उन्हें आनन्द का देने वाला हो जाता है ॥२९॥

जलं पुरस्ताद्यदभूत्तु कूपे तदङ्गनानामिह नाभिरूपे ।
स्रोतो विमुच्य स्रवणं स्तनान्ताद् यूनामिदानीं सरसीति कान्ता ॥३०॥

जो जल पहिले कुएं में था, वह इस ग्रीष्मकाल में स्त्रियों के नाभि-रूप कूप में आ जाता है। और जो जल-स्रोत (झरने) पर्वतों से झरते थे, वे अब स्थान छोड़कर स्त्रियों के स्तनों के अग्रभाग में आ जाते हैं । इस समय सरोवरी तो सूख गई है, किन्तु कामी जनों के लिए तो सुन्दर स्त्री ही सरोवरी का काम करती है ॥३०॥

एतादृशीयं धरणौ व्यवस्था प्रायोऽप्यभून्नीरसवस्तुसंस्था ।
जिस प्रकार सुवर्ण-पाषाण में सुवर्ण और कीट-कालिमादि सम्मिश्रण अनादि-सिद्ध है, कभी किसी ने उन दोनों को मिलाया नहीं है, किन्तु अनादि से दोनों स्वयं ही मिले हुए चले आ रहे हैं । इसी प्रकार जड़ पुद्‌गल और चेतन जीव का विचित्र सम्बन्ध भी अनादि काल से चला आ रहा है और इसे ही बुद्धि से सम्पन्न लोग संसार कहते हैं ॥२१॥

भावार्थ - जीव और पुद्‌गल के सम्बन्ध से ही संसार की यह विचित्रता और विविधता दृष्टिगोचर हो रही है इसे समझने का प्रत्येक बुद्धिमान् को प्रयत्न करना चाहिए ।

सिद्धिस्तु विश्लेषणमेतयोः स्यात् सा साम्प्रतं ध्यातिपदैकपोष्या ।
स्वाध्यायमेतस्य भवेदथाधो यज्जीवनं नाम समस्ति साधोः ॥२२॥

इन परस्पर मिले हुए जीव और पुद्‌गल के विश्लेषण का-भिन्न-भिन्न कर लेने का-नाम ही सिद्धि या मुक्ति है । यह सिद्धि एक मात्र ध्यान (आत्म-स्वरूप चिन्तन) के द्वारा ही सिद्ध की जा सकती है । (अतएव साधु को सदा आत्म-ध्यान करना चाहिए।) जब ध्यान में चित्त न लगे, तब स्वाध्याय करना चाहिए। यही साधु का सत् जीवन है । (इस स्वाध्याय और ध्यान के अतिरिक्त सर्व कार्य हेय हैं, संसार-वृद्धि के कारण हैं) ॥२२॥

सिद्धिः प्रिया यस्य गुणप्रम।तुरुपक्रिया केवलमाविभातु ।
निरीहचित्त्वाक्षजयोऽथवा तु प्राणस्य चायाम उदर्कपातुः ॥२३॥

जिस गुणी पुरुष को सिद्धि प्राप्त करना अभीष्ट हो, उसे चाहिए कि वह सांसारिक वस्तुओं की चाह छोड़ कर अपने चित्त को निरीह (निस्पृह) बनावे, अपनी इन्द्रियों को जीते और प्राणायाम करे, तभी उसका भविष्य सुन्दर बन सकता है । ये ही कार्य सिद्धि प्राप्त करने के लिए एक मात्र उपकारी हैं ॥२३॥

शरीरहानिर्भवतीति भूयात्साधोर्न चैतद्विषयास्त्यसूया ।
पुनर्न संयोगमतोऽप्युपेयादेषामृतोक्तिः स्फुटमस्य पेया ॥२४॥

आत्म-साधना करते हुए यदि शरीर की हानि होती है, तो भले ही हो जाय, किन्तु साधु के शरीर-हानि होते हुए भी द्वेष, खेद या असूया भाव नहीं प्रकट होना चाहिए। साधु का तो आत्म-साधना करतेहुए यही भाव रहना चाहिए कि इस जड़ शरीर का मेरे पुनः संयोग न होवे । यही अमृतोक्ति (अमर बनाने वाले वचन) साधु को निरन्तर पान करते रहना चाहिए ॥२४॥

लुप्तं समन्वेषयितुं प्रदावदस्मै मुनेर्नीतिरधीतिनावः ।
जग्धिर्निजोद्देशसमर्थनायाऽनुद्दिष्टरूपेण समर्पिता या ॥२५॥

चिर काल से विलुप्त या मुषित आत्म-धन का अन्वेषण करने के लिए साधु अपने शरीर को भोजन देता है । भोजन-प्राप्ति के लिए वह अपने उद्देश्य का समर्थन करने वाली अनुदिृष्ट एवं भक्ति-पूर्वक दाता के द्वारा समर्पित भिक्षा को अंगीकार करता है ॥२५॥

भावार्थ - जैसे कोई धनी पुरुष अपनी खोई हुई वस्तु को ढूंढने के लिए रखे हुए नौकर को वेतन या मजदूर को मजदूरी देता है, इसी प्रकार साधु भी अपने अनादिकाल से विस्मृत या कर्म रूप चोरो से अपहृत आत्म-धन को ढूंढ़ने या प्राप्त करने के लिये शरीर रूप नौकर को भिक्षा रूपी वेतन देकर सदा उसके द्वारा अपने अभीष्ट साधन में लगा रहता है । साधु शरीर की स्थिति के लिए जो भिक्षा लेते हैं वह उनके निमित्त न बनाई गई हो, निर्दोष हो, निर्विकार और सात्त्विक हो, उसे ही अल्प मात्रा में गृहस्थ के द्वारा भक्ति-पूर्वक एक बार दिये जाने पर दिन में एक बार ही ग्रहण करते हैं । यदि भोजन करते हुए किसी प्रकार का दोष उसमें दिखे, या अन्तराय आ जावे, तो वे उसका भी त्याग कर उस दिन फिर दुबारा आहार नहीं लेते हैं । पानी भी वे भोजन के समय ही पीते हैं, उसके पश्चात नहीं अर्थात् भोजन व जल-पान एक बार एक साथ ही लेते हैं । रात्रि में तो वे गमन, संभाषण तक के त्यागी होते हैं, तो आहार की तो कथा ही दूर है । इस श्लोक के द्वारा एषणा समिति का प्रतिपादन किया गया है, जिसका कि पालन साधु का परम कर्त्तव्य है ।

सूर्योदये सम्विचरेत् पुरोदृक् शकुन्तवन्नैकतलोपभोक्ता ।
हितं यथा स्यादितरस्य जन्तोस्तथा सदुक्तेः प्रभवन् प्रयोक्ता ॥२६॥

साधु को सूर्य के उदय हो जाने और प्रकाश के भली-भांति फैल जाने पर ही सामने भूमि को देखते हुए विचरना चाहिए । पक्षी के समान साधु भी सदा विचरता ही रहे, किसी एक स्थान का उपभोक्ता न बने । और दूसरे जीव का हित जैसे संभव हो, वैसी सद्उक्ति वाली हित मित भाषा का प्रयोग करे ॥२६॥

भावार्थ - साधु को आगम की आज्ञा के अनुसार वर्षा ऋतु के सिवाय ग्राम में एक दिन और नगर में तीन या पांच दिन से अधिक नहीं ठहरना चाहिए । वर्षा ऋतु में चार मास किसी एक ऐसे स्थान पर रहना चाहिए, जो कि कीचड़-कांदे से रहित हो, जहां बरसाती जीवों की उत्पत्ति कम हो और नीहार आदि के लिए हरियाली से रहित बंजर भूमि सुलभ हो । साधु को किसी के पूछने पर

ही हित मित प्रिय वचन बोलना चाहिए, बिना पूछे और अनावश्यक या अनवसर तो बोलना ही नहीं चाहिए । इस श्लोक के पूर्वार्ध द्वारा ईर्यासमिति और उत्तरार्ध के द्वारा भाषासमिति का प्रतिपादन किया गया है ।

मनोवच:कायविनिग्रहो हि स्यात्सर्वतोऽमुष्य यतोऽस्त्यमोही ।
तेषां प्रयोगस्तु परोपकारे स चापवादो मदमत्सरारे: ।।२७।।

यत: साधु मोह-रहित होता है और अपने मद-मत्सर आदि भावों पर विजय पाना चाहता है, अत: उसे अपने मन, वचन और काय की संकल्प-विकल्प एवं संभाषण और गमनादि रूप सभी प्रकार की क्रियाओं का विनिग्रह करना चाहिए । यही साधु का प्रधान कर्त्तव्य है । यदि कदाचित् संभाषण या गमनादि करना पड़े, तो उनका उपयोग परोपकार में ही होना चाहिए । किन्तु यह उसका अपवाद मार्ग है । उत्सर्ग मार्ग तो साधु का यही है कि वह मौन-पूर्वक आत्म-साधना करे और अपने अन्तरंग में अवस्थित मद, मत्सर, राग, द्वेषादि विकारों को निकालने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे ।।२७।।

भावार्थ - इस श्लोक द्वारा साधु को मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति रखने का विधान किया गया है । यही उसका प्रधान कार्य है । किन्तु निरन्तर मन-वचन-काय को गुप्त रखना संभव नहीं है, अत: प्रयोजनवश मन, वचन, काय की क्रिया कर सकता है, किन्तु वह भी अत्यन्त सावधानी-पूर्वक। इसी सावधान प्रवृत्ति का नाम ही समिति है ।

कस्यापि नापत्तिकरं यथा स्यात्तथा मलोत्सर्गकरो महात्मा ।
संशोध्य तिष्ठेद्‌द्रु वमात्मनीनं देहं च सम्पिच्छिकया यतात्मा ।।२८।।

साधु महात्मा को चाहिए कि वह ऐसे निर्जन्तु और एकान्त स्थान पर मल-मूत्रादि का उत्सर्ग करे, जहां पर कि किसी भी जीव को किसी भी प्रकार की आपत्ति न हो । वह संयतात्मा साधु भूमि पर या जहां कहीं भी बैठे, उस स्थान को और अपने देह को पिच्छिका से भली भांति संशोधन और परिमार्जन करके ही बैठे और सावधानी-पूर्वक ही किसी वस्तु को उठावे या रखे ।।२८।।

भावार्थ - इस श्लोक के पूर्वार्ध-द्वारा व्युत्सर्ग समिति का और उत्तरार्ध-द्वारा आदान-निक्षेपण समिति का निरूपण किया गया है ।

नि:सङ्गतां वात इवाभ्युपेयात् स्त्रियास्तु वार्तापि सदैव हेया ।
शरीरमात्मीयमवैति भारमन्यत्किमङ्गी कुरुतादुदार: ।।२९।।

साधु को चाहिए कि वह नि:सगता (अपिरग्रहता) को वायु के समान स्वीकार करे अर्थात् वायु के समान सदा नि:संग होकर विचरे । स्त्रियों की तो बात भी सदा त्याज्य है, स्वप्न में भी उनकी याद न करे । जो उदार साधु अपने शरीर को भी भार-भूत मानता है, वह दूसरी वस्तु को क्यों अंगीकार करेगा ।।२९।।

एकं विहायोद्वहतोऽन्यदङ्गं गतस्य जीवस्य जडप्रसङ्गम् ।
भवाम्बुधेरुत्तरणाय नौका तनुर्नरोक्तैव समस्ति मौका ॥३०॥

यह प्राणी जड़ कर्मों के प्रसंग को पाकर चिरकाल से एक शरीर को छोड़कर अन्य शरीर को धारण करता हुआ चला आ रहा है । इसके लिए इस मानव-देह का पाना एक बढ़िया मौका है अर्थात् अपूर्व अवसर है और यह मनुष्य भव संसार-समुद्र से पार होने के लिए नौका के समान है ॥३०॥

ततो नृजन्मन्युचितं समस्ति यत्प्राणिमात्राय यशःप्रशस्ति ।
श्रव्यं पुनर्निर्वहणीयमेतद्ददामि युक्तावगमश्रियेऽतः ॥३१॥

इसलिए इस नर-भव में प्राणिमात्र के लिए जो उचित और यशस्कर प्रशस्त कर्त्तव्य है, उसे मैं उपयुक्त और हितकर शब्दों से वर्णन करता हूँ, उसे सुनना चाहिये, सुनकर धारण करना चाहिए और धारण कर भली भांति निभाना चाहिए ॥३१॥

कौमारमत्राधिगमय्य कालं विद्यानुयोगेन गुरोरथालम् ।
मिथोऽनुभावात्सहयोगिनीया गृहस्थता स्यादुपयोगिनी या ॥३२॥

कुमार-काल में गुरु के समीप रहकर विद्या के उपार्जन में काल व्यतीत करे । विद्याभ्यास करके पुनः युवावस्था में योग्य सहयोगिनी के साथ विवाह करके परस्पर प्रेम-पूर्वक रहते हुए (तथा न्याय पूर्वक आजीविकोपार्जन करते हुए) उपयोगिनी गृहस्थ-अवस्था को बितावे ॥३२॥

सत्त्वेषु मैत्रीं गुणिषु प्रमोदं क्लिष्टेषु जीवेषु तदर्तितोदम् ।
साम्यं विरोधिष्वधिगम्य जीयात् प्रसादयन् बुद्धिमहोनिजीयाम् ॥३३॥

गृहस्थ अवस्था में रहते हुए प्राणिमात्र पर मैत्री भाव रखे, गुणी जनों पर प्रमोद भाव और दुखी जीवों पर उनके दुःख दूर करने का करुणाभाव रखे । विरोधी जनों पर समता भाव को प्राप्त होकर और अपनी बुद्धि को सदा प्रसन्न (निर्मल) रखकर जीवन-यापन करे ॥३३॥

समीक्ष्य नानाप्रकृतीन्मनुष्यान् कदर्थिभावः कमथाप्यनुस्यात् ।
सम्भावयन्नित्यनुकूलचेता नटायतामङ्गिषु यः प्रचेताः ॥३४॥

संसार में नाना प्रकृति वाले मनुष्यों को देखकर अपने हृदय में खोटा भाव कभी न आने देवे, किन्तु उनके अनुकूल चित्त होकर उनका समादर करते हुए सावधानी के साथ बुद्धिमान् मनुष्य को सब प्राणियों पर यथा योग्य स्नेह मय व्यवहार करना चाहिए, रूखा या आदर-रहित व्यवहार तो किसी भी मनुष्य के साथ न करे ॥३४॥

सम्बुद्धिमन्वेति पराङ्गनासु स्वर्णे तथान्यस्य तृणत्वमाशु ।
धृत्वाऽखिलेभ्यो मृदुवाक् समस्तु सूक्तामृतेनानुगतात्मवस्तु ॥३५॥

पर स्त्रियों में माता की सद्‌बुद्धि रखे अर्थात् उनमें यथा योग्य माता, बहिन और पुत्री जैसा भाव रखकर अपने हृदय को शुद्ध बनावे, पराये सुवर्ण में धनादिक में तृण जैसी बुद्धि रखे, वृद्ध जनों के आदेश और उपदेश को आदर से स्वीकार करे, सबके साथ मृदु वाणी बोलकर वचनामृत से सब को तृप्त करे, उन्हें अपने अनुकूल बनावे और उनके अनुकूल आचरण कर अपने व्यवहार को उत्तम रखे ॥३५॥

कुर्यान्मनो यन्महनीयमञ्चे नमद्यशः संस्तवनं समञ्चेत् ।
दृष्ट्वा पलाशस्य किलाफलत्वं को नाम वाञ्छेच्च निशाचरत्वम् ॥३६॥

हे भव्यों, यदि तुम संसार में पूजनीय बनना चाहते हो, तो मन को सदा कोमल रखो, सब के साथ भद्रता और नम्रता का व्यवहार करो, मद्य आदिक मादक वस्तुओं का सेवन कभी भी न करो। पलाश (ढाक वृक्ष) की अफलता को देखकर पल अर्थात् मांस का अशन (भक्षण) कभी मत करो और रात्रि में भोजन करके कौन भला आदमी निशाचर बनना चाहेगा ? अर्थात् कोई भी नहीं ॥३६॥

भावार्थ - पलाश अर्थात् टेसू या ढाक के फूल लाल रंग के बहुत सुन्दर होते हैं, पर न तो उनमें सुगन्ध होती है और न उस वृक्ष में फल ही लगते हैं उस वृक्ष का होना निष्फल ही है । इसी प्रकार जो पल (मांस) का भक्षण करते हैं, उनका वर्तमान जीवन तो निष्फल है ही प्रत्युत भविष्य जीवन दुष्फलों को देने वाला हो जाता है, अतएवं मांस-भक्षण का विचार भी स्वप्न में नहीं करना चाहिए। रात्रि में खाने वालों को निशाचर कहते हैं और 'निशाचर' यह नाम राक्षसों तथा उल्लू आदि रात्रि-संचारी पक्षियों का है । उन्हें लक्ष्य में रखकर कहा गया है कि कौन आत्म-हितैषी मनुष्य रात्रि में खाकर निशाचर बनना चाहेगा, या निशाचर कहलाना पसन्द करेगा? अतएव रात्रि में कभी भी खान-पान नहीं करना चाहिए।

वहावशिष्टं समयं न कार्यं मनुष्यतामञ्च कुलन्तु नार्य !
नार्थस्य दासो यशसश्च भूयाद् धृत्वा त्वघे नान्यजनेऽभ्यसूयाम् ॥३७॥

हे आर्य, सदा सांसारिक कार्यों के करने में ही मत लगे रहो, कुछ समय को भी बचाओ और उस समय धर्म-कार्य करो । मनुष्यता को प्राप्त करो, उसकी कीमत करो, जाति और कुल का मद मत करो । सदा अर्थ (धन या स्वार्थ) के दास मत बने रहो, किन्तु लोकोपकारी यश के भी कुछ काम करो । अन्य मनुष्यों पर ईर्ष्या, द्वेष आदि धारण कर पाप से अपने आपको लिप्त मत करो । ।३७॥

मनोऽधिकुर्यान्न तु बाह्यवर्गमन्यस्य दोषे स्विदवाग्विसर्गः ।
मुञ्चेदहन्तां परतां समञ्चेत्कृतज्ञतायां-महती-प्रपञ्चे ॥३८॥

सांसारिक बाह्य वस्तुओं पर अधिकार पाने के लिए मन को अपने अधिकार में रखो । (भाग्योदय से सहज में जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसमें सन्तोष धारण करो ।) दूसरे के दोषों को मत कहो, यदि कहने का अवसर भी आवे, तो भी मौन धारण करो । अहम्भाव को छोड़ो । इस छल-छिद्रों और प्रवंचनाओं से भरे महा प्रपंचमय संसार में कृतज्ञता प्रकट करो, कृतघ्नी मत बनो ॥३८॥

श्रुतं विगाल्याम्बु इवाधिकुर्यादेतादृशी गेहभृतोऽस्तु चर्या ।
तदा पुनः स्वर्गल एव गेहः क्रमोऽपि भूयादिति नान्यथेह ॥३९॥

सुनी हुई बात को जल के समान छान कर स्वीकार करे, सहसा किसी सुनी बात का भरोसा न करे, किन्तु खूब छान बीनकर उचित-अनुचित का निर्णय करे । इस उपर्युक्त प्रकार की चर्या गृहस्थ की होनी चाहिए । यदि वह ऊपर बतलाई गई विधि के अनुसार आचरण करता है, तो वह यहां पर भी स्वर्गीय जीवन बिताता है और अगले जन्म में तो अवश्य ही स्वर्ग का भागी होगा । अन्यथा इससे विपरीत आचरण करने वाला गृहस्थ यहां भी नारकीय या पशु-तुल्य जीवन बिताता है और अगले जन्म में भी वह नरक या पशु गति का भागी होगा ॥३९॥

एवं समुल्लासितलोकयात्रः संन्यस्ततामन्त इयादथात्र ।
समुज्झिताशेषपरिच्छदोऽपि अमुत्र सिद्ध्यै दुरितैकलोपी ॥४०॥

इस प्रकार भली भांति इस लोक-यात्रा का निर्वाह कर, अन्त समय में परलोक की सिद्धि के लिए सर्व परिजन और परिग्रहादि को छोड़कर, तथा पांचों पापों का सर्वथा त्याग कर सन्यास दशा को स्वीकार करे अर्थात् साधु बनकर समाधि पूर्वक अपने प्राणों का विसर्जन करे ॥४०॥

निगोपयेन्मानसमात्मनीनं श्रीध्यानवप्रे सुतरामदीनम् ।
इत्येष भूयादमरो विपश्चिन्न स्यात्पुनर्मारयिताऽस्य कश्चित् ॥४१॥

संन्यास दशा में साधक का कर्त्तव्य है कि वह अपने मन को दृढ़ता-पूर्वक श्री वीतराग प्रभु के ध्यान रूप कोट में सुरक्षित रखे और सर्व संकल्प-विकल्पों का त्याग करे । ऐसा करने वाला साधक विद्वान् नियम से अजर-अमर बन जायगा, फिर इसे संसार में मारने वाला कोई भी नहीं रहेगा ॥४१॥

सम्बोधयामास स चेति शिष्यान् सन्मार्गगामीति नरो यदि स्यात् ।
तदोन्नतेरुच्चपदं प्रगच्छेदुन्मार्गगामी निपतेदनच्छे ॥४२॥

इस प्रकार श्री ऋषभदेव ने अपने शिष्यों को समझाया और कहा कि जो मनुष्य सन्मार्गगामी बनेगा, वह उन्नति के उच्च पद को अवश्य प्राप्त होगा । किन्तु जो इसके विपरीत आचरण कर उन्मार्ग गामी बनेगा, वह संसार के दुरन्त गर्त में गिरेगा और दुःख भोगेगा ॥४२॥

एवं पुरुर्मानवधर्ममाह यत्रापि तैः संकलितोऽवगाहः ।
त्रेतेतिरूपेण विनिर्जगाम कालः पुनर्द्वापर आजगाम ।।४३।।

इस प्रकार भगवान् ऋषभ ने तात्कालिक लोगों को मानव-धर्म का उपदेश दिया, जिसे कि यहां पर संक्षेप से संकलित किया गया है । भगवान् के उपदेश को उस समय के लोगों ने बड़े आदर के साथ अपनाया । इस प्रकार त्रेता युग अर्थात् तीसरा काल समाप्त हुआ और द्वापर नाम का चौथा काल आ गया ।।४३।।

त्रेता बभूव द्विगुणोऽप्ययन्तु कालो मनागूनगुणैकतन्तुः ।
यस्मिन् शलाकाः पुरुषाः प्रभूया बभुश्च दुर्मार्गकृताभ्यसूयाः ।।४४।।

त्रेता युग दो कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल प्रमाण वाला था । यह द्वापर युग कुछ कम अर्थात् चौरासी हजार वर्ष कम एक कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल का था । इस द्वापर युग में तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि शलाका नाम से प्रसिद्ध महापुरुष हुए, जो कि संसार में फैलने वाले दुर्मार्ग के विनाशक एवं सन्मार्ग के प्रचारक थे ।।४४।।

पुरूदितं नाम पुनः प्रसाद्यामुष्मिंस्तु धर्माधिभुवोऽजिताद्याः ।
प्रजादुरीहाधिकृतान्यभावं निवारयन्तः प्रबभुर्यथावत् ।।४५।।

इस द्वापर युग में अजितनाथ आदिक तेईस तीर्थङ्कर और भी हुए, जिन्होंने गुरुदेव भगवान् ऋषभ के द्वारा प्रतिपादित धर्म का ही पुनः प्रचार और प्रसार करके प्रजा की दुर्वृत्तियों को दूर करते हुए सन्मार्ग का संरक्षण किया है ।।४५।।

तत्रादिमश्चक्रिषु पौरवस्तुक् शताग्रगण्यो भरतः समस्तु ।
दार्ढ्येन धर्मामृतमाबुभुत्सूनाहूय तांस्तत्र परं युयुत्सुः ।।४६।।

सम्मानयामास स यज्ञसूत्र-चिह्नेन भद्रं ब्रजताममुत्र ।
कर्मेदमासीन्न पुरोरबाह्यः प्रमादतश्चक्रभृताऽवगाह्यं ।।४७।।

उन शलाका पुरुषों में के चक्रवर्तियों में प्रथम चक्रवर्ती भरत हुए, जो कि ऋषभदेव के सौ पुत्रों में सब से बड़े थे । उन्होंने अपनी प्रजा में से धर्मामृत पान करने के इच्छुक एवं परलोक सुधारने की चिन्ता रखने वाले लोगों को बुला कर यज्ञोपवीत रूप सूत्र-चिह्न देकर उनका सन्मान किया और उन्हें 'ब्राह्मण' नाम से प्रसिद्ध किया । यद्यपि यह कार्य भगवान् ऋषभदेव की दृष्टि से बाह्य था, अर्थात् ठीक न था । किन्तु भरत चक्री ने प्रमाद से यह कार्य कर लिया ।।४६-४७।।

यतस्त आशीतलतीर्थमापुरौचित्यमस्मात् पुनरुन्मनस्ताम् ।
आसाद्य जातीयकतां व्रजन्तः प्रथामुरीचक्रु रिहाप्यशस्ताम् ।।४८।।

भरत चक्रवर्ती ने जिन ब्राह्मणों का एक धार्मिक वर्ग प्रस्थापित किया था, वह दशवें तीर्थङ्कर शीतलनाथ के समय तक तो अपने धार्मिक कर्त्तव्य का यथोचित रीति से पालन करता रहा । पुनः इसके पश्चात धर्म-विमुख होकर जातीयता को प्राप्त होते हुए उन्होंने इस भारतवर्ष में अप्रशस्त प्रथाओं को स्वीकार किया और मन-माने क्रियाकाण्ड का प्रचार करना प्रारम्भ कर दिया ॥४८॥

धर्माधिकर्तृत्वममी दधाना बाह्यं क्रियाकाण्डमिताः स्वमानात् ।
गुरोरमीष्वेकतरादधीत-विदोर्विवादः समभूद्धवीतः ॥४९॥

धीरे-धीरे जातीयता के अभिमान से इन ब्राह्मणों ने अपने आपको धर्म का अधिकारी घोषित कर दिया और बाहिरी क्रिया काण्ड को ही धर्म बता कर उसके करने-कराने में ही लग गये । बीसवें तीर्थङ्कर मुनि सुव्रतनाथ के समय में जाकर उनमें एक ही गुरु से पढ़े हुए दो ब्राह्मण विद्वानों में एक वाक्य के अर्थ पर विवाद खड़ा हो गया ॥४९॥

समस्ति यष्टव्यमजैरमुष्य छागैरियत्पर्वत आह दूष्यम् ।
पुराणधान्यैरिति नारदस्तु तयोरभूत्सङ्गरसाध्यवस्तु ॥५०॥

दोनों विद्वानों में से एक का नाम था पर्वत और दूसरे का नाम था नारद । विवाद का विषय था 'अजैर्यष्टव्यम्' (अजों से यज्ञ करना चाहिए) । पर्वत 'अज' पद का अर्थ छाग (बकरा) करता था और नारद कहता था कि उस पद का अर्थ उगने या उत्पन्न होने के अयोग्य पुराना धान्य है । जब आपस में विवाद न सुलझा, तब उसे सुलझाने के लिए उन्होंने आपस में प्रतिज्ञा-बद्ध होकर अपने सहाध्यायी तीसरे गुरु भाई वसु राजा को निर्णायक न्यायाधीश नियुक्त किया ॥५०॥

न्यायाधिपः प्राह च पार्वतीयं वचो वसुर्वाग्विवशो महीयम् ।
भिन्नाऽगिरत्सम्भवती तमाराद् यतोऽधुनाऽभूज्जनता द्विधारा ॥५१॥

(पर्वत की मां ने पहिले ही जाकर वसु राजा को अपने पुत्र के पक्ष में मत देने के लिए वचन-बद्ध कर लिया, अतः मतदान के समय) वचन-बद्ध होने से विवश न्यायधीश वसु राजा ने कहा कि पर्वत का वचन सत्य है । उसके ऐसा कहते ही अर्थात् असत्य पक्ष का समर्थन करने पर तुरन्त पृथ्वी फटी और वह राज्य-सिंहासन के साथ ही उसमें धस गया । उसी समय उपस्थित जनता दो धाराओं में विभक्त हो गई । जो तत्त्व के रहस्य को नहीं जानते थे, वे पर्वत के पक्ष में हो गये और जो तत्त्वज्ञ थे, वे नारद के पक्ष में हो गये ॥५१॥

यथा दुरन्तोच्चयमभ्युपेता जलस्त्रु तिर्नूनमशक्तरेताः ।
इत्यत्र सम्पादितसम्पदा वाऽनुमातुमर्हन्ति महानुभावाः ॥५२॥

जैसे बीच में किसी बड़े पर्वत के आ जाने पर जल का प्रवाह उसे न हटा सकने के कारण दो भागों में विभक्त होकर बहने लगता है, उसी प्रकार उस वसु राजा के असत्य पक्ष का समर्थन करने से धार्मिक जनता के भी दो भाग हो गये । ऐसा महापुरुष कहते हैं ॥५२॥

निवार्यमाणा अपि गीतवन्तः सत्यान्वितैरागमिभिर्हृदन्तः ।
वाक्यावलीर्घोरगुणोदरीर्यास्ते ये पुनः पर्वतपक्षकीयाः ।।५३।।

जो लोग आगम के जानकार और सत्य पक्ष से युक्त थे, जिनके हृदय में सत्य मार्ग से प्रेम था, उनके द्वारा पर्वत के पक्ष का निवारण किये जाने पर भी पर्वत के पक्ष वाले लोगों ने हिंसा के समर्थक गीतों की रचना करके उन्हें गाना प्रारम्भ कर दिया और तभी से यज्ञों में हिंसा करने और पशु होमने की प्रथा का प्रचलन प्रारम्भ हो गया ।।५३।।

व्यासर्षिणाथो भविता पुनस्ताः प्रयत्नतः सङ्कलिताः समस्ताः ।
यथोचितं पल्लविताश्च तेन सङ्कल्पने बुद्धिविशारदेन ।।५४।।

इसके पश्चात् पांडवों के दादा व्यास ऋषि ने, जो कि नवीन कल्पना की रचना में बुद्धि-विशारद थे,-अति चतुर थे-परम्परागत उन सब गीतों का बड़े प्रयत्न से संकलन किया, उन्हें यथोचित पल्लवित किया और उनको एक नया ही रूप दे दिया ।।५४।।

तत्सम्प्रदायश्रयिणो नरा ये जाताः स्विदद्यावधि सम्पराये ।
सर्वेऽपि हिंसापरमर्थमापुर्यतोऽभितस्त्रस्तिमिताऽखिला पूः ।।५५।।

उस सम्प्रदाय का आश्रय करने वाले आज तक जितने भी विद्वान् हुए हैं, वे सभी उन मन्त्रों का हिंसा-परक अर्थ करते हुए चले आये, जिससे कि सकल प्रजा अत्यन्त त्रास को प्राप्त हुई ।।५५।।

वाढ़ क्षणे चोपनिषत्समर्थेऽभूत्तर्कणा यद्यपि तावदर्थे ।
तथाप्यहिंसामयवाचनाया नासीत्प्रसिद्धिः स्फुटरूपकायाः ।।५६।।

यद्यपि उपनिषत्काल में उनके रचयिता आचार्यो के द्वारा हिंसापरक मंत्रों के अर्थ के विषय में तर्क-वितर्क हुआ और उन्होंने उन मन्त्रों का अहिंसा-परक अर्थ किया । तथापि उस अहिंसामयी स्पष्ट अर्थ करने वाली वाचना की जैसी चाहिए-प्रसिद्धि नहीं हो सकी और लोग हिंसा-परक अर्थ भी करते रहे ।।५६।।

स्वामी दयानन्दरवस्तदीयमर्थं त्वहिंसापरकं श्रमी यः ।
कृत्वाद्य शस्तं प्रचकार कार्यं हिंसामुपेक्ष्यैव चरेत्किलार्यः ।।५७।।

हां, अभी जो स्वामी दयानन्द सरस्वती हुए, जो कि अध्ययनशील परिश्रमी सज्जन थे, उन्होंने उन्हीं मन्त्रों का अहिंसा-परक अर्थ करके बतला दिया कि हिंसा करना अप्रशस्त कार्य है । अतः आर्यजन हिंसा की उपेक्षा करके अहिंसक धर्माचरण करें। उन्होंने यह बहुत प्रशस्त कार्य किया, जो कि धर्मात्मा-जनों के द्वारा सदा प्रशंसनीय रहेगा ।।५७।।

स्वप्नेऽपि यस्य न करोति नरो विचारं सम्पद्यते समयमेत्य तदप्ययथाऽरम् ।
कुर्यात्प्रयत्नमनिशं मनुजस्तथापि न स्यात्फलं यदि पलप्रतिकूलताऽऽपि ॥५८॥

मनुष्य स्वप्न में भी जिस बात का विचार नहीं करता है, समय पाकर वही बात आसानी से सम्पन्न हो जाती है । यदि समय प्रतिकूल है, तो मनुष्य निरन्तर प्रयत्न करे, तो भी उसे अभीष्ट फल की प्राप्ति नहीं होती है ॥५८॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तस्यानन्दपदाधिकारिणि शुभे वीरोदयेऽयं क्रम
प्राप्तोऽत्येतितमामिहाष्टविधुमान् सर्गोऽधुना सत्तमः ॥१८॥

इस प्रकार श्रीमान सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी भूषण, बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में सत्ययुगादि तीनों युगों का वर्णन करने वाला यह अठारहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१८॥

❖ ❖ ❖

अथैकोनविंशः सर्गः

श्रीवीरदेवेन तमामवादि सत्सम्मतोऽयं नियमोऽस्त्यनादिः ।
अर्थक्रियाकारितयाऽस्तु वस्तु नोचेत्पुनः कस्य कुतः स्तवस्तु ॥१॥

श्री महावीर भगवान् ने बतलाया कि प्रत्येक पदार्थ सत्स्वरूप है । वस्तु-स्वभाव का यह नियम अनादि है और जो भी वस्तु है, वह अर्थक्रियाकारी है, अर्थात् कुछ न कुछ क्रियाविशेष को करती है । यदि अर्थक्रियाकारिता वस्तु का स्वरूप न माना जाय, तो कोई उसे मानेगा ही क्यों ? और क्यों किसी वस्तु की सत्ता को स्वीकार किया जायगा ॥१॥

प्राग्-रूपमुज्झित्य समेत्यपूर्वमेकं हि वस्तूत विदो विदुर्वः ।
हे सज्जना स्तत्त्रयमेककालमतो विरूपं वदतीति बालः ॥२॥

प्रत्येक वस्तु प्रति समय अपने पूर्व रूप (अवस्था) को छोड़कर अपूर्व (नवीन) रूप को धारण करती है फिर भी वह अपने मूल स्वरूप को नहीं छोड़ती है, ऐसा ज्ञानी जनों ने कहा है, सो हे सज्जनो, आप लोग भी वस्तु की वह उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक त्रिरूपता एक एक काल में ही अनुभव कर रहे हैं । जो वस्तु-स्वरूप से अनभिज्ञ हैं, ऐसे बाल (मूर्ख) जन ही इससे विपरीत स्वरूप वाली वस्तु को कहते हैं ॥२॥

भावार्थ - जो केवल उत्पाद या व्यय या ध्रौव्यरूप ही वस्तु को मानते हैं, वे वस्तु के यथार्थ स्वरूप को न जानने के कारण अज्ञानी ही हैं ।

प्रवर्धते चेत्पयसाऽऽमशक्तिस्तद्धायनये किन्तु दधिप्रयुक्तिः ।
द्वये पुनर्गोरसता तु भाति त्रयात्मिकाऽतः खलु वस्तुजातिः ॥३॥

देखो-दूध के सेवन करने से आमशक्ति बढ़ती है और उसी दूध से बने दही का प्रयोग आम को नष्ट करता है । किन्तु उस दूध दही दोनों में ही गोरसपना पाया जाता है, अतः समस्त वस्तु-जाति उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप त्रयात्मक है, यह बात सिद्ध होती है ॥३॥

नरस्य दृष्टौ विडभक्ष्यवस्तु किरेस्तदेतद्वरभक्ष्यमस्तु ।
एकत्र तस्मात्सदसत्प्रतिष्ठामङ्गीकरोत्येव जनस्य निष्ठा ॥४॥

मनुष्य की दृष्टि में विष्टा अभक्ष्य वस्तु है, किन्तु सूकर के तो वह परम भक्ष्य वस्तु है । इसलिए एक ही वस्तु में सत् और असत् की प्रतिष्ठा को ज्ञानी जन की श्रद्धा अङ्गीकार करती ही है ॥४॥

रेखैकिका नैव लघुर्न गुर्वी लघ्व्याः परस्या भवति स्विदुर्वी ।
गुर्वी समीक्ष्याथ लघुस्तृतीयां वस्तुस्वभावः सुतरामितीयान् ॥५॥

कोई एक रेखा (लकीर) न स्वयं छोटी है और न बड़ी है । यदि उसी के पास उससे छोटी रेखा खींच दी जाय, तो वह पहिली रेखा बड़ी कहलाने लगती है, और यदि उसी के दूसरी ओर बड़ी रेखा खींच दी जाय, तो वही छोटी कहलाने लगती है । इस प्रकार वह पहिली रेखा छोटी और बड़ी दोनों रूपों को, अपेक्षा-विशेष से धारण करती है । बस, वस्तु का स्वभाव भी ठीक इसी प्रकार का जानना चाहिए ॥५॥

भावार्थ - इस प्रकार अपेक्षा-विशेष से वस्तु में अस्तित्व और नास्तित्व धर्म सिद्ध होते हैं । प्रत्येक वस्तु अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा अस्ति रूप है और पर द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा नास्ति रूप है ।

सन्ति स्वभावात्परतो न यावास्तस्मादवाग्गोचरकृत्प्रभावाः ।
सहेत्यतस्तत्त्रितयात्प्रयोगाः सप्तात्र विन्दति कलावतो गाः ॥६॥

जैसे यव (जौ) अपने यवरूप स्वभाव से 'है', उस प्रकार गेहूँ आदि के स्वभाव से 'नहीं' है। इस प्रकार यव में अस्तित्व और नास्तित्व ये दो धर्म सिद्ध होते हैं । यदि इन दोनों ही धर्मों को एक साथ कहने की विवक्षा की जाय, तो उनका कहना संभव नहीं है, अतः उस यव में अवक्तव्य रूप तीसरा धर्म भी मानना पड़ता है । इस प्रकार वस्तु में अस्ति, नास्ति और अवक्तव्य ये तीन धर्म सिद्ध होते हैं। इनके द्विसंयोगी तीन धर्म और त्रिसंयोगी एक धर्म इस प्रकार सब मिला कर सात धर्म सिद्ध हो जाते हैं । ज्ञानी-जन इन्हें ही सप्त भंग नाम से कहते हैं ॥६॥

सप्तप्रकारत्वमुशन्ति भोक्तुः फलानि च त्रीण्यधुनोपयोक्तुम् ।
पृथक्कृतौ व्यस्त-समस्ततातः न्यूनाधिकत्वं न भवत्यथातः ॥७॥

जैसे हरड, बहेड़ा और आंवला, इन तीनों का अलग-अलग स्वाद है । द्विंसयोगी करने पर हरड और आवंले का मिला हुआ एक स्वाद होगा, हरड और वहेड़े का मिला हुआ दूसरा स्वाद होगा और बहेड़े आंवले का मिला हुआ तीसरा स्वाद होगा । तीनों को एक साथ मिला कर खाने पर एक चौथी ही जाति का स्वाद होगा । इस प्रकार मूल रूप हरड, बहेड़ा और आंवला के एक संयोगी तीन भंग, द्विसंयोगी तीन भंग और त्रिसंयोगी एक भंग, ये सब मिल कर सात भंग जैसे हो जाते हैं, उसी प्रकार अस्ति, नास्ति और अवक्तव्य के भी द्विसंयोगी तीन भंग और त्रिसंयोगी एक भंग, ये सब मिला कर सात भंग हो जाते हैं । ये भंग न इससे कम होते हैं और न अधिक होते हैं ॥७॥

भावार्थ - अस्ति १, नास्ति २, अवक्तव्य ३, अस्ति-नास्ति ४, अस्ति-अवक्तव्य ५, नास्ति-अवक्तव्य ६, और अस्ति-नास्ति-अवक्तव्य ७ ये सात भंग प्रत्येक वस्तु के यथार्थ स्वरूप का निरुपण करते हैं,

अतः उस अपेक्षा को प्रकट करने के लिए प्रत्येक भंग के पूर्व 'स्यात्' पद का प्रयोग किया जाता है । इसे ही स्याद्वाद रूप सप्तभंगी कहते हैं । इस स्याद्वाद रूप सप्तभंग वाणी के द्वारा ही वस्तु के यथार्थ स्वरूप का कथन संभव है, अन्यथा नहीं ।

अनेकशक्त्यात्मकवस्तु तत्त्वं तदेकया संवदतोऽन्यसत्त्वम् ।
समर्थयत्स्यात्पदमत्र भाति स्याद्वादनामैवमिहोक्तिजातिः ॥८॥

वस्तुतत्त्व अनके शक्त्यात्मक है, अर्थात् अनेक शक्तियों का पुञ्ज है । जब कोई मनुष्य एक शक्ति की अपेक्षा से उसका वर्णन करता है, तब वह अन्य शक्तियों के सत्त्व का अनरु अपेक्षाओं से समर्थन करता ही है । इस अन्य शक्तियों की अपेक्षा को जैन सिद्धांत 'स्यात्' पद से प्रकट करता है । वस्तु तत्त्व के कथन में इस 'स्यात्' अर्थात् कथञ्चित् पद के प्रयोग का नाम ही 'स्याद्वाद' है । इसे ही कथञ्चिद्-वाद या अनेकान्तवाद भी कहते हैं ॥८॥

भावार्थ - प्रत्येक वस्तु में अनेक गुण, धर्म या शक्तियां हैं । उन सब का कथन एक साथ एक शब्द से संभव नहीं है, इसलिए किसी एक गुण या धर्म के कथन करते समय यद्यपि वह मुख्य रूप से विवक्षित होता है, तथापि शेष गुणों या धर्मों की विवक्षा न होने से उनका अभाव नहीं हो जाता, किन्तु उस समय उनकी गौणता रहती है । जैसे गुलाब के फूल में रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि अनेक गुण विद्यमान है, तो भी जब कोई मनुष्य यह कहता है कि देखो यह फूल कितना कोमल है, तब उसकी विवक्षा स्पर्श गुण की है । किन्तु फूल की कोमलता को कहते हुए उसके गन्ध आदि गुणों की विवक्षा नहीं है । इस विवक्षा की अपेक्षा से जो कथन होता है, उसे ही स्याद्वाद, अनेकान्तवाद, अपेक्षावाद आदि नामों से कहा जाता है ।

द्राक्षा गुडः खण्डमथो सिताऽपि माधुर्यमायाति तदेकलापी ।
वैशिष्ट्यमित्यत्र न वक्तु मीशस्तस्मादवक्तव्यकथाश्रयी सः ॥९॥

दाख मिष्ट है, गुड़ मिष्ट है, खांड मिष्ट है और मिश्री मिष्ट है, इस प्रकार इन चारों में ही रहने वाले माधुर्य या मिठास को 'मिष्ट' इस एक ही शब्द से कहा जाता है । किन्तु उक्त चारों ही वस्तुओं में मिष्टता की जो तर-तमभावगत विशिष्टता है, उसे कहने के लिए हमारे पास कोई शब्द नहीं है । (तर और तम शब्द भी साधारण स्थिति को ही प्रकट करते हैं, पर उनमें परस्पर कितनी मिष्टता का अन्तर है, इसे वे भी व्यक्त नहीं कर सकते ।) इसलिए उक्त भाव के अभिव्यक्त करने को 'अवक्तव्य' पद के कथन का ही आश्रय लेना पड़ता है ॥९॥

तुरुष्कताभ्येति कुरानमारादीशायिता वाविलमेकधारा ।
तयोस्तु वेदेऽयमुपैति विप्रः स्याद्वाददृष्टान्त इयान् सुदीप्रः ॥१०॥

तुरुष्क (मुसलमान) 'कुरान' का आदर करता है, किन्तु ईसाई उसे न मानकर 'बाइबिल' को मानता है । इन दोनों का ही 'वेद' में आदर भाव नहीं है । किन्तु ब्राह्मण वेद को ही प्रमाण मानता है,

कुरान और बाइबिल को नहीं । इस प्रकार 'स्याद्वाद' सिद्धान्त उक्त दृष्टान्त से बहुत अच्छी तरह दैदीप्यमान सिद्ध होता है ॥१०॥

भावार्थ - मुसलमान और ईसाई अपने-अपने धर्म ग्रन्थ को ही प्रमाण मानते हैं, इस अपेक्षा एक ग्रन्थ एक के लिए प्रमाण है, तो दूसरे के लिए अप्रमाण है । किन्तु ब्राह्मण दोनों को ही अप्रमाण मानते हैं और वेद को प्रमाण मानते हैं । इस दृष्टान्त में मुसलमान और ईसाई परस्पर विरोधी होते हुए भी वेद को प्रमाण नहीं मानने में दोनों अविरोधी है, अर्थात् एक हैं । इस प्रकार एक की अपेक्षा जो ग्रन्थ प्रमाण है, वही दूसरे की अपेक्षा अप्रमाण है और तीसरे की अपेक्षा दोनों ही अप्रमाण हैं । इस स्थिति को एक मात्र स्याद्वाद सिद्धान्त ही यथार्थतः कहने में समर्थ है, अन्य एकान्तवादी सिद्धान्त नहीं। इसी से स्याद्वाद की प्रामाणिकता सिद्ध होती है ।

गोऽजोष्ट्रका बेरदलं चरन्ति वाम्बूलमुष्ट्रश्छगलोऽप्यनन्तिन् ।
समत्ति मान्दारमजो हि किन्तु तान्येकभावेन जनाः श्रयन्तु ॥११॥

गाय, बकरी और ऊंट ये तीनों ही बेरी के पत्तों को खाते हैं, किन्तु बबूल के पत्तों को ऊंट और बकरी ही खाते हैं, गाय नहीं । मन्दार (आकड़ा) के पत्तों को बकरी ही खाती है, ऊंट और गाय नहीं । किन्तु मनुष्य बेरी, बबूल और आक इन तीनों के ही पत्तों को नहीं खाता है । इसलिए हे अनन्त धर्म के मानने वाले भव्य, जो वस्तु एक के लिए भक्ष्य या उपादेय है, वही दूसरे के लिए अभक्ष्य या हेय हो जाती है । इसे समझना ही स्याद्वाद है, सो सब लोगों को इसका ही एक भाव से आश्रय लेना चाहिए ॥११॥

हंसस्तु शुक्लोऽसृगमुष्य रक्तः पदोरिदानीमसकौ विरक्तः ।
किंरूपतामस्य वदेद्विवेकी भवेत्कथं निर्वचनान्वयेऽकी ॥१२॥

यद्यपि हंस बाहिर से शुल्क वर्ण है, किन्तु भीतर तो उसका रक्त लाल वर्ण का है, तथा उसके पैर श्वेत और लाल दोनों ही वर्णो के होते हैं । ऐसी स्थिति में विवेकी पुरुष उसको किस रूप वाला कहे ? अतएव कथञ्चिद्-वाद के स्वीकार करने पर ही उसके ठीक निर्दोष रूप का वर्णन किया जा सकता है ॥१२॥

घूकाय चान्ध्यं ददेव भास्वान् कोकाय शोकं वितरन् सुधावान् ।
भुवस्तले किन्न पुनर्धियापि अस्तित्वमेकत्र च नास्तितापि ॥१३॥

देखो-इस भूतल पर प्राणियों को प्रकाश देने वाला सूर्य उल्लू को अन्धपना देता है और सब को शान्ति देने वाला चन्द्रमा कोक पक्षी को प्रिया-वियोग का शोक प्रदान करता है ? फिर बुद्धिमान् लोग यह बात सत्य क्यों न मानें कि एक ही वस्तु में किसी अपेक्षा अस्तित्व धर्म भी रहता है और किसी अपेक्षा नास्तित्व धर्म भी रहता है ॥१३॥

पटं किमञ्चेद् घटमासुमुक्तः नोचेत्प्रबन्धः इह प्रयुक्तः ।
घटस्य कार्यं न पटः श्रियेति घटः स एवं न पटत्वमेति ॥१४॥

घड़े को लाने के लिए कहा गया पुरुष क्या कपड़ा लायगा ? नहीं, क्योंकि घड़े का काम कपड़े से नहीं निकल सकता । अर्थात् प्यासे पुरुष की प्यास को घड़ा ही दूर कर सकता है, कपड़ा नहीं । यदि ऐसा न माना जाय, तो फिर इस प्रकार के वाक्य-प्रयोग का क्या अर्थ रहेगा ? कहने का भाव यह है कि घड़े का कार्य कपड़ा नहीं कर सकता । और न घड़ा पट के कार्य कर सकता है । घड़े अपने जल-आहरण आदि कार्य को करेगा और कपड़ा अपने शीत-निवारण आदि कार्य को करेगा ॥१४॥

घटः पदार्थश्च पटः पदार्थः शैत्यान्वितस्यास्ति घटेन नार्थः ।
पिपासुरभ्येति यमात्मशक्त्या स्याद्वादमित्येतु जनोऽति भक्त्या ॥१५॥

घट भी पदार्थ है और पट भी पदार्थ है, किन्तु शीत से पीड़ित पुरुष को घट से कोई प्रयोजन नहीं । इसी प्रकार प्यास से पीड़ित पुरुष घट को चाहता है, पट को नहीं । इससे यह सिद्ध होता है कि पदार्थपना घट और पट में समान होते हुए भी प्रत्येक पुरुष अपने अभीष्ट को ही ग्रहण करताहै, अनभीप्सित पदार्थ को नहीं । इस प्रकार प्रत्येक मनुष्य को स्याद्वाद सिद्धान्त भक्ति से स्वीकार करना चाहिए ॥१५॥

स्यूतिः पराभूतिरिव ध्रुवत्वं पर्यायतस्तस्य यदेकतत्त्वम् ।
नोत्पद्यते नश्यति नापि वस्तु सत्त्वं सदैतद्विदधत्समस्तु ॥१६॥

जैसे पर्याय की अपेक्षा वस्तु में स्यूति (उत्पत्ति) और पराभूति (विपत्ति या विनाश) पाया जाता है, उसी प्रकार द्रव्य की अपेक्षा ध्रुवपना भी उसका एक तत्त्व है, जो कि उत्पत्ति और विनाश में बराबर अनुस्यूत रहता है । उसकी अपेक्षा वस्तु न उत्पन्न होती है और न विनष्ट होती है । इस प्रकार उत्पाद, व्यय और ध्रुव इन तीनों रूपों को धारण करने वाली वस्तु को ही यथार्थ मानना चाहिए ॥१६॥

भाष्ये निजीये जिनवाक्यसारम्पतञ्जलिश्चैतदुरीचकार ।
तमांसमीमांसकनामकोऽपि स्ववार्त्तिके भट्टकुमारिलोऽपि ॥१७॥

जिन भगवान् के स्याद्वाद रूप इस सार वाक्य को पतञ्जलि महर्षि ने भी अपने भाष्य में स्वीकार किया है, तथा मीमांसक मत के प्रधान व्याख्याता कुमारिल भट्ट ने भी अपने श्लोक-वार्तिक में इस स्याद्वाद सिद्धान्त को स्थान दिया है ॥१७॥

ध्रुवांशमाख्यान्ति गुणेति नाम्ना पर्येति योऽन्यद्द्वितयोक्तधामा ।
द्रव्यं तदेतद्गुणपर्ययाभ्यां यद्वाऽत्र सामान्यविशेषताऽऽभ्याम् ॥१८॥

ज्ञानी जन वस्तु-गत ध्रुवांश को 'गुण' इस नाम से कहते हैं और अन्य दोनों धर्मों को अर्थात् उत्पाद और व्यय को 'पर्याय' इस नाम से कहते हैं। इस प्रकार गुण और पर्याय से संयुक्त तत्त्व को, अथवा सामान्य और विशेष धर्म से युक्त तत्त्व को 'द्रव्य' इस नाम से कहा जाता है ॥१८॥

सद्भिः परैरातुलितं स्वभावं स्वव्यापिनं नाम दधाति तावत् ।
सा मान्यमूर्ध्वं च तिरश्च गत्वा यदस्ति सर्वं जिनपस्य तत्त्वात् ॥१९॥

जो कोई भी वस्तु है वह आगे पीछे होने वाली अपनी पर्यायों में अपने स्वभाव को व्याप्त करके रहती है, इसी को सन्त लोगों ने ऊर्ध्वता सामान्य कहा है। तथा एक पदार्थ दूसरे पदार्थ के साथ जो समानता रखता है, उसे तिर्यक् सामान्य कहते हैं। इस प्रकार जिनदेव का उपदेश है ॥१९॥

भावार्थ - सामान्य दो प्रकार का है - तिर्यक् सामान्य और ऊर्ध्वता सामान्य। विभिन्न पुरुषों में जो पुरुषत्व-सामान्य रहता है, उसे तिर्यक् सामान्य कहते हैं। तथा एक ही पुरुष की बाल, युवा और वृद्ध अवस्था में जो अमुक व्यक्तित्व रहता है, उसे ऊर्ध्वता सामान्य कहते हैं। प्रत्येक वस्तु में यह दोनों प्रकार का सामान्य धर्म पाया जाता है।

अन्यैः समं सम्भवतोऽप्यमुष्य व्यक्तित्वमस्ति स्वयमेव पुष्यत् ।
यथोत्तरं नूतनतां दधान एवं पदार्थः प्रतिभासमानः ॥२०॥

अन्य पदार्थों के साथ समानता रखते हुए भी प्रत्येक पदार्थ अपने व्यक्तित्व को स्वयं ही कायम रखता है, अर्थात् दूसरों से अपनी भिन्नता को प्रकट करता है। यह उसकी व्यतिरेक रूप विशेषता है। तथा वह पदार्थ प्रति समय नवीनता को धारण करता हुआ प्रतिभासमान होता है, यह उसकी पर्यायरूप विशेषता है ॥२०॥

भावार्थ-वस्तु में रहने वाला विशेष धर्म भी दो प्रकार का है-व्यतिरेक रूप और पर्याय रूप। एक पदार्थ में जो असमानता या विलक्षणता पाई जाती है, उसे व्यतिरेक कहते हैं और प्रत्येक द्रव्य प्रति समय जो नवीन रूप को धारण करता है, उसे पर्याय कहते हैं। यह दोनों प्रकार का विशेष धर्म भी प्रत्येक पदार्थ में पाया जाता है।

समस्ति नित्यं पुनरप्यनित्यं यत्प्रत्यभिज्ञाख्यविदा समित्यम् ।
कुतोऽन्यथा स्याद् व्यवहारनाम सूक्तिं पवित्रामिति संश्रयामः ॥२१॥

द्रव्य की अपेक्षा वस्तु नित्य है और पर्याय की अपेक्षा वह अनित्य है। यदि वस्तु को सर्वथा नित्य कूटस्थ माना जाय, तो उसमें अर्थक्रिया नहीं बनती है। और यदि सर्वथा क्षण-भंगुर माना जाय, तो उसमें 'यह वही है' इस प्रकार का प्रत्यभिज्ञान नहीं हो सकता। अतएव वस्तु को कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य मानना पड़ता है। अन्यथा लोक-व्यवहार कैसे संभव होगा। इसलिए लोक-व्यवहार के संचालनार्थ हम भगवान् महावीर के पवित्र अनेकान्तवाद का ही आश्रय लेते हैं ॥२१॥

दीपेऽञ्जनं वार्दकुले तु शम्पां गत्वाऽम्बुधौ वाडवमप्यकम्पा ।
मेधा किलास्माकमियं विभाति जीयादनेकान्तपदस्य जातिः ॥२२॥

दीपक में अञ्जन, बादलों में बिजली और समुद्र में बड़वानल को देखकर हमारी बुद्धि निःशङ्क रूप से स्वीकार करती है कि भगवान् का अनेकान्तवाद सदा जयवन्त है ॥२२॥

भावार्थ - दीपक भासुराकार है, तो भी उससे काला काजल उत्पन्न होता है । बादल जलमय होते हैं, फिर भी उनसे अग्निरूप बिजली पैदा होती है । इन परस्पर-विरोधी तत्त्वों को देखने से यही मानना पड़ता है कि प्रत्येक पदार्थ में अनेक धर्म हैं । इसी अनेक धर्मात्मकता का दूसरा नाम अनेकान्त है । इसकी सदा सर्वत्र विजय होती है ।

सेना–वनादीन् गदतो निरापद् दारान् स्त्रियं किञ्च जलं किलापः ।
एकत्र चैकत्वमनेकताऽऽपि किमङ्गभर्तुर्न धियाऽभ्यवापि ॥२३॥

जिसे 'सेना' इस एक नाम से कहते हैं, उसमें अनेक हाथी, घोड़े और पयादे होते हैं । जिसे 'वन' इस एक नाम से कहते हैं, उनमें नाना जाति के वृक्ष पाये जाते हैं । एक स्त्री को 'दारा' इस बहुवचन से, तथा जल को 'आप' इस बहुवचन से कहते हैं । इस प्रकार एक ही वस्तु में एकत्व और अनेकत्व की प्रतीति होती है । फिर हे अङ्ग (वत्स), क्या तुम्हारी बुद्धि इस एकानेकात्मक रूप अनेकान्ततत्त्व को स्वीकार नहीं करेगी । अर्थात् तुम्हें उक्त व्यवहार को देखते हुए अनेकान्ततत्त्व को स्वीकार करना ही चाहिए ॥२३॥

द्रव्यं द्विधैतच्चिदचित्प्रभेदाच्चिदेष जीवः प्रभुरात्मवेदात् ।
प्रत्यङ्गमन्यः स्वकृतैकभोक्ता यथार्थतः स्वस्य स एव मोक्ता ॥२४॥

जो द्रव्य सत्सामान्य की अपेक्षा एक प्रकार का है, वही चेतन और अचेतन के भेद से दो प्रकार का है । उनमें यह जीव चेतन द्रव्य है जो अपने आपका वेदन (अनुभवन) करने में समर्थ है, प्रत्येक शरीर में भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है, अपने किये हुए कर्मों का स्वयं ही भोक्ता है और यथार्थतः अपने आपका विमोक्ता भी यही है ॥२४॥

मद्याङ्गवद्भूतसमागमेभ्यश्चिच्चोत्र भूयादसमोऽमुकेभ्यः ।
कुतः स्मृतिर्वा जनुरन्तरस्यानवद्यरूपाद्य च भूरिशः स्यात् ॥२५॥

कुछ लोग ऐसा कहते हैं कि मदिरा के अंग-भूत गुड़-पीठी आदि के संयोग से जैसे मदशक्ति उत्पन्न हो जाती है, उसी प्रकार पृथ्वी आदि चार भूत द्रव्यों के संयोग से एक चेतन शक्ति उत्पन्न हो जाती है, वस्तुतः चेतन जीव नाम का कोई पदार्थ नहीं है । किन्तु उनका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि गुड़-पीठी आदि में तो कुछ न कुछ मद शक्ति रहती ही है, वही उनके संयोग होने पर अधिक

विकसित हो जाती है। किन्तु पृथ्वी आदि भूत चतुष्टय में तो कोई चेतनाशक्ति पाई नहीं जाती। अतः उनसे वह विलक्षण चैतन्य कैसे उत्पन्न हो सकता है ? दूसरी बात यह है कि यदि जीव नाम का कोई चेतन पदार्थ हो ही नहीं, तो फिर लोगों को जो जन्मान्तर की स्मृति आज भी निर्दोष रूप से देखने में आती है, वह कैसे संभव हो। तथा भूत-प्रेतादि जो अपने पूर्व भवों को कहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं, उनकी सत्यता कैसे बने। अतएव यही मानना चाहिए कि अचेतन पृथ्वी आदि से चेतन जीव एक स्वतन्त्र पदार्थ है ॥२५॥

निजेङ्गितात्ताङ्गविशेषभावात्संसारिणोऽमी ह्यचराश्चरा वा ।
तेषां श्रमो नारकदेवमर्त्यतिर्यक्कया तावदितः प्रवर्त्यः ॥२६॥

अपने शुभाशुभ भावों से उपार्जित कर्मों के द्वारा शरीर-विशेषों को धारण करते हुए ये जीव सदा संसार में परिभ्रमण करते हुए चले आ रहे हैं, अतः इन्हें संसारी कहते हैं। ये संसारी जीव दो प्रकार के हैं चर (त्रस) और अचर (स्थावर)। जिनके केवल एक शरीर रूप स्पर्शनेन्द्रिय होती है, उन्हें अचर या स्थावर जीव कहते हैं और जिनके स्पर्शनेन्द्रिय के साथ रसना आदि दो, तीन, चार या पांच इन्द्रियां होती हैं उन्हें चर या त्रस जीव कहते हैं। नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगति के भेद से वे जीव चार प्रकार के होते हैं। नारक, देव और मनुष्य तो त्रस जीव हैं और तिर्यंच त्रस तथा स्थावर दोनों प्रकार के होते हैं। इस प्रकार से जीवों के और भी भेद-प्रभेद जानना चाहिए ॥२६॥

नरत्वमास्वा भुवि मोहमायां मुञ्चेदमुञ्चेच्छिवतामथायात् ।
नोचेत्पुनः प्रत्यववर्तमानः संसारमेवाञ्चति चिन्निधानः ॥२७॥

संसार में परिभ्रमण करते हुए जो जीव मनुष्य भव को पाकर मोह-माया को छोड़ देता है, वह शिवपने को प्राप्त हो जाता है अर्थात् कर्म-बन्धन से छूट जाता है। किन्तु जो संसार की मोह-माया को नहीं छोड़ता है, वह चैतन्य का निधान (भण्डार) होकर भी चतुर्गति में परिभ्रमण करता हुआ संसार में ही पड़ा रहता है ॥२७॥

धूलिः पृथिव्याः कणशः सचित्तास्तत्कायिकैरार्हतसूक्तवित्तात् ।
अचेतनं भस्म सुधादिकन्तु शौचार्थमेतन्मुनयः श्रयन्तु ॥२८॥

(उपर्युक्त देव, नारकी और मनुष्यों के सिवाय जितने भी संसारी जीव हैं, वे सब तिर्यंच कहलाते हैं। वे भी पांच प्रकार के हैं-एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। इनमें एकेन्द्रिय जीव भी पांच प्रकार के हैं-पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक।) पृथ्वी ही जिनका शरीर है, ऐसे जीवों को पृथ्वीकायिक कहते हैं। पृथ्वी की धूलि, पत्थर के कण आदिक सचित्त हैं, क्योंकि उन्हें अर्हत्परमागम में पृथ्वीकायिक जीवों से युक्त कहा गया है। जली हुई पृथ्वी की भस्म, चूना की कली आदि पार्थिव वस्तुएं अचेतन हैं, शौच-शुद्धि के लिए मुनिजनों को इस भस्म आदि का ही उपयोग करना चाहिए ॥२८॥

संगालिते वारिणि जीवनन्तु तत्कायिकं किन्तु न तत्र जन्तुः ।
ततः समुष्णीकृतमेव वारि पिबत्यहो संयमिनामधारी ॥२९॥

सभी प्रकार के जल के भीतर जलकायिक जीव होते हैं, जल ही जिनका शरीर है उन्हें जलकायिक कहते हैं । वस्त्र से गालित (छाने हुए) जल में भी जलकायिक जीव रहते हैं । हां, छान लेने पर उसमें त्रस जीव नहीं रहते । इसलिए वस्त्र-गालित जल को अच्छी तरह उष्ण करके प्रासुक बना लेने पर संयमी नाम-धारी पुरुष उसे पीते हैं ॥२९॥

नान्यत्र सम्मिश्रणकृत्प्रशस्तिर्वह्निश्च सञ्जीवनभृत्समस्ति ।
भोज्यादिकेष्वात्तपदस्त्वजीवभावं भजेद्वो सुतपःपदी वः ॥३०॥

अग्नि ही जिनका शरीर है उन्हें अग्निकायिक जीव कहते हैं । जैसे काष्ठ, कोयला आदि के जलाने से उत्पन्न हुई सभी प्रकार की अग्नि, बिजली, दीपक की लौ आदि । किन्तु जो अग्नि भोज्य पदार्थों में प्रविष्ट हो चुकी है, वह सचित्त नहीं है, किन्तु अचित्त है । पर जो अनय पदार्थों में मिश्रण को नहीं प्राप्त हुई है, ऐसे धधकते अंगार आदि सचित्त ही हैं, ऐसा जान कर हे सुतपस्वी जनो, आप लोग अचित्त अग्नि का उपयोग करें ॥३०॥

प्रत्येक–साधारणभेदभिन्नं वनस्पतावेवमवेहि किन्न ।
भो विज्ञ ! पिण्डं तनुमत्तनूनां चिदस्ति चेते सुतरामदूना ॥३१॥

वृक्ष, फल, फूल आदि में रहने वाले एकेन्द्रिय जीव वनस्पति कायिक कहलाते हैं । प्रत्येक और साधारण के भेद से वनस्पति कायिक जीव दो प्रकार के होते हैं । हे विज्ञ जनो, क्या तुम लोग वनस्पति के पिण्ड को सचेतन नहीं मानते हो ? अग्नि-पक्व या शुष्क हुए बिना पत्र, पुष्प,फलादि सभी प्रकार की वनस्पति को सचित्त ही जानना चाहिए ॥३१॥

एकस्य देहस्य युगेक एव प्रत्येकमाहेति जिनेशदेवः ।
यत्रैकदेहे बहवोऽङ्गिनः स्युः साधारणं तं भवदुःखदस्युः ॥३२॥

जिस वनस्पति में एक देह का एक जीव ही स्वामी होता है, उसे संसार के दुःख नष्ट करने वाले जिनेन्द्रदेव ने प्रत्येक वनस्पति कहा है । जैसे नारियल, खजूर आदि के वृक्ष । जिस वनस्पति में एक देह में अनेक वनस्पति जीव रहते हैं, उसे साधारण वनस्पति कहते हैं । जैसे कन्द मूल आदि। साधारण वनस्पति का भक्षण संसार के अनन्त दुःखों को देने वाला है ॥३२॥

यदग्निसिद्धं फलपत्रकादि तत्प्रासुकं श्रीविभुना न्यगादि ।
यच्छुष्कतां चाभिदधत्तृणादि खादेत्तदेवासुमतेऽभिवादी ॥३३॥

जो पत्र, फल आदिक अग्नि से पक जाते हैं, अथवा सूर्य की गर्मी, आदि से शुष्कता को प्राप्त हो जाते हैं, उन्हें ही श्री जिनेन्द्रदेव ने प्रासुक (निर्जीव) कहा है। प्राणियों पर दया करने वाले संयमी जनों को ऐसी प्रासुक वनस्पति ही खाना चाहिए ॥३३॥

वातं तथा तं सहजप्रयातं सचित्तमाहाखिलवेदितातः ।
स्यात्स्पर्शनं हीन्द्रियमेतकेषु यत्प्रासुकत्वाय न चेतरेषु ॥३४॥

वायु (पवन) ही जिनका शरीर है, ऐसे जीवों को वायुकायिक कहते हैं। सहज स्वभाव से बहने वाली वायु को सर्वज्ञ देव ने सचित्त कहा है। इन सभी स्थावरकायिक जीवों के एक स्पर्शनेन्द्रिय ही होती है। ये सभी प्रयोग-विशेष से प्रासुक या अचित्त हो जाते हैं किन्तु इतर त्रस जीवों का शरीर कभी भी अचित्त नहीं होता है ॥३४॥

कृमिर्घुणोऽलिर्नर एवमादिरेकैकवृद्धेन्द्रिययुग न्यगादि ।
महात्मभिस्तत्तनुरत्र जातु केनाप्युपायेन विचित्र भातु ॥३५॥

कृमि (लट) घुण, कीट, भ्रमर और मनुष्य आदि के एक-एक अधिक इन्द्रिय होती है। अर्थात् लट, शंख, केंचुआ आदि द्वीन्द्रिय जीवों के स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रियां होती हैं। घुण, कीड़ी-मकोड़ा आदि त्रीन्द्रिय जीवों के स्पर्शन, रसना और घ्राण ये तीन इन्द्रियां होती हैं। भ्रमर मक्षिका, पतंगा आदि चतुरिन्द्रिय जीवों के स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार इन्द्रियां होती हैं। मनुष्य, देव, नारकी और गाय, भैंस, घोड़ा आदि पंचेन्द्रिय जीवों के कर्ण सहित उक्त चारों इन्द्रियां होती हैं। इन द्वीन्द्रियादि जीवों का शरीर किसी भी उपाय से अचित्त नहीं होता, सदा सचित्त ही बना रहता है, ऐसा महर्षि जनों ने कहा है ॥३५॥

अचित्पुनः पञ्चविधत्वमेति रूपादिमान् पुद्गल एव चेति ।
भवेदणु-स्कन्धतया स एव नानेत्यपि प्राह विभुर्मुदे वः ॥३६॥

अचेतन द्रव्य पांच प्रकार का होता है-पुद्गल, धर्म अधर्म, आकाश और काल। इनमें पुद्गल द्रव्य ही रूपादिवाला है, अर्थात् पुद्गल में ही रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाया जाता है, अतः वह रूपी या मूर्त्त कहलाता है। शेष चार द्रव्यों में रूपादि गुण नहीं पाये जाते, अतः वे अरूपी या अमूर्त्त कहलाता हैं। पुद्गल के अणु और स्कन्ध रूप से दो भेद हैं। पुनः स्कन्ध के भी बादर, सूक्ष्म आदि की अपेक्षा नाना भेद जिन भगवान् ने कहे हैं। आप लोगों को प्रमोद-वर्धक जितना कुछ दिखाई देता है, वह सब पुद्गल द्रव्य का ही वैभव है ॥३६॥

गतेर्निमित्तं स्वसु-पुद्गलेभ्यः धर्मं जगद्-व्यापिनमेतकेभ्यः ।
अधर्ममेतद्विपरीतकार्यं जगाद सम्वेदकरोऽर्हदार्यः ॥३७॥

जीव और पुद्गल द्रव्यों को गमन करने में जो निमित्त कारण है, उसे धर्म द्रव्य कहते हैं । इससे विपरीत कार्य करने वाले द्रव्य को, अर्थात् जीव और पुद्गलों के ठहरने में सहायक निमित्त कारण को अधर्म द्रव्य कहते हैं । ये दोनों ही द्रव्य सर्व जगत् में व्याप्त हैं, ऐसा विश्व-ज्ञायक अर्हद्देव ने कहा है ॥३७॥

नभोऽवकाशाय किलाखिलेभ्यः कालः परावर्तनकृत्तकेभ्यः ।
एवं तु षड्द्रव्यमयीयमिष्टिर्यतः समुत्था स्वयमेव सृष्टिः ॥३८॥

जो समस्त द्रव्यों को अपने भीतर अवकाश देता है उसे आकाश द्रव्य कहते हैं । और जो सर्व द्रव्यों के परिवर्तन कराने में निमित्त कारण होता है, उसे काल द्रव्य कहते हैं । इस प्रकार यह समस्त जगत् षट द्रव्यमय जानना चाहिए । इसी से यह सब सृष्टि स्वतः सिद्ध उत्पन्न हुई जानना चाहिए ॥३८॥

भावार्थ - इस षट् द्रव्यमयी लोक को किसी ने बनाया नहीं है । यह स्वतः सिद्ध अनादि-निधन है । इसमें जो भी रचना दृष्टिगोचर होती है, वह भी स्वतः उत्पन्न हुई जानना चाहिए ।

न सर्वथा नूत्नमुदेति जातु यदस्ति नश्यत्तदथो न भातु ।
निमित्त-नैमित्तिकभावतस्तु रूपान्तरं सन्दधदस्ति वस्तु ॥३९॥

कोई भी वस्तु सर्वथा नवीन उत्पन्न नहीं होती । इसी प्रकार जो वस्तु विद्यमान है, वह भी कभी नष्ट नहीं होती है । किन्तु निमित्त नैमित्तिक भाव से प्रत्येक वस्तु नित्य नवीन रूप को धारण करती हुई परिवर्तित होती रहतीहै, यही वस्तु का वस्तुत्व धर्म है ॥३९॥

भावार्थ - यद्यपि वस्तु के परिणमन में उसका उपादान कारण ही प्रधान होता है, तथापि निमित्त कारण के बिना उसका परिणमन नहीं होता है, अतएव निमित्त-नैमित्तिक भाव से वस्तु का परिणमन कहा जाता है ।

समस्ति वस्तुत्वमकाटचमेतन्नोचेत्किमाश्वासनमेतु चेतः ।
यदग्नितः पाचनमेतिकर्तुं जलेन तृष्णामथवाऽपहर्तुम् ॥४०॥

प्रत्येक वस्तु का वस्तुत्व धर्म अकाट्य है, वह सर्वदा उसके साथ रहता है । यदि ऐसा न माना जाय, तो मनुष्य का चित्त कैसे किसी वस्तु का विश्वास करे ? देखो-किसी वस्तु के पकाने का कार्य अग्नि से ही होता है और प्यास दूर करने के लिए जल से ही प्रयोजन होता है । अग्नि का कार्य जल नहीं कर सकता और जल के कार्य को अग्नि नहीं कर सकती । वस्तु की वस्तुता यही है कि जिसका जो कार्य है, उसे वही सम्पन्न करे ॥४०॥

बीजादगोऽगादुत बीज एवमनादिसन्तानतया मुदे वः ।
सर्वे पदार्थाः पशवो मनुष्या न कोऽप्यमीषामधिकार्यनु स्यात् ॥४१॥

बीज से वृक्ष होता है और वृक्ष से बीज उत्पन्न होता है । यह परम्परा अनादिकाल से बराबर सन्तान रूप चली आ रही है । इसी प्रकार पशु, मनुष्य आदिक सभी पदार्थ अपने-अपने कारणों से उत्पन्न होते हुए अनादि से चले आ रहे हैं । इन पदार्थों का कोई अधिकारी या नियन्ता ईश्वर आदि नहीं है, जिसने कि जगत् के पदार्थों को बनाया हो । सभी चेतन या अचेतन पदार्थ अनादिकाल से स्वयं सिद्ध हैं ॥४१॥

चेत्कोऽपि कर्त्तेति पुनर्यवार्थं यवस्य भूयाद्वपनं व्यपार्थम् ।
प्रभावकोऽन्यस्य भवन् प्रभाव्यस्तेनार्थ इत्येवमतोऽस्तु भाव्यः ॥४२॥

यदि जगत् के पदार्थों का कोई ईश्वरादि कर्त्ता-धर्त्ता होता, तो फिर जौ के लिए जौ का बोना व्यर्थ हो जाता । क्योंकि वही ईश्वर बिना ही बीज के जिस किसी भी प्रकार से जौ को उत्पन्न कर देता । फिर विवक्षित कार्य को उत्पन्न करने के लिए उसके कारण-कलापों के अन्वेषण की क्या आवश्यकता रहती ? अतएव यही मानना युक्ति संगत है कि प्रत्येक पदार्थ स्वयं प्रभावक भी है और स्वयं प्रभाव्य भी है, अर्थात् अपने ही कारण कलापों से उत्पन्न होता है और अपने कार्य-विशेष को उत्पन्न करने में कारण भी बन जाता है । जैसे बीज के लिए वृक्ष कारण है और बीज कार्य है । किन्तु वृक्ष के लिए वही कार्य रूप बीज कारण बन जाता है और वृक्ष उसका कार्य बन जाता है । यही नियम विश्व के समस्त पदार्थों के लिए जानना चाहिए ॥४२॥

सूर्यस्य घर्मत इहोत्थितमस्ति पश्य
वाष्पीभवद्यदपि वारि जलाशयस्य ।
तस्यैव चोपरि पतेदिति कारणं किं
विश्वप्रबन्धकनिबन्धविधाभृदङ्गिन् ॥४३॥

देखो-जलाशय (सरोवरादि) का जल सूर्य के घाम से भाप बन कर उठता है और आकाश में जाकर बादल बन कर उसी के ऊपर बरसता है और जहां आवश्यकता होती है, वहां नहीं बरसता है, इसका क्या कारण है ? यदि कोई ईश्वरादिक विश्व का प्रबन्धक या नियामक होता, तो फिर यह गड़बड़ी क्यों होती । इसी प्रकार ईश्वर को नही मानने वाला सुखी जीवन व्यतीत करता है और दूसरा रात-दिन ईश्वर का भजन करते हुए भी दुखी रहता है, सो इसका क्या कारण माना जाय? अतएव यही मानना चाहिए कि प्रत्येक जीव अपने ही कारण-कलापों से सुखी या दुखी होता है, कोई दूसरा सुख या दुःख को नहीं देता ॥४३॥

यदभावे यन्न भवितुमेति तत्कारणकं तत्सुकथेति ।
कुम्भकृदादिविनेव घटादि किमितरकल्पनयाऽस्त्वभिवादिन् ॥४४॥

न्याय शास्त्र का यह सिद्धान्त है कि जिसके अभाव में जो कार्य न हो, वह तत्कारणक माना जाता है। जैसे कुम्भकार आदि के बिना घड़ा उत्पन्न नहीं होता, तो वह उसका कारण या कर्त्ता कहा जाता है । इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि प्रत्येक कार्य अपने अपने अविनाभावी कारणों से उत्पन्न होता है । ऐसी स्थिति में हे अभिवादिन्, ईश्वरादि किसी अन्य कारण की कल्पना करने से क्या लाभ है ॥४४॥

इस विषय का विस्तृत विवेचन प्रमेयकमलमार्तण्ड, आप्त-परीक्षा, अष्टसहस्री आदि न्याय के ग्रन्थों में किया गया है । अतः यहां पर अधिक कथन करने से विराम लेते हैं ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
सर्गेऽङ्केन्दुसमङ्किते तदुदितेऽनेकान्ततत्त्वस्थितिः
श्रीवीरप्रतिपादिता समभवत्तस्याः पुनीतान्वितिः ॥१९॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणीभूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर-विरचित इस वीरोदय काव्य में वीर-भगवान् द्वारा प्रतिपादित अनेकान्तवाद और वस्तुतत्त्व की स्थिति का वर्णन करने वाला यह उन्नीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१९॥

✤ ✤ ✤

अथ विंशतितमः सर्गः

जिना जयन्तूत्तमसौख्यकूपाः सम्मोहदंशाय समुत्थधूपाः ।
विश्वस्य विज्ञानि पदैकभूपा दर्पादिसर्पाय तु ताक्ष्यर्रूपाः ॥१॥

जो उत्तम अतीन्द्रिय सुख के भण्डार हैं, मोह रूप डांस-मच्छरों के लिए दशांगी धूप से उठे हुए धूम्र के समान हैं, जिन्होंने विश्व भर के ज्ञेय पदार्थों को जान लेने से सर्वज्ञ पद को प्राप्त कर लिया है और जो दर्प (अहंकार) मात्सर्य आदि सर्पों के लिए गरुड़-स्वरूप हैं, ऐसे जगज्जयी जिनेन्द्र देव जयवन्त रहें ॥१॥

समुत्थितः स्नेहरुडादिदोषः पटेऽञ्जनादीव तदन्यपोषः ।
निरीहता फेनिलतोऽपसार्य सन्तोषवारीत्युचितेन चार्य ! ॥२॥

जैसे श्वेत वस्त्र में अंजन (काजल) आदि के निमित्त से मलिनता आ जाती है, उसी प्रकार निर्मल आत्मा में भी स्नेह (राग) द्वेष आदि दोष भी अन्य कारणों से उत्पन्न हुए समझना चाहिए । जैसे वस्त्र की कालिमा साबुन और निर्मल जल से दूर की जाती है, उसी प्रकार हे आर्य, निरीहता (वीतराग) रूप फेनिल (साबुन) और सन्तोष रूप जल से आत्मा की मलिनता को दूर करना चाहिए ॥२॥

नक्रादिभिर्वक्रमथाम्बु यद्वन्नदस्य ते ज्ञानमिदं च तद्वत् ।
मदादिभिर्भाति ततो न वस्तु-सम्वेदनायोचितमेतदस्तु ॥३॥

जैसे मगर-मच्छों के द्वारा उन्मथित जल वाले नदी-सरोवरादिक के अन्तस्तल में पड़ी हुई वस्तुएं स्पष्ट दृष्टिगोचर नहीं होती, उसी प्रकार मद-मात्सर्यादि के द्वारा उन्मथित तेरा यह ज्ञान भी अपने भीतर प्रतिबिम्बित समस्त ज्ञेयों को जानने में असमर्थ हो रहा है ॥३॥

नैश्चल्यमाप्त्वा विलसेद्यदा तु तदा समस्तं जगदत्र भातु ।
यदीक्ष्यतामिन्धननाम बाह्यं तदेव भूयादुत बह्रिदाह्यम् ॥४॥

जब यह आत्मा क्षोभ-रहित निश्चलता को प्राप्त होकर विलसित होता है, तब उसमें प्रतिबिम्बित यह समस्त जगत् स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगता है, क्योंकि ज्ञेय पदार्थों को जानना ही ज्ञान रूप आत्मा का स्वभाव है । जैसे बाहिरी दाह्य इन्धन को जलाना दाहक रूप अग्नि का काम है, उसी प्रकार बाहिरी समस्त ज्ञेयों को जानना ज्ञायक रूप आत्मा का स्वभाव है ॥४॥

भविष्यतामत्र सतां गतानां तथा प्रणालीं दधतः प्रतानाम् ।
ज्ञानस्य माहात्म्यमसावबाधा-वृत्तेः पवित्रं भगवानथाऽधात् ॥५॥

भविष्य में होने वाले, वर्तमान में विद्यमान और भूतकाल में उत्पन्न हो चुके ऐसे त्रैकालिक पदार्थों की परम्परा को जानना निरावरण ज्ञान का माहात्म्य है । ज्ञान के आवरण दूर हो जाने से सार्वकालिक वस्तुओं को जानने वाले पवित्र ज्ञान को सर्वज्ञ भगवान् धारण करते हैं, अतः वे सर्व के ज्ञाता होते हैं।

भूतं तथा भावि खपुष्पवद्वा निवेद्यमानोऽपि जनोऽस्त्वसद्वाक् ।
तमग्नये त्विन्धनमासमस्य जलायितत्त्वं करकेषु-पश्यन् ॥६॥

जो कार्य हो चुका, या आगे होने वाला है वह आकाश-कुसुम के समान असद्-रूप है और असत् पदार्थ को विषय करने वाला ज्ञान सम्यग्ज्ञान कैसे हो सकता है ? ऐसा कहने वाला मनुष्य भी सम्यक् भाषी नहीं है, क्योंकि अग्नि के लिए इन्धन एकत्रित करने वाला मनुष्य इन्धन में आगे होने वाली अग्नि पर्याय को देखता है और करकों (ओलों) में जल तत्त्व को वह देखता है, अर्थात् वह जानता है कि जल से ओले बने हुए हैं । फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि भूत और भावी वस्तु असद्-रूप है, कुछ भी नहीं है ॥६॥

त्रैकालिकं चाक्षमतिश्च वेत्ति कुतोऽन्यथा वार्थ इतः क्रियेति ।
अस्माकमासाद्य भवेदकम्पा नाम्वा प्रजा पातुमुपैति कंका ॥७॥

उपर्युक्त कथन से यह बात सिद्ध होती है कि सर्वज्ञ के ज्ञान की तो बात ही क्या है, हमारा-तुम्हारा इन्द्रिय जन्य ज्ञान भी कथंचित् कुछ त्रिकालवर्ती वस्तुओं को जानता है । अन्यथा मनुष्य किसी भी पदार्थ से कोई काम नहीं ले सकेगा । देखो- पानी को देखकर प्यासा मनुष्य क्या उसे पीने के लिए नहीं दौड़ता ? अर्थात् दौड़ता ही है । इसका अभिप्राय यही है कि पानी के देखने के साथ ही उसके पीने से मिटने वाली प्यास का भी ज्ञान उसे हो गया है । तभी तो वह निःशङ्क होकर उसे पीवेगा और अपनी प्यास को बुझावेगा ॥७॥

प्रास्कायिकोऽङ्गान्तरितं यथेति सौगन्धिको भूमितलस्थमेति ।
को विस्मयस्तत्र पुनर्यतीशः प्रच्छन्नवस्तूचितसम्मतिः सः ॥८॥

इसी प्रकार प्रच्छन्न (गुप्त) वस्तुओं का ज्ञान भी लोगों को होता हुआ देखा जाता है । देखो- प्रास्कायिक-(अङ्ग-निरीक्षक) एक्स रे यन्त्र के द्वारा शरीर के भीतर छिपी हुई वस्तु को देख लेता है और सौगन्धिक (भूमि को सूंघ कर जानने वाला) मनुष्य पृथ्वी के भीतर छिपे या दबे हुए पदार्थों को जान लेता है । फिर यदि अतीन्द्रिय ज्ञान का धारक यतीश्वर देश, काल और भूमि आदि से प्रच्छन्न सूक्ष्म, अन्तरित और दूर-वर्ती पदार्थों को जान लेता है, तो इसमें विस्मय की क्या बात है ॥८॥

यथैति दूरेक्षणयन्त्रशक्त्या चन्द्रादिलोकं किमु योगभक्त्या ।
स्वर्गादिदृष्टावधुनातियोगः सोऽतीन्द्रियो यत्र किलोपयोगः ॥९॥

देखो-दूर-दर्शक यन्त्र की शक्ति से चन्द्रलोक आदि में स्थित वस्तुओं को आज मनुष्य प्रत्यक्ष देख रहे हैं । फिर योग की शक्ति से स्वर्ग-नरक आदि के देखने में क्या आपत्ति आती है ? योगी पुरुष अतीन्द्रिय ज्ञान के धारक होते हैं, वे स्वर्गादि के देखने में उस अतीन्द्रिय ज्ञान का उपयोग करते हैं, ऐसा मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए ॥९॥

एको न सूचीमपि दृष्टुमर्हः विमन्ददृष्टिः कलितात्मगर्हः ।
परो नरश्चेत् त्रसरेणुदृक्कः किन्नाम न स्यादणुमादधत्कः ॥१०॥

एक मन्द दृष्टिवाला पुरुष सुई को भी देखने के लिए समर्थ नहीं है, इसलिए वह अपनी मन्द दृष्टि की निन्दा करता है और दूसरा सूक्ष्म-दृष्टि वाला मनुष्य त्रसरेणु (अति सूक्ष्म रजांश) को भी देखता है और अपनी सूक्ष्म दृष्टि पर गर्व करता है । फिर योगदृष्टि से कोई पुरुष परमाणु जैसी सूक्ष्म वस्तु को क्यों नहीं जान लेगा ॥१०॥

न्यगादि वेदे यदि सर्ववित्कः निषेधयेत्तं च पुनः सुचित्कः ।
श्रुत्यैव स स्यादिति तूपक्लृप्तिः शाणेन किं वा दृषदोऽपि दृप्तिः ॥११॥

